# CALIFORNIA

# आम चुनाव

# मंगलवार, नवम्बर 4, 2014

★ आधिकारिक मतदाता मार्गदर्शिका ★

*विशुद्धता का प्रमाण–पत्र*

मैं, Debra Bowen, California राज्य की सेक्रेटरी ऑफ स्टेट,
एतद्द्वारा प्रमाणित करती हूँ कि यह मार्गदर्शिका कानून के अनुरूप तैयार की गयी है।

मैं, 13 अगस्त, 2014 के इस दिन इसकी विषय-वस्तु को संज्ञान में रखते हुए इस पर हस्ताक्षर करती हूँ और Sacramento, California में राज्य की मुहर लगाती हूँ।

**चुनाव दिवस पर, मतदान सुबह 7:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक खुला रहेगा**

Debra Bowen
*सेक्रेटरी ऑफ स्टेट*

# सेक्रेटरी ऑफ स्टेट

प्रिय मतदाता:

मतदान करने के लिए पंजीकरण करा कर, आपने California का भविष्य तय करने की दिशा में पहला कदम उठा लिया है। आपको अपना निर्णय लेने में मदद करने के लिए, मेरी टीम ने यह आधिकारिक मतदाता जानकारी मार्गदर्शिका तैयार की—जो इस बारे में जानने के लिए बस एक उपयोगी साधन है कि आपके मतपत्र पर क्या है और यह चुनाव किस तरह काम करता है।

आपकी काउंटी नमूना मतपत्र पुस्तिका में उम्मीदवारों और आपके क्षेत्र के लिए अनूठे विधेयकों के बारे में जानकारी दी गयी है। चुनाव से सम्बन्धित और अधिक विवरण के लिए जैसे कि अपने मतदाता पंजीकरण की जाँच कैसे करें, अपने मतदान स्थल का पता कैसे लगायें, या इसकी पुष्टि कैसे करें कि आपका डाक-द्वारा-मतदान का मतपत्र मिल गया है, *www.sos.ca.gov/elections* देखें या (888) 345-2692 पर मेरी टोल-फ्री हॉटलाइन को फोन करें।

हर पंजीकृत मतदाता के पास डाक द्वारा मतदान करने या किसी स्थानीय मतदान स्थल पर मतदान करने का विकल्प है। आपके काउंटी चुनाव कार्यालय से डाक-द्वारा-मतदान के मतपत्र हेतु अनुरोध करने की आखिरी तारीख अक्तूबर 28 है। चुनाव के दिन, मतदान सुबह 7:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक खुला रहेगा।

निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के और भी तरीके हैं।

- सभी योग्य मतदाताओं के लिए मतदान करने को और आसान बनाने में मदद करके और मतपत्रों की उनके गिने जाने तक रक्षा करके, चुनाव के दिन मतदान कर्मी बनें।
- ई-मेल, फोन कॉल्स, ब्रोशर, और पोस्टरों के जरिये मतदान सम्बन्धी अधिकारों के बारे में जानकारी का प्रसार करें।
- चर्चा समूह आयोजित करके या मित्रों, परिवार, और सामुदायिक लीडर्स के साथ तर्क-वितर्क में भाग लेकर दूसरे मतदाताओं को शिक्षित करें।

मतदाता मार्गदर्शिका में अटॉर्नी जनरल Kamala D. Harris के द्वारा तैयार किये गये राज्य मतपत्र विधेयकों के शीर्षक और सारांश; विधायी विश्लेषक Mac Taylor के द्वारा तैयार किये गये मतपत्र विधेयकों के निष्पक्ष विश्लेषण और करदाताओं के लिए सम्भावी लागतें; प्रस्तावकों और विरोधियों के द्वारा तैयार किये गये मतपत्र विधेयक सम्बन्धी तर्क; विधायी सलाहकार Diane F. Boyer-Vine के द्वारा तैयार किया गया और प्रूफ पढ़ा हुआ प्रस्तावित कानूनों का मूलपाठ; और अन्य उपयोगी जानकारी शामिल है। यह मार्गदर्शिका राजकीय प्रिंटर David Gerald "Jerry" Hill की निगरानी में छापी गयी थी।

लोकतन्त्र में विकल्प उपलब्ध होना अद्भुत सौभाग्य की बात है। कुछ मुकाबले वास्तव में कुछ ही मतों के थोड़े से अंतर तक उतर आते हैं। मैं आपको हर उम्मीदवार और मतपत्र विधेयक के बारे में ध्यानपूर्वक पढ़ने, और अपने मतदान सम्बन्धी अधिकारों को जानने हेतु समय लगाने के लिए प्रोत्साहित करती हूँ।

अपनी नागरिक जिम्मेदारी को गंभीरता से लेने तथा अपनी राय व्यक्त करने के लिए आपका धन्यवाद!

# विषय-सूची


**त्वरित-सन्दर्भ मार्गदर्शिका** **6**

**प्रस्ताव**

*13 अगस्त, 2014 को, राज्य विधानमंडल और गवर्नर के द्वारा प्रस्ताव 43 को मतपत्र से हटा दिया गया था।* ........................ 11

**2*** राजकीय बजट। बजट स्टैब्लाइज़ेशन अकाउंट। विधायी संवैधानिक संशोधन। ........................ **12**

**45** हेल्थकेयर बीमा। दर में बदलाव। पहल सम्बन्धी कानून। ........................ **20**

**46** डॉक्टरों की नशीली दवा और शराब सम्बन्धी जाँच। चिकित्सीय लापरवाही के मुकदमे। पहल सम्बन्धी कानून। ........................ **26**

**47** आपराधिक दंड। साधारण अपराध सम्बन्धी दंड। पहल सम्बन्धी कानून। ........................ **34**

**48** इंडियन गेमिंग कॉम्पैक्ट्स । जनमत संग्रह। ........................ **40**

*11 अगस्त, 2014 को, California सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के द्वारा प्रस्ताव 49 को मतपत्र से हटा दिया गया था।* ........................ **48**

* 11 अगस्त, 2014 को, राज्य विधानमंडल और गवर्नर ने प्रस्ताव 44 को फिर से नम्बर डाल कर प्रस्ताव 2 किया।

**राज्य के उम्मीदवारों की सूची और स्वैच्छिक अभियान खर्च सीमायें** **50**

**उम्मीदवार के वक्तव्य** **51**

**सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश** **62**

**प्रस्तावित कानूनों का मूलपाठ** **64**

**राजनीतिक दलों के उद्देश्य वक्तव्य** **76**

**मतदाता अधिकार सूची** **79**

**सूचना पृष्ठ**

- अपने मतदान स्थल का पता करें ........................ 4
- मतदान कैसे करें ........................ 4
- मतदाता पहचान सम्बन्धी कानून ........................ 5
- California के सैन्य और विदेशी मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्थायें ........................ 5
- मतदान कर्मी के रूप में काम करें ........................ 5
- पूरक मतदाता जानकारी मार्गदर्शिका ........................ 9
- ऑनलाइन संसाधन ........................ 9
- California में चुनाव ........................ 10
- विधायी और कांग्रेस के उम्मीदवारों के वक्तव्य ........................ 49
- राज्यव्यापी उम्मीदवारों और मतपत्र विधेयकों के लिए शीर्ष योगदानकर्ता ........................ 49
- मतदाता पंजीकरण ........................ 49
- शारीरिक असमर्थताओं वाले मतदाताओं के लिए ........................ 49
- काउंटी चुनाव कार्यालय ........................ 78


**अपने मतदान सम्बन्धी अधिकारों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, इस मार्गदर्शिका का पृष्ठ 79 देखें।**

# अपने मतदान स्थल का पता करें

मतदान स्थल काउंटी के चुनाव अधिकारियों के द्वारा स्थापित किये जाते हैं। जब आपको चुनाव के दिन से कुछ हफ्ते पहले डाक में अपनी काउंटी नमूना मतपत्र पुस्तिका प्राप्त हो, तो उसके पीछे के कवर पर अपने मतदान स्थल के पते तलाशें।

अगर आप 20 अक्तूबर, 2014 के बाद किसी नये पते पर चले गये हों, तो आप अपने पूर्व मतदान स्थल पर मतदान कर सकते हैं।

बहुत से काउंटी चुनाव अधिकारी वेबसाइट या फोन नम्बरों के जरिये मतदान स्थल खोजने सम्बन्धी सहायता प्रदान करते हैं। और अधिक जानकारी के लिए, *www.sos.ca.gov/elections/find-polling-place.htm* पर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट की वेबसाइट देखें या (888) 345-2692 पर टोलफ्री मतदाता हॉटलाइन को फोन करें।

चुनाव के दिन, मतदान सुबह 7:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक खुला रहेगा। अगर आप शाम 8:00 बजे से पहले लाइन में हैं, तो आप मतदान कर सकेंगे।

अगर आपका नाम आपके मतदान स्थल पर मतदाता सूची में नहीं हो, तो आपको एक अंतरिम मतपत्र पर मतदान करने का अधिकार है। अंतरिम मतपत्र सामान्य मतपत्र की तरह ही दिखता है लेकिन आप इसे एक विशेष लिफाफे में डालेंगे। आपका अंतरिम मतपत्र चुनाव अधिकारियों के द्वारा यह पुष्टि कर लिये जाने के बाद गिना जायेगा कि आप उस काउंटी में मतदान करने के लिए पंजीकृत हैं और आपने उस चुनाव में पहले से ही मतदान नहीं किया है।

आप उस काउंटी में, जिसमें आप मतदान करने के लिए पंजीकृत हैं, किसी भी मतदान स्थल पर अंतरिम मतपत्र पर मतदान कर सकते हैं।

# मतदान कैसे करें

मतदान करते समय आपके पास दो विकल्प हैं। आप अपनी काउंटी में किसी मतदान स्थल पर वैयक्तिक रूप से मतदान कर सकते हैं या आप डाक द्वारा मतदान कर सकते हैं। आपको अपने मतपत्र पर दिये गये प्रत्येक चुनावी मुकाबले के लिए मतदान करने की ज़रूरत नहीं है। आपका वोट हर उस मुकाबले के लिए गिना जायेगा जिसके लिए आपने मतदान किया है। अपने मतदान सम्बन्धी अधिकारों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, इस मार्गदर्शिका का पृष्ठ 79 देखें।

## चुनाव के दिन मतदान स्थल पर मतदान करना

जब आप अपने मतदान स्थल पर पहुँचेंगे, तो एक मतदान कर्मी आपका नाम पूछेगा और उस मतदान स्थल के लिए पंजीकृत मतदाताओं की आधिकारिक सूची की जाँच करेगा। आपके सूची पर अपने नाम के आगे हस्ताक्षर कर देने के बाद, मतदान कर्मी, आपकी काउंटी के द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली मतदान प्रणाली पर निर्भर करते हुए, आपको एक कागज़ी मतपत्र, अनूठा पासकोड, या कम्प्यूटर मेमोरी कार्ड देगा। किसी एकांत बूथ में जायें और मतदान शुरू करें।

मतदाताओं की सहायता करने के लिए मतदान कर्मी उपलब्ध हैं। अगर आप इस बाबत परिचित नहीं हैं कि मतपत्र को कैसे अंकित करना है, तो निर्देशों के लिए किसी मतदान कर्मी से पूछें अगर मतपत्र को अंकित करने में आपसे कोई गल्ती हो जाये, तो उस गल्ती को कैसे ठीक करें इस बारे में मतदान कर्मी से पूछें या एक नया मतपत्र मांगें और फिर से शुरू करें।

राजकीय और संघीय कानूनों के अनुसार मतदान स्थल शारीरिक असमर्थताओं वाले मतदाताओं के लिए भौतिक रूप से सुलभ होनें चाहियें। मतदान स्थल में काम करने वाला प्रत्येक व्यक्ति चुनावों के कानूनों और मतदाता अधिकारों में प्रशिक्षित है, जिनमें समान सुलभता सुनिश्चित करने के लिए नीतियों और कार्यविधियों में यथोचित संशोधन करने की ज़रूरत भी शामिल है।

## डाक द्वारा मतदान करना

अपने डाक-द्वारा-मतदान के मतपत्र पर अपनी पसंद चिन्हित कर देने के बाद, इसे अपनी काउंटी के चुनाव कार्यालय के द्वारा प्रदत्त आधिकारिक लिफाफे में रख दें और उसे सील कर दें। लिफाफे के बाहर की तरफ निर्देशित जगह पर हस्ताक्षर कर दें। यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह निर्धारित समय-सीमा तक पहुँच जाये, अपने मतपत्र को या तो:

- डाक से वापस लौटा दें, ताकि आपका मतपत्र आपकी काउंटी के चुनाव कार्यालय को चुनाव के दिन शाम 8:00 बजे तक प्राप्त हो जाये। चूँकि डाक की मोहर महत्व नहीं रखतीं, इसलिए अपना मतपत्र चुनाव के दिन से कुछ दिन पहले भेजें।
- अपनी काउंटी के चुनाव कार्यालय या अपनी काउंटी के किसी भी मतदान स्थल पर चुनाव के दिन शाम 8:00 बजे से पहले, वैयक्तिक रूप से लौटा दें।

भले ही आपने अपना डाक-द्वारा-मतदान का मतपत्र प्राप्त कर लिया हो, तो भी आप अपना विचार बदल सकते हैं और चुनाव के दिन अपने मतदान स्थल पर मतदान कर सकते हैं। अपना डाक-द्वारा-मतदान का मतपत्र मतदान स्थल पर लेकर आयें और उसे बदल कर मतदान स्थल सम्बन्धी मतपत्र देने के लिए उसे किसी मतदान कर्मी को दे दें। अगर आपके पास आपका डाक-द्वारा-मतदान का मतपत्र नहीं है, तो आपको एक अंतरिम मतपत्र पर मतदान करने की अनुमति दे दी जायेगी।

## मतदाता पहचान सम्बन्धी कानून

अधिकतर मामलों में, California के मतदाताओं को मतदान करने से पहले पहचान नहीं दिखानी पड़ती। अगर आप डाक द्वारा पंजीकरण कराने के बाद पहली बार मतदान कर रहे हैं और आपने अपने मतदाता पंजीकरण आवेदन-पत्र पर अपना California पहचान नम्बर, ड्राइवर लाइसेंस नम्बर, या अपने सोशल सिक्युरिटी नम्बर के आखिरी चार अंक प्रदान नहीं किये थे, तो आपसे आपके मतदान स्थल पर पहचान का एक प्रकार दिखाने के लिए कहा जा सकता है।

राजकीय और संघीय कानूनों के अनुसार पहचान के कुछ स्वीकार्य प्रकार निम्नलिखित हैं। पूरी सूची के लिए, अपने काउंटी चुनाव कार्यालय से सम्पर्क करें या *www.sos.ca.gov/elections/hava.htm* पर "मतदान स्थल पर ID सम्बन्धी आवश्यकतायें" पढ़ें।

- ड्राइवर लाइसेंस या राज्य द्वारा जारी किया गया पहचान-पत्र
- पासपोर्ट
- कर्मचारी पहचान-पत्र
- सैन्य पहचान-पत्र
- छात्र पहचान-पत्र

## California के सैन्य और विदेशी मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं

अगर आप सैन्य और विदेशी मतदाता हैं, तो आप अपने काउंटी चुनाव कार्यालय को अपना मतपत्र फैक्स कर सकते हैं या उसे डाक द्वारा भेज सकते हैं। अगर आप अपना मतपत्र फैक्स करते हैं, तो आपको मतदाता फॉर्म की एक हस्ताक्षरित शपथ भी शामिल करनी चाहिये जो आपके गोपनीय मत डालने के अधिकार का त्याग करती है।

जैसे भी आप अपना मतपत्र वापस करें, यह काउंटी चुनाव कार्यालय को शाम 8:00 बजे मतदान बंद होने से पहले तक मिल जाना चाहिये। डाक की मोहरें महत्व नहीं रखतीं।

आप *www.fvap.gov* पर मतदान करने के लिए पंजीकरण करा सकते हैं और एक विशेष अनुपस्थित मतपत्र आवेदन-पत्र भर सकते हैं।

सैन्य और विदेशी मतदाता होने के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, *www.sos.ca.gov/elections/elections_mov.htm* पर जायें।

## पैसा कमायें और फर्क पैदा करें . . .
## चुनाव के दिन मतदान कर्मी के रूप में काम करें

हमारे लोकतंत्र के साधनों के साथ प्रत्यक्ष रूप से अनुभव प्राप्त करने और चुनाव अधिकारियों को सौंपे जाने तक मतपत्रों की रक्षा करने में मदद करने के अलावा, मतदान कर्मी अपनी मूल्यवान सेवा के लिए पैसा कमा सकते हैं।

मतदान कर्मी बनने के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, अपनी काउंटी के चुनाव कार्यालय से सम्पर्क करें (इस मतदाता मार्गदर्शिका का पृष्ठ 78 देखें या *www.sos.ca.gov/elections/elections_d.htm पर जायें*) *अथवा* (888) 345-2692 *पर फोन करें।*

# त्वरित-सन्दर्भ मार्गदर्शिका

*अगस्त 13, 2014 को, राज्य विधानमंडल और गवर्नर के द्वारा प्रस्ताव 43 को हटा दिया गया था और प्रस्ताव 1 को मतपत्र के साथ जोड़ा गया था। प्रस्ताव 1 पर दी गयी जानकारी एक पूरक मतदाता जानकारी मार्गदर्शिका में प्रदान की जायेगी।*

## प्रस्ताव 2 राजकीय बजट। बजट स्थिरीकरण यानि स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट। विधायी संवैधानिक संशोधन।

***सारांश*** — *विधानमंडल द्वारा मतपत्र पर रखा गया*

राज्य की सामान्य निधि राजस्व राशियों का बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में सालाना ट्रांसफर आवश्यक है। यह आवश्यक है कि आधी राजस्व राशियों का उपयोग राज्य के ऋणों को चुकाने के लिए किया जाये। शेष धनराशियों के उपयोग को आपातस्थितियों या बजट घाटों तक सीमित करता है। राजकोषीय प्रभाव: मौजूदा ऋणों के अधिक तेजी से चुकाये जाने से राज्य के लिए दीर्घकालिक बचत। अर्थव्यवस्था और निर्वाचित अधिकारियों के द्वारा लिये जाने वाले निर्णयों पर निर्भर करते हुए, राज्य के बजट की आरक्षित राशियों के अलग-अलग स्तर। कुछ स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स के लिए अपेक्षतया कम स्थानीय आरक्षित राशियां।

### आपके वोट का क्या महत्व है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ यानि अनुकूल वोट का मतलब है: मौजूदा राज्य ऋण सम्भवतया जल्दी से भुगतान किये जायेंगे। राज्य की बजट आरक्षित निधियों के लिए नये नियम होंगे। कुछ वर्षों में स्थानीय स्कूल डिस्ट्रिक्ट की बजट आरक्षित निधियों की उच्चतम सीमा निर्धारित कर दी जायेगी।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं यानि प्रतिकूल वोट का मतलब है: राज्य के ऋणों, राज्य की बजट आरक्षित निधियों, और स्थानीय स्कूल डिस्ट्रिक्ट की आरक्षित निधियों के भुगतान के नियमों में कोई बदलाव नहीं होगा।

### तर्क

**समर्थन में तर्क** प्रस्ताव 2 राज्य के संविधान में एक मजबूत रेनी डे फंड की स्थापना करता है जो विधानमंडल और गवर्नर को पैसे की बचत करने और ऋणों को चुकाने के लिए बाध्य करेगा, जो करदाताओं की अनावश्यक टैक्स वृद्धियों से रक्षा करेगा और स्कूलों की विनाशकारी कटौतियों से रक्षा करेगा। डेमोक्रैट्स और रिपब्लिकंस दोनों प्रस्ताव 2 का समर्थन करते हैं।

**विपक्ष में तर्क** स्कूलों की रक्षा करने के लिए 2 पर नहीं में मतदान करें। प्रस्ताव 2 में एक खतरनाक वित्तीय टाइम बम छिपा हुआ है जो डिस्ट्रिक्ट की पैसा बचाने की सामर्थ्य को सीमित कर देगा। प्रस्ताव 2 California को राष्ट्र में प्रति छात्र खर्च में 50वें स्थान पर रहने में मदद करता है। Sacramento पर भरोसा नहीं करें। www.2BadForKids.org पर माता-पिता से तथ्यों का पता करें, न कि राजनेताओं से।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**
Tom Willis
Yes on Proposition 2
2355 Broadway #407
Oakland, CA 94612
(510) 210-5001
Info@CaliforniaRainyDayFund.com
www.CaliforniaRainyDayFund.com

**खिलाफ**
Educate Our State
6114 La Salle Avenue, #441
Oakland, CA 94610
(510) 500-5147
2BadForKids@EducateOurState.org
www.2BadForKids.org

# त्वरित-सन्दर्भ मार्गदर्शिका

## प्रस्ताव 45 हेल्थकेयर बीमा। दर में बदलाव। पहल सम्बन्धी कानून।

*सारांश* *विधानमंडल द्वारा मतपत्र पर रखा गया*

स्वास्थ्य बीमा कम्पनी के द्वारा अपनी दरों में या स्वास्थ्य बीमे से जुड़े प्रभारों को प्रभावित करने वाली किसी भी अन्य चीज में बदलाव करने से पहले बीमा आयुक्त की मंजूरी आवश्यक है। इसमें सार्वजनिक नोटिस, प्रकटीकरण, और सुनवाई, तथा बाद में न्यायिक समीक्षा का प्रावधान है। नियोक्ता की बड़ी सामूहिक स्वास्थ्य योजनाओं को मुक्त करता है। राजकोषीय प्रभाव: स्वास्थ्य बीमा को विनियमित करने के लिए राज्य की बढ़ी हुई प्रशासनिक लागतें, सम्भवतया अधिकांश वर्षों में स्वास्थ्य बीमा कम्पनियों द्वारा भुगतान किये जाने वाले शुल्क से वित्तपोषित, सालाना कुछ मिलियन डॉलर राशियों से अधिक नहीं होंगी।

### आपके वोट का क्या महत्व है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ यानि अनुकूल वोट का मतलब है: वैयक्तिक और छोटे समूह के लिए स्वास्थ्य बीमा की दरें प्रभावी होने से पहले इंश्योरेंस कमिशनर के द्वारा मंजूर की जानी आवश्यक होंगी।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं यानि प्रतिकूल वोट का मतलब है: राज्य नियामकों के पास वैयक्तिक और छोटे समूह के लिए स्वास्थ्य बीमा की दरों की समीक्षा करने, लेकिन उन्हें मंजूर नहीं करने का अधिकार जारी रहेगा।

### तर्क

**समर्थन में तर्क** California वासियों से स्वास्थ्य बीमा के लिए अधिक दाम वसूले जा रहे हैं। प्रस्ताव 45 स्वास्थ्य बीमा कम्पनियों के लिए पारदर्शी होना और प्रीमियम बढ़ाये जा सकने से *पहले* सार्वजनिक रूप से दरों का औचित्य साबित करना आवश्यक बना कर दाम ऐंठना बंद करा देगा। वाहन बीमा के उसी विनियमन ने चालकों की कई बिलियन राशि बचायी है। प्रायोजक: Consumer Watchdog, California नर्स एसोसिएशन। विपक्षी: स्वास्थ्य बीमा कम्पनियां।

**विपक्ष में तर्क** प्रस्ताव 45 विशेष हितों के द्वारा स्वास्थ्य देखभाल सम्बन्धी लाभों और दरों पर नियंत्रण रखने के लिए California के कामयाब नये स्वतंत्र आयोग से सत्ता हड़पना है—और फिर Sacramento के एक राजनीतिज्ञ को देना है। उच्च लागतें, अधिक नौकरशाही। उपचार विकल्पों के साथ राजनीतिक हस्तक्षेप। बड़े निगमों को छूट देता है। नर्सें, डॉक्टर, उपभोक्ता कहते हैं नहीं में मतदान करें!

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**
Consumer Watchdog Campaign
2701 Ocean Park Blvd., Suite 112
Santa Monica, CA 90405
(310) 392-0522
yeson45@consumerwatchdog.org
www.yeson45.org

**खिलाफ**
No on 45—Californians Against Higher Health Care Costs
455 Capitol Mall, Suite 600
Sacramento, CA 95814
(866) 676-8156
Info@StopHigherCosts.org
www.StopHigherCosts.org

## प्रस्ताव 46 डॉक्टरों की नशीली दवा और शराब सम्बन्धी जाँच। चिकित्सीय लापरवाही के मुकदमे। पहल सम्बन्धी कानून।

*सारांश* *विधानमंडल द्वारा मतपत्र पर रखा गया*

डॉक्टरों की नशीली दवा सम्बन्धी जाँच को आवश्यक बनाता है। नियंत्रित पदार्थों को प्रिस्क्राइब करने से पहले राज्यव्यापी प्रिस्क्रिप्शन डैटाबेस की समीक्षा आवश्यक है। मुद्रास्फीति के कारण चिकित्सीय लापरवाही के मुकदमों में दर्द/पीड़ा सम्बन्धी क्षतिपूर्तियों पर $250,000 की निर्धारित उच्चतम सीमा को बढ़ाता है। राजकोषीय प्रभाव: चिकित्सीय कदाचार सम्बन्धी क्षतिपूर्तियों पर निर्धारित उच्चतम सीमा को बढ़ाने से राज्य और स्थानीय सरकार की सालाना दसियों मिलियन डॉलर से कई सौ मिलियन डॉलर तक की लागतें, कुछ हद तक हेल्थ केयर प्रदाताओं पर लगने वाली शर्तों से होने वाली बचत से बराबर हो जाती हैं।

### आपके वोट का क्या महत्व है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ यानि अनुकूल वोट का मतलब है: दर्द और पीड़ा जैसी चीजों के लिए चिकित्सीय कदाचार के कारण होने वाले नुकसानों की उच्चतम सीमा $250,000 से बढ़ा कर $1.1 मिलियन कर दी जायेगी और यह वार्षिक रूप से भावी मुद्रास्फीति के लिए समायोजित की जायेगी। स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के लिए किसी रोगी को पहली बार कुछ दवायें प्रिस्क्राइब करने या वितरित करने से पहले राज्यव्यापी प्रिस्क्रिप्शन ड्रग डैटाबेस जाँचना आवश्यक होगा। अस्पतालों के लिए कुछ चिकित्सकों की शराब और नशीली दवाओं के लिए जाँच करना आवश्यक होगा।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं यानि प्रतिकूल वोट का मतलब है: दर्द और पीड़ा जैसी चीजों के लिए चिकित्सीय कदाचार के कारण होने वाले नुकसानों की उच्चतम सीमा $250,000 रहेगी और यह वार्षिक रूप से मुद्रास्फीति समायोजनों के आधीन नहीं होगी। स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के लिए दवायें प्रिस्क्राइब करने या वितरित करने से पहले राज्यव्यापी प्रिस्क्रिप्शन ड्रग डैटाबेस जाँचना आवश्यक नहीं होगा। अस्पतालों के लिए कुछ चिकित्सकों की शराब और नशीली दवाओं के लिए जाँच करना आवश्यक नहीं होगा।

### तर्क

**समर्थन में तर्क** 46 ज़िंदगियां बचाता है। यह चिकित्सकों और रोगियों के द्वारा नशीले पदार्थ के किये जाने वाले दुरुपयोग को रोकता है और लापरवाह चिकित्सकों को जवाबदेह ठहराता है। अनुमान दर्शाते हैं कि 18% हेल्थ प्रोफेशनल्स को उनके जीवनकाल में नशीले पदार्थ के दुरुपयोग सम्बन्धी समस्या रहती है। चिकित्सीय लापरवाही इस देश का मौत का तीसरा सबसे बड़ा कारण है। प्रिस्क्रिपशन दवा की निर्धारित से अधिक खुराकें महामारी हैं। इसका निदान लम्बे समय से अपेक्षित है। हाँ में मतदान करें।

**विपक्ष में तर्क** ट्रायल वकीलों ने चिकित्सीय कदाचार सम्बन्धी मुकदमों से कई मिलियन की राशि बनाने के लिए प्रस्ताव 46 लिखा। हम भुगतान करेंगे, और अपने विश्वस्त चिकित्सक गंवा सकते हैं—क्योंकि बहुत से चिकित्सक और विशेषज्ञ California छोड़ कर अधिक किफायती चिकित्सा-देयता बीमा वाले दूसरे राज्यों में जाने के लिए मजबूर हैं। अपने बटुए की रक्षा करें और हेल्थकेयर सेवाओं की सुलभता प्राप्त करें। 46 पर नहीं में मतदान करें।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**
Your Neighbors For Patient Safety
969 Colorado Boulevard, Suite 103
Los Angeles, CA 90041
(310) 395-2544
info@YesOn46.org
www.yeson46.org

**खिलाफ**
No on 46—Patients and Providers to Protect Access and Contain Health Costs
1510 J Street, Suite 120
Sacramento, CA 95814
(916) 706-1001
info@NoOn46.com
www.NoOn46.com

# त्वरित-सन्दर्भ मार्गदर्शिका

## प्रस्ताव 47 — आपराधिक दंड। साधारण अपराध सम्बन्धी दंड। पहल सम्बन्धी कानून।

*सारांश* — *विधानमंडल द्वारा मतपत्र पर रखा गया*

नशीली दवा और सम्पत्ति सम्बन्धी कुछ अपराधों के लिए घोर अपराध के बजाय साधारण अपराध सम्बन्धी दंड की आवश्यकता है। पूर्व में गम्भीर या हिंसक अपराध के लिए दोषी ठहराये गये व्यक्तियों और पंजीकृत यौन अपराधियों के लिए अनुपयुक्त। राजकोषीय प्रभाव: राज्य और काउंटी की आपराधिक न्याय व्यवस्था से सम्बन्धित बचत सम्भवतया सालाना कई सैंकडों मिलियन डॉलर तक पहुँच सकती है। राज्य की बचत स्कूल से अकारण गैरहाजिर रहने और पढ़ाई छोड़ देने वालों की रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य और नशीले पदार्थों के सेवन सम्बन्धी उपचार, और पीड़ित व्यक्ति से सम्बन्धित सेवाओं पर खर्च की जायेंगी।

### आपके वोट का क्या महत्व है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ यानि अनुकूल वोट का मतलब है: ऐसे आपराधिक दोषी जो नशीली दवा और सम्पत्ति सम्बन्धी कुछ गैर-गम्भीर व अहिंसक अपराध करते हैं, उन्हें कम दण्ड की सज़ा दी जायेगी (जैसे कि कम अवधि के लिए जेल)। विधेयक के परिणामस्वरूप होने वाली राज्य की बचत का उपयोग स्कूल से अकारण गैरहाजिर रहने और पढ़ाई बीच में ही छोड़ देने की रोकथाम, पीड़ितों से सम्बन्धित सेवाओं, मानसिक स्वास्थ्य और नशीली दवाओं के दुरुपयोग से सम्बन्धित उपचार, तथा अपराधियों को कारावास और जेल से बाहर रखने के लिए तैयार किये जाने वाले दूसरे कार्यक्रमों की सहायता करने के लिए किया जायेगा।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं यानि प्रतिकूल वोट का मतलब है: नशीली दवा और सम्पत्ति सम्बन्धी कुछ गैर-गम्भीर व अहिंसक अपराध करने वाले अपराधियों के लिए दण्ड कम नहीं किये जायेंगे।

### तर्क

**समर्थन में तर्क** निम्न-स्तर के साधारण नशीली दवा रखने और मामूली चोरी जैसे अहिंसक अपराधों को घोर अपराधों से छोटे जुर्मों में बदल देता है। पंजीकृत यौन अपराधियों के लिए और किसी भी ऐसे व्यक्ति के लिए जिसे पूर्व में बलात्कार, कत्ल या बच्चों से छेड़छाड़ का दोषी पाया गया हो, घोर अपराध अधिकृत करता है। प्रत्येक वर्ष सैंकड़ों मिलियन डॉलर की बचत करता है और स्कूलों, अपराध के शिकार व्यक्तियों, मानसिक स्वास्थ्य और नशीली दवाओं के दुरुपयोग से सम्बन्धित उपचार के लिए वित्तपोषण करता है।

**विपक्ष में तर्क** राजकीय कारावास से सम्भावित रूप से 10,000 अपराधियों को रिहा करता है। बंदूकें चुराने के दण्ड को कम करता है। "डेट रेप" नशीली दवाओं को रखने के दण्ड को कम करता है। अभियोजकों, कानून प्रवर्तन विभाग, और व्यापार समुदाय के द्वारा विरोध किया गया। अपराध के शिकार व्यक्तियों और यौन दुर्व्यवहार के शिकार व्यक्तियों के द्वारा विरोध किया गया। प्रस्ताव 47 पर नहीं में मतदान करें।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**
Yes on 47
(510) 550-5486
campaign@safetyandschools.com
VoteYes47.com

**खिलाफ**
John Lovell
California Police Chiefs Association
1127 11th Street, Ste. 523
Sacramento, CA 95814
(916) 447-3820
jlovell@johnlovell.com
www.californiapolicechiefs.org

## प्रस्ताव 48 — इंडियन गेमिंग कॉम्पैक्ट्स। जनमत संग्रह।

*सारांश* — *विधानमंडल द्वारा मतपत्र पर रखा गया*

"हाँ" में वोट राज्य और North Fork Rancheria के Mono इंडियन तथा Wiyot जनजाति के बीच जनजातीय गेमिंग कॉम्पैक्ट्स को मंजूरी देता है, और "नहीं" में वोट उन्हें खारिज करता है। राजकोषीय प्रभाव: किसी नये कैसिनो के संचालन से सम्बन्धित लागतों को हल करने के लिए इंडियन जनजातियों से राज्य और स्थानीय सरकारों को एकमुश्त भुगतान ($16 मिलियन से $35 मिलियन तक) और 20 वर्षों के लिए सालाना भुगतान ($10 मिलियन)।

### आपके वोट का क्या महत्व है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ यानि अनुकूल वोट का मतलब है: Mono इंडियंस और Wiyot जनजाति के North Fork Rancheria के साथ राज्य के कॉम्पैक्ट्स प्रभावी हो जायेंगे। नतीजतन, North Fork, Madera काउंटी में एक नया कैसिनो निर्मित और परिचालित कर सकेगी और उसके लिए राज्य व स्थानीय सरकारों, Wiyot, तथा दूसरी जनजातियों को विभिन्न भुगतान करने आवश्यक होंगे।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं यानि प्रतिकूल वोट का मतलब है: North Fork और Wiyot के साथ राज्य के कॉम्पैक्ट्स प्रभावी नहीं होंगे। नतीजतन, जब तक राज्य और संघीय सरकारों के द्वारा नये कॉम्पैक्ट्स मंजूर नहीं कर दिये जाते, दोनों में से कोई भी जनजाति गेमिंग शुरू नहीं कर सकेगी।

### तर्क

**समर्थन में तर्क** गवर्नर JERRY BROWN द्वारा समर्थित, प्रस्ताव 48 पर हाँ में डाली गयी वोट हजारों रोजगार के अवसर पैदा करेगी, राज्य के निर्धनतम क्षेत्रों में गिने जाने वाले एक क्षेत्र में आर्थिक अवसर उत्पन्न करेगी, मजबूती के साथ समर्थित प्रोजेक्ट का स्थानीय नियंत्रण बनाये रखेगी, राज्य और स्थानीय सरकारों को राजस्व प्रदान करेगी, जनजातीय आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगी, और पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में विकास करने से बचेगी।

**विपक्ष में तर्क** *रक्षित क्षेत्रों-से दूर गेमिंग के लिए फ्लडगेट खोलता है। California के लिए खराब सौदा।* इस वादे को भंग करता है कि इंडियन कैसिनो मूल जनजातीय भूमि पर होंगे। Central Valley के लिए और अधिक अपराध तथा प्रदूषण लाने वाले रक्षित क्षेत्रों-से दूर के विशाल कैसिनो को अधिकृत करता है। राज्य की सामान्य निधि या स्कूलों के लिए कोई नयी धनराशि नहीं। प्रस्ताव 48 पर नहीं में मतदान करें।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**
Gary Gilbert, Former Chairman, Madera County Board of Supervisors
Vote Yes 48 Campaign
P.O. Box 155
Oakhurst, CA 93644
(559) 877-2740
VoteYes48@gmail.com
www.VoteYes48.com

**खिलाफ**
No on Prop. 48—Keep Vegas-Style Casinos Out of Neighborhoods
www.stopreservationshopping.com

# त्वरित-सन्दर्भ मार्गदर्शिका

*अगस्त 11, 2014 को, प्रस्ताव 49 California सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के द्वारा मतपत्र से हटा दिया गया था।*

## पूरक मतदाता जानकारी मार्गदर्शिका

मतपत्र विधेयकों के लिए इस चुनाव हेतु योग्य होने की समयसीमा जून 26, 2014 थी। राज्य के कानून के अनुसार यह मतदाता मार्गदर्शिका अगस्त 2014 में छपनी आवश्यक थी। विधानमंडल और गवर्नर ने नवम्बर के मतपत्र के साथ एक विधेयक जोड़ा। राजकीय सचिव पूरक मतदाता सूचना मार्गदर्शिका तैयार करेंगे और आपको डाक से भेज देंगे। सेक्रेटरी ऑफ स्टेट *www.voterguide.sos.ca.gov* पर भी अद्यतन जानकारी डालेंगे।

## निम्नलिखित के लिए सेक्रेटरी ऑफ स्टेट की वेबसाइट देखें:

- अनुसंधान अभियान सम्बन्धी योगदान और लॉबींग गतिविधि
  *http://cal-access.sos.ca.gov*
- दूसरी भाषाओं में यह मतदाता मार्गदर्शिका देखें
  *www.voterguide.sos.ca.gov*
- चुनाव के दिन अपने मतदान स्थल का पता करें
  *www.sos.ca.gov/elections/find-polling-place.htm*
- डाक-द्वारा-मतदान के मतपत्र सम्बन्धी जानकारी प्राप्त करें
  *www.sos.ca.gov/elections/elections_m.htm*
- पहली-बार वाले मतदाताओं के लिए उपयोगी जानकारी पढ़ें *www.sos.ca.gov/elections/new-voter*
- चुनाव के दिन मतदान बंद हो जाने के बाद चुनाव नतीजों का सीधा प्रसारण देखें
  *http://vote.sos.ca.gov*

# California में चुनाव

California के कानून के अनुसार किसी मतदाता-नामित पद के लिए सभी उम्मीदवारों को एक ही मतपत्र पर सूचीबद्ध किया जाना आवश्यक है। मतदाता-नामित पद राज्य के विधायी पद, अमेरिकी कांग्रेस के पद, और राज्य के संवैधानिक हैं।

ओपन प्राइमरी और आम चुनावों दोनों में, आप किसी भी उम्मीदवार के लिए मतदान कर सकते हैं, चाहे आपने अपने मतदाता पंजीकरण फॉर्म पर कोई भी पार्टी पसंदगी इंगित की हो। प्राथमिक चुनाव में, सबसे अधिक मत प्राप्त करने वाले दो उम्मीदवार— चाहे उनकी पार्टी पसंदगी कोई भी हो—आम चुनाव की दिशा में आगे बढ़ते हैं। अगर किसी उम्मीदवार को बहुमत (50 प्रतिशत +1) प्राप्त होता है, तो भी आम चुनाव आयोजित किया जाना चाहिये। भले ही ओपन प्राइमरी में किसी पद के लिए केवल दो ही उम्मीदवार हों, उस पद के लिए आम चुनाव अभी भी आवश्यक है।

California की ओपन प्राइमरी प्रणाली अमेरिकी प्रेसिडेंट, काउंटी केंद्रीय समिति, या स्थानीय पदों के लिए चुनाव में खड़े उम्मीदवारों के लिए लागू नहीं होती है।

California के कानून के अनुसार इस नोटिस पर निम्नलिखित जानकारी छापी जानी आवश्यक है।

## मतदाता-नामित पद

प्राथमिक चुनाव में राजनीतिक पार्टियां औपचारिक रूप से मतदाता-नामित पदों के लिए उम्मीदवारों को नामित करने की हकदार नहीं हैं। किसी मतदाता-नामित पद के लिए नामित उम्मीदवार लोगों का नामित उम्मीदवार है, न कि आम चुनाव में किसी भी पार्टी का आधिकारिक नामित उम्मीदवार। किसी मतदाता-नामित पद के नामांकन के लिए उम्मीदवार के द्वारा अपनी पार्टी पसंदगी, या पार्टी पसंदगी का अभाव मतपत्र पर बताया गया होगा, लेकिन पार्टी पसंदगी पदनाम का चयन केवल उम्मीदवार के द्वारा किया जाता है और उसे केवल मतदाताओं की जानकारी के लिए दर्शाया जाता है। इसका मतलब यह नहीं है कि उम्मीदवार निर्दिष्ट पार्टी के द्वारा नामित या समर्थित है, या कि पार्टी और उम्मीदवार के बीच कोई संबद्धता है, और मतदाताओं के द्वारा नामित किसी भी उम्मीदवार को किसी भी राजनीतिक पार्टी का आधिकारिक तौर पर नामित उम्मीदवार होना नहीं समझा जायेगा। काउंटी की नमूना मतपत्र पुस्तिका में, पार्टियां मतदाता-नामित पदों के लिए ऐसे उम्मीदवारों को सूचीबद्ध कर सकती हैं जिन्हें पार्टी का आधिकारिक समर्थन प्राप्त हुआ है।

कोई भी मतदाता किसी भी मतदाता-नामित पद के उम्मीदवार के लिए मतदान कर सकता है, अगर वे उस पद के लिए मतदान करने हेतु आवश्यक अन्य योग्यताओं को पूरा करते हों। प्राथमिक चुनाव में दो शीर्ष मत-प्राप्तकर्ता मतदाता-नामित पद के लिए आम चुनाव की दिशा में आगे बढ़ते हैं, भले ही दोनों उम्मीदवारों ने एक ही पार्टी पसंदगी पदनाम निर्दिष्ट किया हो। कोई भी पार्टी अपनी पार्टी पसंदगी पदनाम वाले किसी उम्मीदवार को आम चुनाव की दिशा में आगे बढ़ाने की हकदार नहीं है, जब तक कि वह उम्मीदवार प्राथमिक चुनाव में दो अधिकतम मत-प्राप्तकर्ताओं में से एक न हो।

## निर्दलीय पद

राजनीतिक पार्टियां प्राथमिक चुनाव में निर्दलीय पदों के लिए उम्मीदवारों को नामित करने की अधिकारी नहीं हैं, और प्राथमिक चुनाव में कोई उम्मीदवार आम चुनाव में विशिष्ट पद के लिए किसी भी पार्टी का आधिकारिक नामित उम्मीदवार नहीं होता है। किसी निर्दलीय पद के नामांकन के लिए उम्मीदवार, मतपत्र पर, अपनी पार्टी पसंदगी, या पार्टी पसंदगी का अभाव निर्दिष्ट नहीं कर सकता है। प्राथमिक चुनाव में दो शीर्ष मत-प्राप्तकर्ता निर्दलीय पद के लिए आम चुनाव की दिशा में आगे बढ़ते हैं।

*13 अगस्त, 2014 को, राज्य विधानमंडल और गवर्नर के द्वारा प्रस्ताव 43 को हटा दिया गया था और प्रस्ताव 1 को मतपत्र के साथ जोड़ा गया था। प्रस्ताव 1 के विषय पर जानकारी एक पूरक मतदाता जानकारी मार्गदर्शिका में प्रदान की जायेगी।*

प्रस्ताव

# 2 राजकीय बजट। बजट स्थिरीकरण यानि स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट। विधायी संवैधानिक संशोधन।

**आधिकारिक शीर्षक और सारांश** — **अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया**

2

## राजकीय बजट। बजट स्थिरीकरण यानि स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट। विधायी संवैधानिक संशोधन।

- सामान्य निधि राजस्व राशियों का 1.5% राज्य के राजकीय बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में सालाना ट्रांसफर होना आवश्यक है।
- इसके अतिरिक्त बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में सामान्य निधि राजस्व राशियों के 8% से अधिक की निजी पूँजीगत लाभ कर राजस्व राशियों और, कुछ स्थितियों में, समर्पित K–14 स्कूल आरक्षित निधि का अतिरिक्त ट्रांसफर आवश्यक है।
- यह आवश्यक है कि बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट की आधी राजस्व राशियों का उपयोग राज्य के ऋणों और अनिधिक देनदारियों को चुकाने के लिए किया जाये।
- आपातकालीन स्थिति में या राज्य के बजट घाटे की स्थिति में धनराशियों के सीमित उपयोग की अनुमति दे सकता है।
- बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट की उच्चतम सीमा सामान्य निधि राजस्व राशियों के 10% पर निश्चित करता है, और शेष राशियों को बुनियादी सुविधाओं के लिए निर्देशित करता है।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- राज्य के कुछ मौजूदा ऋण अधिक तेजी से चुकाये जायेंगे, जिसके परिणामस्वरूप राज्य के लिए दीर्घकालिक बचत होगी।
- राज्य के बजट की आरक्षित राशियों के स्तर में बदलाव, जो अर्थव्यवस्था पर और गवर्नर तथा विधानमंडल के द्वारा भविष्य में लिये जाने वाले निर्णयों पर निर्भर करेंगे।
- कुछ स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स के द्वारा रखी जाने वाली आरक्षित राशियां अपेक्षतया कम होंगी।

**ACA पर विधानमंडल द्वारा डाली गयीं अंतिम वोटx2 1 (प्रस्ताव 2)**
**( संकल्प अध्याय 1, 2013–14 का कानून, 2रा असाधारण सत्र)**

| | | |
|---|---|---|
| सीनेट: | हाँ 36 | नहीं 0 |
| विधानसभा: | हाँ 78 | नहीं 0 |

## विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

## संक्षिप्त विवरण

प्रस्ताव 2 राज्य के बजट रिजर्व—बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट (BSA)—के लिए मौजूदा नियमों को खत्म करने और उनकी जगह नये नियम लागू करने के लिए राज्य के संविधान को संशोधित करता है। नये नियम राज्य के ऋण को चुकाने और आरक्षित निधियों में पैसा बचाने के तरीकों में बदलाव लायेंगे। इसके अलावा, अगर प्रस्ताव 2 पारित होता है, तो एक ऐसा नया राजकीय कानून प्रभाव में आयेगा जो भविष्य के कुछ वर्षों में स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स के द्वारा स्थानीय स्तर पर रखे जा सकने वाले अधिकतम बजट रिजर्व को निर्धारित करता हो। अंत में, प्रस्ताव राज्य के भावी सामान्य निधि राजस्व और खर्च का अनुमान लगाने के लिए गवर्नर के बजट स्टाफ के लिए मौजूदा आवश्यकता संविधान में रखता है। आकृति 1 में मतदाताओं के द्वारा प्रस्ताव 2 को मंजूर किये जाने की दशा में होने वाले मुख्य बदलावों का सार बताया गया है।

## पृष्ठभूमि

### राजकीय बजट और आरक्षित निधियां

***राजकीय बजट।*** इस वर्ष, राज्य अपने मुख्य अकाउंट, सामान्य निधि से लगभग $110 बिलियन खर्च करने की योजना रखता है। इस खर्च की लगभग राशि शिक्षा के लिए है—मुख्य तौर पर स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों के लिए लेकिन साथ ही सार्वजनिक विश्वविद्यालयों के लिए भी। बाकी का अधिकतर भाग स्वास्थ्य, सामाजिक सेवाओं, और आपराधिक न्याय कार्यक्रमों के लिए है।

***अर्थव्यवस्था राजकीय बजट को प्रभावित करती है।*** आकृति 2 में राज्य के राजस्व के सबसे बड़े स्रोत—व्यक्तिगत आय कर से प्राप्त होने वाले राजस्व को दर्शाया गया है। जैसा कि आकृति में दर्शाया गया है, जब अर्थव्यवस्था खराब होती है, तो इन टैक्स राजस्व राशियों में गिरावट आ जाती है। जब अर्थव्यवस्था में सुधार होता है, तो इन टैक्स राजस्व राशियों में बढोत्तरी हो जाती है। चूँकि कर राजस्व राशियां और आरक्षित निधियां यह निर्धारित करती हैं कि राज्य कितना खर्च कर सकता है, इसलिए खराब आर्थिक वर्षों में बजट को संतुलित करने के लिए अक्सर विधानमंडल को कार्यवाहियां करनी चाहियें। इन कार्यवाहियों में खर्चों में कटौतियां और टैक्स वृद्धियां शामिल होती हैं।

***"तंगी के समय" के लिए आरक्षित निधियां।*** जब अर्थव्यवस्था सही चल रही हो, तो सरकारें पैसा बचाने के लिए बजट की आरक्षित निधियों का उपयोग करती हैं। इसका मतलब है कि इन समयावधियों के दौरान पैसे को सार्वजनिक कार्यक्रमों पर खर्च किये जाने के बजाय उसकी बचत की जाती है। जब अर्थव्यवस्था बदतर हो जाती है और उनकी राजस्व राशियों कें गिरावट आ जाती है, तो खर्चों में कटौतियों, टैक्स वृद्धियों की राशि को कम करने, और अपने बजट को संतुलित करने के लिए आवश्यक अन्य कार्यवाहियों के लिए सरकारें बचाये गये उस पैसे का उपयोग करती हैं। दूसरे शब्दों में, अगर कोई सरकार उस समय, जब

अर्थव्यवस्था सही चल रही हो, आरक्षित निधियों में अधिक बचत करती है, तो वह उस समय के दौरान कम खर्च करती है और अर्थव्यवस्था के खराब होने के समय उसके पास खर्च करने के लिए अधिक पैसा होता है।

***2004 का प्रस्ताव 58.*** राज्य ने बहुत वर्षों से बजट रिजर्व अकाउंट रखे हुए हैं। 2004 में, मतदाताओं ने एक नयी आरक्षित निधि, BSA बनाने के लिए प्रस्ताव 58 पारित किया था। वर्तमान में, प्रस्ताव 58 के अनुसार हर वर्ष यह तय करने के लिए गवर्नर की आवश्यकता होती है कि क्या सामान्य निधि राजस्व का 3 प्रतिशत BSA रिजर्व में जाने दिया जाये। इस समय, सामान्य निधि राजस्व का 3 प्रतिशत $3 बिलियन से थोड़ी अधिक राशि के बराबर होता है। प्रस्ताव 58 के तहत, यह 3 प्रतिशत हर वर्ष BSA में डाले जाने के लिए "बुनियादी" राशि है। किसी भी वर्ष में, गवर्नर बुनियादी राशि को कम करने और BSA में कम राशि या कुछ भी नहीं डालने का निर्णय ले सकता है। प्रस्ताव 58 के तहत, ये राशियां हर वर्ष BSA में जाती रहेंगी जब तक कि बकाया राशि अधिकतम के लक्ष्य तक नहीं पहुँच जाये, जो वर्तमान में $8 बिलियन के बराबर है। (इसलिए, BSA को अपने अधिकतम स्तर तक पहुँचने के लिए बुनियादी राशि को अकाउंट में जाते रहने में तीन वर्ष लगेंगे।)

**आकृति 1**
**अगर प्रस्ताव 2 पारित होता है तो होने वाले मुख्य बदलावों का सारांश**

**राजकीय ऋण**
- निर्दिष्ट ऋणों को चुकाने हेत राज्य के लिए हर वर्ष न्यूनतम राशि खर्च करना आवश्यक बनाता है।[a]


**राज्य की आरक्षित निधियां**
- राज्य के बजट रिजर्व अकाउंट (जिसे बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट, या BSA के रूप में जाना जाता है) में जाने वाली राशि में बदलाव करता है।[a]
- BSA के अधिकतम आकार को बढ़ाता है।
- राज्य BSA के अंदर कम पैसे कब डाल सकता है इसके लिए नियमों में बदलाव करता है।
- BSA से पैसे निकालने के नियमों में बदलाव करता है।

**स्कूल की आरक्षित निधियां**
- स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों के लिए राज्य की आरक्षित निधि पैदा करता है।
- ऐसी अधिकतम आरक्षित निधियां निर्धारित करता है जिन्हें भविष्य के कुछ वर्षों में स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स स्थानीय स्तर पर रख सकते हैं।[b]

[a] 15 वर्षों के बाद, प्रस्ताव 2 के तहत ऋण खर्च वैकल्पिक हो जाता है। ऐसी राशियां जिन्हें अन्यथा निर्दिष्ट ऋणों पर खर्च किया गया होता, वे इसके बजाय BSA के अंदर डाली जायेंगी।

[b] यह बदलाव राज्य के उस सम्बन्धित कानून के फलस्वरूप होगा जो प्रस्ताव 2 के पारित होने की दशा में प्रभावी होगा।

**आकृति 2**
**जब अर्थव्यवस्था खराब होती है तो व्यक्तिगत आय कर राजस्व राशियों में गिरावट आती है**




टिप्पणी: मुद्रास्फीति के लिए समायोजित। राज्य की 2014–15 बजट योजना में अनुमान परिलक्षित करता है।

*प्रस्ताव 2 के पूरे मूलपाठ के लिए, पृष्ठ 64 देखें।*

राज्य विधानमंडल के बहुमत वोट के साथ BSA से पैसा निकाल सकता है। अभी फिलहाल, राज्य BSA से कितना पैसा निकाल सकता है इस पर कोई भी सीमा नहीं है।

***राज्य की बजट आरक्षित निधियों पर मंदी के प्रभाव।*** 1930 के दशक के बाद से सबसे खराब आर्थिक मंदी का दौर 2007 में शुरू हुआ, जिसके परिणामस्वरूप भारी मंदी रही। कई वर्षों तक, राज्य के सामने बजट सम्बन्धी बड़ी समस्याएं रहीं और बजट को संतुलित करने के लिए उसने बहुत से कदम उठाये। बजट सम्बन्धी इन समस्याओं के कारण, California के राज्यपालों ने BSA में कोई भी पैसा नहीं डालने का निर्णय लिया। कई वर्षों तक California के पास राजकीय बजट आरक्षित निधियां बिल्कुल नहीं थीं। इस वर्ष, मंदी के बाद से पहली बार, गवर्नर ने BSA में पैसा डालने का निर्णय लिया है।

***पूँजीगत लाभ कर।*** अपने व्यक्तिगत आय कर के हिस्से के रूप में, राज्य "पूँजीगत लाभ" पर टैक्स लगाता है। पूँजीगत लाभ वे अर्जित लाभ हैं जो लोग स्टॉक्स और दूसरी प्रकार की सम्पत्ति बेचने के समय अर्जित करते हैं। आकृति 3 में व्यक्तिगत आय कर की उन राजस्व राशियों को दर्शाया गया है जो राज्य ने पूँजीगत लाभ पर एकत्रित की हैं। चूँकि स्टॉक और सम्पत्ति के मूल्यों में साल दर साल बहुत अधिक बदलाव आ सकता है, इसलिए इन पूँजीगत लाभ कर राजस्व राशियों में काफी भिन्नता होती है।

## स्कूल की आरक्षित निधियां

***स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों पर राज्य के खर्च।*** मतदाताओं के द्वारा पारित पहले प्रस्तावों के अनुसार सामान्यतया राज्य के लिए स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों के लिए एक न्यूनतम सालाना राशि उपलब्ध कराना आवश्यक था। यह राशि अर्थव्यवस्था और छात्रों की संख्याके साथ बढ़ती जाती है। अधिकतर मामलों में, वह पैसा जो स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों को राज्य से प्राप्त होता है, उनके कुल राजस्व का बड़ा हिस्सा होता है। इसका मतलब है कि राज्य के द्वारा लिये गये निर्णय उन पर बड़ा असर डाल सकते हैं। राज्य के पास विशिष्ट रूप से स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों के लिए कोई आरक्षित निधि नहीं होती।

***स्थानीय स्कूल डिस्ट्रिक्ट आरक्षित निधियां।*** राज्य के कानून के अनुसार स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स के लिए न्यूनतम आरक्षित निधियां रखना आवश्यक है, हालांकि बहुत से डिस्ट्रिक्ट्स न्यूनतम स्तरों से कहीं अधिक आरक्षित निधियां रखते हैं। अधिकतर स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स के लिए, न्यूनतम आरक्षित निधि, उनके आकार पर निर्भर करते हुए, 1 प्रतिशत से 5 प्रतिशत तक होती है। स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स आरक्षित निधियों मैं पैसा कई कारणों से बचाते हैं, जैसे कि किसी अवसर पर बड़े खर्चों के लिए भुगतान करना (जैसे पाठ्यपुस्तकें बदलना) और राज्य से प्राप्त होने वाले भावी वित्तपोषण की अनिश्चितता को हल करना।


## राजकीय ऋण

राज्य के ऋण कुल $300 बिलियन के आसपास हैं। इस राशि में बुनियादी ढाँचे—जैसे कि राजमार्गों, स्कूल भवनों, और बाढ़ तथा जल आपूर्ति के प्रोजेक्ट्स के लिए लिये गये ऋण शामिल हैं। इसमें निम्नलिखित ऋण भी शामिल हैं:

- ***पेंशन और सेवानिवृत्त व्यक्ति से सम्बन्धित स्वास्थ्य सम्बन्धी लाभ।*** आधिकारिक अनुमानों के आधार पर, राज्य पर सरकारी कर्मचारियों के द्वारा पहले से ही

आकृति 3

**पूँजीगत लाभों से प्राप्त राजस्व राशियों में साल दर साल बहुत अधिक बदलाव आता है।**




टिप्पणी: मुद्रास्फीति के लिए समायोजित।

अर्जित पेंशन और सेवानिवृत्त व्यक्ति से सम्बन्धित स्वास्थ्य देखभाल सम्बन्धी लाभों के लिए $150 बिलियन के आसपास बकाया है। राज्य इन लागतों, जिन्हें अगले कई दशकों में चुकता किया जाना है, का भुगतान करने के लिए पहले से ही प्रति वर्ष कई बिलियन डॉलर खर्च करता है। राज्य भुगतान करने के लिए जितना इंतज़ार करेगा, इन लाभों के दाम चुकाने की लागतें आमतौर पर उतनी ही बढ़ती जायेंगी।

- ***स्थानीय सरकारों और राज्य के दूसरे खातों को ऋण।*** राज्य के ऊपर स्थानीय सरकारों (जैसे कि स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स, काउंटियों, और शहरों) तथा राज्य के दूसरे खातों की कई बिलियन डॉलर राशि बकाया है।

## प्रस्ताव

प्रस्ताव 2 राज्य के ऋण और आरक्षित निधियों से सम्बन्धित कार्य-व्यवहारों में बदलाव करने के लिए राज्य के संविधान में संशोधन करता है। आकृति 4 में आज के कानूनों की उन मुख्य बदलावों से तुलना की गयी है जो प्रस्ताव 2 के पारित होने की दशा में किये जायेंगे।

### राजकीय ऋण

***मौजूदा राजकीय ऋणों को चुकाने के लिए खर्च को आवश्यक बनाता है।*** प्रस्ताव 2 के अनुसार राज्य को (1) पेंशन और सेवानिवृत्त व्यक्ति से सम्बन्धित स्वास्थ्य देखभाल सम्बन्धी लाभों के लिए ऋण और (2) स्थानीय सरकारों और राज्य के दूसरे खातों को निर्दिष्ट ऋण को चुकाने के लिए राज्य को हर साल एक न्यूनतम राशि खर्च करनी आवश्यक है। (पेंशन और सेवानिवृत्त व्यक्ति के स्वास्थ्य से सम्बन्धित लागतों पर खर्च की जानेवाली धनराशियां कानून के तहत पहले से ही आवश्यक भुगतानों के अलावा होनी चाहियें।) विशिष्ट रूप से, अगले 15 वर्षों तक, प्रस्ताव के अनुसार राज्य को इन ऋणों को चुकाने के लिए हर साल सामान्य निधि राजस्व राशियों का कम से कम 0.75 प्रतिशत खर्च करना आवश्यक होगा। अभी फिलहाल, राजस्व राशियों का 0.75 प्रतिशत लगभग $800 मिलियन के बराबर है—ऐसी राशि जो कि समय बीतने के साथ बढ़ती जायेगी।

इसके अलावा, जब पूँजीगत लाभों से प्राप्त राज्य की कर राजस्व राशियां औसत से अधिक हों, तो प्रस्ताव 2 के अनुसार राज्य के लिए औसत से अधिक की इन राजस्व राशियों में से कुछ इन राजकीय ऋणों पर खर्च करना आवश्यक होगा। 2001–02 और 2013–14 के बीच, पूँजीगत लाभों से प्राप्त राजस्व राशियां लगभग आधे समय औसत से अधिक थीं। राज्य के द्वारा किसी भी वर्ष में ऋणों पर खर्च की जाने वाली कुल राशि में बहुत भिन्नता होगी। उदाहरण के लिए, पूँजीगत लाभों से प्राप्त राजस्व राशियों के कम रहने वाले वर्षों में, इस प्रस्ताव के तहत ऋणों को चुकाने के लिए राज्य $800 मिलियन खर्च करेगा। पूँजीगत लाभों से प्राप्त राजस्व राशियों के हिसाब से मजबूत रहने वाले वर्षों में, कुल राशि $2 बिलियन या उससे भी अधिक तक हो सकती है।

ये ऋण भुगतान 15 वर्षोंके बाद वैकल्पिक हो जायेंगे। अगर विधानमंडल 15 वर्षों के बाद इन राशियों को ऋणों पर खर्च नहीं करने का निर्णय लेता है, तो प्रस्ताव 2 के अनुसार उन्हें इसके बजाय राज्य के BSA में जाना आवश्यक होगा, जैसा नीचे बताया गया है।

### राज्य की आरक्षित निधियां

***BSA में जाने वाली बुनियादी राशि में बदलाव करता है।*** अगले 15 वर्षों तक हर वर्ष, BSA में जाने वाली बुनियादी राशि उतनी ही होगी जितनी राज्य को ऋण चुकाने के लिए खर्च करनी चाहिये, जैसा ऊपर बताया गया है। विशिष्ट रूप से, बुनियादी राशि पूँजीगत लाभों से प्राप्त राजस्व राशियों के कम रहने पर लगभग $800 मिलियन (आज के डॉलर) से पूँजीगत लाभों से प्राप्त राजस्व राशियों के अधिक रहने पर $2 बिलियन या उससे भी अधिक तक जायेगी। (राज्य के द्वारा अपना सालाना बजट पारित किये जाने के बाद उस बजट के पूँजीगत लाभों से प्राप्त राजस्व राशियों के वास्तविक स्तर के बारे में जानकारी प्राप्त करने में कुछ वर्ष लग सकते हैं। प्रस्ताव 2 के तहत, राज्य को सुनिश्चित करना होगा कि BSA की जमाराशियां पूँजीगत लाभों पर सबसे अद्यतन जानकारी परिलक्षित करें।)

***कुछ स्थितियों में बुनियादी राशि कम की जा सकती है।*** प्रस्ताव 2 उन नियमों में बदलाव करता है जो राज्य को BSA में बुनियादी राशि से कम राशि डालने की अनुमति देते हैं। विशिष्ट रूप से, राज्य BSA में केवल उस स्थिति में ही बुनियादी राशि से कम राशि डाल सकता है अगर गवर्नर "बजट आपातकाल" की घोषणा कर दे। विधानमंडल को BSA में कम पैसा डालने के लिए सहमत होना होगा। गवर्नर बजट आपातकाल की घोषणा केवल तभी कर सकता है अगर:

- कोई प्राकृतिक आपदा आ जाये, जैसे कि बाढ़ या भूकम्प।
- सामान्य निधि खर्च को पिछले तीन वर्षों के उच्चतम स्तर पर रखने के लिए पर्याप्त पैसा नहीं हो (राज्य की आबादी और रहन-सहन की लागत में बदलावों के लिए समायोजित)।

***BSA से पैसा निकालने के नियमों में बदलाव करता है।*** राज्य अभी भी विधानमंडल की बहुमत वोट के साथ BSA से पैसा निकाल सकता है, लेकिन यह केवल तभी हो सकता है जब गवर्नर ऊपर बताये अनुसार बजट आपातकाल की घोषणा कर दे। राज्य BSA से कितना पैसा निकाल सकता है, प्रस्ताव 2 उसे भी सीमित करता है। विशिष्ट रूप से, राज्य केवल प्राकृतिक आपदा के लिए या खर्च को पिछले तीन वर्षों के उच्चतम स्तर पर रखने के लिए आवश्यक राशि ही निकाल सकता है—आबादी और रहन-सहन की लागत के लिए समायोजित। इसके अलावा, अगर पहले वाले वर्ष में बजट आपातकाल नहीं था, तो राज्य BSA में जमा पैसे का अधिकतम आधा भाग ही निकाल सकता है। बजट आपातकाल के लगातार दूसरे वर्ष में BSA से सारा पैसा निकाला जा सकता है।

***BSA के अधिकतम आकार को बढ़ाता है।*** राज्य BSA में पैसा तब तक डालेगा जब तक कि कुल राशि सामान्य निधि राजस्व राशियों के लगभग 10 प्रतिशत की अधिकतम राशि तक नहीं पहुँच जाये—जो इस समय लगभग $11 बिलियन के बराबर है। BSA में पैसा अधिकतम राशि तक पहुँच जाने के बाद, वह पैसा जो अन्यथा BSA में जाता, उसके बजाय बुनियादी ढाँचे का निर्माण और उसका रखरखाव करने के लिए उपयोग किया जायेगा।

*प्रस्ताव 2 के पूरे मूलपाठ के लिए, पृष्ठ 64 देखें।*

आकृति 4

आज के कानूनों और अगर प्रस्ताव 2 पारित हो जाता है तो मुख्य बदलावों की तुलना

| | आज के कानून | अगर प्रस्ताव 2 पारित हो जाता है, तो किये जाने वाले बदलाव |
|---|---|---|
| **राजकीय ऋण** | | |
| मौजूदा राजकीयऋणों पर हर वर्ष आवश्यक अतिरिक्त खर्च[a] | कोई नहीं।[b] | न्यूनतम $800 मिलियन। $2 बिलियन या उससे भी अधिक जब पूँजीगत लाभों से प्राप्त राजस्व राशियां प्रचुर हों।[c] |
| **राज्य की आरक्षित निधियां** | | |
| बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट (BSA) में हर साल जाने वाली बुनियादी राशि | $3 बिलियन से थोड़ी सी अधिक। | न्यूनतम $800 मिलियन। $2 बिलियन या उससे भी अधिक जब पूँजीगत लाभों से प्राप्त राजस्व राशियां प्रचुर हों।[c] |
| राज्य BSA में बुनियादी राशि से कम कब डाल सकता है? | गवर्नर के निर्णय पर किसी भी समय। | केवल तभी जब गवर्नर "बजट आपातकाल" घोषित करे और विधानमंडल उससे सहमत हो।[d] |
| राज्य BSA में से कितना पैसा निकाल सकता है? | कोई भी उपलब्ध राशि। | बजट आपातकाल के लिए आवश्यक राशि तक। अगर इससे पूर्व के वर्ष में बजट आपातकाल नहीं था तो BSA में बकाया राशि के आधे से अधिक नहीं हो सकती। |
| BSA का अधिकतम आकार | $8 बिलियन या सामान्य निधि राजस्व राशियों का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो (वर्तमान में $8 बिलियन)। | सामान्य निधि राजस्व राशियों का लगभग 10 प्रतिशत (वर्तमान में लगभग $11 बिलियन)। |
| **स्कूल की आरक्षित निधियां** | | |
| स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों के लिए राज्य की आरक्षित निधि | कोई नहीं। | कुछ वर्षों में जब पूँजीगत लाभों से प्राप्त राजस्व राशियां प्रचुर हो जायेंगी, तो स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों के लिए राज्य की नयी आरक्षित निधि में पैसा जायेगा। |
| स्कूल डिस्ट्रिक्ट की आरक्षित निधियों के अधिकतम आकार पर सीमा | कोई नहीं। | उन अधिकतम आरक्षित निधियों को निर्धारित करता है जो स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स कुछ वर्षों में स्थानीय स्तर पर रख सकते हैं। |

[a] "राजकीय ऋण" शब्द में पेंशन और सेवानिवृत व्यक्तियों के स्वास्थ्य सम्बन्धी लाभों के लिए ऋण तथा स्थानीय सरकारों व दूसरे राजकीय खातों के बकाया निर्दिष्ट ऋण शामिल हैं।

[b] प्रस्ताव 58 (2004) के अनुसार यह आवश्यक है कि BSA में डाली जाने वाली रकम का आधा भाग राज्य के कुछ बॉण्ड्स का तेजी के साथ भुगतान करने के लिए उपयोग किया जाये। इस वर्ष के बजट से उन बाकी बॉण्ड्स का भुगतान किया जाना अपेक्षित है, अर्थात अगले वर्ष के बजट से शुरू होकर यह आवश्यकता अब लागू नहीं होगी।

[c] 15 वर्षों के बाद, प्रस्ताव 2 के तहत ऋण खर्च वैकल्पिक हो जाता है। ऐसी राशियां जो अन्यथा 15 वर्षों के बाद ऋणों पर खर्च की जायेंगी, उन्हें इसके बजाय BSA में डाला जायेगा।

[d] गवर्नर किसी प्राकृतिक आपदा के लिए या खर्च को पिछले तीन वर्षों के उच्चतम स्तर पर रखने के लिए—आबादी और रहन-सहन की लागत के लिए समायोजित, बजट आपातकाल की घोषणा कर सकता है।

टिप्पणी: दी गयीं डॉलर राशियां आज के डॉलर्स में हैं।

## स्कूल की आरक्षित निधियां

***स्कूलों के लिए राज्य की आरक्षित निधि निर्मित करता है।*** जब पूँजीगत लाभों से प्राप्त राज्य की कर राजस्व राशियां औसत से अधिक हों तथा कुछ अन्य शर्तें भी पूरी होती हों, तो पूँजीगत लाभों से प्राप्त कुछ राजस्व राशियां प्रस्ताव 2 के द्वारा निर्मित स्कूलों के लिए राज्य की नयी आरक्षित निधि में जायेंगी। इससे पहले कि पैसा इस आरक्षित निधि में जाये, राज्य को सुनिश्चित करना होगा कि स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों पर खर्च किये जाने वाली राशि में छात्रों की संख्या और रहन-सहन की लागत के साथ वृद्धि हो। राज्य इस आरक्षित निधि से पैसा निकाल कर उसे स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों पर कठिन बजटीय स्थितियों के प्रभाव को कम करने के लिए खर्च कर सकता है। हालांकि प्रस्ताव 2 इस बारे में बदलाव लाता है *कि किस समय* राज्य स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों पर पैसा खर्च करेगा, लेकिन यह लम्बे समय में स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों के लिए राज्य के खर्च की *कुल राशि* में सीधे बदलाव नहीं करता है।

***नया कानून स्कूल डिस्ट्रिक्ट की आरक्षित निधियों के लिए अधिकतम स्तर निर्धारित करता है।*** अगर प्रस्ताव पारित होता है, तो एक ऐसा नया राज्य कानून लागू होगा जो आरक्षित निधियों की उस अधिकतम राशि को निर्धारित करेगा जिसे स्कूल डिस्ट्रिक्ट स्थानीय स्तर पर रख सकेंगे। (यह सामुदायिक कॉलेजों को प्रभावित नहीं करेगा।) अधिकतर स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स के लिए, नये कानून के तहत स्थानीय आरक्षित निधियों की अधिकतम राशि, उनके आकार पर निर्भर करते हुए, उनके वार्षिक बजट के 3 प्रतिशत और 10 प्रतिशत के बीच होगी। यह नया कानून स्कूलों के लिए राज्य की आरक्षित निधि में ऊपर बताये अनुसार पैसा डाले जाने के बाद एक साल में ही लागू हो जायेगा। (न्यूनतम स्कूल डिस्ट्रिक्ट रिजर्व सम्बन्धी आवश्यकतायें जो आज के कानून के तहत मौजूद हैं वे अभी भी लागू होंगी। इसलिए, डिस्ट्रिक्ट की आरक्षित निधियां इन वर्षों में न्यूनतम और अधिकतम के बीच होंगी।) काउंटी शिक्षा अधिकारी विशेष स्थितियों में स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स को इन सीमाओं से मुक्त कर सकते हैं, इनमें वह स्थिति भी शामिल है जिसमें डिस्ट्रिक्ट्स के द्वारा "असाधारण वित्तीय परिस्थितियों" का सामना किया हो। उन संवैधानिक बदलावों के विपरीत जो प्रस्ताव 2 के पारित होने की दशा में प्रभावी होंगे, स्थानीय स्कूल डिस्ट्रिक्ट की आरक्षित निधियों पर यह नया कानून भविष्य में विधानमंडल के द्वारा (लोगों के वोट के बिना) बदला जा सकता है ।

## राजकोषीय प्रभाव

प्रस्ताव 2 के राजकोषीय प्रभाव कई कारकों पर निर्भर करेंगे। इनमें विधानमंडल, गवर्नर, स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स, और काउंटी शिक्षा अधिकारियों के द्वारा इस प्रस्ताव को लागू करने में लिये जाने वाले निर्णय शामिल हैं। विधेयक के बहुत से राजकोषीय प्रभाव भविष्य में अर्थव्यवस्था और पूँजीगत लाभों की स्थिति पर भी निर्भर करेंगे।

### राजकीय ऋण

***मौजूदा राजकीय ऋणों की अधिक तेजी के साथ चुकाये जाने की सम्भावना।*** प्रस्ताव 2 के तहत, राज्य मौजूदा ऋणों को कुछ अधिक तेजी के साथ चुकाने के लिए सम्भवतया कुछ अतिरिक्त भुगतान करेगा। इसका मतलब है कि राज्य के बजट में दूसरी चीजों के लिए कम पैसा होगा—इनमें कम से कम अगले 15 वर्षों के दौरान—सार्वजनिक कार्यक्रमों, बुनियादी ढाँचे, और टैक्स को कम करने के लिए आवश्यक पैसा शामिल है। मौजूदा ऋणों को कुछ अधिक तेजी के साथ चुकाने से लम्बे समय में इन ऋणों की कुल लागत कम हो जायेगी। इसका मतलब है कि राज्य भावी दशकों में अपने ऋणों पर कम खर्च कर सकता है जिससे राज्य के बजट में यह लम्बे समय में दूसरी चीजों के लिए पैसा मुक्त कर सकता है।

### राज्य की आरक्षित निधियां

***राज्य के बजट पर नये BSA नियमों का प्रभाव।*** प्रस्ताव 2 के कारण राज्य बजट की आरक्षित निधियां लम्बे समय में अधिक होंगी या कम होंगी, यह (1) अर्थव्यवस्था और पूँजीगत लाभों से प्राप्त कर राजस्व राशियों और (2) विधानमंडल व गवर्नर के द्वारा विधेयक को लागू करने में लिये गये निर्णयों पर निर्भर करेगा। कुछ स्थितियों में, उदाहरण के लिए, प्रस्ताव 2 राज्य की आरक्षित निधियों से पैसे निकालना अधिक मुश्किल बना सकता है, और इसके कारण आरक्षित निधियां समय के साथ अधिक बड़ी हो सकती हैं। दूसरी स्थितियों में, यह प्रस्ताव राज्य को BSA में आज के कानून में निर्दिष्ट 3 प्रतिशत बुनियादी राशि से कम राशि डालने की अनुमति दे सकता है। अगर प्रस्ताव 2 के कारण भविष्य में BSA में अधिक पैसा डाला जा रहा हो, तो इससे विगत में राज्य के खर्च में आये "उतार-चढाव" कुछ कम हो सकते हैं।

### स्कूल की आरक्षित निधियां

***स्कूलों के लिए राज्य की आरक्षित निधियों के प्रभाव:*** जैसा पहले बताया गया है, स्कूलों के लिए राज्य की आरक्षित निधि में पैसा जाने से पहले कुछ शर्तें पूरी करनी होंगी। इन स्थितियों के कारण, अगले कुछ वर्षों में स्कूलों के लिए राज्य की आरक्षित निधि में पैसा जाने की सम्भावना नहीं होगी। भविष्य में, इस आरक्षित निधि में पैसा केवल कभी-कभी ही जायेगा—सम्भवतया उन वर्षों में जब अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी हो। स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों पर राज्य का खर्च उन वर्षों में कम होगा जब पैसा राज्य की स्कूलों के लिए आरक्षित निधि में जायेगा और बाद के वर्षों में अधिक होगा जब इस आरक्षित निधि से पैसा निकाला जायेगा।

***स्कूल डिस्ट्रिक्ट की आरक्षित निधियों और खर्च पर प्रभाव।*** जैसा ऊपर बताया गया है, अगले कुछ वर्षों तक राज्य की स्कूलों के लिए आरक्षित निधि में पैसा सम्भवतया नहीं जायेगा। एक बार जब इस आरक्षित निधि में पैसा जायेगा, तो राज्य का नया कानून तब आरक्षित निधियों की वह अधिकतम राशि निर्धारित करेगा जिसे स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स स्थानीय स्तर पर रख सकेंगे। अतीत में, अधिकतर स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स ने आरक्षित निधि के स्तर इन अधिकतम स्तरों से भी कहीं अधिक ऊँचे रखे हैं।

अगर प्रस्ताव 2 पारित होता है, तो स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स इस नये कानून के प्रति अलग-अलग ढंग से प्रतिक्रिया देंगे। कुछ डिस्ट्रिक्ट्स अपनी आरक्षित निधियों को भविष्य के अधिकतम स्तरों के करीब लाने के लिए प्रस्ताव के पारित हो जाने के बाद कुछ वर्षों में अध्यापकों के वेतन, पुस्तकों, और अन्य लागतों पर अधिक खर्च करेंगे। दूसरे डिस्ट्रिक्ट्स हो सकता है उस समय तक इंतज़ार करें जब तक पैसा राज्य की स्कूलों के लिए आरक्षित निधि में जाये और तब या तो (1) अपनी आरक्षित निधियों को अधिकतम स्तरों तक कम करने के लिए एक दम बड़ी राशियां खर्च करें या (2) काउंटी शिक्षा अधिकारियों से अपनी आरक्षित निधियों को अधिकतम स्तरों से ऊपर रखने की छूट मांगें।

राज्य के नये कानून के परिणामस्वरूप, अगली बार अर्थव्यवस्था के खराब होने के समय कुछ डिस्ट्रिक्ट्स के पास सम्भवतया कम आरक्षित निधियां होंगी। उन डिस्ट्रिक्ट्स को उस समय अपने बजटों को संतुलित करने के लिए और कठिन निर्णय लेने पड़ेंगे। अगर राज्य की स्कूलों के लिए आरक्षित निधि में पैसा उपलब्ध हो, तो इससे डिस्ट्रिक्ट्स को इन कठिन निर्णयों में से कुछ को लेने से बचने में मदद मिल सकेगी।

**इस प्रतिस्पर्धा में दिये गये पैसे के योगदान के बारे में विवरण के लिए *http://cal-access.sos.ca.gov* देखें।**

## ★ प्रस्ताव 2 के पक्ष में तर्क ★

*तंगी के समय के लिए ऐसी निधि यानि रेनी डे फंड तैयार करने के लिए जो करदाताओं और स्कूलों की रक्षा करे, प्रस्ताव 2 पर हाँ में मतदान करें।*

प्रस्ताव 2 राज्य के संविधान में एक ऐसा मजबूत रेनी डे फंड स्थापित करता है जो विधानमंडल और गवर्नर को अच्छे हालात के समय पैसे की बचत करने के लिए बाध्य करे, ऋण चुकाये औरस्कूलों कीविनाशकारी कटौतियों से रक्षा करें। डेमोक्रैट्स और रिपब्लिकंस दोनों प्रस्ताव 2 का समर्थन करते हैं।

राज्य को पैसे की बचत के लिए बाध्य करके, प्रस्ताव 2 के अनुसार राजनेताओं के लिए आमदनी के अनुसार खर्च करना और अनावश्यक टैक्स वृद्धियों से रक्षा करना आवश्यक होगा। अच्छे हालात के समय में, पैसा एक संवैधानिक रूप से-सुरक्षित आरक्षित निधि में रखा जायेगा और ऋण चुकाने के लिए उपयोग किया जायेगा। खराब हालात के समय में, रेनी डे फंड का उपयोग स्कूलों, सार्वजनिक सुरक्षा और दूसरी महत्वपूर्ण सेवाओं की रक्षा करने के लिए किया जा सकताहै।

California को प्रस्ताव 2 की ज़रूरत है क्योंकि यह राज्य को उसकी सामर्थ्य से अधिक खर्च करने से रोकता है। केवल तीन वर्ष पहले ही, California ने $26 बिलियन बजट घाटे का सामना किया था जिसके कारण विधानमंडल के लिए कष्टदायक कटौतियां करना और मतदाताओं के लिए अस्थायी टैक्स वृद्धियां मंजूर करना आवश्यक हो गया था। प्रस्ताव 2 सुनिश्चित करेगा कि हम बूम एंड बर्स्ट बजटिंग के इस चक्र को नहीं दोहरायें।

प्रस्ताव 2 पर हाँ में मतदान करना:

- यह सुनिश्चित करके राज्य के बजट को स्थिर करेगा कि अस्थायी राजस्व राशियां अलग रखी जायें और उन्हें ऐसे लगातार होने वाले खर्च के नहीं सौंपा जाये जिसे हम वहन नहीं कर सकते हों।
- राज्य के ऋण भुगतानों में तेजी लायेगा।
- स्कूलों के लिए भावी कटौतियों से बचने के लिए एक शिक्षा आरक्षित निधि का निर्माण करेगा।

क्रेडिट रेटिंग संस्थायें और अखबार मजबूत रेनी डे फंड का समर्थन करते हैं।

*SAN FRANCISCO CHRONICLE:* रेनी डे फंड "विवेकपूर्ण रास्ता" है।

*STANDARD AND POOR'S:* रेनी डे फंड "California की और अधिक सुस्थिर वित्तीय ढाँचे की दिशा में निरंतर यात्रा के एक और कदम" को चिन्हित करता है।

*LOS ANGELES TIMES:* रेनी डे फंड "Sacramento में बचत की संस्कृति को बढ़ावा देने में अधिक मददगार है।"

*MOODY'S:* रेनी डे फंड राज्य को "अपने वित्त को आर्थिक मंदी से बचाने में" मदद करता है।

*FRESNO BEE:* रेनी डे फंड "करदाताओं की अनर्थकारी बजट घाटों से रक्षा" करेगा।

*SACRAMENTO BEE:* रेनी डे फंड "वित्तीय अनुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम" है।

*प्रस्ताव2 पर हाँ में मतदान करें और CALIFORNIA के संतुलित बजट की रक्षा करें!*

*www.CaliforniaRainyDayFund.com*

**John A. Pérez,** असेम्बली स्पीकर Emeritus
**Edmund G. Brown Jr.,**गवर्नर
**Allan Zaremberg,** प्रेसिडेंट California चैम्बर ऑफ कॉमर्स

## ★ प्रस्ताव 2 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

हमारे स्कूलों को बचायें!

स्कूलों और करदाताओं की रक्षा करने के लिए 2 पर नहीं में मतदान करें। डेमोक्रैट्स और रिपब्लिकंस प्रस्ताव 2 का विरोध करते हैं। माता-पिता, दादा-दादी और छात्र प्रस्ताव 2 का विरोध करते हैं।

क्यों? एक ऐसा खतरनाक वित्तीय टाइम बम जो स्कूलों को नुकसान पहुँचाता है, बजट वार्ताओं में आखिरी-मिनट में जोड़ा गया था। यह क्या करता है? एक पैसा भी प्रस्ताव 2 के "स्कूल रेनी डे फंड" में जाने के बाद, स्थानीय स्कूल डिस्ट्रिक्ट को केवल —अधिक से अधिक— कूछ ही हफ्तों के खर्चों के लिए बचत करने की अनुमति होगी।

अगर Sacramento निर्धारित करे कि डिस्ट्रिक्ट्स कितनी राशि बचा सकते हैं, तो इससे क्यों फर्क पड़ता है? पिछले सात वर्षों से, Sacramento ने स्कूलों को कई बिलियन राशि के भुगतानों में देरी की है जब तक कि हर स्कूल वर्ष की समाप्ति के बाद—अध्यापकों, स्टाफ, और आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान करने के लिए धनराशियों की ज़रूरत नहीं हो। स्थानीय रूप से-नियंत्रित आरक्षित निधियों के बिना, डिस्ट्रिक्ट्स को उधार लेने की ऊँची लागतों और गहरी कटौतियों का सामना करना पड़ा होगा। Sacramento पर निर्भर करना स्कूलों के लिए घाटे का सौदा है।

*www.2BadForKids.org* पर, माता-पिता से तथ्यों का पता करें, न कि राजनेताओं से।

अगर यह पारित होता है तो California के स्कूलों के लिए Standard and Poor's ने "तटस्थ से लेकर नकारात्मक क्रेडिट आशय" के साथ प्रतिक्रिया दी (7/7/2014)। हर कोई वास्तविक रेनी डे फंड का समर्थन करता है—लेकिन अखबारों और क्रेडिट एजेंसियों से पूछिये क्या वे शेल गेम का समर्थन करते हैं जो प्रस्ताव 2 बन चुका है।

शब्दाडम्बर के बावजूद, Sacramento का सार्वजनिक शिक्षा को प्राथमिकता प्रदान करने का कोई ट्रैक रिकॉर्ड नहीं रहा है।

अमेरिका में प्रति छात्र खर्च में California 50वें स्थान पर रहा है (*Education Week,* जनवरी 2014)।

स्थानीय समुदाय, न कि Sacramento, जानते हैं कि हमारे बच्चों के लिए सबसे अच्छा क्या है। सुनवाई करायें। प्रस्ताव 2 पर नहीं में वोटबच्चों, स्कूलों और सहजबुद्धि के लिए वोट है।

प्रस्ताव 2 पर नहीं में वोट डालें!

**Cushon Bell,** सचिव
Educate Our State
**Cinnamon O'Neill,** चैप्टर निदेशक
Educate Our State
**Kilty Belt-Vahle,** पैरंट वोलंटीयर
Educate Our State



*इस पृष्ठ पर छपे हुए तर्क लेखकों की राय हैं, और उन्हें शुद्धता के लिए किसी भी आधिकारिक एजेंसी के द्वारा जाँचा नहीं गया है।*

## ★ प्रस्ताव 2 के खिलाफ तर्क ★

क्यों एक तथाकथित रेनी डे फंड को California के स्कूली बच्चों से अधिक पैसा वसूलना पड़े?

माता-पिता और करदाता अक्सर पूछते हैं कि स्कूल वित्तपोषण के मामले में California की गिनती क्यों आखरी दस राज्यों में होती है—फिर भी हमारी टैक्स दरें राष्ट्र की सबसे ऊँची दरों मे हैं। प्रस्ताव 2 इसका आदर्श उदाहरण है कि हम किस तरह स्कूली बच्चों को अन्त में रख कर उनकी "रक्षा" करते रहते हैं।

California वासियों ने पच्चीस वर्ष पहले एक न्यूनतम स्कूल-फंडिंग गारंटी के रूप में प्रस्ताव 98 अधिनियमित किया था। 2004 में यह "गारंटी" राजनेताओं के लिए उनके अपने घाटों और खराब वित्तीय निर्णयों के लिए धन देने हेतु हर साल $5 बिलियन से भी अधिक की स्थिर, विश्वसनीय, स्थानीय स्कूल-आबंटित सम्पत्ति करों को हथियाना शुरू करने का एक बहाना थी। राज्य ने यह वादा करके धनराशियां लीं कि प्रस्ताव 98 उन्हें वापस अदा कर देगा।

इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है, कि इस California के स्कूली बच्चों को दी गयी यह संवैधानिक गारंटी दृढ़तापूर्वक पूरी नहीं की गयी है। हाल ही के खराब वर्षों में, California के स्कूलों को उनकी बुनियादी वित्तपोषण राशि के आस्थगित भुगतानों में $10 बिलियन तक का नुकसान भुगतना पड़ा—जिसके कारण उन्हें उधार लेना पड़ा, अपनी स्वयं की स्थानीय आरक्षित निधियों से पैसा निकालना पड़ा और कार्यक्रमों में कटौती करनी पड़ी।

और अब, प्रस्ताव 2 के तहत, California के स्कूलों को अच्छे वर्षों में भी तथाकथित रूप से इन्तज़ार करना पड़े? "स्थानीय नियंत्रण वित्तपोषण सूत्र" का क्या मतलब है अगर हमें संवैधानिक रूप से गारंटित न्यूनतम राजस्व राशियों के लिए भी स्थानीय स्कूल बोर्ड पर यकीन नहीं हो?

इस बीच, छोटे अक्षरों वाला प्रिंट राज्य के कंट्रोलर को इन रोकी गयी शैक्षणिक निधियों का उपयोग दैनिक धनापूर्ति की ज़रूरतों को संभालने में मदद करने की अनुमति देता है और विधानमंडल को, बजट आपातकाल घोषित करके, इस पैसे को सामान्य निधि में ले जाने की अनुमति देता है।

*लेकिन इंतज़ार करें, अभी और भी बहुत कुछ है!*

इस वर्ष की बजट वार्ताओं के ढलते हुए दिन में, स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स को उनकी स्थानीय आरक्षित निधियों को कम करने हेतु बाध्य करने के लिए एक आवश्यकता जोड़ी गयी थी जब कभी भी प्रस्ताव 2 के "पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट" के अन्दर *कुछ भी* भुगतान किया जाता है। उसके बाद के वर्ष में, स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स को केवल दो बार न्यूनतम आरक्षित निधियों के लिए अनुमति है। अधिकतर डिस्ट्रिक्ट्स के लिए, इसका मतलब है उन्हें आरक्षित निधि में वार्षिक परिचालन खर्चों का केवल 6%—बस तीन सप्ताह का खर्च रोकने के लिए बाध्य करना!

California में सभी डिस्ट्रिक्ट्स के लिए, स्थानीय आरक्षित निधियों ने ही बच्चों का राज्य के द्वारा थोपी गयी उधार लेने की लागतों या कार्यक्रम कटौतियों से बचाव किया है। (राज्य ने स्कूलों को पिछले *सात* वर्षों में समय पर भुगतान नहीं किया है! स्कूलों की बकाया राशि के 20% तक भुगतान स्कूल वर्ष के खत्म हो जाने के बाद जून 2012 में किया गया था।) दशकों में निर्मित, इन आरक्षित निधियों को सिर्फ इसलिए फेंक दिया गया होता क्योंकि पूँजीगत-लाभों का एक अच्छा वर्ष शैक्षणिक निधियों को स्कूलों के वित्तपोषण से हटा कर राज्य-नियंत्रित स्टैब्लाइज़ेशन अकाउंट में लिया गया होता।

कृपया हमारे साथ शामिल हों—सार्वजनिक शिक्षा में सुधार करने के लिर प्रतिबद्ध दसियों हजार California वासियों को एकजुट करने वाला एक द्विदलीय राज्यव्यापी जमीनी स्तर का स्वयंसेवी लाभेतर माता-पिता की अगुवाई वाला संगठन— और ऐसे राजनेताओं को नहीं कहें जो बच्चों को बस के पिछले हिस्से में धकेलते रहते हैं। वेबसाइट *www.2BadForKids.org* देखें और प्रस्ताव 2 पर नहीं में वोट डालें!

**Katherine Welch,** निदेशक
Educate Our State
**Hope Salzer,** चैप्टर निदेशक
Educate Our State
**Jennifer Bestor,** अनुसंधान निदेशक
Educate Our State

## ★ प्रस्ताव 2 के खिलाफ तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 2 के विरोधियों ने इसे गलत समझा है; हूबहू इसी सोच का नतीजा है कि $26 बिलियन का बजट घाटा हुआ और हमारे स्कूलों को विनाशकारी कटौतियों का सामना करना पड़ा।

नयी वित्तपोषण राशि में—$10 बिलियन से अधिक की राशि प्रदान करने वाला राज्य का वर्तमान बजट वर्षोंमें स्कूलों के लिए सबसे अच्छा है। प्रस्ताव 2 राज्य के बजट को स्थिर करके और हमारे क्लासरूम्स के लिए भावी कटौतियों को रोक करस्कूलों की रक्षा करता है । एक मजबूत रेनी डे फंड और सतत वित्तीय संयम के बिना, राज्य को भविष्य में घाटे का सामना करना पड़ेगा और उसे स्कूलों, सार्वजनिक सुरक्षा और महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए धनराशियों में कटौती करने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है। इसी कारण से विधानमंडल में हर डेमोक्रैट और रिपब्लिकन ने प्रस्ताव 2 का समर्थन करने के लिए मतदान किया।

प्रस्ताव 2, प्रस्ताव 98 के अनुसार आवश्यक वित्तपोषण राशियों के स्तर में कोई बदलाव नहीं करता है। असल में, इस वर्ष का वजट प्रस्ताव 98 के तहत स्कूलों का अभी तक के उच्चतम स्तर, $60.9 बिलियन पर वित्तपोषण करता है। जो सिर्फ तीन साल पहले, जब California ने विशाल बजट घाटे का सामना किया था,की तुलना में हर छात्र के लिए $1,954 अधिक है। अच्छे हालात के दौरान कुछ पैसे अलग डाल कर, California स्कूल वित्तपोषण राशि में भावी कटौतियों को और अनावश्यक टैक्स वृद्धियों को रोक सकता है।

प्रस्ताव 2 पर हाँ में वोट डालें और स्कूलों तथा CALIFORNIA के संतुलित बजट की रक्षा करें!

**Dr. Michael Kirst,** प्रेसिडेंट
California राज्य शिक्षा बोर्ड

प्रस्ताव

# 45 राजकीय बजट। बजट स्थिरीकरण यानि स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट। विधायी संवैधानिक संशोधन।

**आधिकारिक शीर्षक और सारांश** **अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया**

45

## हेल्थकेयर बीमा। दर में बदलाव। पहल सम्बन्धी कानून।

- स्वास्थ्य बीमे की दरों में बदलाव, या स्वास्थ्य बीमे से जुड़े प्रभारों को प्रभावित करने वाली किसी भी अन्य बात के प्रभावी होने से पहले, उनका बीमा आयुक्त के द्वारा मंजूर किया जाना आवश्यक है।
- इसमें सार्वजनिक नोटिस, प्रकटीकरण, और स्वास्थ्य बीमा दरों में बदलाव के विषय पर सुनवाई, तथा बाद में न्यायिक समीक्षा का प्रावधान है।
- दर में बदलावों का औचित्य सिद्ध करने के लिए बीमा आयुक्त को प्रस्तुत जानकारी की सटीकता के सम्बन्ध में स्वास्थ्य बीमा कम्पनी के द्वारा शपथबद्ध वक्तव्य आवश्यक है।
- नियोक्ता की बड़ी सामूहिक स्वास्थ्य योजनाओं के लिए लागू नहीं होता है।
- स्वास्थ्य, ऑटो, और होमओनर्स बीमा कम्पनियों पर पूर्व कवरेज या साख के इतिहास के अभाव के आधार पर पॉलिसी की पात्रता या दरें निर्धारित करने पर निषेध करता है।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- स्वास्थ्य बीमा को विनियमित करने के लिए राज्य की बढ़ी हुई प्रशासनिक लागतें, सम्भवतया अधिकांश वर्षों में स्वास्थ्य बीमा कम्पनियों द्वारा भुगतान किये जाने वाले शुल्क से वित्तपोषित, सालाना कुछ मिलियन डॉलर राशियों से अधिक नहीं होंगी।

## विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

## पृष्ठभूमि

इस विधेयक के अनुसार इंश्योरेंस कमिशनर (कमिशनर) को निश्चित प्रकार के स्वास्थ्य बीमा की दरें स्वीकृत करना आवश्यक होता है। दर स्वीकृति की प्रक्रिया उसी प्रक्रिया के समान होती है जैसी कि वर्तमान में अन्य प्रकार के बीमाओं जैसे कि ऑटोमोबाइल और घर मालिक के बीमा के लिए उपयोग की जाती है। नीचे, हमने California में स्वास्थ्य बीमा की पृष्ठभूमि जानकारी और ऑटोमोबाइल और घर मालिक के बीमा दर नियमन प्रदान किए हैं।


### California में स्वास्थ्य बीमा

***स्वास्थ्य बीमा के स्रोत।*** जैसा कि आकृति 1 में दिखाया गया है, California के लोगों को कई प्रकार से स्वास्थ्य बीमा प्राप्त होता है। कुछ व्यक्तिगत लोगों और परिवारों को यह सरकारी कार्यक्रमों जैसे कि Medicare या Medicaid (जिन्हें California में Medi-Cal कहा जाता है) के द्वारा प्राप्त होता है। अन्य लोगों और परिवारों को उनके नियोक्ताओं के द्वारा कार्य-आधारित स्वास्थ्य बीमा मिलता है। 50 से अधिक कर्मचारियों वाली कंपनियों द्वारा प्रदान किए जाने वाले कार्य-आधारित कवरेज को बड़ा समूह कवरेज कहा जाता है। 50 या कम कर्मचारियों वाली कंपनियों द्वारा प्रदान किए जाने वाले कवरेज को छोटा समूह कवरेज कहा जाता है। फिर भी अन्य लोग और परिवार सीधे किसी स्वास्थ्य बीमा कंपनी से स्वास्थ्य बीमा खरीदते हैं (जिसे व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा कहते हैं)। यह विधेयक प्रमुख रूप से व्यक्तिगत और छोटे समूह के स्वास्थ्य बीमा पर लागू होता है—जिसके तहत लगभग 6 मिलियन California वासी, या जनसंख्या के 16 प्रतिशत लोग आते हैं।

***California में स्वास्थ्य बीमा पर दो राज्य विभाग निगरानी रखते हैं।*** California में बेचे जाने वाले अधिकांश स्वास्थ्य बीमा उत्पादों को राज्य नियामकों द्वारा स्वीकृत किया जाना आवश्यक है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे राज्य की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। उदाहरण के लिए, स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को नामांकित व्यक्तियों को मूल लाभ प्रदान करना आवश्यक हैं—जैसे कि चिकित्सकों के पास जाना, अस्पताल में भर्ती होना, और प्रिस्क्रिप्शन की दवाइयाँ लेना—और उनके पास समय पर सेवा प्रदान करने के लिए उपयुक्त संख्या में चिकित्सक उपलब्ध होने चाहिए। इन आवश्यकताओं का प्रवर्तन सामान्यतया या तो Department of Managed Health Care (DMHC) या फिर California Department of Insurance (CDI) द्वारा किया जाता है। DMHC को एक गवर्नर-नियुक्त निदेशक द्वारा चलाया जाता है और यह कुछ प्रकार के स्वास्थ्य बीमा को नियंत्रित करता है। CDI को एक निर्वाचित आयुक्त द्वारा चलाया जाता है और यह अन्य प्रकार के स्वास्थ्य बीमा को नियंत्रित करता है। अधिकांश बीमित California वासियों के पास DMHC द्वारा नियंत्रित स्वास्थ्य बीमा है। California के व्यक्तिगत लोगों और छोटे समूह के स्वास्थ्य बीमा का नियमन कुछ स्तर तक DMHC और CDI के बीच समान रूप से बँटा हुआ है। प्रत्येक विभाग की गतिविधियों की लागत के लिए नियमित बीमा कंपनियों के शुल्क के माध्यम से निधि प्रदान की जाती है। कुछ अन्य प्रकार के स्वास्थ्य बीमा, जैसे कि संघीय

आकृति 1

**California वासियों को स्वास्थ्य बीमा कहाँ से मिलता है?**




Medicare कार्यक्रम, राज्य की आवश्यकताओं के अधीन नहीं होते हैं और इसलिए इन दोनों विभागों के द्वारा नियंत्रित नहीं होते हैं।

***स्वास्थ्य बीमा दरों की समीक्षा, किंतु उनकी स्वीकृति नहीं।*** 2011 तक, स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को या तो DMHC या CDI के साथ सभी व्यक्तिगत और छोटे समूह वाले स्वास्थ्य बीमा के लिए प्रस्तावित दरों के प्रभाव में आने के पहले उन दरों की जानकारी पेश करना होगी। (बीमा कंपनियों को बड़े समूहों की दर जानकारी पेश करना आवश्यक नहीं है।) DMHC और CDI दोनों ही दर जानकारी की समीक्षा करते हैं और बताते हैं कि दरों में की गई वृद्धि उचित है या नहीं। स्वास्थ्य बीमा दरों की उपयुक्तता का मूल्यांकन करते समय, DMHC और CDI कई कारकों पर ध्यान दे सकते हैं, जैसे कि: (1) किन चिकित्सकीय लाभों को शामिल किया गया है, (2) नामांकित व्यक्तियों को सहभुगतान और कटौती की राशि में से कितनी लागत का भुगतान करना होता है, और (3) किसी कंपनी की व्यवस्थापकीय लागतें उचित है या नहीं। विभागों को इन समीक्षाओं में से कुछ निश्चित जानकारी को उनकी वेबसाइट्स पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराना आवश्यक होता है। हालांकि, DMHC और CDI के पास वर्तमान में दरों के लागू होने के पूर्व उन्हें अस्वीकार या स्वीकार करने का कोई प्राधिकार नहीं है।

***संघीय स्वास्थ्य सेवा सुधार से स्वास्थ्य लाभ एक्सचेंज एक्सचेंज तैयार होते हैं।*** 2010 में लागू किया गया संघीय रोगी सुरक्षा और वहनीय देखभाल अधिनियम, जिसे संघीय स्वास्थ्य सेवा सुधार भी कहा जाता है, ने स्वास्थ्य लाभ एक्सचेंज नामक बाजारों का निर्माण किया। बीमा कंपनियाँ इन एक्सचेंज बाजारों में व्यक्तिगत लोगों और छोटे व्यवसायों को स्वास्थ्य बीमा उत्पाद बेच सकती हैं। कुछ कम-से-मध्यम-आय वाले लोग और परिवार उनके स्वास्थ्य बीमा को और भी वहनीय बनाने के लिए संघीय आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह संघीय आर्थिक सहायता एक्सचेंज बाजार से अन्यत्र खरीदे गए बीमा के लिए उपलब्ध नहीं होती है। California का एक्सचेंज—अक्तूबर 2013 से कार्यरत—Covered California कहलाता है, और यह गवर्नर और विधानसभा द्वारा नियुक्त किए गए पाँच-सदस्यों के एक बोर्ड द्वारा संचालित होता है। Covered California को वर्तमान में संघीय निधियों और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों पर लगाए जाने वाले शुल्क के द्वारा धन प्रदान किया जाता है।

***Covered California बोर्ड स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के साथ समझौते करता है।*** राज्य के कानून के तहत, बोर्ड के पास यह स्वीकृति देने का प्राधिकार होता है कि किन स्वास्थ्य बीमा उत्पादों को Covered California के माध्यम से बेचा जाए, जो कि राज्य और संघीय

आवश्यकताओं के अधीन होता है। इसलिए, बोर्ड ऐसी स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के साथ कुछ विशिष्ट योजना विशेषताओं—जैसे कि दरों—को लेकर समझौते करता है जो Covered California के माध्यम से अपने उत्पाद बेचना चाहती हैं।

***"मुक्त नामांकन" के दौरान बेचा गया व्यक्तिगत बाजार स्वास्थ्य बीमा।*** सामान्य रूप से, लोग व्यक्तिगत बाजार स्वास्थ्य बीमा में केवल कुछ निश्चित महीनों के दौरान, या मुक्त नामांकन अवधियों के समय ही नामांकन कर सकते हैं। मुक्त नामांकन सामान्य रूप से शरद ऋतु में आरंभ होता है और कुछ महीनों तक चलता है।

### ऑटोमोबाइल और घर मालिकों का बीमा दर नियमन

***दर स्वीकृति प्रक्रिया के अधीन होने वाले ऑटोमोबाइल और घर मालिकों की बीमा दर।*** 1988 में, California के मतदाताओं ने प्रस्ताव 103 को स्वीकृत किया, जिसके अनुसार यह आवश्यक है कि कुछ निश्चित प्रकार के बीमा—ऑटोमोबाइल और घर मालिक के बीमा सहित—की दर अधिक न हों, अनुपयुक्त न हों, या अनुचित रूप से पक्षपातपूर्ण न हों। (स्वास्थ्य बीमा वर्तमान में प्रस्ताव 103 की आवश्यकताओं के अधीन नहीं है।) प्रस्ताव 103 के अनुसार आयुक्त को प्रस्तावित दरों के लागू होने के पूर्व ही उनकी समीक्षा करना और उन्हें स्वीकृत करना आवश्यक है। आयुक्त किसी भी प्रस्तावित दर के संबंध में कोई सार्वजनिक सुनवाई रख सकता है। इसके अलावा, कोई उपभोक्ता या कोई उपभोक्ता प्रतिनिधि किसी प्रस्तावित दर को चुनौती दे सकता है और किसी सार्वजनिक सुनवाई का अनुरोध कर सकता है। प्रस्तावित दर परिवर्तनों के एक निश्चित प्रतिशत से अधिक हो जाने पर आयुक्त के लिए एक सार्वजनिक सुनवाई के अनुरोध को स्वीकृत करना आवश्यक होता है। प्रस्तावित दरों को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अंतिम प्राधिकार आयुक्त के पास होता है। दरों के संबंध में आयुक्त के निर्णय को उपभोक्ता, उपभोक्ता प्रतिनिधि, या बीमा कंपनियाँ न्यायालय में चुनौती दे सकते हैं।

## प्रस्ताव

***व्यक्तिगत और छोटे समूह की स्वास्थ्य बीमा दरें आयुक्त द्वारा स्वीकृत होनी आवश्यक हैं।*** यह विधेयक वर्तमान और भावी व्यक्तिगत और छोटे समूह की स्वास्थ्य बीमा दरों—CDI या DMHC द्वारा नियंत्रित स्वास्थ्य बीमा की दरों सहित—को प्रस्ताव 103 के तहत स्थापित दर स्वीकृति प्रक्रिया के अधीन लाता है। इस विधेयक में यह भी कहा गया है कि 6 नवंबर, 2012 के बाद प्रस्तावित दरों को आयुक्त के द्वारा स्वीकृत किया जाना आवश्यक है, 6 नवंबर, 2012 को प्रभावी दरों पर आधारित भुगतान धन-वापसी का विषय होते हैं। इस विषय पर कुछ कानूनी अनिश्चितता बनी हुई है कि आयुक्त स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को ऐसे स्वास्थ्य बीमा के लिए धन-वापसी करने हेतु बाध्य कर सकते हैं या नहीं जो अब प्रभाव में नहीं हैं।

इस विधेयक में "दरों" को भी व्यापक रूप में इस प्रकार से परिभाषित किया गया है जिसमें प्रीमियम के अलावा लाभ, सहभुगतान और कटौतियों जैसे अन्य कारकों को भी शामिल किया गया है। इस प्रावधान की किस प्रकार व्याख्या होगी इस बारे में अभी कुछ अनिश्चितता है, फिर भी इसके द्वारा आयुक्त को प्रीमियम्स के अलावा स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की विशेषताओं, जैसे कि शामिल लाभों के प्रकारों को स्वीकृत करने के लिए कोई नए प्राधिकार नहीं मिलेंगे।

***मौजूदा DMHC नियामक प्राधिकरण अपने स्थान पर बना रहेगा।*** विधेयक के तहत, DMHC कुछ निश्चित प्रकार के स्वास्थ्य बीमाओं को नियंत्रित करता रहेगा और उसके पास कुछ स्वास्थ्य बीमा दरों की *समीक्षा* करने का प्राधिकार होगा। हालांकि, दरों को *स्वीकृत करने* का संपूर्ण प्राधिकार आयुक्त के पास होगा।

***राजकीय व्यवस्थापकीय लागतों के भुगतान हेतु एकत्र किया जाने वाला बीमा फ़ाइलिंग शुल्क।*** विधेयक के कारण CDI के सामने उत्पन्न होने वाली किसी भी अतिरिक्त व्यवस्थापकीय लागत का वित्त प्रबंधन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों द्वारा चुकाए जाने वाले बढ़े हुए शुल्क से होगा।

***ऋण इतिहास और पूर्व बीमा कवरेज के विचार पर प्रतिबंध।*** यह विधेयक स्वास्थ्य, ऑटोमोबाइल, या घर मालिक के बीमा हेतु दरों या पात्रता का निर्धारण करने के लिए किसी व्यक्ति के ऋण इतिहास या पूर्व बीमा कवरेज की अनुपस्थिति का उपयोग करने को भी प्रतिबंधित करता है। वर्तमान कानून स्वास्थ्य बीमा हेतु दरों या पात्रता का निर्धारण करते समय इस प्रकार के कारकों के उपयोग को सामान्य रूप से पहले से ही प्रतिबंधित करता है। वर्तमान कानून ऑटोमोबाइल या घर मालिक के बीमा हेतु दरों या पात्रता का निर्धारण करते समय ऋण इतिहास या पूर्व बीमा कवरेज का कुछ स्तर तक उपयोग करने की अनुमति देता है। हालांकि, बीमा कंपनियों ने इस प्रकार के कारकों को सामान्यतया व्यावहारिक रूप से उपयोग नहीं किया है।

## राजकोषीय प्रभाव

राज्य और स्थानीय सरकारों के लिए इस विधेयक का सबसे महत्वपूर्ण राजकोषीय प्रभाव राजकीय व्यवस्थापकीय लागतों पर पड़ता है, जैसा कि नीचे विस्तार से वर्णित किया गया है। इस विधेयक की सकल अतिरिक्त राजकीय व्यवस्थापकीय लागतें संभवतया **वार्षिक रूप से कुछ ही मिलियन डॉलर्स से अधिक नहीं होंगी, किंतु इनमें कुछ वर्षों में अधिक वृद्धि हो सकती है।** इन लागतों के लिए स्वास्थ्य बीमा कंपनियों से एकत्र किए गए अतिरिक्त शुल्क राजस्व से धन प्रदान किया जाएगा।

***CDI के लिए बढ़ी हुई राजकीय व्यवस्थापकीय लागतें।*** इस विधेयक के कारण CDI के लिए अतिरिक्त लागतें तैयार होंगी, जिनमें स्वास्थ्य बीमा दरों की समीक्षा करने और स्वीकृति देने और प्रस्तावित दरों पर सार्वजनिक सुनवाई करने की लागतें शामिल हैं। यह मौजूदा लागतें वार्षिक रूप से संभवतया कुछ ही मिलियन डॉलर्स से अधिक नहीं होंगी। अतिरिक्त लागतों की राशि कई कारकों पर निर्भर करेगी, जिनमें कि CDI या उपभोक्ता प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित दरों को चुनौती दिए जाने की संख्या शामिल है। विधेयक के प्रभावी होने के बाद आरंभिक वर्षों में लागतें कुछ स्तर तक अधिक हो सकती हैं। उदाहरण के लिए, यदि CDI वर्तमान में प्रभावी दरों को पुनर्मूल्यांकित करता है तो इससे एक-बार की अतिरिक्त लागत बनेगी।

***DMHC की व्यवस्थापकीय लागतों पर अस्पष्ट प्रभाव।*** यह विधेयक DMHC पर प्रत्यक्ष रूप से नए दायित्व नहीं लागू करता है, किंतु यह DMHC की व्यवस्थापकीय लागतों को प्रभावित कर सकता है। इस संभावित प्रभाव की दिशा और सीमा अस्पष्ट है। उदाहरण के लिए, समय के साथ, इस विधेयक के तहत CDI को प्रदत्त दर स्वीकृति प्राधिकार को ध्यान में रखते हुए DMHC किस स्तर तक स्वास्थ्य बीमा दरों की समीक्षा करेगा यह अस्पष्ट है। यदि DMHC अपनी दर समीक्षा गतिविधियाँ कम कर देता या हटा देता है, तो इसके परिणामस्वरूप वार्षिक रूप से कई हजार डॉलर्स की व्यवस्थापकीय बचत होगी। वहीं दूसरी ओर, यदि आयुक्त द्वारा की गई कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप DMHC के नियामक कार्यभार में वृद्धि होती है, तो इस विधेयक के तहत DMHC की कुछ व्यवस्थापकीय लागतों में वृद्धि हो सकती है।

***Covered California के लिए संभावित व्यवस्थापकीय लागतें।*** यह विधेयक Covered California पर प्रत्यक्ष रूप से नए दायित्व नहीं लागू करता है, किंतु, इसके परिणामस्वरूप अतिरिक्त व्यवस्थापकीय लागतें बन सकती हैं। CDI द्वारा आयोजित नई दर स्वीकृति प्रक्रिया के परिणामस्वरूप कुछ व्यक्तिगत और छोटे समूह के स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की स्वीकृति प्रक्रिया थोड़ी बड़ी हो जाएगी। किसी उत्पाद की स्वीकृति में कितना अधिक विलंब होता है इसके आधार पर, हो सकता है कि वह उत्पाद किसी मुक्त नामांकन अवधि के दौरान प्रस्तुत नहीं किया जाए। इस कारण से, Covered California पर राजकोषीय प्रभाव हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, किसी भिन्न स्वास्थ्व बीमा कंपनी की ओर जाने वाले व्यक्तिगत लोगों को उपभोक्ता सहायता प्रदान करने में अतिरिक्त लागत लग सकती है। यह अस्पष्ट है कि इस विधेयक के तहत दर स्वीकृतियों में लंबे विलंब होंगे या नहीं, अथवा यदि वे होंगे, तो वे कितने अंतराल में होंगे।

**इस प्रतिस्पर्धा में दिए गए धन के बारे में विवरण प्राप्त करने के लिए *http://cal-access.sos.ca.gov* पर जाएँ।**



*प्रस्ताव 45 के पूरे मूलपाठ के लिए, पृष्ठ 67 देखें।*

45

## ★ प्रस्ताव 45 के पक्ष में तर्क ★

*प्रस्ताव 45 स्वास्थ्य बीमा दरों में अत्यधिक वृद्धियों को रोकेगा*

2002 के बाद से स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम्स में 185% की वृद्धि हुई है, जो मंहगाई की दर से पाँच गुना अधिक है।

प्रीमियम में हुई वृद्धियों के अनुचित होने पर भी, California में किसी के भी पास उन्हें रोकने की शक्ति नहीं है!

इसलिए ही California वासियों ने हाल ही में दरों में हुई बढ़ोतरी के कारण $250 मिलियन की वृद्धि का सामना किया जो राज्य नियामकों के अनुसार "अनुचित" थी किंतु वे उसे रोक नहीं सके।

प्रस्ताव 45 में स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को झूठी गवाही के जुर्माने के तहत, उनकी बहियों को निष्पक्ष रखना और दरों में वृद्धि को सार्वजनिक रूप से उचित ठहराना आवश्यक है, इससे *पहले* कि वे 5.8 मिलियन व्यक्तिगत उपभोक्ताओं और छोटे व्यवसाय मालिकों के लिए प्रीमियम्स में वृद्धि कर सकें

प्रस्ताव 45:

- दर वृद्धियों को सत्यापित करने के लिए बीमाकर्ताओं द्वारा जमा किए जाने वाले दस्तावेजों को सार्वजनिक करके घोषणा करना आवश्यक बनाएगा।
- सार्वजनिक सुनवाई की अनुमति देकर और अनुचित प्रीमियम वृद्धियों को चुनौती देने का अधिकार देकर पारदर्शिता को बढ़ावा देगा।
- इंश्योरेंस कमिश्नर को अत्यधिक दर वृद्धि को अस्वीकार करने और धन-वापसी के आदेश देने के प्राधिकार प्रदान करके विश्वसनीयता बढ़ाएगा।

प्रस्ताव 45 रोगियों को स्वास्थ्य बीमा कंपनी की मुनाफाखोरी से बचाएगा। अवहनीय बीमा के कारण मेडिकल बिलों को चुकाने में कठिनाई आती है, जो कि व्यक्तिगत दिवालियेपन का प्रमुख कारण है। लगभग 40% America वासी लागत के कारण डॉक्टर के पास नहीं जाते हैं या अनुशंसित देखभाल की अनदेखी करते हैं।

प्रस्ताव 45 स्वास्थ्य बीमा कंपनी की मूल्य उगाही को रोकेगा और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम्स को कम करेगा।

हमें कैसे पता चलेगा?

*प्रस्ताव 45 ऐसी अन्य मतदाता स्वीकृत पहल की सुरक्षा को विस्तारित करता है जिनसे उपभोक्ताओं को कई बिलियंस की बचत हुई है*

California की ऑटो और घरेलू बीमा कंपनियों के लिए दरों में वृद्धियों को उचित ठहराना और 1988 के बाद से प्रीमियम्स में वृद्धि के लिए अनुमति प्राप्त करना आवश्यक हो गया है।

चूँकि इन बीमा सुरक्षाओं को मतदाताओं ने लागू किया था (प्रस्ताव 103), इसलिए देश में California ही एकमात्र राज्य है जहाँ दो दशकों में ऑटो बीमा दरों में कमी आई है! Consumer Federation of America ने नवंबर 2013 में बताया था कि California के ऑटो बीमा दर नियमनों के कारण अत्यधिक दर वृद्धियों से राहत मिलने से California के उपभोक्ताओं को $102 बिलियन की बचत हुई है। प्रस्ताव 45 इन नियमों को स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं पर लागू करता है।

एक राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त बीमांकिक मुंशी, जिसने अन्य राज्यों में स्वास्थ्य बीमा दरों की समीक्षा की है, और Consumer Watchdog का यह अनुमान है कि प्रस्ताव 45 से California वासियों को प्रति वर्ष $200 मिलियन या इससे अधिक की बचत हो सकती है।

*अब जहाँ हर किसी को स्वास्थ्य बीमा लेना आवश्यक है तो ऐसे में प्रस्ताव 45 की आवश्यकता और अधिक बढ़ गई है*

संघीय स्वास्थ्य सेवा कानून नियामकों को अत्यधिक दर वृद्धियों को रोकने की शक्ति नहीं देता है।

जैसा कि *Los Angeles Times* संपादकीय मंडल ने कहा है कि, "2014 तक, स्वास्थ्य सेवा सुधार कानून के अनुसार सभी वयस्क America वासियों को स्वास्थ्य बीमा कवरेज लेना अनिवार्य होगा। नियामकों के पास ऐसी शक्ति होना आवश्यक है जिससे कि वे बीमाकर्ताओं को इस बंद बाजार में उगाही करने से रोक सकें।"

*San Jose Mercury News* ने अपने संपादकीय में लिखा है कि: "California को देश भर के ऐसे अधिकांश राज्यों, 50 में से 36, में शामिल होना चाहिए जिनके पास स्वास्थ्य बीमा दरों में वृद्धियों को रोकने के प्राधिकार हैं।"

California की बड़ी स्वास्थ्य बीमा कंपनियों ने प्रस्ताव 45 को रोकने के लिए पहले ही $25.4 मिलियन खर्च कर दिए हैं। उन्होंने एक दशक से प्रस्ताव 45 के जैसी बेहतर पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए कानून को रोककर रखा हुआ है। वे अपनी मनमानी के अनुसार आपसे शुल्क लेना जारी रखना चाहते हैं। इससे भ्रमित न हों।

प्रस्ताव 45 स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को दरों में वृद्धि करने से रोककर और अनुचित लागतों को उपभोक्ताओं को वापस लौटाकर स्वास्थ्य सेवा की लागतों को कम करेगा।

स्वास्थ्य बीमा में धन की बचत करने के लिए प्रस्ताव 45 के समर्थन में हमारे साथ जुड़ें। अधिक जानें: *www.yeson45.org.*

धन्यवाद।

**Deborah Burger,** अध्यक्ष
California Nurses Association
**Jamie Court,** अध्यक्ष
Consumer Watchdog
**Dolores Huerta,** नागरिक अधिकारों की नेता

## ★ प्रस्ताव 45 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 45 स्वास्थ्य बीमा दरों को नियंत्रित करने के बारे में नहीं है—क्योंकि California में इसी वर्ष एक नए स्वतंत्र आयोग को शुरू किया गया है जो कि स्वास्थ्य बीमा दरों को नियंत्रित करने और कवरेज को विस्तारित करने के लिए जिम्मेदार है।

इसके बजाय, प्रस्ताव 45 वास्तव में इससे संबंधित है कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी शक्तियाँ किसके पास हैं: स्वतंत्र आयोग, या एक राजनेता जो बीमा कंपनियों और मुकदमों के वकीलों जैसे विशेष हितों वाले पक्षों से अभियान योगदानों का लाभ ले सकता है।

*प्रस्ताव 45—यह California के नए स्वतंत्र आयोग को कमजोर बनाता है*

स्वतंत्र आयोग लागतों को नियंत्रित करने हेतु कार्य कर रहा है, जिसे कि *Los Angeles Times* ने "स्वास्थ्य लागतों के लिए शुभ समाचार" के रूप में वर्णित किया है।

किंतु प्रस्ताव 45 का समर्थन करने वाले विशेष हित वाले लोगों की कार्यसूची इससे भिन्न है: यह स्वास्थ्य बीमा लाभों और दरों के ऊपर Sacramento के एक ही राजनेता को अथाह को नहीं कहें प्रदान करता है।

यह शक्ति नियंत्रण नौकरशाही के विरोधाभासों, अत्यधिक विलंब और उपभोक्ताओं के लिए उच्च लागतों के कारण स्वतंत्र आयोग की कार्यशैली को बुरी तरह प्रभावित कर देगा—और इससे शक्तिशाली विशेष हित वाले लोगों को स्वास्थ्य सेवा पर और अधिक नियंत्रण मिलेगा।

*प्रस्ताव 45—एक और दोषपूर्ण, खर्चीली, भ्रामक पहल*

- प्रस्ताव 45, के तहत आने वाले हमारे बीमा के लाभों और उपचार विकल्पों को एक ही राजनेता नियंत्रित कर सकता है। हमें उपचार निर्णयों को किसी राजनेता के राजनीतिक एजेंडे के भरोसे नहीं छोड़ना चाहिए।
- यह राजकीय व्यवस्थापकीय लागतों में प्रति वर्ष कई मिलियंस की वृद्धि करता है ताकि खर्चीली, प्रतिरूपी नौकरशाही के लिए धन का प्रबंधन किया जा सके और 2012 की पहल के लिए, लक्षित रूप में, योग्यता साबित करने में प्रायोजक की विफलता से होने वाले कानूनी मामलों का समाधान किया जा सके।
- गोपनीय एजेंडा—खर्चीले नए कानूनी मुकदमे। प्रायोजकों ने उनके अंतिम प्रायोजित प्रस्ताव के तहत कानूनी शुल्क के द्वारा $11 मिलियन की कमाई की; और अब वे प्रस्ताव 45 के तहत अनुमत होने वाले खर्चीले नए स्वास्थ्य सेवा कानूनी मुकदमों के द्वारा और भी कई मिलियन कमाना चाहते हैं।
- बड़े कॉर्पोरेशंस को मुक्त करता है।

चिकित्सकों, नर्सों, रोगियों, दवाखानों और छोटे व्यवसाय के साथ जुड़ें: 45 पर नहीं में मतदान करें।

**Gail Nickerson,** अध्यक्ष
California Association of Rural Health Clinics
**Robert A. Moss, MD,** अध्यक्ष
Medical Oncology Association of Southern California
**Kim Stone,** अध्यक्ष
Civil Justice Association of California



*इस पृष्ठ पर छपे हुए तर्क लेखकों की राय हैं, और उन्हें शुद्धता के लिए किसी भी आधिकारिक एजेंसी के द्वारा जाँचा नहीं गया है।*

## ★ प्रस्ताव 45 के खिलाफ तर्क ★

हम सभी अपने स्वास्थ्य सेवा तंत्र को सुधारना चाहते हैं, किंतु प्रस्ताव 45 वह नहीं है जिसकी हमें आवश्यकता है।

इसके बजाय, प्रस्ताव 45 एक दोषपूर्ण खर्चीली और भ्रामक पहल है जिसे इसके प्रायोजकों और विशेष हित रखने वाले समर्थकों को लाभ पहुँचाने के लिए तैयार किया गया है—वहीं रोगियों, उपभोक्ताओं और करदाताओं को बढ़ी हुई दरों, अधिक खर्चीली नौकरशाही और स्वास्थ्य सेवा में नई बाधाओं का सामना करना पड़ेगा।

प्रस्ताव 45 चीज़ों को बेहतर नहीं बल्कि *बदतर*, बनाता है। इसलिए ही California के चिकित्सक, नर्सें, रोगी, दवाखाने, अस्पताल, करदाता और छोटे व्यवसाय आदि सभी विरोध करते हैं प्रस्ताव 45 का।

एक राजनेता को बहुत अधिक शक्ति मिलेगी—प्रस्तावित अनुभाग 1861.17(g)(2)

प्रस्ताव 45 एक निर्वाचित राजनेता—इंश्योरेंस कमिश्नर—को स्वास्थ्य सेवा कवरेज पर बहुत व्यापक नियंत्रण प्रदान करता है जो मुकदमे के वकीलों, बीमा कंपनियों और अन्य सशक्त विशेष हित रखने वाले लोगों से अभियान योगदानों का लाभ ले सकता है।

प्रस्ताव 45 के तहत, एक ही राजनेता आपके बीमा के तहत आने वाले लाभों और उपचार विकल्पों को नियंत्रित कर सकता है—जिस पर यह सुनिश्चित करने हेतु कोई वास्तविक नियंत्रण और संतुलन नहीं हैं कि सभी निर्णय Sacramento में विशेष हित रखने वाले लोगों के लिए नहीं बल्कि रोगियों और उपभोक्ताओं के लाभों को ध्यान में रखकर लिए गए हैं।

*"प्रस्ताव 45 एक ही राजनेता को स्वास्थ्य सेवा पर बहुत अधिक नियंत्रण प्रदान करता है। उपचार के निर्णय चिकित्सकों और रोगियों द्वारा लिए जाने चाहिए, किसी राजनीतिक विचारधारा वाले व्यक्ति के द्वारा नहीं।"*—Dr. Jeanne Conry, MD, OB/GYN— तत्काल पूर्व के अध्यक्ष, American College of Obstetrics and Gynecology, डिस्ट्रिक्ट IX

अधिक दोहराव वाली, खर्चीली नौकरशाही तैयार होती है—प्रस्तावित धारा 1861.17(e)

प्रस्ताव 45 और भी अधिक खर्चीली राज्य नौकरशाही बनाता है, तथा स्वास्थ्य बीमा दरों की देखरेख करने वाली दो अन्य नौकरशाहियों के भी प्रतिरूप बनाता है, जिससे अन्य नियमनों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा होती है और स्वास्थ्य सेवा तंत्र में और अधिक अनावश्यक दफ्तरशाही प्रक्रियाएं जुड़ती है।

निर्दलीय विधायी विश्लेषक के कार्यालय का यह अनुमान है कि विधेयक राजकीय व्यवस्थापकीय लागतों में प्रति वर्ष कई सैकड़ों मिलियन डॉलर्स की वृद्धि हो सकती है—ऐसी लागतें जिनका भुगतान अंततया उपभोक्ताओं को करना होगा।

जब हम अपने स्कूलों, बच्चों के स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रमों, या अन्य प्राथमिकताओं के लिए पर्याप्त निधि उपलब्ध नहीं करवा सकते है, तो हमें एक खर्चीली नई, प्रतिरूपी राजकीय नौकरशाही नहीं बनाना चाहिए।

CALIFORNIA के पास पहले से ही एक नया स्वतंत्र स्वास्थ्य सेवा आयोग है

California में एक नए स्वतंत्र आयोग का हाल ही में गठन हुआ है जो स्वास्थ्य योजनाओं के बहुत महंगे होने की स्थिति में उपभोक्ताओं की ओर से स्वास्थ्य योजना की दरों पर समझौते करने और उन्हें अस्वीकार करने के लिए जिम्मेदार होता है।

यह स्वतंत्र आयोग लागतों को नियंत्रित करने और कवरेज को विस्तारित करने हेतु सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है। हमें किसी ऐसे राजनेता को आयोग के कार्यों में हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं देना चाहिए जो विशेष हितों की ओर से अभियान के योगदान का लाभ ले सकता है।

बड़े कॉर्पोरेशंस को छूट देता है।—प्रस्तावित धारा 1861.17(g)(3)

प्रस्ताव 45 बड़े कॉर्पोरेशंस को खर्चीले नए नियमनों और नौकरशाही में छूट प्रदान करता है, भले ही इससे छोटे व्यवसायों पर बोझ बढ़ता हो। यदि हम स्वास्थ्य सेवा को सुधारना चाहते हैं, तो यह सुधार केवल छोटे व्यवसायों और व्यक्तिगत लोगों पर ही नहीं, बल्कि सभी पर लागू होना चाहिए।

फाइन प्रिंट्स में सारहीन कानूनी मामलों को छुपाया गया है—प्रस्तावित धारा 1861.17(a)

प्रस्ताव 45 के प्रायोजक ऐसे वकील हैं जिन्होंने उनके द्वारा प्रायोजित पिछले प्रस्ताव के द्वारा बनी कानूनी चुनौतियों से मुनाफाखोरी करके कई मिलियन बनाए हैं, जैसा कि *San Diego Union-Tribune* ने बताया है। उन्होंने वैसे ही प्रावधान छुपाए हैं प्रस्ताव 45 में भी, जिससे उन्हें $675/घंटे शुल्क लेने और खर्चीले स्वास्थ्य सेवा कानूनी मामलों में और कई मिलियन कमाने के अवसर मिलते हैं।

प्रायोजक और भी अमीर होंगे—और इसकी कीमत उपभोक्ताओं को चुकाना होगी।

हमारा स्वास्थ्य सेवा तंत्र इतना अधिक जटिल है कि केवल एक विशेष हित के कारण आगे बढ़ाए गए किसी प्रस्ताव के माध्यम से प्रमुख बदलाव करना बहुत कठिन है। यदि हम परिवर्तन करने वाले हैं, तो रोगी, चिकित्सक और अस्पतालों इन सभी को उस समाधान का एक हिस्सा होना चाहिए।

प्रस्ताव 45 पर नहीं में मतदान करें।

*www.StopHigherCosts.org*

**Monica Weisbrich, R.N.,** अध्यक्ष
American Nurses Association of California
**Dr. José Arévalo, डॉक्टर ऑफ मेडिसिन,** अध्यक्ष
Latino Physicians of California
**Allan Zaremberg,** अध्यक्ष
California Chamber of Commerce

## ★ प्रस्ताव 45 के विरोध में तर्क का खंडन ★

California वासियों से स्वास्थ्य बीमा उद्योग द्वारा अधिक शुल्क वसूला जा रहा है। प्रस्ताव 45 उपभोक्ताओं की रक्षा करेगा और बीमा उद्योग द्वारा की जाने वाली धन उगाही को रोकने में मदद करेगा। यह स्वास्थ्य बीमा में California की मौजूदा ऑटो बीमा सुरक्षाओं को लागू करता है, जिनसे उपभोक्ताओं को कई बिलियंस की बचत हुई है।

*California के बीमा बाजार के 88% हिस्से पर नियंत्रण वाली पाँच स्वास्थ्य बीमा कंपनियों ने प्रस्ताव 45 के विरोध में $25,300,000 की धनराशि एकत्र की है:* Blue Cross और उसकी मूल कंपनी Wellpoint, Kaiser, Blue Shield, Health Net और United Healthcare. वे बिना किसी जवाबदेही, पारदर्शिता या प्रकटन के आपसे मनचाहा शुल्क वसूल करते रहना चाहते हैं।

स्वास्थ्य बीमा कंपनियों ने आपके स्वास्थ्य बीमा पर आपके पैसे बचाने या फिर आपकी स्वास्थ्य सेवा को और भी बेहतर बनाने के लिए पहले कब $25 मिलियन की राशि खर्च की थी?

यहाँ पर कुछ तथ्य हैं:

- प्रस्ताव 45 आपके लाभों या उपचार विकल्पों को सीमित नहीं करेगा, बल्कि यह केवल स्वास्थ्य बीमा के लिए आपके द्वारा चुकाई जाने वाली राशि को नियंत्रित करेगा। इसलिए ही 85,000 पंजीकृत नर्सों का प्रतिनिधित्व करने वाली California Nurses Association, प्रस्ताव 45 का समर्थन करती है।
- California में कोई "आयोग" नहीं है, या ऐसी कोई संघीय व्यवस्था नहीं है जिसके पास अनुचित स्वास्थ्य बीमा दरों को रोकने के अधिकार हों। इसलिए ही प्रस्ताव 45 हमारे निर्वाचित इंश्योरेंस कमिश्नर को अत्यधिक दर वृद्धियों को अस्वीकृत करने के प्राधिकार देता है। किसी भी इंश्योरेंस कमिश्नर ने 2000 से लेकर अब तक बीमा कंपनियों की ओर से अभियान योगदानों को स्वीकार नहीं किया है। स्वास्थ्य बीमाकर्ता इसलिए ही चिंतित हैं!
- प्रस्ताव 45 में कोई नई नौकरशाही नहीं बनेगी। इसके तहत स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को इसके कार्यान्वयन के लिए भुगतान करना होगा और मतदाताओं-द्वारा-स्वीकृत प्रस्ताव 103 के समान नियमों का पालन करना होगा, जो कि अन्य बीमा कंपनियों पर भी लागू होते हैं। बीमा कंपनियों को इन नियमों और अत्यधिक दरों को उपभोक्ताओं द्वारा दी जाने वाली चुनौतियों के कारण ऑटो, घरेलू और व्यावसायिक बीमाकर्ताओं को उनके अधिक शुल्क में हुए कई बिलियंस के नुकसान का डर है। *www.yeson45.org*

**Dr. Paul Song,** सह-अध्यक्ष
Campaign For A Healthy California
**Henry L. "Hank" Lacayo,** राजकीय अध्यक्ष
Congress of California Seniors
**Harvey Rosenfield,** 1988 बीमा सुधार प्रस्ताव 103 के लेखक

*इस पृष्ठ पर छपे हुए तर्क लेखकों की राय हैं, और उन्हें शुद्धता के लिए किसी भी आधिकारिक एजेंसी के द्वारा जाँचा नहीं गया है।*

प्रस्ताव
# 46 डॉक्टरों की नशीली दवा और शराब सम्बन्धी जाँच। चिकित्सीय लापरवाही के मुकदमे। पहल सम्बन्धी कानून।

आधिकारिक शीर्षक और सारांश — अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया

**डॉक्टरों की नशीली दवा और शराब सम्बन्धी जाँच। चिकित्सीय लापरवाही के मुकदमे। पहल सम्बन्धी कानून।**

- डॉक्टरों की नशीली दवा और शराब सम्बन्धी जाँच और उस जाँच के पॉजिटिव पाये जाने पर California Medical Board को उसकी रिपॉर्टिंग आवश्यक बनाता है।
- बोर्ड के लिए पॉजिटिव जाँच की जाँच-पड़ताल को लम्बित रखते हुए डॉक्टर निलम्बित करना और डॉक्टर के ड्यूटी पर होते हुए शारीरिक रूप से असमर्थ होने की दशा में अनुशासनात्मक कार्यवाही करना आवश्यक है।
- डॉक्टरों के लिए किसी अन्य डॉक्टर पर नशीली दवा या शराब सम्बन्धी कमजोरी अथवा चिकित्सीय लापरवाही का संदेह होने पर उसकी रिपॉर्टिंग करना आवश्यक है।
- हेल्थ केयर प्रैक्टिश्नर्स के लिए कुछ नियंत्रित पदार्थों को प्रिस्क्राइब करने से पहले राज्य के प्रिस्क्रिप्शन दवा के इतिहास के डैटाबेस को संदर्भ हेतु देखना आवश्यक है।
- मुद्रास्फीति के कारण चिकित्सीय लापरवाही के मुकदमों में दर्द और पीड़ा सम्बन्धी क्षतिपूर्तियों पर $250,000 की निर्धारित उच्चतम सीमा को बढ़ाता है।

46

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- चिकित्सीय कदाचार सम्बन्धी क्षतिपूर्तियों पर निर्धारित उच्चतम सीमा को बढ़ाने से राज्य और स्थानीय सरकार की बढ़ी हुई हेल्थकेयर सम्बन्धी लागतें, सालाना सम्भवतया दसियों मिलियन डॉलर से कई सौ मिलियन डॉलर रहने वाली हैं।
- हेल्थ केयर प्रदाताओं पर नयी शर्तों, जैसे कि प्रिस्क्रिप्शन दवा की निगरानी और चिकित्सकों की शराब और नशीली दवा सम्बन्धी जाँच से सम्बन्धित प्रावधानों से राज्य और स्थानीय सरकार के लिए अनिश्चित, लेकिन सम्भवतया महत्वपूर्ण बचत। ये बचत कुछ हद तक ऊपर बतायी गयी हेल्थकेयर सम्बन्धी लागतों को बराबर कर देंगी।

### विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

## पृष्ठभूमि

इस विधेयक में ऐसे कई प्रावधान हैं जो हेल्थ केयर प्रदाता के आचरण तथा रोगियों की सुरक्षा से जुड़े हुए हैं। विशेष रूप से, इस विधेयक के मुख्य प्रावधान चिकित्सा कदाचार, प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की निगरानी, एवं चिकित्सकों के लिए अल्कोहल और दवाओं के परीक्षण से सम्बंधित हैं। नीचे हम इन विषयों में से कुछ पर पृष्ठभूमि की सूचना प्रदान कर रहे हैं तथा California में स्वास्थ्य सेवाओं के भुगतान में राज्य तथा स्थानीय सरकारों की मुख्य भूमिका का वर्णन कर रहे हैं।

**राज्य तथा स्थानीय सरकारें पर्याप्त मात्रा में स्वास्थ्य देखभाल की राशि का भुगतान करती हैं।**

California में स्वास्थ्य सेवाओं पर राज्य तथा स्थानीय सरकारें दसियों बिलियन डॉलर खर्च करती हैं। इन लागतों में हेल्थ केयर प्रदाताओं से सीधे सेवाएँ लेना (जैसे चिकित्सक व फार्मेसियाँ), स्वास्थ्य सुविधाओं का संचालन (जैसे अस्पताल तथा क्लिनिक), तथा स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के प्रीमियम का भुगतान। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के खर्च के प्रमुख प्रकार हैं:

- ***सरकारी कर्मचारियों तथा सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए स्वास्थ्य देखभाल कवरेज।*** California में राज्य, सार्वजनिक विश्वविद्यालय, सिटीज़, काउन्टीज़, स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स तथा अन्य स्थानीय सरकारें अपने कर्मचारियों, उनके परिवारों एवं कुछ सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वास्थ्य की लागत का एक बड़े भाग का भुगतान करती हैं। राज्य तथा स्थानीय सरकारें मिलकर अपने कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर लगभग $20 बिलियन वार्षिक खर्च करती हैं।
- ***Medi-Cal.*** California में संघीय-राज्य Medicaid कार्यक्रम को Medi-Cal के नाम से जाना जाता है। Medi-Cal राज्य की सामान्य निधि से 10 मिलियन अल्प आय वाले लोगों स्वास्थ्य के देखभाल के लिए प्रति-वर्ष लगभग $17 बिलियन का भुगतान करता है।

- ***राज्य द्वारा संचालित मानसिक अस्पताल तथा जेलें।*** राज्य मानसिक अस्पतालों और जेलों में सीधे स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन करता है।
- ***स्थानीय सरकार स्वास्थ्य कार्यक्रम।*** स्थानीय सरकारें —मुख्य रूप से काउन्टीज़—कई स्वास्थ्य सेवाओं का भुगतान करती हैं, जो कि मुख्य रूप से अल्प आय वाले लोग होते हैं। कुछ काउंटी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु अस्पताल और क्लीनिक का संचालन करती हैं।

### चिकित्सकीय कदाचार

***स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करते समय चोटिल व्यक्ति चिकित्सकीय कदाचार के लिए मुकदमा दायर कर सकते हैं।*** स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करते समय चोटिल व्यक्ति चिकित्सकीय कदाचार के लिए हेल्थ केयर प्रदाता पर—विशेष रूप से चिकित्सकों पर—मुकदमा दायर कर सकते हैं। चिकित्सकीय कदाचार के मामले में चोटिल व्यक्ति को यह सिद्ध करना आवश्यक है कि उसको चोट स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करते समय हेल्थ केयर प्रदाता की लापरवाही के कारण लगी है—जो कि देखभाल के एक उपयुक्त मानक का पालन करने में विफलता है। उस व्यक्ति को प्रदाता की लापरवाही से हुई किसी क्षति को भी सिद्ध करना होगा। चिकित्सा कदाचार के मामलों में प्रदत्त क्षति में शामिल हैं:

- ***आर्थिक क्षति***—चोट की वित्तीय लागत के लिए व्यक्ति को किया गया भुगतान, जैसे मेडिकल बिल या आय की क्षति के रूप में।
- ***गैर आर्थिक क्षति***—चोट की वित्तीय लागत के अतिरिक्त के लिए व्यक्ति को किया गया भुगतान, जैसे दर्द और पीड़ा के रूप में।

कदाचार के मामलों में काम कर रहे अटॉर्नी आम तौर पर शुल्क के रूप में चोटिल व्यक्ति द्वारा प्राप्त क्षति पर आधारित राशि लेते हैं—जिसे प्रासंगिक शुल्क भी कहते हैं। मुकदमों के साथ वाले चिकित्सा कदाचार के अधिकाँश दावों का निपटारा अदालत के बाहर ही हो जाता है।

***हेल्थ केयर प्रदाता कदाचार की लागत से कैसे निपटते हैं।*** हेल्थ केयर प्रदाता आमतौर पर चिकित्सा कदाचार के दावों की लागत —जिसमें क्षति तथा विधिक लागत सम्मिलित होती है — दो में से किसी एक प्रकार से अदा करते हैं:

- ***चिकित्सकीय कदाचार बीमा खरीद कर।*** प्रदाता बीमा कंपनी को एक मासिक प्रीमियम का भुगतान करता है, जिसके बदले में कंपनी चिकित्सकीय कदाचार की लागत का भुगतान करती है।
- ***स्व-बीमा।*** कभी–कभी वह संगठन, जिसके लिए प्रदाता कार्य करता है—जैसे अस्पताल या चिकित्सकों का समूह—स्वयं ही चिकित्सा कदाचार के दावों की लागत का भुगतान करते हैं। इसे आमतौर पर स्व-बीमा कहा जाता है।

California में कदाचार के दावों की लागत लगभग कुल वार्षिक स्वास्थ्य देखभाल खर्च के 2 प्रतिशत के बराबर होती है।

***चिकित्सीय क्षति के लिए क्षतिपूर्ति सुधार एक्ट (MICRA)।*** 1975 में, विधानमंडल ने MICRA को एक चिंता के प्रत्युत्तर में अधिनियमित किया था कि चिकित्सकीय कदाचार की उच्च लागत के कारण California में प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों की संख्या सीमित हो जाएगी। अधिनियम ने कदाचार देयता को सीमित करने के लिए कई परिवर्तन किए, जिसमें चिकित्सा कदाचार दावों की राशि को सीमित करना भी था। उदाहरण के लिए, गैर-आर्थिक क्षति के लिए इसमें $250,000 की सीमा निर्धारित कर दी गयी जो कि चोटिल व्यक्ति को प्रदान की जा सकती थी। (आर्थिक क्षति के लिए कोई सीमा नहीं है।)

अधिनियम के अंतर्गत चोटिल व्यक्तियों का कदाचार के मामलों में प्रतिनिधित्व कर रहे अटॉर्नी के शुल्क के लिए भी सीमा निर्धारण किया गया। इन अटॉर्नी को जितना प्रतिशत शुल्क दिया जा सकता है, यह क्षति की राशि पर निर्भर करता है, यह राशि जितनी बढ़ेगी, प्रतिशत उतना ही कम होता जायेगा। उदाहरण के लिए, अटॉर्नी प्रथम $50,000 की प्राप्ति पर 40 प्रतिशत से अधिक नहीं ले सकते हैं, अथवा $600,000 से अधिक की राशि प्राप्त होने पर उन्हें 15 प्रतिशत से अधिक प्राप्त नहीं हो सकेगा।

### प्रिस्क्रिप्शन दवाओं का दुरुपयोग और निगरानी

***प्रिस्क्रिप्शन दवाओं का निगरानी कार्यक्रम।*** प्रिस्क्रिप्शन दवाओं का गैर चिकित्सा प्रयोजनों (जैसे मनोरंजक प्रयोग के लिए) को अकसर प्रिस्क्रिप्शन दवाओं का दुरुपयोग कहकर संबोधित किया जाता है। प्रिस्क्रिप्शन दवाओं के दुरुपयोग के सम्बन्ध में बढ़ती चिंताओं के प्रतिक्रिया-स्वरुप, California सहित लगभग सभी राज्यों में प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की निगरानी का कार्यक्रम लागू किया गया है। इस तरह के एक कार्यक्रम में आम तौर पर एक इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस शामिल होता है, जो कुछ दवाओं के दिए जाने और वितरण के बारे में सूचना एकत्रित करता है। इस सूचना का प्रयोग अन्य प्रयोगों के अतिरिक्त, प्रिस्क्रिप्शन दवाओं के दुरुपयोग को कम करने के लिए किया जाता है।

*प्रस्ताव 46 के पूरे मूलपाठ के लिए, पृष्ठ 68 देखें।*

उदाहरण के लिए, यह यह संभावित "डॉक्टर शॉपर्स"—जो कि ऐसे व्यक्ति होते हैं जो दवाओं के दुरुपयोग अथवा लाभ के लिए उन्हें पुनः बेचने की मंशा से थोड़े ही समय में कई अलग-अलग चिकित्सकों से प्रिस्क्रिप्शन एकत्र कर लेते हैं, को पहचानने के लिए प्रयोग किया जाता है।

***California* का प्रिस्क्रिप्शन दवाओं का निगरानी कार्यक्रम.** राज्य का न्याय विभाग (Department of Justice—DOJ), California के प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की निगरानी के कार्यक्रम का प्रबंधन करता है, जिसे नियंत्रित पदार्थ उपयोग समीक्षा और मूल्यांकन प्रणाली (CURES) के नाम से जाना जाता है। प्रिस्क्रिप्शन दवाओं के कुछ ख़ास प्रकारों के लिए, फार्मेसी को DOJ को रोगी के विषय में कुछ सूचनाएँ उपलब्ध करवानी पड़ती हैं—जिसमें नाम, पता और जन्म की तिथि शामिल हैं। वे प्रिस्क्रिप्शन दवाएं जिनकी सूचना देना आवश्यक है, आमतौर से वे दवाएं हैं जिनके दुरुपयोग की सम्भावना अधिक होती है।

***2016 में CURES के प्रारंभ के साथ, हेल्थ केयर प्रदाताओं को पंजीकरण करना आवश्यक है, परन्तु जांचना नहीं।*** कुछ हेल्थ केयर प्रदाताओं—जैसे चिकित्सक तथा फार्मेसिस्ट—को CURES में रोगी की प्रिस्क्रिप्शन दवाओं के इतिहास को जांचने की अनुमति है। (कुछ अन्य व्यक्तियों—जैसे कानून प्रवर्तन अधिकारी—भी CURES का उपयोग कर सकते हैं।) कुछ मामलों में दवाएं दिए जाने या वितरण करने से पूर्व सिस्टम पर जांचने से प्रिस्क्रिप्शन दवाओं के दुरुपयोग से बचा जा सकता है अथवा नैदानिक देखभाल को बेहतर किया जा सकता है।

CURES में किसी रोगी की दवा के इतिहास की समीक्षा करने के लिए, प्रयोक्ता को पहले रजिस्टर करना होता है। हालाँकि प्रदाताओं को फिलहाल पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है। (सभी योग्य प्रदाताओं में से 12 प्रतिशत अब पंजीकृत हैं।) 1 जनवरी 2016 से, प्रदाताओं को पंजीकरण करना आवश्यक होगा। हालाँकि अभी की ही तरह तब भी प्रदाताओं को प्रिस्क्रिप्शन या वितरण करने से पूर्व डेटाबेस पर जांचने की आवश्यकता नहीं होगी।

***2015 की ग्रीष्म तक CURES उन्नयन पूर्ण करने का लक्ष्य है।*** फिलहाल CURES में प्रयोग के उस उच्च स्तर, जब 2016 के प्रारंभ में प्रदाताओं को पंजीकरण अनिवार्य होगा, को वहन करने की पर्याप्त क्षमता नहीं है। राज्य CURES के उन्नयन की प्रक्रिया में है। ये उन्नयन 2015 की ग्रीष्म ऋतु तक पूर्ण हो जाने हैं।

### California चिकित्सा बोर्ड चिकित्सकों के आचरण को नियंत्रित करता है।

California चिकित्सा बोर्ड (बोर्ड) चिकित्सकों, शल्य चिकित्सकों, और कुछ अन्य स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को लाइसेंस प्रदान करता है तथा उनको नियंत्रित करता है। बोर्ड चिकित्सकों और कुछ अन्य स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों की शिकायतों की जांच और अनुशासन के लिए जिम्मेदार है जो चिकित्सा का प्रैक्टिस करने पर लागू होने वाले कानूनों का उल्लंघन करते हैं। इस तरह के उल्लंघनों में देखभाल के उपयुक्त मानक का पालन करने में विफलता, अवैध रूप से दवाओं का प्रिस्क्रिप्शन, और दवाओं का दुरुपयोग शामिल हैं।

## प्रस्ताव

***चिकित्सा कदाचार के द्वारा गैर-आर्थिक क्षति के लिए सीमा को बढ़ाना।*** जनवरी 1, 2015 से यह विधेयक चिकित्सा कदाचार के द्वारा गैर-आर्थिक क्षति के लिए वर्तमान सीमा $250,000 को इस सीमा के लगने से अब तक होने वाली मुद्रास्फीति से समायोजित करते हुए $1.1 मिलियन कर देगा। क्षति की राशि की सीमा वार्षिक रूप से मुद्रास्फीति के स्तर का आकलन करके हुए की जाएगी।

***स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को CURES को जांचना आवश्यक होगा।*** इस विधेयक के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, जिनमें चिकित्सक व फार्मेसिस्ट शामिल हैं, को कुछ दवाओं को रोगी को प्रथम बार प्रिस्क्रिप्शन या वितरण करने से पूर्व CURES में जांचना आवश्यक हो जायेगा। प्रदाताओं को उन दवाओं को प्रिस्क्रिप्शन या वितरण करने से पूर्व, जिनके दुरुपयोग की अधिक संभावनाएं हैं, जिनमें OxyContin, Vicodin, एवं Adderall शामिल हैं, डेटाबेस पर जांचने की आवश्यकता होगी। यदि CURES पर जांचने से यह पता चलता है कि रोगी के पास इन दवाओं का प्रिस्क्रिप्शन है, तो सेवा प्रदाता को यह निश्चित करना आवश्यक होगा कि उसे दूसरे प्रिस्क्रिप्शन की जायज़ आवश्यकता है।

***इसमें चिकित्सकों की नशीली दवाओं तथा अल्कोहल जांच को भी आवश्यक बनाया गया है।*** इस विधेयक में अस्पताल से जुड़े चिकित्सकों की नशीली दवाओं तथा अल्कोहल जांच को भी आवश्यक बनाया गया है। वर्तमान में अस्पतालों को अल्कोहल और नशीली दवाओं के लिए चिकित्सकों का परीक्षण करने की कोई आवश्यकता नहीं है। यह विधेयक इस परीक्षण को बिना किसी क्रम और दो विशिष्ट मामलों में करने को अनिवार्य बनाती है:

- जब कोई चिकित्सक किसी रोगी की देखभाल तथा उपचार के लिए प्रतिकूल घटना से पहले 24 घंटों के अन्दर जिम्मेदार था। (प्रतिकूल घटना में शल्य चिकित्सा के दौरान की गई गलतियाँ, उपचार में गलती के कारण उत्पन्न चोटें, अथवा ऐसी कोई भी घटना जो रोगी की मृत्यु या गंभीर विकलांगता का कारण बन जाये।)
- जब किसी चिकित्सक को काम पर नशीली दवाओं अथवा अल्कोहल के संभावित प्रयोग अथवा देखभाल के उचित मानक का पालन न करने सम्बन्धी रिपोर्ट का पात्र समझा जाए (नीचे विस्तार से दिया गया है)।

अस्पताल परीक्षण की लागत को चिकित्सक से वसूल करेगा। अस्पताल को परीक्षण की रिपोर्ट पोजिटिव आने की दशा में अथवा किसी चिकित्सक द्वारा जानबूझकर इसे ना करवा पाना अथवा इसके लिए मना करना, इसकी सूचना बोर्ड को देना आवश्यक होगा।

***दुष्प्रभावित पाये गए चिकित्सकों को मेडिकल बोर्ड द्वारा अनुशासित किये जाने की आवश्यकता है।*** यदि बोर्ड पाता है कि चिकित्सक काम के समय अथवा प्रतिकूल घटना के समय, अथवा नशीली दवाओं अथवा अल्कोहल के प्रभाव में था अथवा चिकित्सक द्वारा जानबूझकर परीक्षण नहीं करवाया गया अथवा इसके लिए मना किया गया, तो बोर्ड द्वारा चिकित्सक के विरुद्ध निर्दिष्ट अनुशासनात्मक कार्यवाई की जाएगी। इस कार्यवाई में चिकित्सक के लाइसेंस का निलंबन शामिल हो सकता है। इस विधेयक में बोर्ड द्वारा चिकित्सकों द्वारा देय वार्षिक शुल्क, जिसके द्वारा विधेयक का प्रबंधन तथा प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी, का आकलन करना आवश्यक है।

***संदिग्ध चिकित्सकों के गलत आचरण की रिपोर्ट चिकित्सा बोर्ड को करने की आवश्यकता है।*** यह विधेयक चिकित्सकों द्वारा बोर्ड को उनके द्वारा ज्ञात किसी भी सूचना जिससे यह ज्ञात होता हो कि कोई अन्य चिकित्सक कार्य के समय नशीली दवाओं अथवा अल्कोहल के प्रभाव में था, अथवा चिकित्सक ने प्रतिकूल समय पर किसी रोगी की देखभाल के उचित मानक का पालन नहीं किया, को सूचित करना आवश्यक बनाता है। अधिकांश मामलों में, व्यक्तिगत चिकित्सकों को वर्तमान में ऐसा करना आवश्यक नहीं है।

## राजकोषीय प्रभाव

इस विधेयक का राज्य तथा स्थानीय सरकारों पर व्यापक विविधता के राजकोषीय प्रभाव पड़ने की सम्भावना है—जिनमें से कई काफी अनिश्चित हैं। हम नीचे प्रमुख संभावित राजकोषीय प्रभावों का वर्णन कर रहे हैं।

**चिकित्सा कदाचार के मामलों में गैर आर्थिक क्षतियों की सीमा को बढ़ाये जाने के प्रभाव**

गैर आर्थिक क्षति की सीमा बढ़ाने से निम्न के द्वारा समग्र स्वास्थ्य देखभाल खर्च (सरकारी और गैर सरकारी दोनों) में वृद्धि हो सकती है: (1) प्रत्यक्ष चिकित्सा कदाचार की लागत में वृद्धि तथा (2) स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की राशि एवं प्रकारों में बदलाव।

***उच्च प्रत्यक्ष चिकित्सा कदाचार की लागत।*** गैर आर्थिक क्षति की सीमा बढ़ाने से निम्न प्रकार से समग्र स्वास्थ्य देखभाल खर्च में वृद्धि हो सकती है:

- ***क्षति की उच्च राशि।*** क्षति की सीमा बढ़ने से कई कदाचार के मामलों में क्षति की राशि बढ़ जाएगी।
- ***कदाचार दावों की संख्या में परिवर्तन।*** क्षति की सीमा बढ़ने से कदाचार दावों की कुल संख्या में परिवर्तन आएगा, हालाँकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि, दावों की कुल संख्या में वृद्धि आएगी अथवा कमी। उदाहरण के लिए, क्षति की सीमा बढ़ने से स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को प्रोत्साहन मिलेगा कि चिकित्सा प्रैक्टिस इस प्रकार से करें कि चिकित्सा कदाचार के दावों की संख्या कम हो जाये। (हम आगे नीचे व्यवहार में इस परिवर्तन पर चर्चा करेंगे।) दूसरी और, क्षति की सीमा बढ़ने से क्षति की राशि बढ़ जाएगी—जिससे संभवतः चोटिल व्यक्ति का प्रासंगिक शुल्क के आधार पर प्रतिनिधित्व कर रहे अटॉर्नी को मिलने वाले शुल्क की राशि बढ़ जाएगी। इस प्रकार से, किसी चोटिल व्यक्ति का प्रतिनिधित्व करने के लिए कोई अटॉर्नी अधिक तैयार होगा, जिससे कुल दावों की संख्या में वृद्धि होगी।

कुल मिलाकर, इन परिवर्तनों से उच्च चिकित्सा कदाचार की लागत की सम्भावना बढ़ेगी, जिसके कारण California में कुल स्वास्थ्य देखभाल खर्च बढ़ जायेगा। यदि हम दूसरे राज्यों के अनुभव के आधार पर अध्ययन करें, तो हमारा अनुमान है कि चिकित्सा कदाचार की



*प्रस्ताव 46 के पूरे मूलपाठ के लिए, पृष्ठ 68 देखें।*

लागत में वृद्धि 5 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक हो सकती है। चूंकि अभी चिकित्सा कदाचार की लागत कुल स्वास्थ्य देखभाल खर्च का 2 प्रतिशत है, क्षति की सीमा बढ़ने से कुल स्वास्थ्य देखभाल खर्च में 0.1 प्रतिशत से 0.5 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है।

***उपलब्ध स्वास्थ्य देखभाल सेवा में परिवर्तन के कारण लागत।*** क्षति की सीमा बढ़ने से California में स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के प्रकार तथा राशि प्रभावित होंगे। जैसी की पहले चर्चा की जा चुकी है, गैर आर्थिक क्षति की सीमा बढ़ाने से स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को प्रोत्साहन मिलेगा कि चिकित्सा प्रैक्टिस इस प्रकार से करें कि चिकित्सा कदाचार के दावों की संख्या कम हो जाये। व्यवहार में ऐसे परिवर्तनों से कुछ मामलों में स्वास्थ्य देखभाल खर्च बढ़ जायेगा, जबकि कुछ अन्य मामलों में स्वास्थ्य देखभाल खर्च कम हो जायेगा। उदाहरण के लिए कोई चिकित्सक किसी रोगी के लिए किसी परीक्षण अथवा प्रक्रिया का आदेश दे सकता है, जो वह अन्यथा न देता। यह विभिन्न तरीकों से स्वास्थ्य देखभाल की लागत को प्रभावित कर सकता है:

- यह अतिरिक्त परीक्षण अथवा प्रक्रिया भविष्य की स्वास्थ्य देखभाल की लागत को भविष्य की बीमारी को रोक कर कम कर सकती है।
- अतिरिक्त परीक्षण अथवा प्रक्रिया स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की कुल लागत में वृद्धि कर सकती है, जिसमें भविष्य की बचत का समायोजन अल्प अथवा बचत नहीं भी हो सकती है।

यदि हम दूसरे राज्यों के अनुभव के आधार पर अध्ययन करें, तो हमारा अनुमान है कि इसका परिणाम कुल स्वास्थ्य देखभाल खर्च में एक शुद्ध वृद्धि के रूप में होगा। हमारा अनुमान है कि इस खर्च में वृद्धि 0.1 प्रतिशत से 1 प्रतिशत के बीच होगी।

***सरकार की वार्षिक लागत का अनुमान दसियों मिलियन डॉलर से लेकर कई सौ मिलियन डॉलर के बीच का है।*** जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, राज्य और स्थानीय सरकारें वार्षिक रूप से स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं पर दसियों बिलियन डॉलर का भुगतान करती हैं। हमारे विश्लेषण में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए अतिरिक्त लागत मानी गयी है—जैसे कि उच्च प्रत्यक्ष चिकित्सा कदाचार की लागत—जिसे आमतौर पर स्वास्थ्य सेवा के ग्राहकों, जैसे कि सरकारों, को अदा करना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त हम यह मानते हैं कि राज्य तथा स्थानीय सरकारों को राशियों में परिवर्तन से सम्बंधित शुद्ध लागत तथा स्वास्थ्य सेवाओं का वहन करना होगा।

स्वास्थ्य देखभाल की लागत में सीमा को बढ़ाये जाने के फलस्वरूप समग्र अर्थव्यवस्था एक छोटे प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है। हालांकि, स्वास्थ्य देखभाल की लागत में एक छोटा से प्रतिशत परिवर्तन से सरकारी स्वास्थ्य देखभाल लागत पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है। उदाहरण के लिए, California में क्षति की सीमा में वृद्धि के फलस्वरूप राज्य और स्थानीय सरकार के स्वास्थ्य देखभाल की लागत में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि (जो कि ऊपर चर्चा की गयी संभावित बढ़ी हुई लागत की सीमा के भीतर है) के कारण सरकारी लागत में लगभग कुछ सौ मिलियन डॉलर वार्षिक के रूप में परिलक्षित होगी। स्वास्थ्य देखभाल खर्च पर संभावित प्रभावों की सीमा को देखते हुए, हमारा अनुमान है कि क्षति की सीमा को बढ़ाने से सम्बन्धी राज्य तथा स्थानीय सरकारों की स्वास्थ्य सेवाओं की लागत की सीमा **दसियों मिलियन डॉलर से लेकर कई सौ मिलियन डॉलर के बीच वार्षिक की** है। इस लागत का राज्य का भाग राज्य के वार्षिक आम फंड बजट के 0.5 प्रतिशत से कम हो जाएगा।

### CURES को जांचने तथा चिकित्सकों की अल्कोहल तथा नशीली दवाइयों की जांच की आवश्यकता का प्रभाव

जिन अन्य प्रावधानों के कारण राज्य और स्थानीय सरकारों पर महत्वपूर्ण राजकोषीय प्रभाव हो सकता है: (1) कुछ स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को CURES को जांचने की आवश्यकता होगी, तथा (2) अस्पतालों के द्वारा चिकित्सकों की अल्कोहल तथा नशीली दवाइयों की जांच की आवश्यकता।

***CURES को जांचने की आवश्यकता का प्रभाव।*** कई प्रदाता 2015 की ग्रीष्म ऋतु तक CURES को नहीं जांच पाएंगे, जब तक कि सिस्टम उन्नयन पूर्ण नहीं हो जाते हैं। जब CURES के उन्नयन पूर्ण हो जायेंगे, इस कदम से स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को CURES को अधिक बार जांचने की आवश्यकता होगी क्योंकि ऐसा करना आवश्यक होगा। CURES को अधिक बार जांचने के कई राजकोषीय प्रभाव होंगे, जिनमें शामिल हैं:

- ***चिकित्सक निर्देशित दवा की लागत में कमी।*** स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को CURES को जांचने से डॉक्टर यानि चिकित्सक-क्रेताओं को पहचानने में सहायता मिलेगी, जिससे वितरण की जाने वाली निर्देशित दवाओं की संख्या में कमी आएगी। कम

प्रिस्क्रिप्शन वितरित किये जाने का अर्थ है वितरण की जाने वाली निर्देशित दवाओं की लागत में कमी।

- ***निर्देशित दवाओं की लागत में कमी निर्देशित दवाओं के दुरुपयोग से भी सम्बंधित है।*** कम प्रिस्क्रिप्शन वितरित किये जाने से निर्देशित दवाओं के दुरुपयोग की मात्रा में भी कमी आएगी। इसके परिणामस्वरूप, निर्देशित दवाओं के दुरुपयोग से सम्बंधित सरकारी लागत में कमी आएगी, जैसे कानून प्रवर्तन, सामाजिक सेवाओं, और अन्य स्वास्थ्य देखभाल की लागत। इस विधेयक के परिणामस्वरुप अन्य व्यवहारिक परिवर्तनों के कारण इस बचत में कमी आ सकती है। उदाहरण के लिए दवाओं का दुरुपयोग करने वाले निर्देशित दवाओं को प्राप्त करने के लिए अन्य तरीकों का प्रयोग कर सकते हैं।
- ***CURES को जांचने से सम्बंधित अतिरिक्त लागत।*** कुछ स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं को CURES को जांचने के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता होगी। जिसके फलस्वरूप रोगी की देखभाल की अन्य गतिविधियों के लिए उनके पास कम समय होगा। इसके कारण अस्पतालों अथवा फार्मेसियों को उतने ही रोगियों की देखभाल के लिए अतिरिक्त कर्मियों को नौकरी पर रखने के रूप में अतिरिक्त लागत वाहन करनी पड़ सकती है। लागतों में इन वृद्धियों को अंततः स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं से सम्बंधित सरकारी क्रेताओं को बढ़े हुए मूल्य के रूप में चुकाना होगा।

***चिकित्सकों की अल्कोहल तथा नशीली दवाइयों की जांच की आवश्यकता का प्रभाव।*** चिकित्सकों की अल्कोहल तथा नशीली दवाइयों की जांच की आवश्यकता के कई राजकोषीय प्रभाव हो सकते हैं, जिनमें सम्मिलित हैं:

- ***कम चिकित्सा त्रुटियों से होने वाली बचत।*** चिकित्सकों की जांच के कारण कुछ चिकित्सा त्रुटियों से बचाव की संभावना है। उदाहरण के लिए अल्कोहल तथा नशीली दवाइयों की जांच के कारण कुछ चिकित्सक कार्य के समय अल्कोहल तथा नशीली दवाइयों के प्रयोग से बचेंगे, जिसके फलस्वरूप कम चिकित्सा त्रुटियाँ होंगी। कम चिकित्सा त्रुटियों होने से स्वास्थ्य देखभाल की कुल लागत में कमी आएगी।
- ***परीक्षणों को करवाने की लागत।*** विधेयक में अल्कोहल तथा नशीली दवाइयों की जांच की लागत के लिए चिकित्सकों को बिल करने का प्रावधान है। इसके कारण प्रदाताओं की लागत में वृद्धि होगी तथा इस लागत का कुछ भाग राज्य और स्थानीय सरकारों को चिकित्सकों द्वारा प्रदत्त स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए ऊंची कीमत के रूप में देना होगा।
- ***राज्य प्रशासनिक लागत।*** विधेयक में अल्कोहल तथा नशीली दवाइयों की जांच के प्रावधान के कारण राज्य में प्रशासनिक लागत बढ़ेगी जिसमें बोर्ड की विधेयक को लागू करने की लागत भी सम्मिलित होगी। अनुमान है कि यह प्रशासनिक लागत वार्षिक एक मिलियन डॉलर से कम ही होगी, जिसे चिकित्सकों को शुल्क के रूप में अदा किया जायेगा।

***अनिश्चित, लेकिन संभावित रूप से महत्वपूर्ण, राज्य और स्थानीय सरकारों को शुद्ध बचत।*** शुद्ध रूप से, CURES को जांचने की आवश्यकता तथा चिकित्सकों की अल्कोहल तथा नशीली दवाइयों की जांच का परिणाम राज्य और स्थानीय सरकारों को वार्षिक बचत के रूप में हो सकता है। वार्षिक बचत की राशि अत्यधिक अनिश्चित है, लेकिन यह संभावित रूप से महत्वपूर्ण है। यह बचत कुछ सीमा तक गैर आर्थिक क्षतियों की सीमा को बढ़ाने से बढ़ी हुई सरकारी लागत को समायोजित कर सकेगी (जैसी कि ऊपर चर्चा की गयी है)।

**इस प्रतिस्पर्धा में दिए गए धन के बारे में विवरण प्राप्त करने के लिए *http://cal-access.sos.ca.gov* पर जाएँ।**

46

# डॉक्टरों की नशीली दवा और शराब सम्बन्धी जाँच। चिकित्सीय लापरवाही के मुकदमे। पहल सम्बन्धी कानून।

## ★ प्रस्ताव 46 के पक्ष में तर्क ★

*प्रस्ताव 46 जिंदगियां बचाएगा।*

रोकथाम योग्य चिकित्सीय त्रुटियां प्रत्येक वर्ष 440,000 से अधिक लोगों की जानें लेती हैं, जो चिकित्सीय लापरवाही को देश में कैंसर और हृदय संबंधी रोगों के बाद मौत का तीसरा सबसे बड़ा कारण बनाती हैं।

Bob Pack प्रस्ताव 46 को प्रायोजित कर रहे हैं क्योंकि कई डॉक्टरों के गैर जिम्मेदार तरीके से नशीली दवाइयां लेने के परामर्श के बाद नशीली दवा के शिकार एक चालक ने Bob के बच्चों को कुचल दिया था। Bob इस तरह की दु:खद घटना को किसी और परिवार के साथ घटने से रोकना चाहते हैं। प्रस्ताव 46 तीन प्रकार से जिंदगियां बचाएगा:

*1. प्रस्ताव 46 डॉक्टरों को चिकित्सीय त्रुटियों के प्रति उत्तरदायी बनाकर लापरवाही को रोकेगा।*

- यह लापरवाही बरतने पर डॉक्टरों को दवा या अल्कोहल के कारण आई असमर्थता के लिए पीड़ित के प्रति, Troy और Alana Pack की तरह मौजूदा हर्जाने की उच्चतम सीमा, 250,000 डॉलर्स को मुद्रास्फीति के लिए समायोजित करते हुए, के लिए उत्तरदायी ठहराता है।
- विधानसभा ने 1975 में यह सीमा तय की थी और उसके बाद से इसे मुद्रास्फीति से समायोजित नहीं किया गया। जबकि तब से सभी चीजों की कीमतें काफी बढ़ गई हैं, लेकिन जिंदगी की कीमत इन 39 वर्षों में एक पैसा भी नहीं बढ़ी है।
- प्रस्ताव 46 चिकित्सीय लापरवाही के लिए अटॉर्नी की फीस पर मौजूदा तय सीमा को बनाए रखता है।

*2. प्रस्ताव 46 प्रिस्क्रिप्शन दवा के दुरुपयोग पर कार्रवाई कर लोगों का जीवन बचाएगा।*

- हाल में *LA Times* की एक जांच से पता चला है कि चार दक्षिणी California काउंटियों में प्रिस्क्रिप्शन दवा के आकस्मिक ओवरडोज से होने वाली आधे से ज्यादा मौतों का कारण डॉक्टरों द्वारा सुझाई गई दवा की अधिक मात्रा रही है या कि इसका योगदान रहा है।
- प्रस्ताव 46 किसी रोगी के लिए पहली बार व्यसनकारी दर्द निवारक या अन्य नशीली दवाओं के सुझाने से पहले डॉक्टरों के लिए राज्यव्यापी डेटाबेस की जांच करना आवश्यक बनाता है।

*3. प्रस्ताव 46 नशा प्रभावित डॉक्टरों से रोगियों को सुरक्षित रखकर जिंदगियां बचाएगा।*

- California चिकित्सा बोर्ड की सूचना के अनुसार विशेषज्ञों का आंकलन है कि पांच स्वास्थ्य पेशेवरों में से करीब एक अपने जीवन में मादक द्रव्यों के दुरुपयोग का शिकार होता है।
- नशीली दवाओं और अल्कोहल के प्रभाव में डॉक्टर चिकित्सीय त्रुटियां करते हैं, लेकिन डॉक्टरों की जांच न होने से मादक द्रव्य दुरुपयोग के अधिकांश मामलों का पता नहीं चल पाता।

*प्रस्ताव 46 में आवश्यकता होगी:*

- पायलटों के लिए प्रमाणित संघीय जांच कार्यक्रम की तरह डॉक्टरों की भी नशीली दवा और अल्कोहल लेने की औचक जांच हो।
- परीक्षण सकारात्मक मिलने पर डॉक्टर को निलंबित किया जाए और काम पर असमर्थता के शिकार पाए जाने वाले डॉक्टरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई हो।

*तथ्य:*

- कई मिलियन California वासियों का नशीली दवा सेवन के लिए काम के दौरान परीक्षण किया जाता है, लेकिन इसके बाद भी California में डॉक्टरों की जांच आवश्यक नहीं है।
- नशीली दवा सेवन करने की जांच पायलटों, बस ड्राइवरों और अन्य सुरक्षाकर्मियों के लिए जरूरी है-लेकिन डॉक्टरों के लिए नहीं।
- नशीली दवा सेवन की जांच जिंदगियां बचा सकती है। यही कारण है कि अग्रणी चिकित्सा सुरक्षा विशेषज्ञ, उपभोक्ता वकील, स्वास्थ्य सेवा हेतु उत्तरदायी संघीय एजेंसी के महानिरीक्षक और वे डॉक्टर जिन्होंने खुद नशीली दवा का दुरुपयोग किया है, डॉक्टरों के नशीली दवा सेवन की औचक जांच का समर्थन करते हैं।
- डॉक्टर Stephen Loyd जिन्होंने नशीली दवाओं का दुरुपयोग करते वक्त दवा की प्रैक्टिस की थी और जो अब इससे उबर रहे हैं, ने कहा: "मैं हर दिन नशे के प्रभाव में काम करता था, पीछे मुड़ कर देखने पर, यह मुझे मौत से डराती है, मैंने क्या कर दिया होता। मेरे रोगी और मेरे सहकर्मी कभी नहीं जान पाये कि मैं नशीली दवाएं उपयोग करता था।"

प्रस्ताव 46 (*www.yeson46.org*) पर हां में वोट करके Bob Pack, उपभोक्ता समूहों, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और चिकित्सीय लापरवाही के शिकार लोगों से जुड़ें ताकि हम रोगियों की सुरक्षा में सुधार कर सकें, डॉक्टरों को उत्तरदायी ठहरा सकें, और यह सुनिश्चित करते हुए जिंदगियां बचा सकें कि किसी भी व्यक्ति या उसके किसी प्रियजन का इलाज कोई मदहोश डॉक्टर न करे।

**Bob Pack,** रोकथाम योग्य चिकित्सीय त्रुटि के शिकार बच्चों Troy और Alana Pack के पिता
**Carmen Balber,** कार्यकारी निदेशक
Consumer Watchdog
**Henry L. "Hank" Lacayo,** Congress of California Seniors के राज्य अध्यक्ष

## ★ प्रस्ताव 46 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 46 आपके समक्ष एक कारण से है—ट्रायल वकीलों को डॉक्टरों पर मुकदमा चलाने में आसानी हो और इन मुकदमों से उन्हें लाभ हो। यह एकदम सरल है। जब आप सीमा बढ़ाते हैं, तो आप अपने आप ट्रायल वकीलों का लाभ बढ़ा देते हैं।

46 के प्रायोजको का दावा है कि यह डॉक्टरों के नशीली दवा सेवन की जांच के बारे में है। . . . लेकिन जिन वकीलों ने इस विधेयक को लिखा और वित्तपोषित किया है वे चिकित्सकों के नशीली दवा सेवन की जांच का प्रस्ताव लेकर राज्य विधानमंडल कभी नहीं गए।

हालांकि, उन्होंने राज्य विधानमंडल से अभियोग की सीमा बढ़वाने और हमारे फेमिली डॉक्टरों पर मुकदमा चलाने का रास्ता आसान करने के लिए 3 अलग-अलग प्रस्तावों को प्रायोजित किया है। सभी 3 बार विधानमंडल ने उन्हें खारिज कर दिया है। और कम से कम 10 बार, ट्रायल वकीलों ने न्यायालय से उच्चतम सीमा को खत्म करने की मांग की है। हर बार, California सुप्रीम कोर्ट सहित न्यायालयों ने पाया है कि यह उच्चतम सीमा लागत को सीमित रखकर अपने उस उद्देश्य को पूरा करती है, जो आपकी सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुरक्षित रखता है।

वकीलों ने पैसा देकर इसे मतपत्र तक पहुंचाया है, वह भी ऐसा जोरदार दावा करते हुए कि यह "जीवन को बचाएगा"। वे गलत आंकड़े देकर इस राजनैतिक बयानबाजी का बचाव कर रहे हैं। यद्यपि हम आशा करते हैं कि वास्तव में कोई मतपत्र पहल जिंदगियां बचा सकती है, लेकिन इसके साथ ऐसा नहीं है।

लेकिन डॉक्टर और नर्सें जरूर जिंदगियां बचाते हैं। वे अपने रोगियों की देखभाल की पवित्र शपथ लेते हैं। उनका विश्वास है कि प्रस्ताव 46 California के कई डॉक्टरों, विशेषज्ञों और हेल्थकेयर पेशेवरों को अपनी प्रैक्टिस बंद करने को बाध्य कर देगा। इससे किसी का भला कैसे हो सकता है?

यह देखने के लिए कृपया *www.NoOn46.com* पर जाएं *कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए हेल्थकेयर तक पहुंच को लेकर चिंतित राज्य भर के समुदाय आधारित विभिन्न 500 से अधिक समूह प्रस्ताव 46* पर नहीं में वोट करने *के लिए कहते हैं।*

**Tricia Hunter, RN,** कार्यकारी निदेशक
American Nurses Association, California
**Tom Scott**
California Citizens Against Lawsuit Abuse
**Betty Jo Toccoli,** अध्यक्ष
California Small Business Association



*इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की राय हैं, और उन्हें शुद्धता के लिए किसी भी आधिकारिक एजेंसी के द्वारा जाँचा नहीं गया है।*

## ★ प्रस्ताव 46 के खिलाफ तर्क ★

मतदान प्रस्ताव को पास कराने में California के विशेष हितों का एक इतिहास है जो देखने में किसी एक चीज के बारे में लगता है लेकिन वास्तव में वह दूसरे के बारे में होता है। यह रहा एक दूसरा।

प्रस्ताव 46 में डॉक्टरों के नशीली दवा सेवन की जांच कराने के पीछे असली मंशा-चिकित्सीय कदाचार अभियोग अवार्ड की राशि की सीमा को बढ़ाना है।

इस विधेयक से तीन चीजें होती हैं:

- California में चिकित्सीय कदाचार अभियोग अवार्ड की सीमा चौगुना कर देता है जिससे करदाताओं को हर साल सैकड़ों मिलियन डॉलर खर्च करने होंगे, और इसके कारण कई डॉक्टर और चिकित्सा पेशेवर अपनी प्रैक्टिस छोड़ देंगे या फिर उन स्थानों में चले जाएंगे जहां चिकित्सीय कदाचार बीमा प्रीमियम कम हो।
- व्यक्तिगत प्रिस्क्रिप्शन औषधि डेटाबेस के प्रयोग के व्यापक विस्तार को आवश्यक बनाकर आपकी निजता को खतरा पैदा करता है।
- डॉक्टरों के अल्कोहल और नशीली दवा सेवन की जांच आवश्यक बनाता है, जिसे केवल मुख्य उद्देश्य से ध्यान हटाने के लिए इस पहल में जोड़ा गया है।

*प्रस्ताव 46 पर नहीं में वोट करें।*

यह विधेयक मतपत्र पर नहीं है क्योंकि कोई सोचता है कि हमें नशीली दवा सेवन के लिए डॉक्टरों की जांच की आवश्यकता है। प्रस्ताव 46 को सिर्फ ट्रायल वकीलों के लिए लिखा और उन्हीं के द्वारा इसका भुगतान किया गया था, जिन्हें इसके पास होने से लाभ होगा। अगर वे इसे पास कराने में सफल रहे, तो कदाचार अभियोगों और ट्रायल अटॉर्नी अवार्डों में भारी वृद्धि हो जाएगी। और हमें इसकी कीमत चुकानी होगी।

*चिकित्सीय कदाचार अवार्ड की सीमा बढ़ाकर*

वकील चाहते हैं कि उन अवार्डों की सीमा चौगुनी कर दी जाए जिन्हें चिकित्सीय कदाचार अभियोग के लिए राज्य अनुमति देता है। ये हैं इसके दुष्परिणाम:

- *बढ़ी हुई स्वास्थ्य बीमा लागतें:* यदि चिकित्सीय कदाचार अवार्ड बढ़ेंगे, तो स्वास्थ्य बीमा कंपनियां भी बढ़ी लागतों की भरपाई करने के लिए अपनी दरें बढ़ा देंगी। जब स्वास्थ्य बीमा कंपनियां अपनी दरें बढ़ाती हैं, तो हम सभी को स्वास्थ्य देखभाल प्रीमियम के रूप में अधिक भुगतान करते हैं।
- *बढ़े हुए कर और शुल्क:* राज्य और काउंटी अस्पताल अपने-अपने चिकित्सीय कदाचार बीमा प्रीमियम का भुगतान करते हैं। जब स्वास्थ्य बीमा कंपनियां अपनी दरें बढ़ा देंगी तो राज्य और काउंटी सरकारों को नई लागतों की भरपाई का कोई रास्ता खोजना होगा। तब वे या तो सेवाओं में कटौती करेंगी या फिर करों और शुल्कों में बढ़ोत्तरी। वास्तव में, स्वतंत्र विधायी विश्लेषक का आंकलन है कि राज्य और स्थानीय सरकारों का खर्च "सैकड़ों मिलियन डॉलर्स बढ़ जाएगा। . . . ." किसी भी तरह से भुगतान हमें ही करना होगा।
- *स्वास्थ्य देखभाल तक घटी हुई पहुंच:* अगर California अपनी सीमा बढ़ा देता है, तो कई डॉक्टर और अन्य हेल्थकेयर पेशेवर ऐसे राज्यों में चले जाएंगे जहां कदाचार बीमा की दरें कम हों। कुछ अपनी प्रैक्टिस ही छोड़ देंगे। इस कारण आप अपना डॉक्टर गंवा सकते हैं। यही कारण है कि California Association of Rural Health Clinics प्रस्ताव 46 का विरोध करता है।

*प्रिस्क्रिप्शन दवा डेटाबेस*

प्रस्ताव 46 का अधिदेश है कि डॉक्टर California वासियों के व्यक्तिगत प्रिस्क्रिप्शन दवा इतिहास के ऑनलाइन डेटाबेस से संपर्क करें। यह डेटाबेस ऐसे युग में राज्य सरकार द्वारा नियंत्रित होगा जब सरकार के लिए हमारी निजता का उल्लंघन करना बहुत आसान है।

DMV और Pentagon सहित सरकारी वेबसाइटों के हैक होते रहने का इतिहास है। एक अन्य कंप्यूटर डेटाबेस, जिसके सुरक्षित होने का कोई आश्वासन नहीं दे सकता, पर निर्भरता रोकने के लिए नहीं में वोट डालें।

*सारांश में*

प्रस्ताव 46 के दुष्परिणामों का पलड़ा लाभों की तुलना में भारी है: हेल्थ केयर की ऊंची लागतें, ऊंचे टैक्स, डॉक्टरों तक पहुंच गंवाना, निजता की हानि, और यह जोखिम कि हमारे व्यक्तिगत प्रिस्क्रिप्शन दवा इतिहास से छेडछाड़ होगी तथा यह किसी को भी देखने के लिए उपलब्ध होगा।

कृपया नहीं में वोट करें।

**Donna Emanuele, RN,** अध्यक्ष
California Association of Nurse Practitioners

**Ann-Louise Kuhns,** अध्यक्ष
California Children's Hospital Association

**Stuart Cohen, MD,** चेयर
American Academy of Pediatrics, California



## ★ प्रस्ताव 46 के खिलाफ तर्क का खंडन ★

चिकित्सीय लापरवाही के कारण अपने बच्चों को खोने वाली माताओं के नाते, हम अपनी इन त्रासदियों को रोकना चाहती हैं ताकि दूसरो के साथ न घटें, लेकिन बीमा कंपनियां प्रस्ताव 46 के सुधार के विरोध में कई मिलियन डॉलर खर्च कर रही हैं।

कृपया तथ्यों पर विचार करें:

*USA Today* ने जानकारी दी है कि डॉक्टरों की अल्कोहल और नशीली दवाओं के सेवन की औचक जांच की आवश्यकता से गंभीर समस्या का निदान होगा: यू.एस. में सालाना 103,000 चिकित्सा पेशेवर अवैध मादक पदार्थों का दुरुपयोग करते हैं।

यही कारण है कि Mothers Against Drunk Driving की संस्थापक Candace Lightner प्रस्ताव 46 का समर्थन करती हैं।

यू.एस. के स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग के महानिरीक्षक ने डॉक्टरों द्वारा अल्कोहल और नशीली दवाओं के सेवन की जांच कराने का आह्वान किया है।

पायलटों, अस्पताल कर्मियों और लाखों California वासियों की जांच होती है, लेकिन डॉक्टरों की जांच की आवश्यकता नहीं है।

डॉक्टरों के लिए नए रोगियों हेतु नशीली दवाएं सुझाने से पूर्व California के औषधि डेटाबेस की जांच करने की आवश्यकता:

*निजता की रक्षा करेगी:* न्याय विभाग का मौजूदा डेटाबेस सुरक्षित है। यही कारण है कि Consumer Watchdog प्रस्ताव 46 का समर्थन करते हैं।

*धन बचाएं:* यू.एस. स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग में पूर्व बीमा निगरानी निदेशक का आंकलन है कि इससे California के सालाना सैकड़ों मिलियन डॉलर्स बचाए जा सकते हैं।

39 वर्षों से चिकित्सीय लापरवाही के लिए मानवीय पीड़ा हेतु तय 250,000 डॉलर्स की मुआवजे की सीमा का मुद्रास्फीति की तुलना में समायोजन, जिंदगियों का उचित मूल्य लगाएगा और डॉक्टरों को उत्तरदायी ठहराएगा।

Barbara Boxer, Nancy Pelosi और Erin Brockovich प्रस्ताव 46 का समर्थन करती हैं, क्योंकि उच्चतम सीमा महिलाओं और बच्चों को काफी हद तक हानि पहुंचाएगी।

प्रस्ताव 46 *हेल्थकेयर तक पहुंच को सीमित नहीं करता:* आंकड़ों से पता चलता है कि California वासियों की तुलना में *बिना* उच्चतम सीमा वाले अधिकतर राज्यों के लोगों की डॉक्टरों तक पहुंच बेहतर है।

California के बीमा आयुक्त दरों का नियमन कर *डॉक्टरों की बीमा लागत* को कम कर रखते हैं।

सालाना 440,000 तक लोग, रोकथाम योग्य चिकित्सीय त्रुटियों के कारण मर जाते हैं। *हमें जिंदगियां बचाने में मदद करें—हां में वोट करें।*

**Sarah Hitchcock-Glover, R.N.,** रोकथाम योग्य चिकित्सीय त्रुटि के शिकार Adam Glover की माता

**Alejandra Gonzalez,** रोकथाम योग्य चिकित्सीय त्रुटि की शिकार Mia Chavez की माता

**Jennifer Westhoff,** रोकथाम योग्य चिकित्सीय त्रुटि के शिकार Morgan Westhoff की माता

प्रस्ताव

# 47 आपराधिक दंड। साधारण अपराध सम्बन्धी दंड। पहल सम्बन्धी कानून।

**आधिकारिक शीर्षक और सारांश** **अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया**

## आपराधिक दंड। साधारण अपराध सम्बन्धी दंड। पहल सम्बन्धी कानून।

- नशीली दवा रखने के कुछ अपराधों के लिए घोर अपराध के बजाय साधारण अपराध सम्बन्धी दंड की आवश्यकता है।
- संबद्ध राशि $950 या उससे कम होने पर निम्नलिखित अपराधों के लिए घोर अपराध के बजाय साधारण अपराध सम्बन्धी दंड की आवश्यकता है। छोटी-मोटी चोरी, चोरी की सम्पत्ति प्राप्त करना, और चेक पर नकली हस्ताक्षर करना/गलत चेक जारी करना।
- इन अपराधों के लिए उस दशा में घोर अपराध सम्बन्धी सजा की अनुमति देता है अगर व्यक्ति को पूर्व में बलात्कार, कत्ल, या बच्चे से छेड़खानी जैसे अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया हो या वह यौन अपराधी के रूप में पंजीकृत हो।
- इन अपराधों के लिए घोर अपराध सम्बन्धी सजा भुगत रहे व्यक्तियों के लिए पुनर्दंड आवश्यक है जब तक कि अदालत को सार्वजनिक सुरक्षा के लिए जोखिम अतर्कसंगत न लगे।
- मानसिक स्वास्थ्य और नशीली दवाओं के सेवन सम्बन्धी उपचार कार्यक्रमों, K–12 स्कूलों, और अपराध के शिकार लोगों के लिए बचत लागू करता है।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- राज्य की आपराधिक न्याय व्यवस्था से सम्बन्धित शुद्ध बचत सालाना कुछ सैंकडों मिलियन डॉलर तक पहुँच सकती है। ये बचत स्कूल से अकारण गैरहाजिर रहने और पढ़ाई छोड़ देने वालों की रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य और नशीले पदार्थों के सेवन सम्बन्धी उपचार, और पीड़ित व्यक्ति से सम्बन्धित सेवाओं पर खर्च की जायेंगी।
- काउंटी की आपराधिक न्याय व्यवस्था से सम्बन्धित शुद्ध बचत सालाना कई सौ मिलियन डॉलर तक पहुँच सकती है।



## विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण जारी

## पृष्ठभूमि

अपराध तीन प्रकार के होते हैं: घोर अपराध, दुष्कर्म, और अतिक्रमण। घोर अपराध सबसे गंभीर प्रकार का अपराध है। मौजूदा कानून कुछ घोर अपराध को "हिंसक" या "गंभीर", या दोनों के रूप में वर्गीकृत करता है। वर्तमान में हिंसक और गंभीर, दोनों के रूप में परिभाषित घोर अपराधों में शामिल हैं हत्या, डकैती, और बलात्कार। हिंसक या गंभीर रूप में वर्गीकृत न किए जाने वाले घोर अपराधों में शामिल हैं बड़ी चोरी (जिसमें बंदूक शामिल नहीं) और अवैध नशीले पदार्थ पास रखना। दुष्कर्म एक कम गंभीर अपराध है। दुष्कर्मों में शामिल हैं हमला और सार्वजनिक रूप से नशा करने जैसे अपराध। अतिक्रमण एक कम गंभीर अपराध है और आम तौर पर इसे जुर्माने द्वारा दंडित किया जाता है। उदाहरण के लिए, निजी इस्तेमाल हेतु एक औंस से कम मरिवाना कब्जे में रखना अतिक्रमण है।

***घोर अपराध के लिए सजा देना।*** हाल के वर्षों में, California में औसतन लगभग 220,000 लोगों को प्रति वर्ष अपराधी घोषित किया गया है। घोर अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए अपराधियों को निम्नानुसार सजा सुनाई जा सकती है:

- ***राजकीय जेल।*** गंभीर, हिंसक, या यौन अपराधों के लिए वर्तमान या पूर्व में घोर अपराध के दोषियों को राजकीय जेल की सजा सुनाई जा सकती है। किसी गंभीर या हिंसक अपराध के लिए सजा काटने के बाद जेल से रिहा होने वाले अपराधियों पर समुदाय में स्टेट परोल एजेंट द्वारा निगरानी रखी जाती है। किसी ऐसे अपराध के लिए, जो गंभीर या हिंसक न हो, सजा काटने के बाद जेल से रिहा अपराधियों पर सामान्यतः काउंटी परिवीक्षा अधिकारी द्वारा समुदाय में निगरानी रखी जाती है। जब समुदाय में उन पर निगरानी रखी जा रही हो, उस समय पालन किए जाने योग्य नियमों का उल्लंघन करने पर, अपराधियों को उनके आपराधिक इतिहास और उल्लंघन की गंभीरता के आधार पर, काउंटी या राजकीय जेल में भेजा जा सकता है।
- ***काउंटी जेल और सामुदायिक निगरानी।*** गंभीर, हिंसक, या यौन अपराधों के लिए वर्तमान या पूर्व में अपराधी घोषित न किए गए घोर अपराधियों को सामान्यतः काउंटी जेल या समुदाय में काउंटी परिवीक्षा अधिकारी की निगरानी, या दोनों की सजा दी जाती है। इसके अलावा, जज के विवेक और किए गए अपराध पर निर्भर करते हुए, कुछ अपराधियों को, जिन्हें गंभीर, हिंसक, या यौन अपराधों के लिए वर्तमान या पूर्व में अपराधी घोषित किया गया हो, इसी प्रकार की सजा दी जा सकती हैं। जब समुदाय में उन पर निगरानी रखी जा रही हो, उस समय पालन किए जाने योग्य नियमों का उल्लंघन करने पर, अपराधियों को उनके आपराधिक इतिहास और उल्लंघन की गंभीरता के आधार पर, काउंटी या राजकीय जेल में भेजा जा सकता है।

***दुष्कर्म के लिए सजा देना।*** वर्तमान कानून के तहत, दुष्कर्मों के घोषित अपराधियों को काउंटी जेल, काउंटी सामुदायिक निगरानी, जुर्माना, या इन तीनों में से किसी संयोजित रूप में सजा सुनाई जा सकती है। दुष्कर्म अपराध के लिए काउंटी सामुदायिक निगरानी में रहने वाले अपराधी, जब उन पर समुदाय में निगरानी रखी जा रही हो, तब पालन किए जाने वाले नियमों का उल्लंघन करते हैं, तो उन्हें जेल में रखा जा सकता है।

सामान्यतः दुष्कर्म अपराधों के घोषित अपराधियों को घोर अपराध के दोषी अपराधियों की तुलना में कम गंभीर रूप से दंडित किया जाता है। उदाहरण के लिए, दुष्कर्म अपराधों के लिए अधिकतम एक साल तक जेल की सजा होती है जब कि घोर अपराध के दोषियों को जेल में इससे ज़्यादा समय गुज़ारना पड़ता है। इसके अलावा, दुष्कर्म के घोषित अपराधियों को आम तौर पर कम वर्षों के लिए सामुदायिक निगरानी

में रहना पड़ता है और परिवीक्षा अधिकारियों द्वारा उतनी बारीकी से निगरानी नहीं रखी जाती है।

***वोबलर अपराध के लिए सजा देना।*** वर्तमान कानून के तहत, कुछ अपराध—जैसे कि चेक जालसाज़ी और चोरी की संपत्ति पर कब्ज़ा पाए जाने पर—घोर अपराध या दुष्कर्म के रूप में इल्ज़ाम लगाया जा सकता है। इस प्रकार के अपराध डावाँडोल या "वोबलर" कहलाते हैं। अदालतें अपराध के विवरण और अपराधी के आपराधिक इतिहास के विवरणों के आधार पर निर्णय लेती हैं कि वोबलर अपराधों पर किस प्रकार का अभियोग लगाया जाए।

## प्रस्ताव

यह विधेयक मामूली और अहिंसक संपत्ति तथा नशीले पदार्थों से संबंधित अपराधों के लिए कुछ घोषित अपराधियों के दंड को कम करता है। यह विधेयक ऐसे कुछ अपराधियों को सजा कम करने का अनुरोध करने के लिए अनुमत करता है जिन्हें पूर्व में ऐसे अपराधों के लिए दोषी पाया गया था। इसके अलावा, इस विधेयक की अपेक्षा है कि इस विधेयक के परिणामस्वरूप होने वाली राजकीय बचत को पढ़ाई छोड़ने वालों (अकारण अनुपस्थिति) की रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य और नशीले पदार्थों के सेवन संबंधी उपचार, एवं पीड़ित व्यक्ति की सेवाओं के समर्थन में खर्च किया जाए। ये परिवर्तन अधिक विस्तार में नीचे वर्णित हैं

### वर्तमान दंड में कटौती

यह विधेयक कुछ अ-गंभीर और अहिंसक संपत्ति तथा नशीले पदार्थों से संबंधित अपराधों को वोबलर या घोर अपराध से कम करके दुष्कर्म मानता है। यह विधेयक उन अपराधियों के मामले में इन घटाए गए दंडों को सीमित करता है जिन्होंने कत्ल और कुछ यौन तथा बंदूक संबंधी अपराधों सहित—विधेयक में सूचीबद्ध कुछ गंभीर अपराध नहीं किए हैं। विशेष रूप से, विधेयक निम्नलिखित अपराधों के लिए दंड को कम करता है:

- ***बड़ी चोरी।*** वर्तमान कानून के तहत, $950 या कम कीमत की संपत्ति की चोरी पर अक्सर मामूली चोरी का इल्ज़ाम लगाया जाता है, जो एक दुष्कर्म या एक अतिक्रमण है। लेकिन, ऐसे अपराधों पर कभी-कभी बड़ी चोरी का इल्ज़ाम लगाया जा सकता है, जो कि आम तौर पर वोबलर है। उदाहरण के लिए, वोबलर अभियोग लगाया जा सकता है यदि अपराध में किसी संपत्ति (जैसे कि कार) की चोरी शामिल हो या यदि अपराधी ने पूर्व में कुछ चोरी से संबंधित अपराध किए हैं। यह विधेयक पाबंदी लगाएगा जब $950 या कम मूल्य की संपत्ति की चोरी के मामले में बड़ी चोरी के रूप में इल्ज़ाम लगाया जाएगा। विशेष रूप से, ऐसे अपराधों को आगे सिर्फ़ शामिल संपत्ति के प्रकार की वजह से बड़ी चोरी का अभियोग थोपा नहीं जाएगा या इसलिए कि प्रतिवादी ने पूर्व में कुछ चोरी से संबंधित अपराध किए हैं।
- ***उठाईगिरी।*** वर्तमान कानून के तहत, $950 या उससे कम (एक मामूली प्रकार की चोरी) कीमत की संपत्ति की उठाईगिरी अक्सर दुष्कर्म है। लेकिन, इस प्रकार के अपराधों के लिए चोरी का भी इल्ज़ाम लगाया जा सकता है, जो कि वोबलर है। इस विधेयक के तहत, $950 या कम कीमत वाली संपत्ति की उठाईगिरी हमेशा ही दुष्कर्म है और उस पर चोरी का आरोप नहीं लगाया जा सकता है।
- ***चुराई गई संपत्ति प्राप्त करना।*** वर्तमान कानून के तहत, चोरी की संपत्ति के साथ पाए गए व्यक्तियों पर चुराई गई संपत्ति प्राप्त करने के लिए आरोप लगाया जा सकता है, जो कि वोबलर अपराध है। इस विधेयक के तहत, $950 या कम कीमत वाली संपत्ति प्राप्त करना हमेशा दुष्कर्म होगा।
- ***अशोध्य या खोटा चेक लिखना।*** वर्तमान कानून के तहत, एक अशोध्य चेक लिखना सामान्यतः दुष्कर्म है। लेकिन, यदि चेक का मूल्य $450 से अधिक है, या यदि अपराधी ने पहले जालसाज़ी से संबंधित कोई अपराध किया है, तो वह वोबलर अपराध है। इस विधेयक के तहत, अशोध्य चेक लिखना दुष्कर्म होगा जब तक कि चेक का मूल्य $950 से अधिक न हो या अपराधी ने पहले जालसाज़ी से संबंधित तीन अपराध न किए हों, जिस स्थिति में वह वोबलर अपराध होगा।
- ***चेक की जालसाज़ी।*** वर्तमान कानून के तहत, किसी भी राशि के चेक की जालसाज़ी वोबलर अपराध है। इस विधेयक के तहत, $950 या उससे कम मूल्य के चेक की जालसाज़ी हमेशा दुष्कर्म ही रहेगी, सिवाय उस स्थिति में यह वोबलर अपराध बनेगा यदि अपराधी ने चेक की जालसाज़ी के संबंध में पहचान की चोरी की है।
- ***नशीली दवाओं को पास रखना।*** वर्तमान कानून के तहत, व्यक्तिगत उपयोग के लिए अधिकांश अवैध नशीले पदार्थ (जैसे कि कोकीन या हेरोइन) पास रखना—नशीले पदार्थ की मात्रा और प्रकार के आधार पर- दुष्कर्म, या वोबलर, या घोर अपराध है। इस विधेयक के तहत, ऐसे अपराध हमेशा दुष्कर्म होंगे। विधेयक की वजह से किसी व्यक्ति के पास मरिवाना पाए जाने पर दंड में कोई परिवर्तन नहीं होगा, जो कि वर्तमान में अतिक्रमण या दुष्कर्म है।

हमारा अनुमान है कि प्रति वर्ष लगभग 40,000 अपराधियों को उपर्युक्त अपराधों के लिए दोषी ठहराया जाता है और इस विधेयक द्वारा वे प्रभावित होंगे। तथापि, यह अनुमान उपलब्ध सीमित डेटा पर आधारित है और अपराधियों की वास्तविक संख्या हज़ारों में अधिक या कम हो सकती है।

***इन अपराधियों के लिए दंड में परिवर्तन।*** चूँकि उपर्युक्त अपराध मामूली और अहिंसक हैं, वर्तमान में अधिकांश अपराधियों को काउंटी स्तर पर ही नियंत्रित किया जा रहा है। इस विधेयक के तहत, यथा स्थिति जारी रहेगी। लेकिन सजा की अवधि – जेल समय और या सामुदायिक निगरानी—कम होंगे। उपर्युक्त अपराधों के दोषियों का अपेक्षाकृत छोटा अंश—लगभग एक-दहाई—वर्तमान में राजकीय जेल में भेजे गए हैं (सामान्यतः इसलिए कि उन्हें पूर्व में गंभीर या हिंसक अपराध के लिए दोषी पाया गया)। इस विधेयक के तहत, इन अपराधियों में से किसी को भी राजकीय जेल नहीं भेजा जाएगा। इसके बजाय, उन्हें काउंटी स्तर पर कम दंड भोगना पड़ेगा।

### पूर्व में घोषित अपराधियों को पुनः सजा सुनाना

यह विधेयक उपर्युक्त अपराधों के लिए वर्तमान में घोर अपराध की सजा भुगतने वाले अपराधियों को अपने घोर अपराध की सजा को दुष्कर्म सजा में घटाने के लिए आवेदन देने की अनुमति देगा। इसके अलावा, ऐसे कुछ अपराधी जो घोर अपराध के लिए पहले ही इस विधेयक द्वारा परिवर्तित होने वाली सजा भुगत चुके हैं, वे अपने घोर अपराध के दोष को दुष्कर्म में बदलने के लिए आवेदन दे सकते हैं। लेकिन, किसी भी ऐसे अपराधी को, जिसने निर्दिष्ट गंभीर अपराध किया है, दुबारा सजा नहीं

47

*प्रस्ताव 47 के पूरे मूलपाठ के लिए, पृष्ठ 70 देखें।*

सुनाई जा सकती या उसकी सजा बदली नहीं जा सकती है। इसके अलावा, विधेयक व्यक्त करता है कि वर्तमान में घोर अपराध की सजा भुगतने वाले अपराधी को अदालत द्वारा पुनः सजा देने की ज़रूरत नहीं, यदि अदालत को इस बात की संभावना लगती है कि अपराधी निर्दिष्ट गंभीर अपराध कर सकता है। पुनः सजा सुनाए गए अपराधियों को एक वर्ष के लिए राजकीय परोल पर रहने की ज़रूरत है, बशर्ते कि जज उस आवश्यकता को हटाने का चयन करता है।

### स्कूल से अकारण ग़ैरहाज़िर रहने को रोकने, उपचार, और पीड़ितों की सेवाओं के लिए वित्त-पोषण

विधेयक की अपेक्षा है कि गवर्नर के प्रशासन द्वारा लगाए गए अनुमान के अनुसार, विधेयक से होने वाली राजकीय वार्षिक बचत का सामान्य निधि से नई राजकीय निधि, सुरक्षित नेबरहुड और स्कूल निधि में वार्षिक अंतरण किया जाए। विधेयक के तहत, निधि की धनराशि को निम्नतः विभाजित किया जाएगा:

- सार्वजनिक स्कूलों में K–12 विद्यार्थियों के अकारण ग़ैरहाज़िर रहने और पढ़ाई छोडने वालों की रोकथाम के लक्ष्य हेतु 25 प्रतिशत अनुदान।
- पीड़ित व्यक्ति से संबंधित सेवाओं के लिए अनुदान 10 प्रतिशत ।
- मानसिक स्वास्थ्य और नशीले पदार्थों के सेवन संबंधी उपचार सेवाओं के लिए, जो लोगों को राजकीय जेल और स्थानीय जेल से बाहर रखने में मदद के लिए निर्दिष्ट है, 65 प्रतिशत।



## राजकोषीय प्रभाव

यह विधेयक राज्य और स्थानीय सरकारों पर कई राजकोषीय प्रभाव डालेगा। इन प्रभावों की मात्रा कई महत्वपूर्ण कारकों पर निर्भर करेगी। विशेष रूप से, यह विधेयक द्वारा परिवर्तित घोर अपराध के लिए वर्तमान में दोषी ठहराए जाने वालों पर निर्भर करेगा। वर्तमान में, विशेष रूप से काउंटी स्तर पर, इस पर सीमित डेटा उपलब्ध है। राजकोषीय प्रभाव भी इस पर निर्भर होगा कि विधेयक के कुछ प्रावधान किस प्रकार कार्यान्वित होंगे, जिसमें शामिल है विधेयक द्वारा परिवर्तित अपराधों के लिए अपराधियों को किस प्रकार सजा सुनाई जाएगी। उदाहरण के लिए, यह अनिश्चित है कि क्या ऐसे अपराधियों को जेल की सजा होगी या सामुदायिक निगरानी, तथा इसकी अवधि क्या होगी। इसके अलावा, राजकोषीय प्रभाव भारी रूप से विधेयक द्वारा प्रभावित ऐसे अपराधों की संख्या पर निर्भर होंगे, जो भविष्य में किए जाएँगे। इस प्रकार, विधेयक के राजकोषीय प्रभाव नीचे वर्णित महत्वपूर्ण अनिश्चितताओं के अधीन हैं।

### घटाए गए दंडों पर राजकीय प्रभाव

दंड में प्रस्तावित कमी राजकीय जेल, परोल, और अदालती लागतों को प्रभावित करेगी।

***राजकीय जेल और परोल।*** यह विधेयक दो परिवर्तन करता है जो राजकीय जेल की आबादी और संबंधित लागतों को कम करेगा। पहले, भावी अपराधों को घोर अपराध और वोबलर अपराधों से दुष्कर्म में बदलने के फलस्वरूप कम अपराधी राजकीय जेल की सजा के लिए पात्र होंगे। हमारा अनुमान है कि इसके परिणामस्वरूप कुछ वर्षों में राजकीय जेल में कई हज़ार क़ैदियों की आबादी में निरंतर कमी आएगी। दूसरे, वर्तमान में राजकीय जेल के क़ैदियों को पुनः सजा सुनाने के परिणामस्वरूप कई हज़ार क़ैदियों की रिहाई होगी, जिससे विधेयक के कानून बनने के बाद कई वर्षों के लिए राजकीय जेल की आबादी अस्थाई रूप से घट जाएगी।

इसके अलावा, वर्तमान में दुष्कर्म में बदले जाने वाले घोर अपराध के लिए सजा काटने वाले व्यक्तियों को पुनः सजा सुनाने से तीन वर्ष की अवधि के लिए कई हज़ार लोगों को परोल पर छोड़े जाने से राजकीय परोल आबादी में अस्थाई बढोत्तरी होगी। परोल आबादी की इस बढ़ोतरी से जुड़ी लागतें अस्थाई रूप से उपर्युक्त जेल बचत के एक अंश को समायोजित करेगी।

***राज्य न्यायालय*** इस विधेयक के तहत, अपराधियों को पुनः सजा सुनाए जाने और जिन लोगों ने पहले ही अपनी सजा पूरी की है, उनकी सजा में परिवर्तन के फलस्वरूप अदालतों को एक-बारगी लागत वृद्धि का अनुभव होगा। तथापि, अदालतों की उपर्युक्त लागतें अन्य क्षेत्रों में बचत द्वारा आंशिक रूप से समायोजित होंगी। पहले, आम तौर पर घोर अपराध की तुलना में दुष्कर्मों की प्रक्रिया में अदालत का कम समय लगता है, ऐसे मामलों के लिए दंड में प्रस्तावित कटौती से संसाधनों की मात्रा भी घट जाएगी। दूसरे, विधेयक अपराधियों द्वारा काउंटी सामुदायिक निगरानी पर खर्च किए जाने वाले समय में कटौती करेगा, जिसके परिणामस्वरूप किसी निश्चित समय में निगरानी में रहने वाले अपराधियों की संख्या कम रहेगी। इससे संभावित रूप से सामुदायिक निगरानी में रहते समय अपराधियों द्वारा जिन नियमों का पालन करने की अपेक्षा की जाती है, उन्हें तोड़ने वाले अपराधियों के लिए अदालती सुनवाई की संख्या में कटौती होगी। कुल मिलाकर, हमारा अनुमान है कि विधेयक के परिणामस्वरूप अदालती लागतों में कुछ वर्षों के लिए निवल बढोत्तरी होगी, जब कि उसके बाद निवल बचत हो सकती है।

***राजकीय राजकोषीय प्रभावों का सारांश।*** समग्रतः, हमारा अनुमान है कि ऊपर वर्णित प्रभाव मुख्य रूप से न्यूनतम लाखों अपराधियों की जेल आबादी सतत रूप से कम करते हुए, अंततः वार्षिक रूप से करोड़ों डॉलर निवल राजकीय आपराधिक न्याय प्रणाली में बचत कर सकते हैं। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया, किसी भी प्रकार की राजकीय बचत को विभिन्न प्रयोजनों के समर्थन के लिए सुरक्षित नेबरहुड और स्कूल फंड में जमा किया जाएगा।

### सीमित दंड के काउंटी प्रभाव

दंड में प्रस्तावित कमी से काउंटी जेल और सामुदायिक निगरानी और साथ ही, अन्य काउंटी एजेंसियों (जैसे कि सार्वजनिक रक्षक और डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के दफ़्तर) के परिचालन भी प्रभावित होंगे।

***काउंटी जेल और सामुदायिक निगरानी।*** दंड में प्रस्तावित कमी के काउंटी जेलों में बंद असंख्य व्यक्तियों पर भी विभिन्न प्रभाव होंगे। इनमें महत्वपूर्ण है, विधेयक जेल की आबादी को कम करेगा क्योंकि अधिकांश अपराधी जिनकी सजा में वर्तमान में जेल में रहना शामिल है, वे कम अवधि के लिए जेल में रहेंगे। इसके अलावा, कुछ घोर अपराधों के लिए जेल की सजा भुगतने वाले कुछ अपराधी रिहाई के लिए पात्र हो सकते हैं। इन कटौतियों का ऐसे अपराधियों से जेल की आबादी बढ़ने की वजह से थोड़ा समंजन होगा जिन्हें अन्यथा राजकीय जेल की सजा होती, जिन्हें अब स्थानीय जेल में रखा जाएगा। संतुलन की दृष्टि से, हमारा अनुमान है कि इन परिवर्तनों के परिणामस्वरूप राज्यव्यापी काउंटी जेल में मुक्त बिस्तरों की कुल संख्या कुछ वर्षों में सालाना कुछ लाख में पहुँच जाएगी। तथापि, हम नोट करते हैं कि इसकी वजह से ज़रूरी नहीं कि काउंटी जेल की आबादी भी उसी मात्रा में घट जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि वर्तमान में कई काउंटी जेलों में अधिक भीड़ जमा है और, इस वजह से क़ैदियों की शीघ्र रिहाई की जाती है। ऐसे जेल, इस प्रकार की शीघ्र रिहाई को कम करने के लिए, विधेयक द्वारा उत्पन्न जेल में उपलब्ध जगह का उपयोग कर सकते हैं।

हमारा यह भी अनुमान है कि काउंटी सामुदायिक निगरानी वाली आबादी में गिरावट आएगी। यह इसलिए कि अपराधियों द्वारा इस प्रकार की निगरानी के अधीन कम समय बिताने की संभावना बनती है अगर उन्हें घोर अपराध के बजाय दुष्कर्म के लिए सजा सुनाई जाती है। इस प्रकार, काउंटी परिवीक्षा विभाग विधेयक के कानून बनने के कुछ ही वर्षों के अंदर अपने केस-लोड में लाखों अपराधियों की कमी अनुभव कर सकते हैं।

***अन्य काउंटी आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रभाव।*** ऊपर की गई चर्चा के अनुसार, दंड में कटौती से अल्पावधि में ही पुनः सजा सुनाए जाने से जुड़ा कार्यभार बढ़ सकता है। लेकिन, परिवर्तनों से लंबे समय में घोर अपराध दर्ज करने और अन्य अदालती सुनवाइयों (जैसे कि अपने सामुदायिक निगरानी के नियमों को तोड़ने वाले अपराधियों के लिए), दोनों से जुड़े काम के बोझ में कमी आ सकती है। परिणामस्वरूप, पहले कुछ वर्षों में जहाँ काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी और सार्वजनिक रक्षकों के कार्यालय (जो इन सुनवाइयों में भाग लेते हैं) और काउंटी शेरिफ़ (जो अदालत में सुरक्षा प्रदान करते हैं) अधिक काम का बोझ महसूस कर सकते हैं, वहीं लंबे समय में उनका कार्यभार सतत आधार पर कम होता जाएगा।

***काउंटी राजकोषीय प्रभावों का सारांश।*** हमारा अनुमान है कि ऊपर वर्णित प्रभावों के परिणामस्वरूप काउंटियों को, मुख्य रूप से जेल क्षमता मुक्त करने की वजह से, निवल आपराधिक न्याय प्रणाली बचत में लाखों मिलियन डॉलर की सालाना बचत होगी।

### विधेयक द्वारा वित्त-पोषित वर्धित सेवाओं का प्रभाव

विधेयक के तहत, अकारण ग़ैरहाज़िर रहने और पढ़ाई छोड़ देने वालों की रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य और नशीले पदार्थों के सेवन संबंधी उपचार, और अपराधियों को राजकीय जेल और स्थानीय जेल से बाहर रखने के लिए अभिकल्पित अन्य कार्यक्रमों के लिए अतिरिक्त वित्त-पोषण हेतु उपर्युक्त बचत का उपयोग किया जाएगा। यदि इस तरह के वित्त-पोषण से इन कार्यक्रमों में सहभागिता बढ़ती है और उससे प्रतिभागियों द्वारा भविष्य में अपराध करने की संभावना घटती है, तो विधेयक के परिणामस्वरूप राज्य और काउंटियों को भविष्य में अतिरिक्त बचत हो सकती है।

**इस प्रतिस्पर्धा में दिए गए धन के बारे में विवरण प्राप्त करने के लिए *http://cal-access.sos.ca.gov* पर जाएँ।**

47

*प्रस्ताव 47 के पूरे मूलपाठ के लिए, पृष्ठ 70 देखें।*

# आपराधिक दंड। साधारण अपराध सम्बन्धी दंड। पहल सम्बन्धी कानून।

## ★ प्रस्ताव 47 के पक्ष में तर्क ★

प्रस्ताव 47 कानून प्रवर्तकों, अपराध पीड़ितों और अध्यापकों द्वारा समर्थित है।

कानून प्रवर्तन समुदाय में हम प्रस्ताव 47 के समर्थन में एक साथ आए हैं क्योंकि वह:

- सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार करेगा।
- जेल खर्च और सरकारी फ़िज़ूलखर्ची को कम करेगा।
- K–12 स्कूलों, अपराध पीड़ितों की सहायता, मानसिक स्वास्थ्य उपचार और नशीली दवाओं के उपचार के लिए करोड़ों डॉलर समर्पित करेगा।

प्रस्ताव 47 तर्कसंगत है। यह हम सबको सुरक्षित करने वाली शिक्षा और अपराध रोकथाम कार्यक्रमों के लिए नए वित्त पोषण प्रदान करते हुए, हिंसक और गंभीर अपराधों पर कानून प्रवर्तन डॉलरों को केंद्रित करेगा।

यह रहा प्रस्ताव 47 के काम करने का तरीक़ा:

- *गंभीर और हिंसक अपराधों की प्राथमिकता निर्धारित करता है:* छोटे अपराधों पर जेल की जगह बर्बाद होने से रोकता है और मामूली तौर पर नशीली दवा रखने और छोटी-मोटी चोरी जैसे निम्न-स्तरीय अहिंसक अपराधों को घोर अपराध से साधारण अपराध में बदलते हुए हिंसक और गंभीर अपराधों पर कानून प्रवर्तन संसाधनों का ध्यान केंद्रित करता है।
- *ख़तरनाक अपराधियों को जेल में बंद रखता है:* यौन अपराधी के रूप में पंजीकृत और पूर्व में बलात्कार, कत्ल या बच्चे से छेड़खानी जैसे अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए व्यक्तियों के लिए घोर अपराध की सजा अधिकृत करता है।
- *करोड़ों डॉलर की बचत करता है:* अहिंसक छोटे अपराधों के लिए लोगों को जेलों में भर कर पैसा बर्बाद करने से रोकता है, जिससे प्रति वर्ष करदाताओं के लाखों रुपयों की बचत होती है।
- *स्कूलों और अपराध निवारण के लिए वित्त-पोषण करता है:* अपराध चक्र को रोकने हेतु K–12 स्कूलों में अपराध निवारण रणनीतियों के लिए, अपराध पीड़ितों की सहायता, और मानसिक स्वास्थ्य उपचार एवं नशीली दवाओं के उपचार के लिए भारी बचत समर्पित करता है।

लंबे समय से, California के भीड़ वाले जेल, अनुपातहीन रूप से करदाताओं के डॉलर और कानून प्रवर्तन संसाधनों को ख़ाली कर रहे हैं, और निम्न-स्तर के, अहिंसक अपराधों के दोषी कई लोगों को क़ैद कर रहे हैं।

निष्पक्ष, निर्दलीय विधायी विश्लेषक के कार्यालय ने प्रस्ताव 47 का सावधानी से अध्ययन किया और निष्कर्ष निकाला है कि इससे "करोड़ों डॉलरों की सालाना बचत हो सकती है, जिसे अकारण ग़ैरहाज़िर रहने और पढ़ाई छोड़ देने वालों की रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य और नशीले पदार्थों के सेवन सम्बन्धी उपचार, और पीड़ित व्यक्ति से सम्बन्धित सेवाओं पर खर्च किया जा सकता है।"

जेल प्रणाली पर प्रति वर्ष $9,000,000,000 से अधिक राजकीय खर्च किया जाता है। पिछले 30 वर्षों में California ने 22 नए जेल लेकिन केवल एक विश्वविद्यालय का निर्माण किया है।

प्रस्ताव 47 सर्वश्रेष्ठ आपराधिक न्याय विज्ञान द्वारा समर्थित समाधानों में निवेश करता है, जिससे सुरक्षा बढ़ेगी और करदाताओं के डॉलर का बेहतर उपयोग किया जाएगा।

हम:

- San Francisco के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी, Los Angeles पुलिस विभाग के पूर्व पुलिस चीफ़, और San Francisco के पूर्व पुलिस चीफ़।
- San Diego, San Jose, और Richmond शहरों के पूर्व पुलिस चीफ़।
- एक अपराध उत्तरजीवी, अपराध पीड़ितों के वकील, और कर्तव्य निभाते समय हादसे में मारे गए San Leandro पुलिस अधिकारी की विधवा।

*हम प्रस्ताव 47 का समर्थन करते हैं क्योंकि इसका मतलब है सुरक्षित स्कूल और नेबरहुड।*

प्रस्ताव 47 के हमारे समर्थन में जुड़ने वाले हैं अन्य कानून प्रवर्तन नेता और अपराध पीड़ित, अध्यापक, पुनर्वास विशेषज्ञ, व्यावसायिक नेता, नागरिक अधिकार संगठन, धार्मिक नेता, कंज़रवेटिव और लिबरल, डेमोक्रैट, रिपब्लिकन और निर्दलीय।

कृपया हमारे साथ जुड़ें, और प्रस्ताव पर हाँ में वोट दें।

प्रस्ताव 47 के बारे में अधिक जानकारी पाने या कोई प्रश्न पूछने के लिए हम आपको *VoteYes47.com* पर जाने के लिए आमंत्रित करते हैं।

**George Gascon,** डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी
San Francisco सिटी और काउंटी

**William Lansdowne,** पूर्व पुलिस चीफ़
San Diego, San Jose, Richmond

**Dionne Wilson,** पीड़ित के वकील
Crime Survivors for Safety & Justice



## ★ प्रस्ताव 47 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

यह केवल ग़लत ढंग से लिखी हुई पहल नहीं है। यह आपदा को निमंत्रण देना है। अभियोजक और निर्दोष लोगों की सुरक्षा के प्रति चिंतित वे लोग, जो हिंसक यौन शोषण, पहचान की चोरी और अन्य गंभीर अपराधों के प्रस्ताव 47 का ज़बरदस्त ढंग से विरोध करते हैं। कुछ विरोधियों में शामिल हैं:

- California Coalition Against Sexual Assault
- California District Attorneys Association
- California Fraternal Order of Police
- California Peace Officers Association
- California Police Chiefs Association
- California Retailers Association
- California State Sheriffs' Association
- Crime Victim Action Alliance
- Crime Victims United of California

*प्रस्ताव 47 समर्थक क्या इरादा रखते हैं या क्या कहते हैं, इसकी परवाह किए बिना, ये सम्माननीय कानून प्रवर्तन और पीड़ितों के अधिकार समूह चाहते हैं कि आप इन सख्त, कठोर तथ्य जानें:*

1. प्रस्ताव 47 के समर्थक यह मानते हैं कि 10,000 क़ैदी शीघ्र रिहाई के लिए पात्र होंगे। उन्होंने यह विधेयक इसलिए तैयार किया कि जज इन जेल में बंद ऐसे क़ैदियों की शीघ्र रिहाई को अवरुद्ध करने में सक्षम नहीं होंगे, जिनमें से कई हमला, डकैती और घरेलू चोरी जैसे गंभीर अपराधों के लिए पूर्व में दोषी ठहराया गये हैं।
2. यह मसौदा इतने ख़राब ढंग से तैयार किया गया है कि "डेट-रेप" के नशीले पदार्थों को अवैध रूप से पास रखने को ऐसी "चेतावनी या दंड में बदल देगा जो गंभीर नहीं।"
3. $950 से कम कीमत वाली किसी पिस्तौल को चुराना अब घोर अपराध नहीं होगा।
4. California Retailers Association के अध्यक्ष Bill Dombrowski कहते हैं कि "चोरी के लिए दंड को कम करने से, चुराई गई सम्पत्ति को प्राप्त करने और जालसाज़ी में खुदरा विक्रेताओं और उपभोक्ताओं के लाखों डॉलर खर्च होंगे।"
5. अब हमारे जेलों में कोई "छोटे-मोटे" अपराधी नहीं हैं। पहली बार, निम्न-स्तरीय नशीली दवाओं के अपराधियों को पहले ही जेल में नहीं, बल्कि बदलाव कार्यक्रमों में भेजा गया है।

हमारे समुदायों को बचाएँ। प्रस्ताव 47 पर नहीं में वोट दें।

**Sandra Henriquez,** कार्यकारी निदेशक
California Coalition Against Sexual Assault

**Adam Christianson,** अध्यक्ष
California State Sheriffs' Association

**Roger Mayberry,** अध्यक्ष
California Fraternal Order of Police



*इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की राय हैं, और उन्हें शुद्धता के लिए किसी भी आधिकारिक एजेंसी के द्वारा जाँचा नहीं गया है।*

## ★ प्रस्ताव 47 के खिलाफ तर्क ★

California कानून प्रवर्तन, बिज़नेस लीडर, और अपराध-पीड़ित के वकील, सभी प्रस्ताव 47 के खिलाफ़ वोट डालने के लिए आपसे आग्रह करते हैं।

प्रस्ताव 47 एक ग़लत ढंग से लिखी हुई पहल में लिपटी ग़लत-कल्पना वाली नीतियों का ख़तरनाक और कट्टरपंथी पैकेज है, जो California वासियों की ज़िंदगी को ख़तरे डाल सकता है।

इस ख़तरनाक विधेयक के समर्थकों ने पहले ही यह बात मानी है कि प्रस्ताव 47 से 10,000 अपराधी शीघ्र रिहाई के लिए पात्र होंगे। *एक स्वतंत्र विश्लेषण के अनुसार, उन 10,000 अपराधियों में से कई लोगों का हिंसक आपराधिक इतिहास है।*

प्रस्तुत है वह बात जो प्रस्ताव 47 के समर्थक आपको नहीं बता रहे हैं:

- *प्रस्ताव 47 के अनुसार हज़ारों ख़तरनाक क़ैदियों की रिहाई आवश्यक होगी।* प्रस्ताव 47के अधीन पूर्व में सशस्त्र डकैती, अपहरण, वाहन सवारों के साथ कार की हिंसक चोरी, बाल दुर्व्यवहार, आवासीय चोरी, आगजनी, घातक हथियार से हमला, और कई अन्य गंभीर अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए, घोर अपराधी शीघ्र रिहाई के पात्र होंगे। ये शीघ्र रिहाइयाँ प्रस्ताव 47 द्वारा वास्तव में अनिवार्य की जाएँगी। जब कि प्रस्ताव 47 के समर्थक कहते हैं कि जज ख़तरनाक अपराधियों की शीघ्र रिहाई होने नहीं देंगे, दरअसल यह सच नहीं है। प्रस्ताव 47 जजों को बहुत ही दुर्लभ मामलों के सिवाय क़ैदियों की शीघ्र रिहाई को अवरुद्ध करने से रोकता है। उदाहरण के लिए, भले ही जज पाते हैं कि क़ैदी अपहरण, डकैती, हमला, पत्नी के साथ दुर्व्यवहार, छोटे जानवरों को यातना, सवारों के साथ कार की हिंसक चोरी या आपराधिक स्ट्रीट गैंग की ओर से किए गए घोर अपराध जैसे अपराधों का जोखिम खड़ा कर सकता है, फिर भी प्रस्ताव 47 के अनुसार उनकी रिहाई अपेक्षित है।
- *प्रस्ताव 47 बंदूक चुराने के लिए स्वतः घोर अपराध के अभियोजन को हटाता है।* वर्तमान कानून के तहत, बंदूक चुराना घोर अपराध है। प्रस्ताव 47 बड़ी चोरी को इस प्रकार पुनर्परिभाषित करेगा कि बंदूक की चोरी को केवल तब घोर अपराध माना जाएगा जब बंदूक का मूल्य $950 से अधिक हो। लगभग सभी पिस्तौल (जिस प्रकार के बंदूक की अधिकांशतः चोरी होती है) खुदरा कीमत $950 से बहुत कम होती है। लोग बंदूक की चोरी सिर्फ़ इसलिए नहीं करते कि वे उन्हें अपने बंदूक संग्रह में जोड़ें। वे कोई दूसरा अपराध करने के लिए बंदूकें चुराते हैं। बंदूक चुराने वाले लोग प्रस्ताव 47 के तहत संरक्षित हैं।
- *प्रस्ताव 47 यौन-अपराधों के खिलाफ़ कानून को नज़रअंदाज़ करता है।* प्रस्ताव 47 डेट-रेप को सुगम बनाने हेतु प्रयुक्त नशीली दवाओं को पास रखने को दंड के लिए मामली दुष्कर्म बना देगा। *संदिग्ध यौन शिकारी पर डेट-रेप संबंधी नशीली दवाइयों को पास रखने के लिए चाहे कितनी ही बार क्यों न अभियोग लगाया जाए, वह केवल दुष्कर्म होगा, और जज इस प्रकार सजा सुनाने के लिए मजबूर हो जाएँगे, मानो अदालत में उनका यह पहला मामला हो।*
- *प्रस्ताव 47 हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली पर बोझ डालेगा।* इस विधेयक से हमारे जेलों में ऐसे ख़तरनाक अपराधियों की भारी भीड़ जम जाएगी जिन्हें राजकीय जेल में होना चाहिए और "जेल से छुटकारा" दिलाने के लिए California की अदालतों को सुनवाइयों से जाम कर देगा।

California में ऐसे कई कानून और प्रोग्राम हैं जो जजों और अभियोजकों को यदि उपयुक्त हो तो, पहली बार अपराध करने वाले, निम्न-स्तर के अपराधियों को जेल से बाहर रखना अनुमत करते हैं। प्रस्ताव 47 जजों और अभियोजकों के उस विवेकाधिकार को छीन लेगा। जब कोई पेशेवर अपराधी बंदूक चुराता है, या संदिग्ध यौन शिकारी डेट-रेप ड्रग अपने पास रखता है, या कारजैकर कोई अन्य वाहन चुराता है, तब मामूली दुष्कर्म के दंड के अतिरिक्त किसी और विकल्प की आवश्यकता है।

प्रस्ताव 47 सार्वजनिक सुरक्षा के लिए ख़राब है। कृपया प्रस्ताव पर नहीं में वोट दें।

**Christopher W. Boyd,** अध्यक्ष
California Police Chiefs Association

**Harriet Salarno,** अध्यक्ष
Crime Victims United

**Gilbert G. Otero,** अध्यक्ष
California District Attorneys Association

47

## ★ प्रस्ताव 47 के खिलाफ तर्क का खंडन ★

विपक्ष की भ्रामक, भयभीत करने वाली रणनीति से नासमझ न बनें:

*प्रस्ताव 47 में किसी की स्वतः रिहाई अपेक्षित नहीं है।* कोई स्वतः रिहाई नहीं है। इसमें सख्त सुरक्षा शामिल हैं, ताकि सार्वजनिक सुरक्षा का संरक्षण हो और यह सुनिश्चित हो कि बलात्कारियों, हत्यारों, छेड़छाड़ करने वालों और अत्यंत ख़तरनाक अपराधियों को लाभ न पहुँचे।

*प्रस्ताव 47 में बंदूक संबंधी अपराधों के लिए दंड वही है।* प्रस्ताव 47 के अधीन, चुराई, छिपाई गई बंदूक पास रखना घोर अपराध ही बना हुआ है। घोर अपराधियों और गैंग सदस्यों को बंदूक प्राप्त करने से रोकने के लिए अतिरिक्त घोर अपराध के दंड भी लागू हैं।

*प्रस्ताव 47 किसी यौन अपराध के लिए दंड को कम नहीं करता है।* प्रस्ताव 47 के तहत, डेट-रेप या अन्य घोर अपराध करने के लिए, किसी प्रकार के नशीली पदार्थों का उपयोग करना या उपयोग करने का प्रयास करना घोर अपराध ही बना हुआ है।

प्रमुख शहरों के पुलिस प्रमुख, शीर्ष अभियोजक, और पीड़ितों के वकील के रूप में हम California भर में हज़ारों पीड़ितों के साथ काम करते हुए, अपराध से लड़ने के लिए अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। हम प्रस्ताव 47 का समर्थन करते हैं क्योंकि वह:

- सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाएगा।
- जेल ख़र्च और सरकारी फ़िज़ूलख़र्ची को कम करेगा।
- K–12 स्कूलों, पीड़ितों और मानसिक स्वास्थ्य उपचार के लिए करोड़ों डॉलर समर्पित करेगा।

भयभीत करने की रणनीति पर विश्वास न करें। प्रस्ताव 47:

- *ख़तरनाक अपराधियों को जेल में बंद रखता है।* यौन अपराधियों और पूर्व में बलात्कार, कत्ल, या बच्चे से छेड़खानी के लिए दोषी ठहराए गए किसी भी व्यक्ति के लिए घोर अपराध अधिकृत करता है।
- *गंभीर और हिंसक अपराध की प्राथमिकता निर्धारित करता है।* छोटे अपराधों पर जेल की जगह बर्बाद होने से रोकता है और हिंसक तथा गंभीर अपराधों पर संसाधनों को केंद्रित करता है।
- *शिक्षा और अपराध की रोकथाम के लिए नए वित्त-पोषण प्रदान करता है।*

*प्रस्ताव 47 तर्कसंगत है।* इसलिए यह कानून प्रवर्तकों, अपराध पीड़ितों, अध्यापकों, पुनर्वास विशेषज्ञों, व्यावसायिक नेताओं, और धार्मिक नेताओं द्वारा समर्थित है।

**George Gascon,** डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी
San Francisco सिटी और काउंटी

**William Lansdowne,** पूर्व चीफ़ ऑफ़ पुलिस
San Diego, San Jose, Richmond

**Dionne Wilson,** पीड़ित के वकील
Crime Survivors for Safety & Justice

*इस पृष्ठ पर छपे हुए तर्क लेखकों की राय हैं, और उन्हें शुद्धता के लिए किसी भी आधिकारिक एजेंसी के द्वारा जाँचा नहीं गया है।*

प्रस्ताव

# 48 इंडियन गेमिंग कॉम्पैक्ट्स। जनमत संग्रह।

आधिकारिक शीर्षक और सारांश | अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया

## इंडियन गेमिंग कॉम्पैक्ट्स। जनमत संग्रह।

"हाँ" में वोट ऐसे कानून को मंजूरी देता है, और "नहीं" में वोट ऐसे कानून को खारिज करता है जो:

- राज्य और North Fork Rancheria के Mono इंडियन तथा Wiyot जनजाति के बीच जनजातीय गेमिंग कॉम्पैक्ट्स को मंजूर करता है।
- California पर्यावरण गुणवत्ता अधिनियम के दायरे से कॉम्पैक्ट्स को या कॉम्पैक्ट्स संबंधी संशोधनों को क्रियान्वित करने से सम्बन्धित कुछ प्रोजेक्ट्स को छोड़ देता है।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- किसी नये कैसिनो के संचालन से सम्बन्धित लागतों को हल करने के लिए North Fork जनजाति से Madera काउंटी क्षेत्र में स्थानीय सरकारों को $16 मिलियन और $35 मिलियन के बीच एकमुश्त भुगतान।
- किसी नये कैसिनो के संचालन से सम्बन्धित लागतों को हल करने के लिए North Fork जनजाति से Madera काउंटी क्षेत्र में राज्य और स्थानीय सरकारों को 20-वर्ष की अवधि में औसतन लगभग $10 मिलियन के सालाना भुगतान।
- Madera काउंटी क्षेत्र में आर्थिक विकास से बढ़ी हुई राजस्व राशि आमतौर पर आसपास के इलाकों में घटी हुई आर्थिक गतिविधि से होने वाले राजस्व के नुकसानों से बराबर हो जायेगी।

## विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण



### पृष्ठभूमि

जून 2013 में, विधानमंडल ने AB 277 पारित किया, जो राज्य और Mono इंडियन तथा Wiyot जनजाति के North Fork Rancheria के बीच गेमिंग कॉम्पैक्ट्स को मंजूर करता है। राज्य के संविधान के तहत, अधिनियमित कानून को यह निर्धारित करने के लिए कि इसे प्रभावी किया जा सकता है या नहीं, आमतौर पर एक जनमत संग्रह के रूप में मतदाताओं के सामने रखा जा सकता है। यह प्रस्ताव AB 277 पर एक जनमत संग्रह है। अगर मतदाता प्रस्ताव 48 को मंजूरी दे देते हैं, तो राज्य और दो जनजातियों के बीच गेमिंग कॉम्पैक्ट्स प्रभावी हो जायेंगे।

### California में इंडियन गेमिंग

***संघीय मंजूरी।*** संघीय कानून के अंतर्गत इंडियन जनजातियों को विशेष दर्जा प्राप्त है। विशिष्ट रूप से, जनजातियों को राज्यों से हस्तक्षेप के बिना खुद को नियंत्रित करने के कुछ अधिकार प्राप्त हैं। जिसके परिणामस्वरूप, जनजातीय कैसिनो और दूसरी गतिविधियों का राजकीय विनियमन आमतौर पर उसी तक सीमित है जो (1) संघीय कानून और (2) जनजातियों व राज्य के बीच संघीय रूप से मंजूर समझौतों के तहत अधिकृत है। उदाहरण के लिए, संघीय कानून संघीय रूप से मान्यता प्राप्त जनजातियों को, उन राज्यों में जो ऐसे गेम्स की अनुमति देते हैं, इंडियन भूमि पर ऐसे कैसिनो संचालित करने की अनुमति देता है जो कुछ प्रकार के गेम्स (जैसे कि स्लॉट मशीनें) पेश करते हों। संघीय सरकार सामान्यतया इंडियन जमीनों को आरक्षण जमीनें या अमेरिका द्वारा एक इंडियन जनजाति के लाभ के लिए ट्रस्ट में रखी जमीनों के रूप में परिभाषित करती है। हालाँकि, संघीय कानून सामान्यतया उस भूमि पर, जो 17 अक्तूबर, 1988 के बाद प्राप्त की गयी थी और एक इंडियन जनजाति के लिए ट्रस्ट में रखी गयी थी, गेमिंग का निषेध करता है। इस नियम के कुछ अपवाद हैं। उदाहरण के लिए, नयी प्राप्त की हुई भूमि पर गेमिंग की उस दशा में अनुमति है अगर संघीय सरकार निर्धारित करती है कि इस भूमि पर गेमिंग इस जनजाति के सर्वोत्तम हित में है और यह आसपास के समुदाय के लिए हानिकारक नहीं होगी। जिस राज्य में भूमि स्थित है उसके गवर्नर को औपचारिक रूप से संघीय सरकार के निर्णय से सहमत होना चाहिये।

जब कोई जनजाति अपनी भूमि पर गेमिंग प्रदान करना चाहती है, तो संघीय कानून के अनुसार आवश्यक है कि राज्य उस जनजाति के साथ बातचीत करके एक अनुबंध (जिसे "जनजाति-राज्य कॉम्पैक्ट" के रूप में जाना जाता है) तैयार करे जिसमें यह बताया गया हो कि गेमिंग को किस तरह संचालित और विनियमित किया जायेगा। यह कॉम्पैक्ट संघीय सरकार के द्वारा मंजूर होना चाहिये।

***राज्य की मंजूरी और विनियमन।*** वर्ष 2000 में California के मतदाताओं के द्वारा स्वीकृत, प्रस्ताव 1A, ने इंडियन जनजातियों को इंडियन भूमिभूमि पर स्लॉट मशीनें, लॉटरी गेम्स, और कुछ प्रकार के

ताश के खेलों को पेश करने की अनुमति देने के लिए राज्य के संविधान में संशोधन किया। प्रस्ताव 1A के तहत, कोई जनजाति इन गेम्स को पेश करने वाला कैसिनो खोल सकती है अगर (1) गवर्नर और जनजाति कॉम्पैक्ट पर सहमत हों, (2) विधानमंडल उस कॉम्पैक्ट को मंजूर कर दे, और (3) संघीय सरकार उस कॉम्पैक्ट को मंजूर करे। आज की तारीख तक, गवर्नर, विधानमंडल, और संघीय सरकार ने राज्य की संघीय रूप से मान्यता प्राप्त 109 जनजातियों में से 72 के साथ कॉम्पैक्ट्स मंजूर किये हैं। वर्तमान में, 58 जनजातियां 59 कैसिनो चलाती हैं।

राज्य और जनजातियों के बीच कॉम्पैक्ट्स बताते हैं कि राज्य किस तरह जनजातीय कैसिनो को विनियमित कर सकता है। उदाहरण के लिए, कॉम्पैक्ट्स विशेष रूप से राजकीय अधिकारियों को कैसिनो सुविधाओं का दौरा करने, कैसिनो के रिकॉर्ड्स का निरीक्षण करने, और यह सत्यापित करने की अनुमति देते हैं कि जनजातियां अपने कॉम्पैक्ट्स की आवश्यकताओं को पूरी कर रहीं हैं अथवा नहीं। इसके अलावा, कॉम्पैक्ट्स के अनुसार आमतौर पर जनजातियों के लिए विशिष्ट प्रयोजनों हेतु कुछ भुगतान करने आवश्यक होते हैं। ये भुगतान प्राथमिक रूप से राज्य सरकार की दो निधियों में किये जाते हैं:

- ***रेवेन्यू शेयरिंग ट्रस्ट फंड (RSTF)***। RSTF में जमा की जाने वाली निधियां राज्य के किसी भी कार्यक्रमों में सहारा नहीं देतीं। बल्कि, ये निधियां वर्तमान में राज्य की संघीय रूप से मान्यता प्राप्त उन 73 जनजातियों को वितरित की जाती हैं जो या तो कैसिनो नहीं चलाती हैं या 350 से कम स्लॉट मशीनों के साथ कैसिनो चलाती हैं। इन जनजातियों में से प्रत्येक इस निधि से सालाना $1.1 मिलियन की राशि प्राप्त कर सकती हैं।
- ***स्पेशल डिस्ट्रिब्यूशन फंड (SDF)*** । SDF में जमा की जाने वाली धनराशियां गेमिंग से सम्बन्धित विभिन्न उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाती हैं, जिनमें शामिल हैं: (1) यह सुनिश्चित करनाकि RSTF से आवश्यक भुगतान कर दिये गये हों, (2) जुआ खेलने की समस्याओं वाले लोगों की सहायता करने के लिए कार्यक्रमों का वित्तपोषण करना, (3) जनजातीय कैसिनो को विनियमित करने के लिए राज्य की लागतों का भुगतान करना, और (4) जनजातीय कैसिनो से प्रभावित स्थानीय सरकारों को अनुदान देना।

### हाल के North Fork और Wiyot कॉम्पैक्ट्स

राज्य ने हाल ही में दो जनजातियों के साथ कॉम्पैक्ट्स सम्बन्धी समझौता बातचीत की। North Fork के साथ कॉम्पैक्ट उन्हें Madera काउंटी में गेमिंग शुरू करने की अनुमति देता है Wiyot के साथ कॉम्पैक्ट उनकी Humboldt काउंटी की जनजातीय भूमि पर गेमिंग रोकता है, लेकिन जनजाति को North Fork के कैसिनो से उत्पन्न राजस्व का एक हिस्सा प्राप्त करने की अनुमति देता है।

***North Fork स्थल पर गेमिंग की मंजूरी।*** 2005 में, North Fork ने गेमिंग के उद्देश्य के लिए Madera काउंटी में लगभग 305 एकड़ भूमि का अधिग्रहण करने और ट्रस्ट में डालने के लिए संघीय सरकार को अनुरोध प्रस्तुत किया। (यह भूमि जनजाति के आरक्षण से लगभग 38 मील दूर स्थित है।) 2011 में, संघीय सरकार ने निर्धारित किया कि इस प्रस्तावित स्थल पर गेमिंग जनजाति के सर्वोत्तम हित में होगी और आसपास के समुदाय के लिए हानिकारक नहीं होगी। गवर्नर ने अगस्त 2012 में औपचारिक रूप से संघीय सरकार के निर्णय के साथ सहमति जतायी। उस वर्ष बाद में भूमि संघीय ट्रस्ट के अंदर रख दी गयी।



***गवर्नर और विधानमंडल ने कॉम्पैक्ट्स को मंजूरी दी।*** जैसा संघीय कानून के तहत आवश्यक है, गवर्नर ने समझौता बातचीत की तथा (1) North Fork के साथ 31 अगस्त, 2012 और (2) Wiyot के साथ 20 मार्च, 2013 को जनजातीय-राजकीय कॉम्पैक्ट्स पर हस्ताक्षर कर दिये। हर कॉम्पैक्ट 20 वर्षों के लिए—31 दिसम्बर, 2033 तक प्रभावी होगा। जून 2013 में, विधानमंडल ने AB 277 पारित किया, जो दोनों कॉम्पैक्ट्स को और साथ ही North Fork तथा राज्य और स्थानीय सरकारों के बीच विभिन्न समझौता ज्ञापनों (MOUs) को मंजूरी देता है। गवर्नर ने विधेयक पर जुलाई 2013 में हस्ताक्षर कर दिये।

***संघीय सरकार ने कॉम्पैक्ट्स को मंजूरी दे दी।*** AB 277 की मंजूरी पर, संघीय सरकार ने North Fork कॉम्पैक्ट की 22 अक्तूबर, 2013 को और Wiyot कॉम्पैक्ट की 6 सितम्बर, 2013 को अंतिम मंजूरी जारी कर दी।

***कॉम्पैक्ट्स और MOUs जनमत संग्रह द्वारा प्रतीक्षा में रख दिए गये।*** विधानसभा बिल 277, 1 जनवरी, 2014 को प्रभावी हो गया होता। हालाँकि, इस प्रस्ताव, AB 277 पर जनमत संग्रह के कारण, बिल को प्रभावी होने से पूर्व "प्रतीक्षा में" रखा गया था। अगर मतदाता प्रस्ताव 48 को मंजूरी दे देते हैं, तो राज्य और दो जनजातियों के बीच गेमिंग कॉम्पैक्ट्स प्रभावी हो जायेंगे।

*प्रस्ताव 48 के पूरे मूलपाठ के लिए, पृष्ठ 74 देखें।*

## प्रस्ताव

यदि मंजूरी दे दी जाती है, तो यह प्रस्ताव AB 277, North Fork और Wiyot के साथ जनजातीय-राजकीय कॉम्पैक्ट्स तथा जनजाति और विभिन्न सरकारी एजेंसियों के बीच MOUs को प्रभावी होने की अनुमति देगा। यह North Fork को नये कैसिनो के निर्माण और संचालन के साथ आगे बढ़ने की अनुमति देगा। Wiyot को भी उनकी जनजातीय जमीनों पर गेमिंग का आयोजन करने से रोक दिया जायेगा। इसके अलावा, कोई भी ऐसी राजकीय या स्थानीय सरकारी एजेंसी जो North Fork कैसिनो के निर्माण में सहायता करती है (जैसे कि कैसिनो तक सड़क के निर्माण के जरिये), वह राज्य के पर्यावरण सम्बन्धी कुछ विनियमों से मुक्त होगी।

अगर यह प्रस्ताव मतदाताओं के द्वारा अस्वीकार कर दिया जाता है, तो North Fork नये कैसिनो के निर्माण और संचालन के साथ आगे नहीं बढ़ सकेगी जब तक कि राज्य की और संघीय सरकारों के द्वारा नये कॉम्पैक्ट की मंजूरी न दे दी जाये। Wiyot जनजातीय जमीनों पर गेमिंग सम्बन्धी गतिविधियों के लिए राज्य के साथ नये कॉम्पैक्ट के बाबत समझौता बातचीत करने के लिए स्वतंत्र होगा।



नीचे, हम विशिष्ट कॉम्पैक्ट्स और सम्बन्धित MOUs के मुख्य प्रावधानों के बारे में चर्चा करेंगे।

***North Fork* जनजाति कैसिनो का निर्माण और संचालन कर सकती है।** North Fork कॉम्पैक्ट जनजाति को उस भूमि पर जो संघीय ट्रस्ट के अंदर गेमिंग के लिए स्वीकार की गयी थी 2,000 स्लॉट मशीनों तक के कैसिनो को निर्मित और संचालित करने की अनुमति देता है। कैसिनो स्टेट हाईवे 99 के पश्चिम में Madera काउंटी में स्थित होगा, जैसा आकृति 1 में दिखाया गया है। प्रस्तावित स्थल के निकट अन्य बहुत से जनजातीय कैसिनो और गैर-जनजातीय कार्डरूम्स हैं। निकट के जनजातीय कैसिनो में से, तीन उतनी ही संख्या में स्लॉट मशीनें संचालित करते हैं जितनी North Fork कैसिनो के लिए नियोजित की गयी थी। अगर भविष्य में राज्य North Fork स्थल के 60-मील के दायरे में किसी दूसरी इंडियन जनजाति को 2,000 से अधिक स्लॉट मशीन संचालित करने की अनुमति देता है, तो North Fork जनजाति को इतनी ही अधिक संख्या में स्लॉट मशीन संचालित करने की अनुमति दी जायेगी।


***Wiyot* जनजाति कैसिनो का निर्माण नहीं कर सकती।** Wiyot की मिल्कियत वाली भूमिभूमि Humboldt Bay, राष्ट्रीय वन्य प्राणी अभ्यारण्य के निकट है। राज्य ने Wiyot कॉम्पैक्ट में चिंता व्यक्त की थी कि इस भूमि पर कैसिनो का पर्यावरण सम्बन्धी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। तदनुसार, कॉम्पैक्ट इस जनजातीय भूमि पर गेमिंग सम्बन्धी गतिविधियों का निषेध करता है। इसके बदले में Wiyot, North Fork कैसिनो से स्लॉट मशीनों के शुद्ध वार्षिक राजस्व की 2.5 प्रतिशत से लेकर 3.5 प्रतिशत तक की राशि प्राप्त करेगी। (वास्तविक प्रतिशतता कैसिनो के द्वारा उत्पन्न स्लॉट मशीनों के शुद्ध राजस्व पर निर्भर करेगी।) North Fork का अनुमान है कि वह Wiyot को कॉम्पैक्ट के 20 वर्षों में वार्षिक रूप से औसतन $6 मिलियन के आसपास अदा करेगा। Wiyot कॉम्पैक्ट में जनजाति को किये जाने वाले भुगतानों से सम्बन्धित विभिन्न प्रशासनिक और कानूनी प्रावधान भी शामिल हैं।

***राज्य को किये जाने वाले भुगतान।*** North Fork कॉम्पैक्ट के अनुसार जनजाति द्वारा RSTF को सालाना भुगतान करने आवश्यक हैं। वास्तविक भुगतान कैसिनो के स्लॉट मशीनों के वार्षिक शुद्ध राजस्व और North Fork के द्वारा दूसरी राजकीय संस्थाओं, स्थानीय सरकारों, और जनजातियों को किये जाने वाले भुगतानों की कुल राशि पर निर्भर करेंगे। North Fork का अनुमान है कि RSTF को किये जाने वाले कुल भुगतानों का औसत कॉम्पैक्ट के जीवन काल में सालाना लगभग $15 मिलियन होगा। यह समस्त धनराशि सीधे California की दूसरी जनजातियों को आबंटित की जायेगी। कॉम्पैक्ट के अनुसार North Fork के लिए, प्राथमिक रूप से राज्य की बढ़ी हुई विनियामक लागतों और जुआ खेलने से होने वाली समस्या सम्बन्धी लागतों को कवर करने के लिए SDF को भी भुगतान करने आवश्यक हैं। इसके अलावा, North Fork के साथ एक अनुबंध की समझौता बातचीत पर, California परिवहन विभाग (Caltrans) भी प्रदान की जाने वाली कोई भी परिवहन-सम्बन्धी सेवाओं के लिए भुगतान प्राप्त करेगा। North Fork का अनुमान है कि SDF और Caltrans को किये जाने वाले भुगतानों का औसत कॉम्पैक्ट के जीवन काल में सालाना लगभग $1.5 मिलियन होगा।

***स्थानीय सरकारों को किये जाने वाले भुगतान।*** कॉम्पैक्ट और संबद्ध MOUs के अनुसार North Fork के लिए स्थानीय समुदाय पर कैसिनो के सम्भावित प्रभावों को प्रतिसंतुलित करने के लिए Madera काउंटी क्षेत्र में स्थानीय सरकारों को एकमुश्त सालाना भुगतान करने

आकृति 1

**North Fork कैसिनो और Wiyot जनजातीय भूमि के स्थान**




आवश्यक हैं। (इन भुगतानों के सम्बन्ध में और अधिक विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया पास वाला बॉक्स देखें।)

***दूसरी जनजातियों को किये जाने वाले भुगतान।*** जैसा ऊपर वर्णित किया गया है, North Fork कॉम्पैक्ट निर्दिष्ट करता है कि Wiyot को North Fork के स्लॉट मशीनों के शुद्ध राजस्व का एक हिस्सा प्राप्त होगा। इसके अलावा, नये कैसिनो के पास के Chukchansi Gold Resort and Casino पर पड़ने वाले सम्भावित आर्थिक प्रभाव को स्वीकारते हुए, कॉम्पैक्ट के अनुसार (1) Chukchansi इंडियंस के Picayune Rancheria को जून 30, 2020 तक भुगतान (North Fork के द्वारा कुल $25 मिलियन के आसपास अनुमानित), और (2) North Fork को कैसिनो में किसी भी होटल की शुरुआत को 1 जुलाई, 2018 के बाद तक टालना आवश्यक हैं। हालाँकि, North Fork को इन आवश्यकताओं का अनुपालन तभी करना होगा अगर Chukchansi, प्रस्तावित स्थल पर कैसिनो खोलने की North Fork की सामर्थ्य को चुनौती नहीं देता (जैसे कि लॉबींग के माध्यम से या अदालतों के माध्यम से)। यह देखते हुए कि Chukchansi ने कॉम्पैक्ट को विभिन्न तरीकों से चुनौती दी है, ऐसा प्रतीत होता है कि ये आवश्यकतायें लागू नहीं होंगी।

***अन्य आवश्यकताएं।*** North Fork कॉम्पैक्ट में कैसिनो के परिचालनों से सम्बन्धित अनेक आवश्यकताएं शामिल हैं। उदाहरण के लिए, इसमें कर्मचारियों और आपूर्तिकर्ताओं को लाइसेंस प्रदान करने, गेमिंग यंत्रों का परीक्षण करने, और ऐसे कार्यक्रम रखने जो व्यक्तियों को जिम्मेदारी के साथ जुआ खेलने में मदद करते हों, के लिए आवश्यकताएं हैं। इसके अलावा, अगर राज्य गैर-जनजातीय संस्थाओं को स्लॉट मशीनें चलाने के लिए अधिकृत करता है, तो कॉम्पैक्ट जनजाति को दो में से एक कार्य करने की अनुमति देता है विशिष्ट रूप से, जनजाति (1) गेमिंग और

48

**स्थानीय सरकारी भुगतान**

Mono इंडियंस के North Fork Rancheria ने तीन स्थानीय सरकारी संस्थाओं के साथ बातचीत की और समझौता ज्ञापन (MOUs) पर हस्ताक्षर किये। इन MOUs के अनुसार जनजाति को कैसिनो के निर्माण के बाद (1) कैसिनो से समुदाय पर पड़ने वाले सम्भावी प्रभावों (जैसे कि अतिरिक्त कानून प्रवर्तन के लिए या परिवहन में सुधार के लिए बढ़ी हुई लागतें) को बराबर करने और (2) विभिन्न सेवाओं या कार्यक्रमों (जैसे कि पार्कों का रखरखाव या नौकरी प्रशिक्षण कार्यक्रम) में सहायता करने के लिए भुगतान करने आवश्यक हैं। ये समझौते निम्नलिखित के साथ हैं:

- ***काउंटी ऑफ Madera।*** इस MOU के अनुसार कैसिनो के खुल जाने के बाद काउंटी को $6.9 मिलियन और $17.9 मिलियन के बीच एकमुश्त भुगतान तथा कॉम्पैक्ट के जीवन में $3.8 मिलियन सालाना भुगतान आवश्यक हैं। ये भुगतान अदा किये जाने तक हर साल मुद्रास्फीति के लिए समायोजित किये जायेंगे। MOU में जनजाति के लिए 50 प्रतिशत कैसिनो कर्मचारियों का काउंटी के निवासियों से नौकरी पर रखे जाना भी शामिल है।
- ***सिटी ऑफ Madera।*** इस MOU के अनुसार कैसिनो के खुल जाने के बाद शहर को $6.3 मिलियन और $10.3 मिलियन के बीच एकमुश्त भुगतान तथा कॉम्पैक्ट के जीवन में $1.1 मिलियन सालाना भुगतान आवश्यक हैं। काउंटी MOU की तरह ही, एकमुश्त और लगातार भुगतान मुद्रास्फीति के लिए समायोजित किये जायेंगे। MOU में जनजाति के लिए कैसिनो कर्मचारियों में से 33 प्रतिशत को शहर के निवासियों से नौकरी पर रखे जाने का लक्ष्य भी शामिल है।
- ***Madera सिंचाई डिस्ट्रिक्ट।*** इस MOU के अनुसार $47,500 के सालाना भुगतान आवश्यक हैं। अगर कैसिनो के द्वारा अपेक्षित से अधिक पानी का उपयोग किया जाता है तो इस MOU में अतिरिक्त भुगतान के लिए प्रावधान भी शामिल हैं।

इसके अलावा, North Fork कॉम्पैक्ट के अनुसार जनजाति को या तो (1) North Fork कैसिनो के 25 मील के दायरे के भीतर नकारात्मक रूप से प्रभावित हुई दूसरी स्थानीय सरकारों को सालाना भुगतान करना या (2) इन धनराशियों को रेवेन्यु शेयरिंग ट्रस्ट फंड के अंदर जमा करना आवश्यक है। North Fork का अनुमान है कि इन भुगतानों का औसत कॉम्पैक्ट के जीवन में साल में लगभग $3.5 मिलियन होगा।



ऊपर वर्णित विशिष्ट भुगतान करने बंद कर सकती है या (2) गेमिंग जारी रख सकती है और कम भुगतानों के लिए बातचीत कर सकती है।

## राजकोषीय प्रभाव

कॉम्पैक्ट्स और संबद्ध MOUs के राज्य और स्थानीय सरकारों पर राजकोषीय प्रभाव कई कारकों पर निर्भर करेंगे, जिनमें शामिल हैं:

- Madera काउंटी में खोले गये कैसिनो का आकार और प्रकार।
- नया कैसिनो किस हद तक California के दूसरे जनजातीय और गैर-जनजातीय व्यवसायों—जिनमें दूसरी गेमिंग सुविधायें भी शामिल हैं, को प्रभावित करता है।
- कॉम्पैक्ट और MOUs में दी गयी कुछ आवश्यकताओं को लागू किये जाने का तरीका।

इस प्रकार, नीचे वर्णित राज्य और स्थानीय सरकारों पर राजकोषीय प्रभावों के सम्बन्ध में कुछ अनिश्चितता है।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर प्रभाव**

जैसा ऊपर वर्णित किया गया है, North Fork राज्य और निर्दिष्ट स्थानीय सरकारों को विभिन्न भुगतान करेगी। इन राजस्व राशियों का उपयोग आमतौर पर Madera काउंटी में नये कैसिनों के परिचालन से सम्बंधित लागतों को हल करने के लिए किया जायेगा।

***राज्य सम्बन्धी प्रभाव।*** North Fork कॉम्पैक्ट के तहत, जनजाति SDF के अंदर सालाना भुगतान करेगी जिनसे उम्मीद है कि वे राज्य की वास्तविक विनियामक, जुआ खेलने से होने वाली समस्या सम्बन्धी, और दूसरी लागतों के उसके हिस्से को कवर कर लेंगे। इसके अलावा, North Fork जनजाति के साथ किये गये समझौते के तहत प्रदान की गयी

परिवहन-सम्बन्धी सेवाओं के लिए Caltrans को भुगतान करेगी। इन भुगतानों का औसत कॉम्पैक्ट के जीवन काल में सालाना तौर पर लगभग $1.5 मिलियन होगा।

***स्थानीय सरकार सम्बन्धी प्रभाव।*** मुद्रास्फीति के लिए समायोजन करने के बाद, हमारा अनुमान है कि Madera काउंटी और सिटी ऑफ Madera को North Fork से निर्दिष्ट सेवाओं के लिए एकमुश्त भुगतानों में सम्भवतया $16 मिलियन और $35 मिलियन के बीच प्राप्त होंगे। उसी प्रकार, Madera काउंटी, सिटी ऑफ Madera, और Madera सिंचाई डिस्ट्रिक्ट को कैसिनो के कॉम्पैक्ट के अंत तक, खुल जाने के बाद सालाना भुगतानों में लगभग $5 मिलियन प्राप्त होंगे। इसके अलावा, दूसरी स्थानीय सरकारों को कॉम्पैक्ट के जीवन में सालाना तौर पर $3.5 मिलियन प्राप्त हो सकते हैं।

**राज्य और स्थानीय सरकार के राजस्व**

***राजस्व राशियों पर प्रभाव।*** नये कैसिनो में गेमिंग पर खर्च आमतौर पर निम्नलिखित की कीमत पर आता है: (1) गेमिंग पर अन्य खर्च (उदाहरण के लिए, पास के कैसिनो या कार्डरूम पर अथवा राज्य लॉटरी पर) या (2) खर्च के अन्य विवेकाधीन स्रोत (जैसे कि फिल्मों या बाहर खाने पर)। खर्च में इन बदलावों के परिणामस्वरूप राज्य और स्थानीय सरकारों को घटी हुई राजस्व राशियां प्राप्त हो सकती हैं।

- ***गेमिंग-सम्बन्धी घटी हुई राजस्व राशियां।*** राज्य और स्थानीय सरकारें वर्तमान में गेमिंग के दूसरे प्रकारों—जैसे कि California लॉटरी, घुड़दौड़, और कार्डरूम्स से राजस्व प्राप्त करती हैं। जनजातीय जमीनों पर विस्तारित गेमिंग राजकीय और स्थानीय राजस्व के इन अन्य स्रोतों को कम कर सकती है। इसके अलावा, नया North Fork कैसिनो ऐसे ग्राहकों को आकर्षित करेगा जो अन्यथा California के दूसरे जनजातीय कैसिनो में जाते। इन दूसरी जनजातियों को उनके कैसिनो से अपेक्षतया कम राजस्व प्राप्त होगा और वे अपने कॉम्पैक्ट्स की शर्तों के तहत राज्य को कम भुगतान कर सकेंगे।
- ***कर योग्य आर्थिक गतिविधि पर प्रभाव।*** California वासी अपनी आमदनी का अधिक भाग ऐसी जनजातीय सुविधाओं पर खर्च करेंगे, जो अधिकांश प्रकार के राजकीय और स्थानीय करों से मुक्त हों। इसका मतलब है California वासी ऐसे दूसरे व्यवसायों पर कम खर्च करेंगे जो राज्य के और स्थानीय करों के आधीन हैं—उदाहरण के लिए, होटल, रेस्तरां, और जनजातीय जमीनों से दूर मनोरंजन के व्यवसाय। इसके परिणामस्वरूप राज्य और स्थानीय सरकारों को घटी हुई कर राजस्व राशियां प्राप्त होंगी।

ये सम्भावित राजस्व कटौतियां महत्वपूर्ण नहीं होंगी।

***स्थानीय आर्थिक प्रभाव।*** North Fork के नये कैसिनो की शुरुआत के परिणामस्वरूप लोग इलाके के बाहर से Madera काउंटी में जुआ खेलने और सामान व सेवायें खरीदने के लिए आयेंगे। यह खर्च जनजातीय जमीनों पर और आसपास के समुदायों दोनों में होगा। इसके अलावा, जनजाति सम्भवतया कर्मचारियों को नौकरी पर रखेगी, वे भी काउंटी के भीतर सामान व सेवायें खरीदेंगे। नतीजतन, Madera काउंटी में स्थानीय सरकारें सम्भवतया बढ़ी हुई आर्थिक गतिविधि से राजस्व में वृद्धि अनुभव करेंगी। ये बढ़ी हुई राजस्व राशियां सामान्यतया आसपास की काउंटियों में घटी हुई आर्थिक गतिविधि से हुए राजस्व के नुकसान से बराबर हो जायेंगे।

**इस प्रतिस्पर्धा में दिए गए धन के बारे में विवरण प्राप्त करने के लिए *http://cal-access.sos.ca.gov* पर जाएँ।**



*प्रस्ताव 48 के पूरे मूलपाठ के लिए, पृष्ठ 74 देखें।*

## ★ प्रस्ताव 48 के पक्ष में तर्क ★

प्रस्ताव 48 पर हाँ में मतदान करें—राज्य के करदाताओं से बिना कोई कीमत वसूले—रोजगार के हजारों अवसर पैदा करने, राजकीय और स्थानीय राजस्व उत्पन्न करने, स्थानीय नियंत्रण का सम्मान करने, और सुंदर वन्य जीव क्षेत्रों का संरक्षण करने में मदद करें।

प्रस्ताव 48 गवर्नर के द्वारा समझौता बातचीत, राज्य विधानमंडल के द्विदलीय बहुमत के द्वारा पुष्टि प्राप्त, और स्थानीय, राजकीय, तथा संघीय अधिकारियों के द्वारा समर्थित दो ऐसे कॉम्पैक्ट्स की पुष्टि करता है जो Yosemite के निकट North Fork जनजाति और Humboldt Bay के निकट Wiyot जनजाति को Central Valley में इंडियन भूमि पर एक ऐसा एकल प्रोजेक्ट बनाने की पुष्टि करता है जो:

• रोजगार के हजारों अवसर पैदा करेगा • उच्च बेरोजगारी के क्षेत्रों में व्यवसाय के अवसर और आर्थिक विकास उत्पन्न करेगा • मजबूती के साथ-समर्थित सामुदायिक प्रोजेक्ट के लिए स्थानीय नियंत्रण बनाये रखेगा • राज्य और स्थानीय सरकारों तथा नॉन-गेमिंग जनजातियों के साथ राजस्व राशियों को बांटेगा • जनजातीय आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगा • पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में संभावित विकास से बचेगा • North Fork जनजाति की संघीय रूप से रखी गयी ऐतिहासिक भूमि पर स्थित होगा

हाँ में वोट करें—हजारों अच्छे-लाभकारी रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद करें

यह प्रोजेक्ट सैंकड़ों मिलियन डॉलर के निजी निवेश के परिणामस्वरूप, राज्य की और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ाते हुए 4,000 से भी अधिक रोजगार के अवसर पैदा करेगा।

*"हाँ में मतदान करना California वासियों के लिए रोजगार के अच्छे अवसरों और हमारे राज्य के निर्धनतम क्षेत्रों में शामिल क्षेत्र के लिए नये आर्थिक अवसरों की गारंटी देता है"।* —Robbie Hunter, अध्यक्ष, California राज्य भवन एवं निर्माण व्यापार काउंसिल

*"Madera, Fresno, और पूरी San Joaquin Valley में रोजगार और व्यवसाय के अवसर लाने के लिए हम North Fork गेमिंग कॉम्पैक्ट का समर्थन करते हैं"।* —सेंट्रल California हिस्पैनिक चैम्बर ऑफ कॉमर्स

हाँ में वोट करें—स्थानीय नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा, और CENTRAL VALLEY के लिए अवसर का समर्थन करें

हाँ में मतदान करना सार्वजनिक सुरक्षा, स्कूलों, पार्कों, सड़कों और दूसरी सार्वजनिक सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण वित्तपोषण धनराशि प्रदान करता है।

*"यह प्रोजेक्ट स्थानीय शेरिफ, पुलिस, दमकल, और अन्य फर्स्ट रेस्पोंडर्स का वित्तपोषण करेगा"।* —शेरिफ John Anderson, Madera काउंटी

*"इस प्रोजेक्ट से हमारा क्षेत्र आर्थिक रूप से लाभांवित होगा। हम प्रतिस्पर्धी कैसिनो के साथ वित्तीय सम्बन्धों वाले New York के हेज़ फंड ऑपरेटर्स को हमारा आर्थिक भविष्य निर्धारित करने की अनुमति नहीं दे सकते हैं। स्थानीय नियंत्रण की रक्षा करने के लिए हाँ में मतदान करें"।* —Tom Wheeler, चेयरमैन, Madera काउंटी बोर्ड ऑफ सुपरवाइजर्स

हाँ में मतदान करें—जनजातीय आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दें

हाँ में मतदान करना राज्य के करदाताओं पर बिना कोई लागत डाले—California की जनजातियों को खुद अपनी मदद करने में मदद करता है। यह नॉन-गेमिंग जनजातियों के लिए सैंकड़ों मिलियन डॉलर्स की धनराशि प्रदान करके राज्य के बजट को मजबूती देता है, जिसके कारण राज्य की सम्भावी वित्तीय देयता घटती है।

*"जनजातियों ने California में सर्वत्र इन समझौतों का समर्थन किया। वे राज्य को अत्यावश्यक राजस्व उपलब्ध कराते हैं और छोटी, नॉन-गेमिंग जनजातियों को देशी लोगों को आत्मनिर्भर होने में मदद करने के लिए वित्तपोषण प्रदान करते हैं"।* —Will Micklin, कार्यकारी निदेशक, California एसोसिएशन ऑफ ट्राइबल गवर्नमेंट्स

हां में वोट करें—California के सुंदरतम वन्य जीव क्षेत्रों का संरक्षण करें

हाँ में डाली जाने वाली वोट Yosemite के समीप और Humboldt Bay राष्ट्रीय वन्य प्राणी और के पास Sierra तलहटी में सम्भावी कैसिनो निर्माण से बचाती है।

*"प्रस्ताव 48 पर हाँ में डाली जाने वाली वोट California के पर्यावरण की दृष्टि से दो सबसे कीमती क्षेत्रों की रक्षा करता है"।* —Dan Cunning, Yosemite Sierra विजिटर्स ब्यूरो

प्रस्ताव 48 से सम्बन्धित कॉम्पैक्ट्स को एक व्यापक राज्यव्यापी गठबंधन का समर्थन प्राप्त है, जिसमें शामिल हैं:

• गवर्नर Edmund G. Brown Jr. • California राज्य भवन एवं निर्माण व्यापार काउंसिल • सेंट्रल California हिस्पैनिक चैम्बर ऑफ कॉमर्स • सिटी ऑफ Madera पुलिस ऑफिसर्स एसोसिएशन • California एसोसिएशन ऑफ ट्राइबल गवर्नमेंट्स

समर्थकों की पूरी सूची के लिए देखें *www.VoteYES48.com*

रोजगार के अवसर पैदा करें। अर्थव्यवस्था का विकास करें। स्थानीय नियंत्रण का सम्मान करें। राज्य और स्थानीय सरकार के राजस्व उत्पन्न करें। CALIFORNIA के पर्यावरण की रक्षा करें।

प्रस्ताव 48 पर हाँ में मतदान करें।

*www.VoteYES48.com*

**Edmund G. Brown Jr.,** गवर्नर
California राज्य

**Tom Wheeler,** चेयरमैन
बोर्ड ऑफ सुपरवाइजर्स, Madera काउंटी

**Robbie Hunter,** अध्यक्ष
California राज्य भवन एवं निर्माण व्यापार काउंसिल

## ★ प्रस्ताव 48 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 48 पर नहीं में मतदान करें । यह North Fork जनजाति को Madera काउंटी में बड़े पैमाने पर आरक्षण से दूर, Vegas-शैली के कैसिनो निर्मित करने की अनुमति देगा।

Madera काउंटी सुपरवाईजर के रूप में, मैं अपने समुदाय में इस कैसिनो का विरोध करता हूँ।

North Fork की आरक्षण भूमि प्रस्तावित स्थान से एक घंटे से भी अधिक की ड्राइव पर है, लेकिन वे 2,000 स्लॉट मशीन वाला कैसिनो यहाँ पर निर्मित करना चाहते हैं क्योंकि यह मुख्य फ्रीवे और Central Valley के समुदायों के करीब है। यह रोजगार के अवसर पैदा नहीं करेगा; यह केवल उन्हें इलाके के व्यवसायों और मौजूदा कैसिनो से अनुचित तौर पर निकालेगा।

वर्षों पहले जब California वासियों ने इंडियन गेमिंग को मंजूरी दी थी, तो हमें बताया गया था कि मूल आरक्षण भूमि पर सीमित संख्या में कैसिनो निर्मित किये जायेंगे।

प्रस्ताव 48 वादे को भंग करता है।

अभी तक, दर्जनों जनजातियों ने नियमों के अनुसार खेला है, लेकिन प्रस्ताव 48 आरक्षण से दूर वाले पहले कैसिनो को अनुमति देगा और समूचे California में कैसिनो प्रोजेक्ट्स की एक लहर शुरू कर देगा।

संयुक्त राज्य सीनेटर Dianne Feinstein ने इस आरक्षण से दूर वाले प्रस्तावित कैसिनो का विरोध किया। गवर्नर Jerry Brown को भेजे गये एक विरोध पत्र में उन्होंने कहा:

*". . . बाजार पहले से ही परिपूर्ण होने के बावजूद, ग्रामीण क्षेत्रों से जनजातियां बाजार का बेहतर हिस्सा प्राप्त करने के लिए अधिक घनी आबादी वाले क्षेत्रों में कैसिनो के लिए 'आरक्षण शॉपिंग' कर रही हैं। ऐसा होने देने की अनुमति नहीं दी जा सकती है; बस अब बहुत हो चुका"।*

मैं सीनेटर Feinstein से सहमत हूँ। प्रस्ताव 48 पर नहीं में मतदान करें।

मैं अपने समुदाय से प्यार करता हूँ और और एक मेगा-कैसिनो निर्मित करना, जो अपने साथ अधिक यातायात, प्रदूषण और अपराध लेकर आयेगा, एकदम गलत है।

हमारे सभी इलाकों में आरक्षण से दूर, Vegas-शैली कैसिनो बंद करने के लिए, प्रस्ताव 48 पर नहीं में मतदान करें।

**David Rogers,** Madera काउंटी सुपरवाईजर



*इस पृष्ठ पर छपे हुए तर्क लेखकों की राय हैं, और उन्हें शुद्धता के लिए किसी भी आधिकारिक एजेंसी के द्वारा जाँचा नहीं गया है।*

## ★ प्रस्ताव 48 के खिलाफ तर्क ★

प्रस्ताव पर नहीं में मतदान करें। 48। इंडियन गेमिंग को केवल जनजातीय आरक्षण भूमि पर ही रखें।

वर्षों पहले, California की इंडियन जनजातियों ने मतदाताओं से इंडियन आरक्षण भूमि पर सीमित कैसिनो गेमिंग मंजूर करने के लिए कहा। उन्होंने वादा किया कि इंडियन कैसिनो केवल जनजातियों की मूल आरक्षण भूमि पर ही स्थित होंगे। प्रस्ताव 48 ने वादा तोड़ा है ।

हालांकि अधिकतर जनजातियों ने अपनी मूल आरक्षण भूमि पर निर्माण करके और मतदाताओं की इच्छाओं का आदर करते हुए नियमों के अनुसार खेला, लेकिन दूसरी जनजातियां इन नियमों को तोड़ने और California के समूचे शहरी क्षेत्रों में कैसिनो प्रोजेक्ट निर्मित करने की तलाश में हैं। प्रस्ताव 48 पर नहीं में मतदान करें। आरक्षण शॉपिंग बंद करने के लिए । प्रस्ताव 48 एक ऐसे विवादास्पद जनजातीय गेमिंग कॉम्पैक्ट को मंजूरी देगा जो North Fork जनजाति को जनजाति की स्थापित आरक्षण भूमि से एक घंटे से भी अधिक की दूरी पर, मुख्य फ्रीवे और Central Valley समुदायों के अधिक करीब, आरक्षण क्षेत्र से दूर, Vegas-शैली की 2,000 स्लॉट मशीन वाला कैसिनो निर्मित करने देगा।

प्रस्ताव 48 आरक्षण भूमि से दूर कैसिनो प्रोजेक्ट्स की एक नयी अनिष्टकारी बौछार शुरू कर देगा। California में पहले से ही 60 कैसिनो से भी अधिक हैं। बस अब बहुत हो चुका। प्रस्ताव पर नहीं में वोट दें। 48.

अखबारों ने इस विवादास्पद इंडियन गेमिंग कॉम्पैक्ट की अस्वीकृति के लिए आह्वान किया:

"हालांकि अधिकतर कैसिनो अभी भी दुरस्थ स्थानों पर हैं, लेकिन जनजातियों के द्वारा फ्रीवे के आकर्षक स्थानों पर अतिरिक्त जमीन खरीदने की नयी कोशिश एक नये कैसिनो उछाल के शुरू होने के खतरे का संकेत है"। *Fresno Bee*, 4/21/13

"इस साल, यह North Fork जनजाति है। दूसरी जनजातियां शहरी क्षेत्रों में कैसिनो निर्मित करने के लिए अपनी बोलियां लगाने के लिए कतार लगाये खड़ी हैं"। *Bakersfield Californian*, 9/4/13

"मतदाताओं को आश्वस्त किया गया था (कि उनकी गेमिंग की मंजूरी) कैसिनो उछाल को सक्रिय नहीं करेगी और साथ ही यह भी कि कैसिनो का निर्माण केवल मान्यता-प्राप्त इंडियन क्षेत्र पर ही किया जायेगा"। *San Diego Union-Tribune*, 8/11/13

"अब दो कैसिनो प्रस्ताव राज्य में इंडियन गेमिंग के एक नये युग के लिए दरवाजा खोल सकते हैं। . . जो इन्हें मौजूदा आरक्षण जमीनों से दूर स्थित राज्य के पहले कैसिनो बना देंगे"। *Los Angeles Times*, 8/19/12

प्रस्ताव 48 CALIFORNIA के लिए एक बुरा सौदा है। पूर्व के इंडियन गेमिंग कॉम्पैक्ट्स के विपरीत यह सौदा California के स्कूलों के लिए कोई पैसा प्रदान नहीं करता और हमारी राज्य सामान्य निधि के लिए कोई अतिरिक्त पैसा प्रदान नहीं करता है।

प्रस्ताव 48 रोजगार के नये अवसर पैदा नहीं करता। प्रस्तावित नया कैसिनो बस पास के कैसिनो और व्यवसायों के संसाधन और रोजगार लेगा।

प्रस्ताव 48 California के लिए एक बुरा सौदा है, लेकिन Las Vegas के धनी कैसिनो ऑपरेटर के लिए, जो casino चलायेगा, शानदार सौदा है। इसने ऊँचे-दाम वाले लॉबिस्ट की सेवायें लीं और California में आरक्षण से दूर कैसिनो निर्मित करने की कोशिश पर भारी रकम खर्च की। Nevada गेमिंग आयोग और Missouri गेमिंग आयोग के द्वारा इस पर अनुचित श्रम कार्य-व्यवहारों का आरोप लगाया गया है और जुर्माना लगाया गया है।

प्रस्ताव 48 पर्यावरण की रक्षा नहीं करता है। Central Valley के व्यवसायों, किसानों, और समुदाय के लीडर्स के द्वारा इसका विरोध किया गया है क्योंकि इसका मतलब है और अधिक वायु प्रदूषण, और अधिक यातायात, और खुली जगह की कमी। यह पानी की पहले से ही सीमित आपूर्ति पर भी बहुत बड़ा बोझ डालता है।

प्रस्ताव 48 पर नहीं में मतदान करें हमारे इलाकों में Vegas-शैली के कैसिनो बंद करें और आरक्षण भूमि से दूर नये कैसिनो की अनिष्टकारी बौछार बंद करें । हमारे साथ शामिल हों और प्रस्ताव 48 पर नहीं में मतदान करें। और अधिक पढ़ने के लिए वेबसाइट *www.StopReservationShopping.com*

**Henry Perea,** Fresno काउंटी सुपरवाईजर
**Manuel Cunha, Jr.,** अध्यक्ष
Nisei फार्मर्स लीग
**Gary Archuleta,** आदिवासी चेयरमैन
Mooretown Rancheria

48

## ★ प्रस्ताव 48 के खिलाफ तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 48 के विरोधियों के द्वारा गुमराह नहीं हों! 48 पर नहीं के लिए WALL STREET हैज फंड्स और वैध प्रतिस्पर्धा को रोकने के लिए अमीर गेमिंग जनजातियों के द्वारा दाम चुकाये गये थे।

यहाँ तक कि Cheryl Schmit, जिन्होंने यह जनमत संग्रह दायर किया और अब 48 पर नहीं अभियान की अगुवाई कर रही हैं ने, विरोधियों के लिए काम करना शुरू करने से पहले—इस प्रोजेक्ट साइट की खूबियां स्वीकार की थीं:

*"यह आरक्षण शॉपिंग नहीं है। . . . यह गेमिंग को उस स्थान पर स्थित करने के लिए जहाँ पर यह वांछित है, राज्य के द्वारा अपने अधिकार का प्रयोग करना है"।* —Cheryl Schmit, California के लिए टिके रहें!, *San Diego Union-Tribune*, 2/4/06।

प्रस्ताव 48 पर हाँ में मतदान करें—ऐसे दो कॉम्पैक्ट्स को बनाये रखें जो*संघीय रूप से-रखी हुई इंडियन भूमि पर एकल प्रोजेक्ट को मंजूरी देकर CALIFORNIA वासियों को महत्वपूर्ण लाभ और संरक्षण प्रदान करते हैं जो:*

*• हजारों अच्छे-लाभकारी रोजगार के अवसर पैदा करेंगे • CALIFORNIA के निर्धनतम क्षेत्रों में शामिल क्षेत्र के लिए आर्थिक विकास उत्पन्न करेंगे • समुदाय के द्वारा व्यापक रूप से समर्थित प्रोजेक्ट के लिए स्थानीय नियंत्रण बनाये रखेंगे • CALIFORNIA की दो सबसे बड़ी जनजातियों के लिए जनजातीय आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देंगे • पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील दो क्षेत्रों को संरक्षित करने में मदद करेंगे*

गवर्नर Brown, 48 पर हाँ के समर्थक, सहमत हैं कि North Fork जनजाति का *"जमीन के साथ महत्वपूर्ण ऐतिहासिक सम्बंध है" और यह भी कि मंजूरी प्रक्रिया जो "सात वर्षों से भी अधिक समय तक चली" "अत्यंत श्रमसाध्य" थी।*

गवर्नर Brown ने उसके कॉम्पैक्ट्स को उलटने के लिए "48 पर नहीं" वाले प्रयास को*"दुर्भाग्यपूर्ण" और "पैसा और प्रतिस्पर्धा" के बाबत बताया।*

प्रस्ताव 48 सम्बन्धी कॉम्पैक्ट्स का समर्थन कर रहे दूसरे लोगों के साथ शामिल हों:

• California डेमोक्रेटिक पार्टी • असेम्बलीमैन Frank Bigelow, पूर्व अध्यक्ष, California राज्य काउंटी एसोसिएशन • California एसोसिएशन ऑफ ट्राइबल गवर्नमेंट्स • सिटी ऑफ Madera पुलिस ऑफिसर्स एसोसिएशन • 49,000 से अधिक California श्रमिकों का प्रतिनिधित्व कर रही UNITE HERE!,

प्रस्ताव 48 पर हाँ में मतदान करें।

*www.voteYes48.com*

**Robbie Hunter,** अध्यक्ष
California राज्य भवन एवं निर्माण व्यापार काउंसिल
**John Anderson,** शेरिफ
Madera काउंटी शेरिफ कार्यालय
**Debi Bray,** अध्यक्ष
Madera चैम्बर ऑफ कॉमर्स

*इस पृष्ठ पर छपे हुए तर्क लेखकों की राय हैं, और उन्हें शुद्धता के लिए किसी भी आधिकारिक एजेंसी के द्वारा जाँचा नहीं गया है।*

*11 अगस्त, 2014 को, California सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के द्वारा प्रस्ताव 49 को मतपत्र से हटा दिया गया था।*

## विधायी या कांग्रेस के उम्मीदवारों के वक्तव्य

इस मतदाता मार्गदर्शिका में राज्यव्यापी मतपत्र विधेयकों और राज्य के उम्मीदवारों के बारे में जानकारी शामिल है। राज्य सीनेट, विधानसभा, और यू.एस. हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स का हर सदस्य केवल एक या कुछ ही काउंटियों के मतदाताओं का काम करता है / प्रतिनिधित्व करता है, इसलिए उन पदों के लिए उम्मीदवारों के वक्तव्य आपकी काउंटी की नमूना मतपत्र पुस्तिका में उपलब्ध हो सकते हैं।

उम्मीदवारों की अंतिम प्रमाणित सूची के लिए, जो इस मार्गदर्शिका के प्रकाशित हो जाने बाद नियत थी, *www.sos.ca.gov/elections/elections_cand.htm* देखें।

---

## राज्यव्यापी उम्मीदवारों और मतपत्र विधेयकों के लिए शीर्ष योगदानकर्ता

जब कोई समिति किसी मतपत्र विधेयक या उम्मीदवार का समर्थन या विरोध करती है और कम से कम $1 मिलियन जुटाती है, तो समिति को अपने शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं के बारे में California निष्पक्ष राजनीतिक कार्य-व्यवहार आयोग (FPPC) को रिपोर्ट करना चाहिये। कोई बदलाव होने पर समिति को शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं की सूची को अद्यतन करना चाहिये। ये सूचियां *www.fppc.ca.gov/top10Nov2014* या *www.fppc.ca.gov/candidateNov2014* पर FPPC वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

---

## मतदाता पंजीकरण

अगर आप अपना नाम बदल लेते हैं, अपने घर का पता, अपना डाक पता बदल लेते हैं, या किसी राजनीतिक दल को बदलना या उसका चयन करना चाहते हैं, तो आप अपनी मतदाता पंजीकरण सूचना को अद्यतन करने के लिए जिम्मेदार हैं।

*RegisterToVote.ca.gov* पर ऑनलाइन फॉर्म के साथ मतदान करने के लिए पंजीकरण कराना पहले से कहीं ज्यादा आसान है। मतदाता पंजीकरण आवेदन-पत्र अधिकतर डाकखानों, पुस्तकालयों, शहर और काउंटी के सरकारी कार्यालयों, और California सेक्रेटरी ऑफ स्टेट के कार्यालय पर भी उपलब्ध हैं।

---

## शारीरिक असमर्थताओं वाले मतदाताओं के लिए

यह सुनिश्चित करने के लिए कि ऐसे मतदाताओं को जो अंधे हैं या जिन्हें ठीक से दिखायी नहीं देता, राज्यव्यापी मतपत्र सम्बन्धी जानकारी सुलभ हो, California सेक्रेटरी ऑफ स्टेट इस मतदाता मार्गदर्शिका के ऑडियो और बड़े-प्रिंट वाले संस्करण तैयार कराते हैं। इस मतदाता मार्गदर्शिका के किसी भी संस्करण को बिना किसी लागत के मंगाने के लिए, (888) 345-2692 पर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट की टोलफ्री मतदाता हॉटलाइन को फोन करें या वेबसाइट *www.sos.ca.gov* देखें। डाउनलोड किये जा सकने वाला एक ऑडियो MP3 संस्करण *www.voterguide.sos.ca.gov/en/audio* पर उपलब्ध है।

# राज्य के उम्मीदवारों की सूची और स्वैच्छिक अभियान खर्च सीमायें

California के कानून में राजकीय पद (न कि संघीय पद) के लिए चुनाव में खड़े हो रहे उम्मीदवारों के लिए स्वैच्छिक खर्च सीमायें शामिल हैं। गवर्नर, लेफ्टिनेंट गवर्नर, सेक्रेटरी ऑफ स्टेट, कंट्रोलर, कोषाध्यक्ष, अटॉर्नी जनरल, इंश्योरेंस कमिशनर, लोक शिक्षण के अधीक्षक, और बोर्ड ऑफ ईक्वलाइज़ेशन के लिए चुनाव में खड़े हो रहे ऐसे उम्मीदवार जो अपने अभियान खर्चों को निर्दिष्ट डॉलर राशि से नीचे रखने का निर्णय लेते हैं, वे इस मतदाता मार्गदर्शिका में उम्मीदवार के वक्तव्य (250 शब्दों तक) के लिए स्थान खरीद सकते हैं।

इस पृष्ठ पर दी गयी उम्मीदवार सूची में, तारे का निशान (*) उस उम्मीदवार को निर्दिष्ट करता है जिसने California की स्वैच्छिक अभियान खर्च सीमायें स्वीकार की थीं और इसलिए उसके पास इस मतदाता मार्गदर्शिका में उम्मीदवार के वक्तव्य के लिए स्थान खरीदने का *विकल्प* है। (कुछ योग्य उम्मीदवार, उम्मीदवार के वक्तव्य के लिए स्थान नहीं खरीदने का निर्णय लेते हैं।)

उम्मीदवारों के वक्तव्य इस मतदाता मार्गदर्शिका के 51–61 पृष्ठों पर दिये गये हैं।

4 नवम्बर, 2014 को होने वाले आम चुनाव में गवर्नर के पद के उम्मीदवारों के लिए स्वैच्छिक खर्च सीमा $13,610,000 है।

4 नवम्बर, 2014 को होने वाले आम चुनाव में लेफ्टिनेंट गवर्नर, सेक्रेटरी ऑफ स्टेट, कंट्रोलर, कोषाध्यक्ष, अटॉर्नी जनरल, इंश्योरेंस कमिशनर, और लोक शिक्षण के अधीक्षक के पद के उम्मीदवारों के लिए स्वैच्छिक खर्च सीमा $8,166,000 है।

4 नवम्बर, 2014 को होने वाले आम चुनाव में बोर्ड ऑफ ईक्वलाइज़ेशन के उम्मीदवारों के लिए स्वैच्छिक खर्च सीमा $2,041,000 है।

राजकीय पद के लिए उम्मीदवारों की निम्नलिखित सूची 11 अगस्त, 2014—इस मतदाता मार्गदर्शिका के लिए आवश्यक सार्वजनिक प्रदर्शन की अवधि की समाप्ति तक अद्यतन है। उम्मीदवारों की अंतिम प्रमाणित सूची के लिए, जो इस मार्गदर्शिका के प्रकाशित हो जाने के बाद नियत थी, www.sos.ca.gov/elections/elections_cand.htm *पर जायें।*

**गवर्नर**

| | | |
|---|---|---|
| | Edmund G. "Jerry" Brown | डेमोक्रैटिक |
| | Neel Kashkari | रिपब्लिकन |

**लेफ्टिनेंट गवर्नर**

| | | |
|---|---|---|
| * | Ron Nehring | रिपब्लिकन |
| | Gavin Newsom | डेमोक्रैटिक |

**सेक्रेटरी ऑफ स्टेट**

| | | |
|---|---|---|
| * | Alex Padilla | डेमोक्रैटिक |
| * | Pete Peterson | रिपब्लिकन |

**कंट्रोलर**

| | | |
|---|---|---|
| | Ashley Swearengin | रिपब्लिकन |
| * | Betty T. Yee | डेमोक्रैटिक |

**कोषाध्यक्ष**

| | | |
|---|---|---|
| * | John Chiang | डेमोक्रैटिक |
| * | Greg Conlon | रिपब्लिकन |

**अटॉर्नी जनरल**

| | | |
|---|---|---|
| * | Ronald Gold | रिपब्लिकन |
| | Kamala D. Harris | डेमोक्रैटिक |

**इंश्योरेंस कमिशनर**

| | | |
|---|---|---|
| * | Ted Gaines | रिपब्लिकन |
| * | Dave Jones | डेमोक्रैटिक |

**बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन डिस्ट्रिक्ट 1**

| | | |
|---|---|---|
| * | Chris Parker | डेमोक्रैटिक |
| * | George Runner | रिपब्लिकन |

**बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन डिस्ट्रिक्ट 2**

| | | |
|---|---|---|
| * | Fiona Ma | डेमोक्रैटिक |
| * | James E. Theis | रिपब्लिकन |

**बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन डिस्ट्रिक्ट 3**

| | | |
|---|---|---|
| * | Jerome E. Horton | डेमोक्रैटिक |
| * | G. Rick Marshall | रिपब्लिकन |

**बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन डिस्ट्रिक्ट 4**

| | | |
|---|---|---|
| * | Diane L. Harkey | रिपब्लिकन |
| * | Nader Shahatit | डेमोक्रैटिक |

**लोक शिक्षण के अधीक्षक**

| | | |
|---|---|---|
| * | Tom Torlakson | निर्दलीय |
| * | Marshall Tuck | निर्दलीय |

# उम्मीदवार के वक्तव्य

## ★ गवर्नर ★

- मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में, अधिकांश राज्य विभागों और एजेंसियों का पर्यवेक्षण करता है, और न्यायाधीशों की नियुक्ति करता है।
- नए कानूनों का प्रस्ताव करता है, विधानों का अनुमोदन या उन पर वीटो करता है, और विधानमंडल में राज्य का बजट पेश करता है।
- आपातकाल के दौरान राजकीय संसाधनों को संघटित और निर्देशित करता है।

गवर्नर कार्यालय के लिए चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों द्वारा कोई वक्तव्य जमा नहीं कराए गए थे।

## ★ लेफ्टिनेन्ट गवर्नर ★

- गवर्नर के दोषारोपण, मृत्यु, त्यागपत्र, पद से हटा दिए जाने, या राज्य में अनुपस्थित होने की स्थिति में गवर्नर के कार्यालय और दायित्वों को ग्रहण करते हैं।
- स्टेट सीनेट के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं और इनके पास एक टाई-ब्रेकिंग (बराबरी होने पर विजेता चुनने का विकल्प) वोट होता है।
- यह आर्थिक विकास आयोग के अध्यक्ष, राज्य भूमि आयोग के सदस्य होते हैं, और California विश्वविद्यालयों के निर्देशक मंडल में बैठते हैं।

लेफ्टिनेन्ट गवर्नर के चुनाव के लिए उम्मीदवारों द्वारा कोई वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किया गया है।

# उम्मीदवार के वक्तव्य

## ★ राजकीय सचिव ★

- राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में, यह राज्यव्यापी चुनाव की देखरेख करते हैं और अभियानों पर सार्वजनिक पहुँच प्रदान करते हैं तथा वित्तीय जानकारी के पक्ष में माहौल तैयार करते हैं।
- निश्चित कारोबारी दाखिलों के रखरखाव, ट्रेडमार्क्स के प्रमाणीकरण, नोटरी पब्लिक के नियमन, और सुरक्षित ऋणदाताओं के हितों की रक्षा करने में सक्षम बनाते हैं।
- राज्य के ऐतिहासिक कोषों का अधिग्रहण, सुरक्षा और उन्हें साझा करके California के इतिहास को संरक्षित रखते हैं।

---


Pete Peterson
*रिपब्लिकन*

P.O. Box 662
Camarillo, CA 93011

(323) 450-7536
campaign@petesos.com
www.petesos.com


मैं सेक्रेटरी ऑफ स्टेट के लिए चुनाव लड़ रहा हूं क्योंकि मुझे प्रत्यक्ष रूप से पता है कि मतदाताओं और छोटे व्यवसायों के प्रति California की सरकार को और पारदर्शी, कम भ्रष्ट और अधिक जवाबदेह बनाने की लड़ाई के नेतृत्व में कार्यालय को और अधिक काम करना चाहिए। *अनुभवी नेता:* गैर-दलीय Pepperdine University में Davenport Institute for Public Engagement के कार्यकारी निदेशक के रूप में, मैंने इस पूरे राज्य का दौरा किया है और स्थानीय सरकारों को जनता के प्रति पारदर्शी तथा जवाबदेह बनाने का प्रशिक्षण और सलाह दिया है। *भ्रष्ट चक्र को समाप्त करें*: Sacramento ऐसे राजनेताओं के लिए आमोद-प्रमोद का स्थान बन गया है जो California वासियों की मदद करने के बजाय राजनीति की सीढ़ियां चढ़ने के लिए अपने शक्ति का प्रयोग करते हैं। मैं कोई राजनेता नहीं हूं, और मेरा बायोडाटा इस खास कार्यालय में सुधार लाने के लिए मुझे अनूठे तरीके से तैयार करता है। मैं मतपेटी से जुड़ी निष्ठा की रक्षा करते हुए Sacramento में सुविज्ञ भागीदारी को बढ़ावा देने में अपनी नागरिक संबद्धता और निजी क्षेत्र के अनुभव वाली पृष्ठभूमि का इस्तेमाल करूंगा। *नौकरियां और व्यवसाय वापस पाएं:* मंदी की शुरूआत से लेकर अब तक किसी भी अन्य राज्य के मुकाबले California में रोज़गार की अधिक क्षति हुई है। कोई छोटा व्यवसाय शुरू करने या बढ़ाने के लिहाज से यह सबसे दुष्कर राज्यों में से एक है। मैं तकनीकी अनुभव वाला पूर्व लघु व्यवसाय स्वामी होने के नाते, ऑनलाइन व्यवसाय पंजीकरण और दाखिलों को सक्षम बनाऊंगा और बेहिसाब बिजनेस फ्रेंचाइज टैक्स को कम करने के लिए लड़ाई लड़ूंगा। सरकार तभी काम करती है जब वह जनता के प्रति जवाबदेह हो। मैं विनम्रतापूर्वक आपके वोट की आशा करता हूँ ताकि मैं यह परिवर्तन ला सकूँ।

---


Alex Padilla
*डेमोक्रेटिक*

969 Colorado Blvd., Suite 103
Los Angeles, CA 90041

(818) 253-9140
ideas@alex-padilla.com
www.alex-padilla.com


Alex Padilla जानते हैं कि शिक्षा में सुधार से लेकर रोगियों की सुरक्षा तक के *80 कानूनों को पास* कराने के लिए *पार्टी लाइन से अलग जाकर* कैसे दोनों पार्टियों के साथ मिलकर काम कराना है। उन्होंने *अक्षय ऊर्जा की हिमायत की,* ताकि 2020 तक California की एक तिहाई बिजली अक्षय ऊर्जा से प्राप्त हो। *अग्निशामक, पुलिस अधिकारी और नर्सें Padilla का समर्थन करते हैं* क्योंकि वे हमारे सभी समुदायों को सुरक्षित रखने, अपराधियों को सुरक्षा कवच खरीदने से रोकने वाला कानून पारित कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सेक्रेटरी ऑफ स्टेट के रूप में, Alex Padilla बहुत प्रभावी होंगे। *वे रोज़गार उत्पन्न करने में व्यवसायों की मदद करेंगे।* कारोबार को प्रारंभ करने हेतु सेक्रेटरी ऑफ स्टेट से स्वीकृति के लिए व्यवसायों ने महीनों की प्रतीक्षा की है। Padilla यह सुनिश्चित करेंगे कि नए व्यवसाय ऑनलाइन आवेदन कर सकें और 5 व्यावसायिक दिनों के भीतर कारोबार शुरू कर सकें। वे *मतदान को आधुनिक बनाएंगे* ताकि हम जब चाहें, जहां चाहें मतदान कर सकें। Padilla *युवकों को प्रेरित करेंगे,* 18 वर्षीय युवाओं को मतदातासूची में नाम दर्ज करवाने और मतदान करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए वे हाई स्कूलों का दौरा करेंगे। Padilla *चुनावी चन्दों की साप्ताहिक रिपोर्टिंग* के समर्थक हैं, ताकि मतदाताओं को पता रहे कि अभियानों की फंडिंग कौन कर रहा है। Padilla *सेक्रेटरी ऑफ स्टेट कार्यालय का ऑडिट कराएंगे* ताकि सुनिश्चित हो कि करदाताओं का पैसा सही काम के लिए बुद्धिमतापूर्वक, कुशलतापूर्वक और परिणामी ढंग से खर्च हो। वे *मतदान अधिकार कानून की बहाली* के लिए काम करेंगे ताकि प्रत्येक नागरिक निर्भय होकर मतदान कर सके। Padilla के माता-पिता आप्रवासी थे। उनके पिता रसोईये का काम करते थे और माता घरों में साफ-सफाई का, और वे उन्हें सिखाते थे कि कुछ भी संभव है। Alex ने Massachusetts Institute of Technology से इंजीनियरिंग में स्नातक करने के दौरान छात्रवृत्ति प्राप्त की थी। Alex Padilla जानते हैं कि सरकार के पास सभी समस्याओं का निदान नहीं है, और इसीलिए वे California की प्रत्येक काउंटी में मतदाताओं के पास जा रहे हैं।

---

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे और शुद्धता के लिए इनकी जांच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से प्रस्तुत किया गया था और उम्मीदवार के खर्च पर प्रिंट किया गया है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

# उम्मीदवार के वक्तव्य

## ★ कंट्रोलर ★

- राज्य के मुख्य राजकोषीय अधिकारी के रूप में, सभी सार्वजनिक निधियों हेतु राज्य के लेखापाल और मुनीम के रूप में कार्य करते हैं।
- राज्य की परोल प्रणाली और लावारिस संपत्ति कानून का बंदोबस्त करते हैं, और राज्य के परिचालन की समीक्षा तथा ऑडिट करते हैं।
- बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन, बोर्ड ऑफ कंट्रोल, और अन्य बोर्ड्स और आयोगों में कार्य करते हैं।


Betty T. Yee
*डेमोक्रेटिक*

381 Bush Street, Suite 300
San Francisco, CA 94104

(415) 692-3556
info@bettyyee.com
www.bettyyee.com


California को एक ऐसे कंट्रोलर की जरूरत है जिसके पास व्यापक वित्तीय अनुभव हो, जो कठोर लेकिन निष्पक्ष हो और वह उच्चतम स्तर की पारदर्शिता तथा जवाबदेही के साथ काम करे। राज्य बजट और राजकोषीय नीति के मामले में मान्यता प्राप्त विशेषज्ञ Betty Yee को कर नीति, बॉन्ड निरीक्षण, नकदी प्रबंधन और राज्य कार्यक्रम के वित्तीय ऑडिट का गहरा ज्ञान है। Betty Yee कंट्रोलर कार्यालय, California का सार्वजनिक निधियों की फिजूलखर्ची और बर्बादी रोकने के लिए स्वतंत्र पहरेदार, में कठोर राजकोषीय अनुशासन लाएंगी। बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन के सदस्य के रूप में, Betty Yee ने हमारे टैक्स के डॉलर बचाए हैं, फिजूलखर्ची को खत्म किया है, और छुपी अर्थव्यवस्था के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की, जहां अनैतिक कारोबार, कानून का पालन करने वाले करदाताओं को नुकसान पहुंचा रहे थे। निष्पक्षता के मामले में Betty Yee के दर्ज प्रमाणित रिकॉर्ड में California के फुटकर व्यापारियों के लिए स्थानीय दुकानदारों की तरह ऑनलाइन कर भरने, समलैंगिक जोड़ों के लिए टैक्स इक्विटी, और हरित अर्थव्यवस्था में अच्छी नौकरियों को बढ़ावा देने के लिए कर नियमों को अपडेट करना शामिल है। व्यक्तिगत करदाताओं, व्यवसायों तथा निर्वाचकों के प्रति बोर्ड को प्रतिक्रियाशील बनाकर, और गैर-गोपनीय सूचनाओं तक जनता की पहुंच बढ़ाकर Betty Yee ने इसमें पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाई है। असाधारण रूप से सुयोग्य Betty Yee के पास लोक प्रशासन में मास्टर डिग्री है और वह California डिपार्टमेंट ऑफ साइंस में बजट की मुख्य उपनिदेशक के रूप में काम कर चुकी हैं। Betty Yee को California के कक्षा शिक्षकों, नर्सों, Sierra Club, और California National Organization for Women (NOW) का गौरवपूर्ण समर्थन प्राप्त है। Betty Yee एक ऐसी कंट्रोलर होंगी जो California के परिवारों के लिए लड़ेंगी। अगले नियंत्रक के रूप में काम करने के लिए California को Betty Yee की जरूरत है। अधिक जानकारी के लिए: *www.bettyyee.com*.

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे और शुद्धता के लिए इनकी जांच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से प्रस्तुत किया गया था और उम्मीदवार के खर्च पर प्रिंट किया गया है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

# उम्मीदवार के वक्तव्य

## ★ कोषाध्यक्ष ★

- राज्य के बैंकर के रूप में, राज्य के निवेश का प्रबंध, राज्य के बॉण्ड और नोट्स की बिक्री की व्यवस्था करते हैं।
- विभिन्न आयोगों में काम करते हैं, जिनका संबंध बॉण्ड के विपणन से होता है।
- कंट्रोलर और अन्य राज्य एजेंसियों द्वारा खर्च किए जाने पर राज्य की निधियों का भुगतान करते हैं।

---


Greg Conlon
*रिपब्लिकन*

3875 Bohannon Dr.
P.O. Box 2600
Menlo Park, CA 94026

(916) 850-2782
greg@gregconlon.com
www.gregconlon.com


एक व्यावसायी, CPA और United States वायु सेना के सेवानिवृत्त पायलट होने के नाते, मैं अपने राज्य के वित्तीय प्रबंध की जरूरतों के लिए एक स्वतंत्र पहरेदार के रूप में काम करूंगा। California वासी अपनी Sacramento सरकार से बेहतर हासिल करने के पात्र हैं, एक ऐसी जगह जहां नए चेहरों और निर्भीक विचारों की शिद्दत से आवश्यकता है। वास्तव में, कुछ माह पहले राज्य के कंट्रोलर कार्यालय ने $31 बिलियन की शर्मनाक त्रुटियों, भूलों और गलत गणनाओं का रहस्योद्घाटन किया है; जो Iceland और Jamaica के संयुक्त GDB से भी अधिक है। लेखांकन त्रुटियां और निरीक्षण की कमी करदाताओं को बहुत महंगी पड़ सकती है, लेकिन इस चुनाव से हमें इनके खिलाफ लड़ने का मौका मिला है। अगर मैं राज्य का को कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुआ तो California में धन, नौकरियां और कठिन परिश्रमी परिवारों को बनाए रखने के लिए लड़ूंगा, और अंततः हमारी राजकोषीय हालत दुरुस्त करूंगा। मेरे पास 5 बड़ी अकाउंटिंग फर्मों के सीनियर पार्टनर के रूप में निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों के काम करने, और California Public Utilities Commission के अध्यक्ष, California Transportation Commission के आयुक्त और Atherton सिटी की वित्तीय समिति के चेयरमैन के रूप में सेवा देने का व्यापक वित्तीय अनुभव है। मेरी प्राथमिकताओं में, वर्षों तक राज्य के लिए नुकसान सहने वाले लोगों, परिवारों और कारोबारियों को वापस California की ओर आकृष्ट करने में मदद करने वाली विकास-समर्थक कर नीतियों का प्रस्ताव तथा इनकी पैरवी करने, California की क्रेडिट रेटिंग में सुधार लाना जो राष्ट्र में सबसे नीचे से दूसरे स्थान पर है, और राज्य की गैरवित्तपोषित पेंशन देनदारियों को कम करना शामिल है। कृपया राजकीय कोषाध्यक्ष पद के लिए Greg Conlon को वोट देकर राजकोषीय विवेक और बेहतर अर्थव्यवस्था की मेरी लड़ाई में शामिल हों। *www.gregconlon.com*

---


John Chiang
*डेमोक्रेटिक*

electjohnchiang@gmail.com
www.electjohnchiang.com


राजकीय कंट्रोलर John Chiang हमारे कर डॉलर्स की रक्षा करने वाले California के स्वतंत्र पहरेदार रहे हैं। हमारे अगले राजकीय कोषाध्यक्ष के रूप में, John Chiang सरकार के खर्चों को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने का अपना कार्य जारी रखेंगे। John Chiang ने बर्बादी, धोखाधड़ी और दुरुपयोग को रोक कर राज्य के करदाताओं के कई बिलियन डॉलर्स बचाया है। John Chiang ने अपने ऑडिट के अधिकार का प्रयोग कर 8 बिलियन डॉलर से अधिक करदाताओं के डॉलर्स की पहचान की है जो बर्बाद किये जा रहे थे या कुप्रबंधन के शिकार थे। सिटी ऑफ Bell में घोटालों के बाद, John Chiang ने दुरुपयोग की पहचान करने में वहाँ के निवासियों की मदद करने हेतु, वेतन को ऑनलाइन कर दिया। John Chiang ने 3 बिलियन डॉलर नकद और 235 मिलियन से अधिक के शेयर लाखों निवासियों के लौटाए हैं जो बैंकों और कॉर्पोरेशन्स ने ले रखी थी। John Chiang ने 40 जीवन बीमा कंपनियों का ऑडिट शुरू किया और उद्योगों में पॉलिसी धारकों और लाभार्थियों को मृत्यु लाभ देने में विफलता की परंपरा को खत्म करने के काम का नेतृत्व कर रहे हैं। 18 बीमा कंपनियों के साथ उनके समझौते के अनुसार उनके लिए यह आवश्यक होगा कि वे अभुक्त लाभ के रूप में Californiaवासियों को $267 मिलियन और राष्ट्रभर में $2.4 बिलियन वापस चुकाएँ। John Chiang पेंशन और नैतिकता सुधारों के एक नेता हैं। इन्होंने पेंशन की बाधाओं को दूर किया है और वे राजकीय सेवानिवृत्तों के अनिधिबद्ध चिकित्सा व्ययों के संबंध में राज्य पर मंडराने वाले संकट को हल करने के लिए कार्य कर रहे हैं। John Chiang का कार्यालय वरिष्ठजनों और काम करने वाले परिवारों को एक निशुल्क कर सहायता प्रदान करता है, जिससे कर वापसी और ऋण में उन्हें कई मिलियन की बचत होती है। वे छोटे व्यवसायों और ग़ैर-लाभकारी व्यवसायों को जटिल कर विनियमों में सहायता करने के लिए निशुल्क सेमिनार आयोजित करते हैं। John Chiang राज्य सरकार में हमारे चैम्पियन रह चुके हैं। John Chiang को California के अगले राजकीय कोषाध्यक्ष के रूप में देखने के लिए उनके संघर्ष को समर्थन दें। *http://www.electjohnchiang.com*

---

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे और शुद्धता के लिए इनकी जांच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से प्रस्तुत किया गया था और उम्मीदवार के खर्च पर प्रिंट किया गया है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

# उम्मीदवार के वक्तव्य

## ★ अटॉर्नी जनरल ★

- राज्य के मुख्य विधि अधिकारी के रूप में, सुनिश्चित करते हैं कि राज्य के कानून लागू कराए जाएं और धोखाधड़ी अथवा अवैध गतिविधियों की जांच करते हैं।
- डिर्पाटमेंट ऑफ जस्टिस का नेतृत्व करते हैं, जो राज्य सरकार को कानूनी सेवा उपलब्ध कराता है और अदालतों में दीवानी तथा आपराधिक मुकदमों के दौरान राज्य का प्रतिनिधित्व करता है।
- कानून प्रवर्तन करने वाली एजेंसियों पर नियंत्रण रखते हैं, जिनमें काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी और शेरिफ़ शामिल हैं।


Ron Gold
*रिपब्लिकन*

5264 Del Moreno Drive
Woodland Hills, CA 91364

(818) 610-8335
rongoldlaw@gmail.com
rongold.org


California के अटॉर्नी जनरल के लिए Ron Gold को वोट देने के लिए अपने दोस्तों और पड़ोसियों के साथ शामिल हों। पूर्व डिप्टी अटॉर्नी जनरल Ron Gold को पता है कि भ्रष्टाचार और अपराध से कैसे लड़ा जाता है। विधानमंडल और सभी राज्यव्यापी कार्यालयों में एक दल के अति बहुमत दिलाने वाले California को भ्रष्टाचार से बचाने के लिए Ron जैसे रिपब्लिकन की जरूरत है। अटॉर्नी जनरल के कार्यालय को आपके लिए कुछ तो करना चाहिए। Ron घटिया नर्सिंग होम्स और हमारे बुजुर्गों की देखभाल में बेईमानी करने वालों के खिलाफ पूरी ताकत से मुकदमा चलाएंगे। California कंज्यूमर प्रोटेक्शन एजेंसी द्वारा Ron के नेतृत्व में गैस कीमतों में साठगांठ करने वाली कंपनियों पर मुकदमा चलाया जाएगा। वे California वासियों के लिए ईमानदार कंपनियों से ईमानदार उत्पाद पाने के लिए लड़ाई लड़ेंगे। आपकी निजता सुनिश्चित करने के लिए, Ron अवांछित टेलीफोन कॉलों और स्पैम से संबंधित कानून लागू करेंगे जबकि सरकार को आपके ईमेल और फोन कॉल खंगालने से रोकेंगे। Ron पहचान चुराने वालों के खिलाफ कानून को सख्त करेंगे। बिना दस्तावेज वाले जिन आप्रवासियों ने वर्षों से हमारे राज्य में कड़ी मेहनत की है, वे यहां निर्भय रहने के अधिकार के पात्र हैं और उनको यहां की नागरिकता पाने का मौका मिलना चाहिए। लेकिन, हमें सीमा की सुरक्षा बनाए रखना होगा। चालीस वर्षों से शादीशुदा Ron के दो वयस्क बेटे हैं और UCLA से स्नातक Ron, California को रहने और काम करने लायक बेहतर स्थान बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। California वासियों के लिए अब समय आ गया है कि वे यह मांग करें कि अटॉर्नी जनरल का कार्यालय गवर्नर पद पाने की सीढ़ी न हो बल्कि ऐसा स्थान हो जहां सभी California वासियों के लाभ के लिए समर्पण और सेवा का शासन होना चाहिए। एक नए तरह के रिपब्लिकन को वोट दें। Ron Gold को वोट दें।


*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे और शुद्धता के लिए इनकी जांच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से प्रस्तुत किया गया था और उम्मीदवार के खर्च पर प्रिंट किया गया है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

## ★ इंश्योरेंस कमिश्नर ★

- California बीमा कानून को लागू करने वाले बीमा विभाग का नेतृत्व करते हैं, जो कानून को लागू कराने के लिए अधिनियमों को अंगीकार करता है।
- बीमा कंपनियों को लायसेंस देते हैं, उन्हें नियंत्रित करते और जाँचते हैं।
- बीमा उद्योग के खिलाफ लोगों की शिकायतें सुनता है और उनका जवाब देता है।


Ted Gaines
*रिपब्लिकन*

ted@tedgaines.com
www.tedgaines.com


बीमा विभाग टूट चुका है। असफल नेतृत्व करोबार को California के बाहर धकेल रहा है जिससे उपभोक्ताओं के पास अधिक ऊंची कीमत चुकाने और कुछ ही विकल्पों का रास्ता ही बचता है। और अधिक नौकरियां सृजित करने के बजाय वे केवल अपनी राजनैतिक शक्ति बढ़ाना चाहते हैं—जिसकी हम सभी कीमत चुका रहे हैं। *एक स्वतंत्र बीमा एजेंट होने के नाते, मैं पिछले 30 वर्षों से अधिक समय से मुख्य उपभोक्ता वकील हूं।* इंश्योरेंस कमिश्नर के रूप में, मैं उपभोक्ताओं की रक्षा करूंगा और नौकरी के लिए तगड़ा माहौल बनाऊंगा। हम इससे भी बेहतर कर सकते हैं। मैं आदरपूर्वक आपके मतदान की अपेक्षा करता हूँ। और अधिक सूचना के लिए, कृपया देखें *www.tedgaines.com*


Dave Jones
*डेमोक्रेटिक*

915 L Street #C124
Sacramento, CA 95814

(916) 349-4236
teamdavejones@gmail.com
www.davejones2014.com


चार वर्ष पहले, California वासियों ने उपभोक्ताओं की लड़ाई लड़ने और बीमा कंपनियों को जवाबदेह बनाने हेतु इंश्योरेंस कमिश्नर के रूप में Dave Jones को चुना। *Dave Jones ने ऑटो और गृहस्वामियों पर लगे अत्यधिक बीमा दर को खारिज कर उपभोक्ताओं के 1.67 बिलियन डॉलर्स बचाए हैं।* हमें उपभोक्ताओं की रक्षा करने हेतु संघर्ष करने के लिए साहस, सत्यनिष्ठा, और स्वतंत्रता वाले इंश्योरेंस कमिश्नर की आवश्यकता है। हमें Dave Jones चाहिए। *Dave Jones बीमा कंपनियों के चंदे या उपहारों को स्वीकार करने से मना कर देते हैं।* उन्होंने कई मिलियन अबीमित California वासियों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान कराने हेतु कार्य किया है। उन्होंने स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा पूर्व-रोग दशाओं वाले लोगों के बीच भेदभाव रोकने के लिए नियम जारी किए। इन्होंने स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा ऑटिस्टिक बच्चों को भी बीमित करना आवश्यक बनाया है। Jones स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा बीमा की उचित दर लेने और अत्यधिक बीमा प्रीमियम न लेने की लड़ाई का नेतृत्व कर रहे हैं। जब जीवन बीमा कंपनियों ने लाभार्थियों को बीमा लाभ नहीं दिया, तो Jones ने उनके खिलाफ राष्ट्रव्यापी जांच का नेतृत्व किया और उनसे सैकड़ों मिलियन डॉलर्स वसूल किए। California वासी तब अधिक भुगतान करते हैं जब धोखेबाज़ लोग बीमा कंपनियों को चूना लगाते हैं। जब से Jones ने कार्यभार संभाला, इस विभाग ने धोखेबाजी के आरोप में 2,450 गिरफ्तारियां की हैं। Jones ने बजुर्गों को घोटालों से बचाने के लिए नियम बनाए हैं। और इन्होंने बुज़ुर्गों को शिकार बनाने वाले अपराधियों का पता लगाया है और उन्हें दंडित किया है। Jones इस बात पर ज़ोर देते हैं कि बीमाकर्ता California के विविध व्यवसायों और अक्षम सेवानिवृत्त लोगों से सामान और सेवाएँ खरीदें। बीमाकर्ताओं को अब पर्यावरण परिवर्तन के प्रभावों पर भी विचार करना है, यह सब Dave Jones की वजह से हो पाया है। Jones ने बीमा कंपनियों की शिकायतों को लेकर 260,000 से अधिक उपभोक्ताओं की मदद की है। उन्होंने उपभोक्ताओं के 207 मिलियन डॉलर वसूल किए हैं। *कंज़्यूमर फ़ेडरेशन ऑफ़ California ने Dave Jones को "उपभोक्ता चैंपियन" नाम दिया है।* इंश्योरेंस कमिश्नर Dave Jones हमारे लिए संघर्ष करें। इंश्योरेंस कमिश्नर के लिए Dave Jones को वोट दें। *www.davejones2014.com* देखें।

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे और शुद्धता के लिए इनकी जांच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से प्रस्तुत किया गया था और उम्मीदवार के खर्च पर प्रिंट किया गया है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

# उम्मीदवार के वक्तव्य

## ★ बोर्ड ऑफ ईक्वलाइज़ेशन ★

बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन, राज्य के निर्वाचित कर आयोग, में कार्य करता हैं जो कि:

- अनेकों कर और शुल्क कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण करता है, जिनमें ईंधन, शराब, सिगरेट और तम्बाकू जैसे पदार्थों की बिक्री पर लगने वाले कर शामिल हैं।
- California आयकर और फ्रेंचाइज कर मामलों के अपीलीय निकाय के रूप में काम करता है।
- प्रॉपर्टी टैक्स प्रशासन का पर्यवेक्षण करता है।

## डिस्ट्रिक्ट 1

George Runner
*रिपब्लिकन*
43759 15th St. W, PMB25
Lancaster, CA 93534
(916) 790-6075
info@georgerunner.com
www.georgerunner.com

आपके निर्वाचित करदाता अधिवक्ता के रूप में, मैं आपके, करदाता के हितों की रक्षा के लिए प्रत्येक दिन कार्य कर रहा हूँ। प्रस्ताव 13 की रक्षा करने से लेकर California परिवारों और व्यवसायों पर कर वृद्धि के विरुद्ध संघर्ष करने तक, मैं उन विशेष हित वाले लोगों के विरुद्ध डटकर खड़ा रहा हूँ जो आपसे और अधिक पैसा निकालना चाहते हैं। यही कारण है कि *Howard Jarvis Taxpayers Association* और *National Federation of Independent Business* जैसे कर का विरोध करने वाले मेरे पुनर्निवाचन का समर्थन करते हैं। हमने नया कारोबार शुरू करने के लिए सरकार के पास प्रतिभूति जमा कराने की आवश्यकता को समाप्त कर दिया, और इस तरह कई मिलियन डॉलर्स उनके सही मालिकों को लौटा दिया जो सरकारी खाते में जमा होने वाला था। विधि सम्मत कारोबार को घटाने और मानव तस्करी को बढ़ावा देने वाली छूपी अर्थव्यवस्था के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए हम मानवाधिकारों का भी ख्याल रख रहे हैं। हम California के ग्रामीण गृहस्वामियों और बुजुर्गों को लक्ष्य कर लगाए गए अवैध "अग्नि मुक्त" कर के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं और जब हम अदालत में यह मुकदमा जीत जाएंगे तो करदाताओं के कई मिलियन डॉलर्स लौटा देंगे। हालाँकि विधानसभा में, मेरी उपलब्धियों में Jessica's Law शामिल है, जिससे कि राष्ट्र के सबसे कड़े लैंगिक हिंसा कानून बने थे। मैं कैलिफोर्नियाज़ एम्बर अलर्ट का लेखक भी हूँ, जिसने 200 से अधिक अपहृत बच्चों को उनके अभिभावकों से मिलवाने में मदद की है। लोगों की सुरक्षा सरकार का लोगों के प्रति पहला कर्तव्य है और मैं California Association of Highway Patrolmen, California State Sheriffs' Association और CDF Firefighters का समर्थन पाकर गौरवान्वित हूं। आपका समर्थन पाकर मैं गौरवान्वित महसूस करूँगा। करदाताओं के अधिकारों की रक्षा और California सरकार को आपके प्रति और जवाबदेह तथा उत्तरदायी बनाने के मेरे मिशन की अधिक जानकारी के लिए *www.georgerunner.com* देखें।

Chris Parker
*डेमोक्रेटिक*
P.O. Box 161527
Sacramento, CA 95816-1527
(916) 538-9833
chris@parkerforboe1.com
parkerforboe1.com

California वासियों को बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन में एक राजकोषीय पहरेदार की जरूरत है जो जवाबदेही के लिए डटकर लड़े, हमारे टैक्स डॉलर्स की रक्षा करे, जो कामकाजी परिवारों की कीमत पर कर प्रणाली के साथ खेल करने वाले कर धोखेबाजों से लड़े। एक उपभोक्ता वकील और कर पेशेवर होने के नाते, मैं करदाताओं के लिए लडूंगा और कर धोखेबाजों की जिम्मेदारी तय करूंगा। यह सुनिश्चित करते हुए कि कड़ी मेहनत करने वाले करदाताओं के साथ उचित व्यवहार हो, कॉरपारेशन उनके हिस्से का भुगतान करें, मैंने कई व्यक्तियों, छोटे कारोबारियों और परिवारों के 300 मिलियन डॉलर्स के कर विवाद को तेजी और कुशलता से सुलझाया है। एक शिक्षक के रूप में, मैं इच्छुक उद्यमियों को कारोबार और रोजगार कानून की शिक्षा देता हूं। मैं समझता हूं कि छोटे कारोबार हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन में, लालफीताशाही को काटने और दाखिला लागत कम करने सहित छोटे व्यवसायों को बढ़ने में मदद करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। मैं मेहनतकश California वासियों को बराबरी के मुकाबले तक लाने की लड़ाई लडूंगा। उपभोक्ता वकील के रूप में, मैंने United Way के साथ मिलकर अधिक वित्तीय स्थिरता प्राप्त करने और मौजूदा स्थिति में उत्थान के लिए वित्तीय कोचिंग प्रोग्राम जैसे उपकरण बनाने में स्वेच्छा से मदद की है। मैंने अपना पूरा जीवन उपभोक्ताओं और मेहनतकश परिवारों की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया है। आपके बोर्ड सदस्य के रूप में, शक्तिशाली लोगों के विशेष हितों की आवाज के बजाय—मैं कामकाजी परिवारों, छोटे व्यवसाय मालिकों के हितों के लिए मजबूती से आवाज उठाने वाला होऊंगा। मैं पारदर्शिता में सुधार लाने के लिए काम करूंगा, कर धोखेबाजों को जवाबदेह बनाऊंगा, और छोटे व्यवसायों को सफल बनाने वाले उपकरण मुहैया कराऊंगा। मैं अग्नि शुल्क को समाप्त करने के लिए भी काम करूंगा। बोर्ड ऑफ़ ईक्वलाइज़ेशन के लिए मेरे चुनाव प्रचार में कृपया सभी डॉक्टर्स, शिक्षक, नर्स और छोटे कारोबारी शामिल हों।

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे और शुद्धता के लिए इनकी जांच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से प्रस्तुत किया गया था और उम्मीदवार के खर्च पर प्रिंट किया गया है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

## डिस्ट्रिक्ट 2


Fiona Ma
*डेमोक्रेटिक*
1032 Irving Street #908
San Francisco, CA 94122
(415) 845-5450
fiona@fionama.com
www.fionama.com


प्रत्येक वर्ष, California भूमिगत अर्थव्यवस्था के कारण आठ बिलियन डॉलर एकत्र करने में असफल होता है। राजस्व की यह कमी, महत्वपूर्ण जन सेवा कार्यक्रमों में कमियाँ लाकर और हमारी अर्थव्यवस्था वसूली को प्रभावित करके कड़ी मेहनत करने वाले California वासियों को हानि पहुँचाती है। आपके बोर्ड ऑफ ईक्वलाइज़ेशन के सदस्य के रूप में मैं, टैक्स और ऑडिट से जुड़े अपने 20 वर्ष के अनुभव का प्रयोग कर California में टैक्स धोखाधड़ी, और इसकी अंडर रिपोर्टिंग से हो रहे कई बिलियन डॉलर्स की क्षति को रोकूंगी। मैं आंकलन अपील बोर्ड का आयुक्त, San Francisco बोर्ड ऑफ़ सुपरवाइजर्स का सदस्य और California राज्य विधानसभा का सदस्य रह चुकी हूं। कारोबारों की संपन्ता में मदद और California को अन्य राज्यों के साथ प्रतियोगिता में बनाए रखने के लिए मैंने कई टैक्स संबंधी बिल लिखे हैं। मैंने अकाउंटिंग में बी.एस., एमबीए के साथ टैक्सेशन में मास्टर डिग्री हासिल की है, और California में सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट (CPA) के रूप में 1992 से लायसेंस प्राप्त है, जहां मैंने एक बड़ी पब्लिक अकाउंटिंग फर्म में काम किया और फिर मैंने अपनी लघु अकाउंटिंग प्रैक्टिस शुरू कर दी। आपके स्टेट बोर्ड ऑफ ईक्वलाज़ेशन के प्रतिनिधि के रूप में, मेरा लक्ष्य हमारे सुनहरे राज्य में उचित और दक्ष टैक्स संग्रह प्रणाली सुनिश्चित करना है, जहां हर किसी के साथ निष्पक्ष और समान व्यवहार हो। 4 नबंबर, 2014 को आपका वोट पाकर मैं सम्मानित होऊंगी। धन्यवाद।


James "Jim" Theis
*रिपब्लिकन*
301 McCloskey Road
Hollister, CA 95023
(831) 430-2053
jim@jimtheis.com
www.jimtheis.com


Montana में मैं एक पशु फॉर्म में पला-बढ़ा, यूएस नेवी में मैंने अपनी सम्मानपूर्ण सेवा दी, और कानून प्रवर्तन में डिप्टी शेरिफ़ के रूप में काम किया है। इस समय, मेरी पत्नी और मेरा परिवार ग्रामीण San Benito काउंटी में एक जैविक फॉर्म में रहते हैं। मैं रोज पिक अप ट्रक चलाता हूं और मेरे बच्चे स्थानीय पब्लिक स्कूलों में जाते हैं। हम भी अधिकांश अमेरिकियों की तरह हैं जो परिश्रम करते हैं, साफ-सुथरे रहते हैं और टैक्स अदा करते हैं। *मैं एक पेशेवर राजनीतिज्ञ नहीं हूं और न ही कभी राजनीतिक पद के लिए लड़ा हूं।* अगर मैं निर्वाचित हुआ तो वादा करता हूं कि आपकी चिंताओं को सुनूंगा और सभी करदाताओं को निष्पक्ष एवं समान व्यवहार प्रदान करूंगा। मुझे अपनी सहायता का मौका दें। मैं आपके वोट की कद्र करूंगा। धन्यवाद।


*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे और शुद्धता के लिए इनकी जांच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से प्रस्तुत किया गया था और उम्मीदवार के खर्च पर प्रिंट किया गया है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

## ★ बोर्ड ऑफ ईक्लाइज़ेशन ★

जारी

### डिस्ट्रिक्ट 3

G. Rick Marshall
*रिपब्लिकन*
2390 Crenshaw Boulevard, Suite 423
Torrance, CA 90501
(424) 217-7422
ask@grickmarshall.com
www.grickmarshall.com

*G. Rick Marshall* प्रस्ताव 13 के एक बड़े समर्थक हैं, एक मान्यताप्राप्त करदाता वकील हैं और Howard Jarvis Taxpayers Association *का उन्हें समर्थन प्राप्त है। G. Rick Marshall* परिवार के बजट पर करों के प्रभाव को जानते हैं क्योंकि उन्होंने लगभग एक दशक तक टैक्स तैयारी के सॉफ्टवेयर क्षेत्र में अग्रणी, CCH Computax में काम किया है। *G. Rick Marshall* बिना किसी पक्षपात के कर कानून को लागू करेंगे, दक्ष सरकारी सेवा प्रदान करेंगे, फिजूलखर्ची खत्म करेंगे, टैक्स धोखेबाजों को दंडित करेंगे—लेकिन ईमानदारों को गलतियों के लिए नहीं—और टैक्स अधिशेष को करदाताओं को लौटा देंगे। *G. Rick Marshall* खरीदार से वसूली गई कीमत को ध्यान में रखे बिना, सेल फोन पूरी खुदरा लागत पर बिक्री कर वसूलने जैसी प्रतिकूल नीतियों को रद्द करने के लिए वोट देंगे। रिफाइनर्स पर अधिकतम सीमा और व्यापार अधिदेश लगाए जाने के कारण गैसोलीन कीमत में अपेक्षित वृद्धियों की भरपाई के लिए वे इस पर उत्पाद कर घटाने के लिए वोट देकर उपभोक्ताओं की रक्षा करेंगे। *G. Rick Marshall* जब California की अर्थव्यवस्था में सुधार हो रहा हो और अस्थायी बिक्री तथा आयकर वृद्धियां प्रभाव में हैं, तब 2% की वेतन वृद्धि स्वीकार नहीं करेंगे। वे जानते हैं कि सरकार द्वारा खर्च प्रत्येक डॉलर कठिन परिश्रमी करदाता की जेब से आता है। *G. Rick Marshall* City of Torrance Water Commission में काम करते हैं, मस्कुलर डिस्ट्रोफी के लिए पैसे जुटाए हैं, जूनियर उपलब्धि के जरिये युवक-युवतियों का मार्गदर्शन किया है, और बंदियों के बच्चों को Project Angel Tree के साथ मिलकर क्रिसमस उपहार वितरित किए हैं। *G. Rick Marshall* करों को कम रखकर और सरकार को सीमित रखकर लोगों को अपनी आय का अधिकांश हिस्सा अपने पास रखने में मदद करेंगे ताकि मुक्त उद्यम प्रणाली गरीबों को गरीबी से बचाने, उपभोक्ता मूल्य कम करने और हमारा जीवन स्तर बढ़ाने में मदद कर सके।

Jerome E. Horton
*डेमोक्रेटिक*
P.O. Box 90932
Los Angeles, CA 90009
(310) 402-4705
jehorton@sbcglobal.net
http://boardofequalizationjehorton.com

इस चुनौतीपूर्ण समय में California वासियों के हितों की रक्षा और सेवा करने के लिए बोर्ड ऑफ ईक्वलाइज़ेशन (BOE) के प्रधान के रूप में काम करने और इस रूप में अपने 36 वर्षों का BOE, विधायी और वित्तीय अनुभवों का प्रयोग करने का अद्भुत विशेषाधिकार रहा है—*इसमें बोर्ड ऑफ ईक्वलाइज़ेशन में 26 वर्ष शामिल हैं।* मैंने एक 18 वर्षीय इंटर्न के रूप में बोर्ड के साथ कार्य करना प्रारंभ किया था और California राज्य विधानसभा में शामिल होने के पहले, तेज़ी से प्रगति करके एक कार्यकारी व्यवसाय कर विधि सलाहकार बना। मैंने बाद में California मेडिकल सहायता आयोग और California कार्यबल निवेश बोर्ड में कार्य किया, जहाँ स्वास्थ्य सेवा, अच्छे रोज़गार, और शैक्षणिक अवसरों तक पहुँच को बेहतर करने के लिए संघर्ष किया। 2010 में BOE में निर्वाचित होकर, करदाता के अधिकारों के कानून के रचियता के रूप में, मेरी कार्यावधि के दौरान हमने 1.3 मिलियन उद्यमियों को उनके व्यवसायों को खोलने, रखरखाव करने और विकसित करने में मदद की और राज्य और स्थानीय सेवाओं के राजस्व में $138 बिलियन की वृद्धि लेकर आए। मेरे अपराधी-विरोधी व्यवसाय कार्यक्रमों ने मानव तस्करी से लड़ाई लड़ने में मदद की, जिसमें अवैधानिक रूप से कारोबार करने वाले 128 अपराधियों की गिरफ़्तारी हुई, और सड़कों से कई टन ग़ैर-कानूनी और अस्वास्थ्यकर उत्पादों को हटाया गया। ग़रीबी के विरुद्ध मेरे अभियान से कर वापसी और क्रेडिट में हज़ारों California करदाताओं को कई मिलियन पुनर्प्राप्त करने में मदद मिली और इससे ग़ैर लाभार्थियों को ग़रीबी से लड़ने में मदद मिली। मुझे हमारे युवा लोगों को प्रशिक्षण और रोज़गार अवसर प्रदान करने के लिए बनाए गए मेरे प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर भी समान रूप से गर्व है। 32 अतिरिक्त Horton पहलों और अन्य संसाधनों के बारे में जानने के लिए, कृपया *http://boardofequalizationjehorton.com देखें।* अंत में, कृपया मेरे पुनः निर्वाचन हेतु California के शिक्षकों, दमकल कर्मियों, नर्सों, पुलिस, करदाताओं, और छोटे व्यवसायियों के साथ शामिल हों।

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे और शुद्धता के लिए इनकी जांच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से प्रस्तुत किया गया था और उम्मीदवार के खर्च पर प्रिंट किया गया है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

# उम्मीदवार के वक्तव्य

## ★ बोर्ड ऑफ ईक्वलाइज़ेशन ★

जारी

## डिस्ट्रिक्ट 4

Nader Shahatit
*डेमोक्रेटिक*

28793 Beattie St.
Highland, CA 92346

(909) 440-8769
shahatitnader@yahoo.com
electnadershahatit.com

मैं अपने टैक्स*अनुभव का प्रयोग करते हुए बोर्ड ऑफ ईक्वलाइज़ेशन में काम करते हुए* जटिल कर मुद्दों का *समाधान लाकर आपका समस्या निवारक बनूंगा।*

Diane L. Harkey
*रिपब्लिकन*

31878 Del Obispo #118; PMB106
San Juan Capistrano, CA 92675

(949) 481-4477
diane@dianeharkey.com
www.dianeharkey.com

बोर्ड ऑफ ईक्वालाइज़ेशन सरकार के साथ करदाताओं के अपने मतभेदों को हल करने में मदद करने के लिए है। आपके निर्वाचित प्रतिनिधि के तौर पर, मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि California राज्य में करों और शुल्कों के मामले में आपकी आवाज सुनी जाए और आपकी उचित सुनवाई हो। मैं जटिल और अक्सर भ्रमपूर्ण कानूनों तथा नियमों के कारण जरूरतमंद व्यक्तियों, परिवारों और छोटे कारोबारियों की मदद हेतु काम करूंगी। नौकरियां और कारोबार अभी भी दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं, जहां काम शुरू करना और विकास करना, लाभकारी बनना, और कर्मचारियों को अच्छा भुगतान करना आसान है। करों की व्याख्या और नियमों के क्रियान्वयन तथा लागू करने में बोर्ड ऑफ ईक्वलाइज़ेशन अहम भूमिका निभाता है। मैं बोर्ड के अन्य चार सदस्यों के साथ मिलकर एक ऐसी संरचना विकसित करने के लिए काम करूंगी जो अधिक प्रतियोगी, यूजर-फ्रेंडली, और संपन्न California बनाएगी जिससे कारोबार को पनपने और रोजगार पैदा करने में मदद मिलेगी। स्वस्थ जॉब बाजार के सहारे हम आप पर करों का बोझ, California की "कर्ज की दीवार" घटा सकते हैं, सार्वजनिक सुरक्षा, शिक्षा और उन सेवाओं को कोष उपलब्ध करा सकते हैं, जिन्हें सरकार को उपलब्ध कराना चाहिए। विधानसभा में, मैंने फिजूलखर्चीली हाई-स्पीड रेल योजना के विरोध का नेतृत्व किया, California को वित्तीय दृष्टि से स्थायी राह पर लाते हुए राज्य के बजट को संतुलित करने की आम समझ वाला नजरिया विकसित किया। बोर्ड ऑफ ईक्वलाइज़ेशन में, मैं अपने राज्य की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने और राज्य में नौकरियों की वापसी के लिए काम करूंगी। मिलकर काम करके हम California में सोना वापस ला सकते हैं, और मैं आपका वोट पाकर गौरवान्वित होऊंगी।

*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे और शुद्धता के लिए इनकी जांच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से प्रस्तुत किया गया था और उम्मीदवार के खर्च पर प्रिंट किया गया है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

# उम्मीदवार के वक्तव्य

## ★ लोक शिक्षण के अधीक्षक (गैरदलीय कार्यालय) ★

- राज्य के पब्लिक स्कूल प्रमुख के रूप में, स्थानीय स्कूल डिस्ट्रिक्ट को शिक्षा नीति निर्देश प्रदान करते हैं, और अकादमिक प्रदर्शन में सुधार के लिए शैक्षणिक समुदाय के साथ मिलकर काम करते हैं।
- शिक्षा विभाग का नेतृत्व करते हैं और राज्य शिक्षा बोर्ड द्वारा तय नीतियों को लागू कराते हैं।
- राज्य की उच्च शिक्षा प्रणाली के नियंत्रक बोर्ड्स के पदेन सदस्य के रूप में कार्य करते हैं।

---


Marshall Tuck
10220 Culver Blvd.
Culver City, CA 90232
(323) 332-9859
hello@marshalltuck.com
marshalltuck.com


वैश्विक अर्थव्यवस्था में छात्रों को प्रतियोगिता हेतु तैयार करने के लिए California पब्लिक स्कूलों में बड़े बदलावों की आवश्यकता है। देश में हमारे स्कूलों की पढ़ने और गणित में 45वीं रैंक है—लेकिन Sacramento के राजनेता छात्रों के लिए जरूरी बदलाव करने में विफल रहे हैं। विशेषज्ञों के बजाय *राजनेता बहुत सारे शिक्षा संबंधी निर्णय करते हैं।* शिक्षा में नौकरशाही बहुत अधिक धन बर्बाद करती है और उसके पास बहुत ज्यादा नियंत्रण है। मैं एक शिक्षाविद हूं, कोई राजनेता नहीं। *मेरे पास असफल स्कूलों को फिर से पटरी पर लाने का प्रमाणित रिकॉर्ड है।* LA के कुछ सबसे कठिन नेबरहुड्स के 17 अग्रणी स्कूलों में, हमने स्नातक की दर 60% तक बढ़ा दी। हमारा अभिनव "पैरेंट कॉलेज" कार्यक्रम माता- पिताओं की अधिक भागीदारी के लिए राष्ट्रीय मॉडल बन गया है। पिछले 5 सालों में California की विशाल स्कूल प्रणालियों के बीच*हमारे स्कूलों की अकादमिक सुधार में #1 रैंकिंग है।* पूर्व में, मेरे नेतृत्व में *9 नए पब्लिक चार्टर स्कूलों की सफलतापूर्वक स्थापना की गई—जिनमें सभी ने स्थानीय स्कूलों से बेहतर प्रदर्शन किया।* राज्य के अधीक्षक के रूप में, मैं *छात्रों और उनके माता-पिता का स्वतंत्र पैरवीकार होऊंगा*—कोई राजनीतिक सूत्रधार नहीं। मैं काम करूंगा कि: (1) स्कूलों से राजनेताओं को निकाले जाए—ताकि शिक्षक और माता-पिता बच्चों के लिए जो सबसे अच्छा हो कर सकें। (2) नौकरशाही को घटाकर और अधिक धन कक्षाओं में लाया जाए और नवाचार को प्रोत्साहन मिले। (3) माता-पिता की भागीदारी और बढ़े। (4) सार्वजनिक चार्टर स्कूलों को समर्थन मिले। (5) सभी छात्रों को प्रभावशाली शिक्षक, प्राचार्य और कॉलेज और कॅरियर के लिए तैयार पाठ्यक्रम सुनिश्चित किया जाए। कृपया मेरी योजना को *www.marshalltuck.com पर पढ़ें।* देखिए क्यों माता-पिता, शिक्षक और California के प्रमुख समाचारपत्र—उदारवादी और रुढिवादी—हमारे चुनाव प्रचार का समर्थन करते हैं। हम अधकचरापन या असफलता स्वीकार नहीं कर सकते। हमारे छात्रों हेतु जरूरी बदलाव के लिए वोट दें।

---


Tom Torlakson
P.O. Box 21636
Concord, CA 94521
(925) 386-6774
tom@tomtorlakson.com
tomtorlakson.com


इस पद हेतु प्रत्याशी *California के एकमात्र शिक्षक और अनुभवी अधीक्षक* के रूप में, मैं जानता हूं कि हमारे स्कूलों को मजबूत बनाने के लिए कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। मेरी योजना *सभी माता-पिता, शिक्षकों और खुद स्कूलों* का आह्वान करती है कि हमारे स्कूलों को Washington के राजनेताओं और Wall Street के सट्टेबाजों के भरोसे छोड़ने के बजाय शिक्षा के बारे में निर्णय स्वयं करें। यह योजना *माता-पिता की भागीदारी बढ़ाने, कॅरियर और तकनीकी प्रशिक्षण के विस्तार, कॉलेजों को और अधिक किफायती बनाने छोटी कक्षाओं* तथा *मजबूत अकादमिक,* जिसमें *कला, संगीत, नाटक* और तकनीकी छात्रों के लिए स्नातक बनने में आवश्यक *कॉलेज के लिए तैयारी शामिल हैं, इनकी व्यवस्था हेतु स्कूलों में निवेश से शुरू होती है।* प्रत्येक छात्र महान शिक्षकों के लिए हकदार है, इसीलिए हमें शिक्षक प्रशिक्षण और सहायता को सुधारना होगा, और उन्हें—निष्पक्ष रूप से—हटाना भी जो काम के लायक नहीं हैं। मैंने एक ऐसा कानून पारित कराने में मदद की है जो दुर्व्यवहार तथा खराब प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को बर्खास्त करना आसान बनाता है और मैंने संघर्षरत शिक्षकों की मदद करना अपनी प्राथमिकता बनाई है। चूंकि छात्र सुरक्षित स्कूल पाने के भी हकदार हैं, इसलिए मैंने गैंग, नशीले पदार्थों और बंदूकों को स्कूलों से दूर रखने के कानून पारित कराने में मदद की है। और अधिक जानकारी के लिए, कृपया *www.tomtorlakson.com* पर महान स्कूलों के लिए हमारा ब्लूप्रिंट पढ़ें जो माता-पिता, शिक्षकों और स्कूल अधिकारियों के साथ मिलकर बनाया गया है। इस पद पर तीन साल काम करने के बाद भी अभी बहुत काम करना बाकी है, लेकिन हम असली प्रगति देख रहे हैं—*अब तक की उच्चतम स्नातक* दर और *राज्य भर में बढ़ता टेस्ट स्कोर*। मैं एकमात्र उम्मीदवार हूं जिसे कक्षा-शिक्षकों, नर्सों अग्निशामकों, पुलिस अधिकारियों और Sierra Club California के अलावा Dianne Feinstein जैसे डेमोक्रेट और Richard Riordan जैसे और रिपब्लिकन सीनेटरों का समर्थन प्राप्त है। *आइए सार्वजनिक शिक्षा के वादे, प्रत्येक* इलाके में उच्च गुणवत्ता वाले स्कूल को पूरा करने के लिए मिलकर काम करते रहें।


*वक्तव्यों का क्रम लॉट द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे और शुद्धता के लिए इनकी जांच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से प्रस्तुत किया गया था और उम्मीदवार के खर्च पर प्रिंट किया गया है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे मतपत्र पर प्रकट होने के लिए अन्यथा रूप में पात्र हो सकते हैं।*

# चुनावी कार्यविधि

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और अपीलीय अदालतों के न्यायाधीशों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, कृपया *www.courts.ca.gov* देखें।

California के कानून के अनुसार इस नोटिस पर निम्नलिखित जानकारी छापी जानी आवश्यक है।

California के संविधान के तहत, सर्वोच्च न्यायालय और अपीलीय अदालतों के न्यायाधीश मतदाताओं के द्वारा की जाने वाली पुष्टि के आधीन हैं। हर न्यायाधीश के लिए इस विषय पर कि क्या उसे बनाये रखना है, जनता मतदान करती है।

ये न्यायिक पद नॉनपार्टिज़न यानि निर्दलीय हैं।

किसी व्यक्ति के अपीलीय अदालत का न्यायाधीश बन सकने से पहले, गवर्नर को उस उम्मीदवार का नाम न्यायिक प्रत्याशी मूल्यांकन आयोग को भेजना चाहिये, जिसमें जनता के सदस्य और वकील शामिल होते हैं। आयोग समुदाय के इनपुट के साथ उस उम्मीदवार की पृष्ठभूमि और योग्यताओं की गहन समीक्षा करता है, और फिर उम्मीदवार के अपने उस मूल्यांकन को गवर्नर को अग्रसरित कर देता है।

गवर्नर फिर आयोग के मूल्यांकन की समीक्षा करता है और आधिकारिक रूप से उम्मीदवार को नामांकित करता है, जिसकी योग्यताएं न्यायिक नियुक्तियों पर गठित आयोग की परीक्षा और समीक्षा से पहले जनसाधारण की टिप्पणी के आधीन हैं। उस आयोग में California के मुख्य न्यायाधीश, California के अटॉर्नी जनरल, और अपीलीय अदालतों के एक वरिष्ठ पीठासीन न्यायाधीश शामिल होते हैं। न्यायिक नियुक्तियों पर गठित आयोग को तब नामांकन की या तो पुष्टि कर देनी चाहिये या उसे अस्वीकार कर देना चाहिये। केवल पुष्टि किये जाने की दशा में ही नामांकित व्यक्ति न्यायाधीश बनता है।

पुष्टि के बाद, न्यायाधीश को पद की शपथ दिलायी जाती है और वह गवर्नर के अगले चुनाव में, और उसके बाद हर अवधि के समापन पर मतदाताओं की मंजूरी के आधीन होता है। California के संविधान के द्वारा सर्वोच्च न्यायालय और अपीलीय अदालतों के न्यायाधीशों के लिए निर्धारित अवधि 12 वर्ष है। न्यायिक नियुक्तियों पर गठित आयोग के द्वारा न्यायाधीशों की पुष्टि केवल गवर्नर के अगले चुनाव तक की जाती है, जिस समय पर वे अपने पूर्ववर्ती न्यायाधीश की बाकी अवधि, अगर कोई हो, जो या तो चार या आठ वर्ष होगी, तक बने रहने के लिए चुनाव में खड़े होते हैं। (चुनाव संहिता की धारा 9083)

**Goodwin Liu,** California के सर्वोच्च न्यायालय के सह-न्यायाधीश

**बार में प्रवेश :** California बार में 1999 में प्रवेश किया।

**शिक्षा :** Yale लॉ स्कूल, J.D., 1998; Stanford यूनिवर्सिटी, बैचलर ऑफ साइन्स, 1991; Oxford यूनिवर्सिटी, मास्टर्स ऑफ आर्ट्स, 2002।

**व्यावसायिक कानूनी पृष्ठभूमि :** कानून के प्रोफेसर, UC Berkeley स्कूल ऑफ लॉ, 2003–2011 (एसोसिएट डीन के रूप में काम किया, 2008–2010); लिटिगेशन एसोसिएट, O'Melveny & Myers LLP, 2001–2003; अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश Ruth Bader Ginsburg के लॉ क्लर्क, 2000–2001; अमेरिकी शिक्षा विभाग के उप सचिव के विशेष सहायक, 1999–2000; अमेरिकी सर्किट न्यायाधीश David S. Tatel के लॉ क्लर्क, 1998–1999।

**न्यायिक पृष्ठभूमि :** California के सर्वोच्च न्यायालय के सह–न्यायाधीश, 2011–वर्तमान तक (गवर्नर Jerry Brown द्वारा नियुक्त और न्यायिक नियुक्तियों पर गठित आयोग के द्वारा पुष्टि प्राप्त)।

---

**Kathryn Mickle Werdegar,** California के सर्वोच्च न्यायालय की सह-न्यायाधीश

**बार में प्रवेश :** California बार में 1964 में प्रवेश किया।

**शिक्षा :** J.D. (विशेष योग्यता के साथ) George Washington यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ, 1962; बैचलर ऑफ आर्ट्स। Berkeley में California यूनिवर्सिटी, 1957।

**व्यावसायिक कानूनी पृष्ठभूमि :** वरिष्ठ स्टाफ अटॉर्नी California सर्वोच्च न्यायालय, 1985–1991; वरिष्ठ स्टाफ अटॉर्नी California पहली डिस्ट्रिक्ट अपीली अदालत, 1981–1985; एसोसिएट डीन और एसोसिएट प्रोफेसर, यूनिवर्सिटी ऑफ San Francisco स्कूल ऑफ लॉ, 1978–1981; निदेशक, आपराधिक कानून प्रभाग, California बार सतत शिक्षा, Berkeley, CA 1971–1978; सलाहकार और लेखक, California कॉलेज ऑफ ट्रायल जजेस, Berkeley, CA 1968–1971; एसोसिएट, U.C. Berkeley सेंटर फॉर दि स्टडी ऑफ लॉ एंड सोसाइटी, 1965–1967; अमेरिकी न्याय विभाग, नागरिक अधिकार प्रभाग, 1962–1963।

**न्यायिक पृष्ठभूमि :** सह–न्यायाधीश, California सर्वोच्च न्यायालय, 1994 से वर्तमान तक; सह–न्यायाधीश, California अपीली अदालत, पहली अपीलीय डिस्ट्रिक्ट, 1991–1994।

---

22 जुलाई, 2014 को, प्रोफेसर Mariano-Florentino Cuéllar को गवर्नर Jerry Brown के द्वारा California सर्वोच्च न्यायालय के सह-न्यायाधीश होने के लिए नामांकित किया गया था। California के संविधान के अनुसार यह आवश्यक है कि प्रोफेसर Cuéllar के नामांकन की न्यायिक नियुक्तियों पर गठित आयोग के द्वारा या तो पुष्टि की जाये या उसे अस्वीकार कर दिया जाये। अगर किसी नामांकित न्यायाधीश की आयोग के द्वारा पुष्टि की जाती है, तो न्यायाधीश अगले गवर्नर के चुनाव में मतदाताओं की मंजूरी के आधीन है। इसका मतलब है प्रोफेसर Cuéllar नवम्बर 4, 2014 के मतपत्र पर होंगे। राज्य के कानून के अनुसार प्रोफेसर Cuéllar के नामांकन पर विचार करने के लिए आयोग की बैठक से पहले यह मतदाता मार्गदर्शिका छपनी आवश्यक थी। न्यायिक अवधारण चुनावों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, इस मतदाता मार्गदर्शिका का पृष्ठ 62 देखें।

**Mariano-Florentino Cuéllar,** Stanford यूनिवर्सिटी कानून के प्रोफेसर

**बार में प्रवेश :** California बार में 1998 में प्रवेश किया।

**शिक्षा :** Harvard कॉलेज, A.B. 1993; Yale लॉ स्कूल, J.D. 1997; Stanford यूनिवर्सिटी, A.M. 1996, डॉक्टर ऑफ फिलॉसोफी 2000।

**व्यावसायिक कानूनी पृष्ठभूमि :** Stanford यूनिवर्सिटी (2001–वर्तमान); Stanley Morrison विधि प्रोफेसर (2012–वर्तमान); प्रोफेसर (2007–2012); एसोसिएट/सहायक प्रोफेसर (2001–2007); निदेशक और वरिष्ठ फेलो, Freeman Spogli अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान, Stanford यूनिवर्सिटी, (2013–वर्तमान); न्याय और नियामक नीति के लिए राष्ट्रपति के विशेष सहायक, व्हाइट हाउस, डोमेस्टिक पॉलिसी काउंसिल (2009–2010); को-चेयरमैन, आप्रवासन नीति सम्बंधी कार्यकारी समूह, Obama-Biden ट्रांजिशन प्रोजेक्ट (2008–2009); अमेरिकी अपीलीय अदालत, नौंवी सर्किट, के मुख्य न्यायाधीश Mary M. Schroeder के कानूनी क्लर्क, (2000–2001); वरिष्ठ सलाहकार, अवर सचिव, प्रवर्तन, अमेरिकी ट्रेज़री विभाग, (1997–1999)।

## प्रस्ताव 2

2013–2014 द्वितीय असाधारण सत्र (संकल्प अध्याय 1, 2013–2014 द्वितीय असाधारण सत्र) के विधानसभा संवैधानिक संशोधन 1 के द्वारा प्रस्तावित यह संशोधन California के संविधान को, उसमें धारायें जोड़ कर और उसकी एक धारा को निरस्त करके और जोड़ कर, स्पष्ट रूप से संशोधित करता है; इसलिए, हटाये जाने के लिए प्रस्तावित मौजूदा प्रावधान ~~काटी हुई टाइप~~ में और जोड़े जाने के लिए प्रस्तावित नये प्रावधान, यह बताने के लिए कि वे नये हैं, *तिरछे टाइप* में छापे गये हैं।

### अनुच्छेद IV और XVI के लिए प्रस्तावित संशोधन

पहला—कि तत्सम्बन्धी अनुच्छेद IV में धारा 12.5 जोड़ी गयी है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

*धारा 12.5. धारा 12 के उपखंड (a) के अनुसार बजट प्रस्तुत करने के बाद 10 दिनों के भीतर, सरकारी संहिता या उत्तराधिकारी कानून की धारा 13308 के उपखंड (e) के द्वारा आवश्यक गवर्नर के बजट में प्रस्तावित समायोजनों के बाद, और बजट बिल के अधिनियमन के बाद, या उसके बाद यथाशीघ्र सम्भव होने पर, वित्त निदेशक विधानमंडल को निम्नलिखित में से दोनों प्रस्तुत करेगा:*

*(a) आगामी वित्त वर्ष के लिए और उसके बाद के तीन वित्तीय वर्षों के लिए सामान्य निधि राजस्व के अनुमान।*

*(b) आगामी वित्त वर्ष के लिए और उसके बाद के तीन वित्तीय वर्षों के लिए सामान्य निधि के खर्चों के अनुमान।*

दूसरा—कि तत्सम्बन्धी अनुच्छेद XVI की धारा 20 निरस्त कर दी गयी है।

~~धारा 20. (a) बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट एतद्द्वारा सामान्य निधि में बनाया जाता है।~~

~~(b) हर वित्तीय वर्ष में जैसा पैराग्राफ (1) से (3), सम्मिलित करके, में बताया गया है, कंट्रोलर सामान्य निधि से बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में निम्नलिखित राशियां अंतरित यानि ट्रांसफर करेगा:~~

~~(1) अधिकतम सितम्बर 30, 2006 तक, वित्तीय वर्ष 2006–07 के लिए सामान्य निधि राजस्व की अनुमानित राशि के 1 प्रतिशत के बराबर धनराशि।~~

~~(2) अधिकतम सितम्बर 30, 2007 तक, वित्तीय वर्ष 2007–08 के लिए सामान्य निधि राजस्व की अनुमानित राशि के 2 प्रतिशत के बराबर धनराशि।~~

~~(3) अधिकतम सितम्बर 30, 2008 तक, और उसके बाद सालाना तौर पर वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए सामान्य निधि राजस्व की अनुमानित राशि के 3 प्रतिशत के बराबर धनराशि।~~

~~(c) धनराशियों का अंतरण किसी भी वित्तीय वर्ष में उपखंड (b) के द्वारा उस हद तक आवश्यक नहीं होगा कि उसके परिणामस्वरूप खाते में बकाया राशि उस वित्तीय वर्ष के लिए बजट बिल में निर्धारित किये गये सामान्य निधि राजस्व के 5 प्रतिशत से अधिक हो जाये, जैसा अधिनियमित किया गया हो, या आठ बिलियन डॉलर ($8,000,000,000), जो भी अधिक हो। विधानमंडल, कानून के अनुसार, कंट्रोलर को, एक या उससे अधिक वित्तीय वर्षों के लिए, इस उपखंड के द्वारा निर्धारित स्तरों से अधिक राशियों को अकाउंट में ट्रांसफर करने के लिए निर्देशित कर सकता है।~~

~~(d) इस धारा के द्वारा लगाये गये किसी भी प्रतिबंध के आधीन, बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर की जाने वाली धनराशियां इस संविधान के सभी उद्देश्यों के लिए सामान्य निधि राजस्व मानी जायेंगी।~~

~~(e) अधिकतम पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के जून 1 तक गवर्नर के द्वारा जारी किये गये अधिशासी आदेश के द्वारा निर्दिष्ट किये गये अनुसार धनराशियों के सामान्य निधि से बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर को किसी वित्तीय वर्ष के लिए निलम्बित किया जा सकता है या उसे कम किया जा सकता है।~~

~~(f) (1) हर वित्तीय वर्ष में अकाउंट में ट्रांसफर की जाने वाली धनराशियों में से, 50 प्रतिशत, सभी वित्तीय वर्षों के लिए कुल पाँच बिलियन डॉलर ($5,000,000,000) की राशि तक, डेफिसिट रिकवरी बॉण्ड रिटायरमेंट सिंकिंग फंड उपखाते में जमा की जायेगी, यह उपखाता अकाउंट में एतद्द्वारा कानून के अनुसार उन बॉण्ड्स को रिटायर करने के उद्देश्य के लिए उपलब्ध कराये जाने वाले कोई अन्य भुगतानों के अलावा, धारा 1.3 में वर्णित किये गये अनुसार अधिकृत और जारी किये जाने वाले डेफिसिट रिकवरी बॉण्ड्स को रिटायर करने के लिए बनाया गया है। सिंकिंग फंड उपखाते की धनराशियां समय-समय पर, और कोषाध्यक्ष के द्वारा उचित माने जाने वाले ढंग में उस उद्देश्य के लिए खर्च किये जाने के लिए लगातार कोषाध्यक्ष को विनियोजित की जाती हैं। सभी डेफिसिट रिकवरी बॉण्ड्स के रिटायर हो जाने के बाद सिंकिंग फंड उपखाते में बची कोई भी धनराशियां अकाउंट में ट्रांसफर कर दी जायेंगी, और पैराग्राफ (2) के अनुसार वे सामान्य निधि में ट्रांसफर की जा सकती हैं।~~

~~(2) किसी वित्तीय वर्ष में अकाउंट में ट्रांसफर की जाने वाली अन्य सभी धनराशियां सिंकिंग फंड उपखाते में जमा नहीं की जायेंगी और, कानून के अनुसार, सामान्य निधि में ट्रांसफर की जा सकती हैं।~~

तीसरा—कि तत्सम्बन्धी अनुच्छेद XVI में धारा 20 जोड़ी गयी है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

*धारा 20. (a) (1) बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट एतद्द्वारा सामान्य निधि में बनाया जाता है।*

*(2) 2015–16 वित्तीय वर्ष और उसके बाद के हर वित्तीय वर्ष के लिए, उस वित्तीय वर्ष के बजट अधिनियम के आधार पर, कंट्रोलर, अधिकतम अक्तूबर 1 तक, उस वित्तीय वर्ष के लिए सामान्य निधि राजस्व की अनुमानित राशि के 1.5 प्रतिशत के बराबर धनराशि सामान्य निधि से बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर करेगा।*

*(b) (1) 2015–16 वित्तीय वर्ष और उसके बाद के हर वित्तीय वर्ष के लिए, उस वित्तीय वर्ष के बजट अधिनियम के आधार पर, वित्त विभाग विधानमंडल को निम्नलिखित जानकारी प्रदान करेगा:*

*(A) अनुच्छेद XIII B के अनुसार विनियोजित की जा सकने वाली उस वित्तीय वर्ष के लिए करों से प्राप्त होने वाली सामान्य निधि की राशि का अनुमान।*

*(B) (i) उपपैराग्राफ (A) में निर्धारित करों से प्राप्त होने वाली सामान्य निधि की राशि के उस हिस्से का अनुमान जो शुद्ध पूँजीगत लाभों पर अदा किये गये व्यक्तिगत आय कर से प्राप्त हुआ हो।*

*(ii) वाक्यांश (i) में अनुमान का वह हिस्सा जो उपपैराग्राफ (A) के तहत लगाये गये अनुमान के 8 प्रतिशत से अधिक हो।*

*(C) धारा 8 के तहत राज्य के वित्तपोषण दायित्व का वह हिस्सा जो करों से प्राप्त होने वाली सामान्य निधि के रूप में, उपपैराग्राफ (B) के वाक्यांश (ii) के तहत परिकलित राशि को शामिल करने से प्राप्त होता है, अगर कोई हो।*

*(D) उपखंड (c) के उपपैराग्राफ (2) के उपपैराग्राफ (C) या, पैराग्राफ (1) के उपपैराग्राफ (B) के वाक्यांश (ii) में वर्णित किसी भी विनियोजन की राशियां, जो इस पैराग्राफ के उपपैराग्राफ (B) के वाक्यांश (ii) में वर्णित राजस्व राशियों से बनायी गयीं हों।*

*(E) उपपैराग्राफ (B) के वाक्यांश (ii) के तहत परिकलित मान से उपपैराग्राफ (C) और (D) के तहत परिकलित संयुक्त मानों को घटाने से प्राप्त होने वाली राशि। अगर शून्य से कम हो, तो इस उद्देश्य के लिए वह राशि शून्य मानी जायेगी।*

*(F) उपपैराग्राफ (E) के तहत परिकलित राशि या ट्रांसफर की गयी वह राशि जिसके परिणामस्वरूप बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में बकाया राशि उपखंड (e) में बतायी गयी सीमा तक पहुँची हो, में से जो भी कम हो।*

*(2) 2016–17 वित्तीय वर्ष में, केवल 2015–16 वित्तीय वर्ष के सम्बंध में, और 2017–18 वित्तीय वर्ष तथा उसके बाद के हर वित्तीय वर्ष में, अलग से अगले दो पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों में से हर एक के सम्बन्ध में, वित्त विभाग, उसी पद्धति का इस्तेमाल करके जो प्रासंगिक वित्तीय वर्ष के लिए प्रयोग की गयी है, निम्नलिखित में से सभी की गणना करेगा, और उन गणनाओं को विधानमंडल को प्रदान करेगा:*

*(A) अनुच्छेद XIII B के अनुसार विनियोजित की जा सकने वाली करों से प्राप्त होने वाली सामान्य निधि की राशि का एक अद्यतन अनुमान।*

*(B) (i) उपपैराग्राफ (A) में निर्धारित करों से प्राप्त होने वाली सामान्य निधि की राशि के उस हिस्से का एक अद्यतन अनुमान जो शुद्ध पूँजीगत लाभों पर अदा किये गये व्यक्तिगत आय कर से प्राप्त हुआ हो।*

*(ii) वाक्यांश (i) में अद्यतन अनुमान का वह हिस्सा जो उपपैराग्राफ (A) के तहत लगाये गये अनुमान के 8 प्रतिशत से अधिक हो।*

*(C) धारा 8 के तहत राज्य के वित्तपोषण दायित्व के उस हिस्से की अद्यतन गणना जो करों से प्राप्त होने वाली सामान्य निधि के रूप में, उपपैराग्राफ (B) के वाक्यांश (ii) के तहत परिकलित राशि को शामिल करने से प्राप्त होता है, अगर कोई हो।*

*(D) उपखंड (c) के उपपैराग्राफ (2) के उपपैराग्राफ (C) या, पैराग्राफ (1) के उपपैराग्राफ (B) के वाक्यांश (ii) में वर्णित किसी भी विनियोजन की राशियां, जो पैराग्राफ (1) के उपपैराग्राफ (B) के वाक्यांश (ii) में वर्णित राजस्व राशियों से बनायी गयीं हों।*

*(E) उपपैराग्राफ (B) के वाक्यांश (ii) के तहत परिकलित मान से उपपैराग्राफ (C) और (D) के तहत परिकलित संयुक्त मानों को घटाने से प्राप्त होने वाली राशि। अगर शून्य से कम हो, तो इस उद्देश्य के लिए वह राशि शून्य मानी जायेगी।*

*(F) उपखंड (c) और (d) के अनुसार कंट्रोलर के द्वारा वित्तीय वर्ष के लिए सामान्य निधि से बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में पूर्व में ट्रांसफर की गयी राशि।*

*(G) (i) उपपैराग्राफ (E) के तहत परिकलित राशि से, घटा कर प्राप्त होने वाली राशि, जो शून्य से कम नहीं हो, संबद्ध वित्तीय वर्ष के लिये विधानमंडल के द्वारा पूर्व में अनुमोदित धारा 22*

के उपखंड (a) के पैराग्राफ (1) के अनुसार ट्रांसफर के किसी निलम्बन या कटौती का मान, और उपपैराग्राफ (F) में वर्णित किये गये अनुसार कंट्रोलर के द्वारा उस वित्तीय वर्ष के लिए पूर्व में ट्रांसफर की गयी राशि, या (ii) ट्रांसफर की गयी वह राशि जिसके परिणामस्वरूप बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में बकाया राशि उपखंड (e) में बतायी गयी सीमा तक पहुँची हो, में से जो भी कम हो।

(c) (1) (A) 2015–16 वित्तीय वर्ष के अक्तूबर 1 तक और उसके बाद 2029–30 वित्तीय वर्ष तक, हर वित्तीय वर्ष, उपखंड (h) के पैराग्राफ (2) और (3) के अनुसार वार्षिक बजट अधिनियम में बताये गये अनुमानों, और उपखंड (a) के पैराग्राफ (2) में निर्धारित राशि के आधार पर कंट्रोलर, वित्त निदेशक के द्वारा प्रदत्त कार्यक्रम-सूची के अनुसार, सामान्य निधि और बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट से धनराशियां ट्रांसफर करेगा, जैसा उपपैराग्राफ (B) में प्रावधान किया गया है।

(B) इस खंड के किसी भी अन्य प्रावधान के होते हुए भी, उस वित्तीय वर्ष में जिसके लिए उपपैराग्राफ (A) में निर्धारित बजट अधिनियम लागू होता है:

(i) उपखंड (a) के पैराग्राफ (2) में निर्धारित राशि, और उपखंड (b) के पैराग्राफ (1) के उपपैराग्राफ (B) के वाक्यांश (ii) के तहत परिकलित मान से उपखंड (b) के पैराग्राफ (1) के उपपैराग्राफ (C) के तहत परिकलित मान को घटाने से प्राप्त राशि, दोनों राशियों का पचास प्रतिशत सामान्य निधि से बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर किया जायेगा।

(ii) बाकी 50 प्रतिशत विधानमंडल के द्वारा निम्नलिखित दायित्वों और उद्देश्यों में से किसी एक या उससे अधिक के लिए विनियोजित किया जायेगा:

(I) धारा 8 के अनुसार अनिधिक पूर्व वित्तीय वर्ष के ऐसे सामान्य निधि दायित्व जो जुलाई 1, 2014 को मौजूद थे।

(II) सामान्य निधि से बाहर की धनराशियों से, सामान्य निधि के लिए ऐसे बजटीय ऋण, जिनमें जनवरी 1, 2014 को बकाया राशियां शेष थीं।

(III) 2004–05 वित्तीय वर्ष के पूर्व उठायी गयी आदेशित लागतों के लिए ऐसे देय दावे जिनका अभी तक भुगतान नहीं किया गया है, और जो अनुच्छेद XIII B की धारा 6 के उपखंड (b) के पैराग्राफ (2) के अनुसार कानून द्वारा निर्धारित वर्षों की अवधि में भुगतान किये जाने के लिए अनुमति प्राप्त है।

(IV) उस वित्तीय वर्ष के लिए, जिसमें धनराशियां अन्यथा बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर हो जायेंगी, स्थापित वर्तमान आधार राशियों से अधिक की राज्यस्तरीय पेंशन योजनाओं के लिए अनिधिक देयताएं और रोजगार के उपरांत अन्य लाभों के लिए पूर्व निधि प्रबंधन। इस उपवाक्यांश के लिए, वर्तमान आधार राशियां वे हैं जो कानून के अनुसार अदा की जानी आवश्यक हैं, एक अनुमोदित सहमति ज्ञापन, नियोक्ता या सामूहिक सौदेबाजी से अलग रखे गये या मुक्त किये गये कर्मचारियों के लिए उन अंशदानों को स्थापित करने के लिए अधिकृत संस्था द्वारा स्थापित लाभ सम्बन्धी कार्यक्रम–सूचियां, या इनका कोई भी संयोजन। इस उपखंड के तहत योग्य होने के लिए, विनियोजन ऐसी धनराशियों की पूरक व्यवस्था करेगा, न कि उनकी जगह लेगा जो कि इस वित्तीय वर्ष या इसके बाद के वित्तीय वर्ष के लिए इस उपखंड में वर्णित देयताओं का भुगतान करने के लिए अन्यथा उपलब्ध करायी जायेंगी।

(2) (A) 2030–31 वित्तीय वर्ष और उसके बाद हर वित्तीय वर्ष के अक्तूबर 1 तक, उपखंड (h) के पैराग्राफ (2) और (3) के अनुसार वार्षिक बजट अधिनियम में बताये गये अनुमानों के आधार पर, कंट्रोलर, वित्त निदेशक के द्वारा प्रदत्त कार्यक्रम-सूची के अनुसार, सामान्य निधि से बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में धनराशियां ट्रांसफर करेगा, जैसा उपपैराग्राफ (B) में प्रावधान किया गया है।

(B) उस वित्तीय वर्ष में जिसके लिए उपपैराग्राफ (A) में निर्धारित बजट अधिनियम लागू होता है, उपखंड (a) के पैराग्राफ (2) में निर्धारित राशि, और उपखंड (b) के पैराग्राफ (1) के उपपैराग्राफ (B) के वाक्यांश (ii) के तहत परिकलित मान से उपखंड (b) के पैराग्राफ (1) के उपपैराग्राफ (C) के तहत परिकलित मान को घटाने से प्राप्त राशि, सामान्य निधि से बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर कर दी जायेंगी।

(C) इस धारा के किसी भी अन्य प्रावधान के होते हुए भी, विधानमंडल उपखंड (a) के पैराग्राफ (2) में निर्धारित राशि, और उपखंड (b) के पैराग्राफ (1) के उपपैराग्राफ (B) के वाक्यांश (ii) के तहत परिकलित मान से उपखंड (b) के पैराग्राफ (1) के उपपैराग्राफ (C) के तहत परिकलित मान को घटाने से प्राप्त राशि, दोनों राशियों के 50 प्रतिशत तक को पैराग्राफ (1) के उपपैराग्राफ (B) के वाक्यांश (ii) में वर्णित दायित्वों और उद्देश्यों में से किसी एक या उससे अधिक के लिए विनियोजित कर सकता है।

(3) इस उपखंड में वर्णित ट्रांसफर धारा 22 के उपखंड (a) के पैराग्राफ (1) के अनुसार निलम्बन या कटौती के आधीन हैं।

(d) 2016–17 वित्तीय वर्ष और उसके बाद हर वित्तीय वर्ष के अक्तूबर 1 तक, उपखंड (h) के पैराग्राफ (4) और (5) के अनुसार वार्षिक बजट अधिनियम में बताये गये अनुमानों के आधार पर, कंट्रोलर, वित्त निदेशक के द्वारा प्रदत्त कार्यक्रम-सूची के अनुसार, सामान्य निधि और बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट के बीच, निम्न प्रकार धनराशियां ट्रांसफर करेगा:

(1) अगर उपखंड (b) के पैराग्राफ (2) के उपपैराग्राफ (G) में धनराशि शून्य से अधिक है, तो धारा 22 के उपखंड (a) के पैराग्राफ (1) के अनुसार किसी भी निलम्बन या कटौती के आधीन, उस राशि को सामान्य निधि से बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर करें।

(2) अगर उपखंड (b) के पैराग्राफ (2) के उपपैराग्राफ (F) में वर्णित राशि उपखंड (b) के पैराग्राफ (2) के उपपैराग्राफ (E) के तहत परिकलित राशि से अधिक हो, तो उस अधिक राशि को बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट से वापस सामान्य निधि में ट्रांसफर करें। 2

(e) इस धारा के किसी भी अन्य प्रावधान के होते हुए भी, किसी भी वित्तीय वर्ष के लिए उपखंड (a) के पैराग्राफ (2) तथा उपखंड (c) और (d) के अनुसार बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट के लिए ट्रांसफर उस राशि से अधिक नहीं होगा जो उस अकाउंट में, उपखंड (b) के अनुसार अनुमानित वित्तीय वर्ष के लिए करों से प्राप्त सामान्य निधि की राशि के 10 प्रतिशत से अधिक ट्रांसफर किये जाने पर, उस अकाउंट में बकाया बचती है। किसी भी वित्तीय वर्ष के लिए, करों से प्राप्त सामान्य निधि की राशि जो, इस पैराग्राफ के अलावा, बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर हो गयी होती, केवल बुनियादी ढाँचे के लिए खर्च की जा सकती है, जैसा सरकारी संहिता की धारा 13101 के द्वारा परिभाषित किया गया है, जैसे जनवरी 1, 2014 को पढ़ी गयी वह धारा, जिसमें उस पर आस्थगित रखरखाव शामिल है।

(f) उपखंड (b) में करों से प्राप्त सामान्य निधि के रूप में वर्णित धनराशियां धारा 8 के उद्देश्यों के लिए उस वित्तीय वर्ष के लिए करों से प्राप्त सामान्य निधि राशियां हैं जिस वित्तीय वर्ष से वे राशियां सम्बंधित हैं, लेकिन उन्हें इस आधार पर कि वे धनराशियां उसके बाद बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट से सामान्य निधि में ट्रांसफर हो जाती हैं, करों से प्राप्त अतिरिक्त सामान्य निधि राशियां नहीं माना जाता।

(g) कंट्रोलर, बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट की उन धनराशियों को, जिन्हें वह इस खंड के उद्देश्यों के लिए वर्तमान में अनावश्यक निर्धारित करता हो, सामान्य निधि की दैनिक नकदी प्राप्ति सम्बन्धी ज़रूरतों के प्रबंधन में मदद करने के लिए उपयोग में ला सकता है। इस उपखंड के अनुसार किया गया कोई भी उपयोग बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट के प्रयोजनों के साथ हस्तक्षेप नहीं करेगा।

(h) वार्षिक बजट अधिनियम में निम्नलिखित में से सभी में वर्णित अनुमान शामिल होंगे:

(1) उपखंड (a) का पैराग्राफ (2)।

(2) उपखंड (b) के पैराग्राफ (1) के उपपैराग्राफ (B) का वाक्यांश (ii)।

(3) उपखंड (b) के पैराग्राफ (1) का उपपैराग्राफ (F)।

(4) उपखंड (b) के पैराग्राफ (2) के उपपैराग्राफ (B) का वाक्यांश (ii)।

(5) उपखंड (b) के पैराग्राफ (2) का उपपैराग्राफ (G)।

चौथा— कि तत्सम्बन्धी अनुच्छेद XVI में धारा 21 जोड़ी गयी है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

धारा 21. (a) पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट एतद्वारा सामान्य निधि में बनाया जाता है।

(b) 2015–16 वित्तीय वर्ष से शुरू होकर, हर वित्तीय वर्ष के अक्तूबर 1 को या उससे पहले, धारा 20 के उपखंड (b) के अनुसार वार्षिक बजट अधिनियम में निर्धारित राशियों के आधार पर, कंट्रोलर, वित्त निदेशक के द्वारा प्रदत्त कार्यक्रम-सूची के अनुसार, सामान्य निधि से पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में निम्नानुसार धनराशियां ट्रांसफर करेगा:

(1) (A) 2015–16 वित्तीय वर्ष के लिए, और उसके बाद के हर वित्तीय वर्ष के लिए, धारा 20 के उपखंड (b) के पैराग्राफ (1) के उपपैराग्राफ (C) में निर्धारित कोई भी धनात्मक राशि, इस खंड के किसी अन्य प्रावधान या धारा 22 के उपखंड (a) के पैराग्राफ (3) के अनुसार किसी भी कटौती या निलम्बन के आधीन, उपपैराग्राफ (B) के तहत परिकलित राशि में सामान्य निधि से पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर की जायेगी।

(B) वित्त निदेशक उस राशि की गणना करेगा जिसके द्वारा धारा 20 के उपखंड (b) के पैराग्राफ (1) के उपपैराग्राफ (C) में निर्धारित धनात्मक राशि, धारा 8 के अनुसार उस वित्तीय वर्ष के लिए स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स और सामुदायिक कॉलेज डिस्ट्रिक्ट्स की सहायता के लिए राज्य के द्वारा लागू किये जाने के लिए आवश्यक सभी धनराशियों के साथ मिल कर, अनुच्छेद XIII B के अनुसार विनियोजित करों से प्राप्त सामान्य निधि से स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स और सामुदायिक कॉलेज डिस्ट्रिक्ट्स के लिए कुल आबंटन राशियों के योग से और पूर्व वित्तीय वर्ष में आबंटित करों से प्राप्त स्थानीय धनराशियां, तथा पूर्व वित्तीय वर्ष में पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट से किये गये राशियों के आबंटनों से अधिक हो जाती है, इसमें से पूर्व वित्तीय वर्ष में इस खंड के अनुसार

*पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट के लिए किये गये कोई भी ट्रांसफर और औसत दैनिक उपस्थिति में प्रतिशतता बदलाव के लिए समायोजित, धारा 8.5 के उपखंड (a) के अनुसार आबंटित कोई भी राजस्व राशियों तथा अनुच्छेद XIII B की धारा 8 के उपखंड (e) के पैराग्राफ (1) के अनुसार रहन-सहन की लागत में उच्चतर लागत के लिए समायोजित या स्कूल डिस्ट्रिक्ट और सामुदायिक कॉलेज डिस्ट्रिक्ट के सामान्य उद्देश्य आबंटनों के लिए लागू किये गये रहन-सहन की लागत सम्बन्धी समायोजन को घटायें।*

*(2) (A) 2016–17 वित्तीय वर्ष से शुरू होकर, और उसके के बाद हर वित्तीय वर्ष के लिए, उस सीमा तक जहाँ तक कि इस पैराग्राफ के तहत परिकलित राशि कंट्रोलर द्वारा पूर्व में किसी पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के लिए सामान्य निधि से पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर की गयी राशियों से अधिक हो, उस वित्तीय वर्ष के लिए धारा 20 के उपखंड (b) के पैराग्राफ (2) के उपपैराग्राफ (C) के अनुसार परिकलित कोई भी धनात्मक राशि इस खंड के किसी अन्य प्रावधान या धारा 22 के उपखंड (a) के पैराग्राफ (3) के अनुसार इस ट्रांसफर की किसी भी कटौती या निलम्बन के आधीन, उपपैराग्राफ (B) के तहत परिकलित राशि में सामान्य निधि से पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर की जायेगी।*

*(B) वित्त निदेशक उस राशि की गणना करेगा जिसके द्वारा धारा 20 के उपखंड (b) के पैराग्राफ (2) के उपपैराग्राफ (C) में निर्धारित धनात्मक राशि, धारा 8 के अनुसार उस वित्तीय वर्ष के लिए स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स और सामुदायिक कॉलेज डिस्ट्रिक्ट्स की सहायता के लिए राज्य के द्वारा लागू किये जाने के लिए आवश्यक सभी धनराशियों के साथ मिल कर, अनुच्छेद XIII B के अनुसार विनियोजित करों से प्राप्त सामान्य निधि से स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स और सामुदायिक कॉलेज डिस्ट्रिक्ट्स के लिए कुल आबंटन राशियों के योग से और पूर्व वित्तीय वर्ष में आबंटित करों से प्राप्त स्थानीय धनराशियां, तथा पूर्व वित्तीय वर्ष में पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट से किये गये राशियों के आबंटनों से अधिक हो जाती है, इसमें से पूर्व वित्तीय वर्ष में इस खंड के अनुसार पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट के लिए किये गये कोई भी ट्रांसफर और औसत दैनिक उपस्थिति में प्रतिशतता बदलाव के लिए समायोजित, धारा 8.5 के उपखंड (a) के अनुसार आबंटित कोई भी राजस्व राशियों तथा अनुच्छेद XIII B की धारा 8 के उपखंड (e) के पैराग्राफ (1) के अनुसार रहन-सहन की लागत में उच्चतर लागत के लिए समायोजित या स्कूल डिस्ट्रिक्ट और सामुदायिक कॉलेज डिस्ट्रिक्ट के सामान्य उद्देश्य आबंटनों के लिए लागू किये गये रहन-सहन की लागत सम्बन्धी समायोजन को घटायें।*

*(c) 2016–17 वित्तीय वर्ष से शुरू होकर, और उसके के बाद हर वित्तीय वर्ष के लिए, अगर किसी वित्तीय वर्ष के लिए धारा 20 के उपखंड (b) के पैराग्राफ (2) के उपपैराग्राफ (C) के अनुसार परिकलित राशि उस वित्तीय वर्ष के लिए कंट्रोलर द्वारा पूर्व में सामान्य निधि से पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर की गयी राशियों से कम है, तो इस अन्तर की राशि राज्य के द्वारा स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स और सामुदायिक कॉलेज डिस्ट्रिक्ट्स की सहायता के लिए पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट से विनियोजित और आबंटित की जायेगी।*

*(d) इस खंड के किसी भी अन्य प्रावधान के होते हुए भी, किसी वित्तीय वर्ष के लिए उपखंड (b) के अनुसार पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर की जाने वाली राशि उस राशि से अधिक नही होगी जिससे धारा 8 के उपखंड (b) के पैराग्राफ (1) के अनुसार परिकलित राज्य सहायता की राशि उस वित्तीय वर्ष के लिए धारा 8 के उपखंड (b) के पैराग्राफ (2) के अनुसार परिकलित राज्य सहायता की राशि से अधिक है। अगर धारा 8 के उपखंड (b) के पैराग्राफ (1) के अनुसार परिकलित राज्य सहायता की राशि किसी वित्तीय वर्ष के लिए धारा 8 के उपखंड (b) के पैराग्राफ (2) के अनुसार परिकलित राज्य सहायता की राशि से अधिक नहीं है, उपखंड (b) के अनुसार उस वित्तीय वर्ष के लिए पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में कोई भी राशि ट्रांसफर नहीं की जायेगी।*

*(e) इस खंड के किसी भी अन्य प्रावधान के होते हुए भी, उपखंड (b) के अनुसार ऐसे वित्तीय वर्ष के लिए पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में कोई भी राशि ट्रांसफर नहीं की जायेगी जिसके लिए धारा 8 के उपखंड (d) के अनुसार एक रखरखाव कारक निर्धारित किया गया है।*

*(f) इस खंड के किसी भी अन्य प्रावधान के होते हुए भी, उपखंड (b) के अनुसार पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में कोई भी राशि ट्रांसफर नहीं की जायेगी जब तक कि धारा 8 के उपखंड (d) और (e) के अनुसार 2014–15 वित्तीय वर्ष से पूर्व के वित्तीय वर्षों के लिए निर्धारित रखरखाव कारक पूरी तरह से आबंटित न कर दिया गया हो। उस वित्तीय वर्ष के बजट अधिनियम के आधार पर, कि यह शर्त पूरी की जायेगी, ट्रांसफर उस वित्तीय वर्ष, जिसमें यह निर्धारित किया गया है, के बाद के वित्तीय वर्ष में शुरू करके किये जा सकते हैं। अगर किसी वित्तीय वर्ष के लिए राशि ट्रांसफर की जाये जिसके लिए बाद में यह निर्धारित हो कि यह शर्त पूरी नहीं की गयी है, तो ट्रांसफर की वह राशि पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट से स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स और सामुदायिक कॉलेज डिस्ट्रिक्ट्स की सहायता के लिए विनियोजित और आबंटित कर दी जायेगी। उस वर्ष के लिए कोई भी राशि ट्रांसफर नहीं की जायेगी जिसके लिए, उस वित्तीय वर्ष के बजट अधिनियम के आधार पर, यह निर्धारित किया गया था, कि यह शर्त पूरी नहीं की जायेगी लेकिन बाद में उस वर्ष या किसी पूर्व वित्तीय वर्ष में उसे पूरा किया जाना निर्धारित किया गया।*

*(g) इस खंड के किसी भी अन्य प्रावधान के होते हुए भी, ऐसे किसी भी वित्तीय वर्ष के लिए कोई भी राशि पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर नहीं की जायेगी जिसके लिए धारा 8 के उपखंड (b) के प्रावधानों में से कोई भी धारा 8 के उपखंड (h) के अनुसार निलम्बित किये गये हों।*

*(h) इस खंड के किसी भी अन्य प्रावधान के होते हुए भी, किसी भी वित्तीय वर्ष के लिए, उपखंड (b) के अनुसार पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में किसी ट्रांसफर की राशि उस राशि से अधिक नहीं होगी जिसके कारण अकाउंट में इतनी बकाया राशि हो जो अनुच्छेद XIII B के अनुसार करों से प्राप्त सामान्य निधि से स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स और सामुदायिक कॉलेज डिस्ट्रिक्ट्स के लिए विनियोजित कुल आबंटनों और धारा 8 के अनुसार उस वित्तीय वर्ष के लिए आबंटित करों से प्राप्त स्थानीय धनराशियों के 10 प्रतिशत से अधिक हो। किसी भी वित्तीय वर्ष के लिए, करों से प्राप्त सामान्य निधि जो, इस उपखंड को छोड़ कर, पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर हो गयी होती, उसे राज्य के द्वारा स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स और सामुदायिक कॉलेजों के लिए लागू किया जायेगा।*

*(i) किसी भी उस उस वित्तीय वर्ष में जिसमें धारा 8 के अनुसार स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स और सामुदायिक कॉलेज डिस्ट्रिक्ट्स की सहायता के लिए राज्य के द्वारा लागू किये जाने के लिए आवश्यक राशि अनुच्छेद XIII B के अनुसार विनियोजित करों से प्राप्त सामान्य निधि से स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स और सामुदायिक कॉलेज डिस्ट्रिक्ट्स के लिए कुल आबंटन राशियों के योग से और पूर्व वित्तीय वर्ष में करों से प्राप्त आबंटित स्थानीय धनराशियों, तथा पूर्व वित्तीय वर्ष में पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट से किये गये राशियों के आबंटनों से अधिक हो जाती है, इसमें से पूर्व वित्तीय वर्ष में पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट के लिए किये गये कोई भी ट्रांसफर और औसत दैनिक उपस्थिति में प्रतिशतता बदलाव के लिए समायोजित, धारा 8.5 के उपखंड (a) के अनुसार आबंटित कोई भी राजस्व राशियों तथा अनुच्छेद XIII B की धारा 8 के उपखंड (e) के पैराग्राफ (1) के अनुसार रहन-सहन की लागत में उच्चतर लागत के लिए समायोजित या स्कूल डिस्ट्रिक्ट और सामुदायिक कॉलेज डिस्ट्रिक्ट के सामान्य उद्देश्य आबंटनों के लिए लागू किये गये रहन-सहन की लागत सम्बन्धी समायोजन को कम करें, कमी की राशि को राज्य के द्वारा स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स और सामुदायिक कॉलेज डिस्ट्रिक्ट्स की सहायता के लिए पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट से विनियोजित और आबंटित किया जायेगा।*

*(j) धारा 8 के उद्देश्यों के लिए, पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर की जाने वाली धनराशियां, राज्य के द्वारा स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स और सामुदायिक कॉलेज डिस्ट्रिक्ट्स की सहायता के लिए उस वित्तीय वर्ष में लागू की गयी धनराशियां मानी जायेंगी जिसके लिए वह ट्रांसफर किया गया है, न कि जिस वित्तीय वर्ष में धनराशियों को अकाउंट से विनियोजित किया गया है।*

*(k) इस खंड में कही गयी किसी भी बात का अर्थ धारा 8 और 8.5 के अनुसार राज्य के द्वारा स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स और सामुदायिक कॉलेज डिस्ट्रिक्ट्स की सहायता के लिए लागू किये जाने वाली धनराशियों की मात्रा को कम करने के लिए नहीं लगाया जायेगा।*

*(l) कंट्रोलर, पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट की उन धनराशियों को, जिन्हें वह इस खंड के उद्देश्यों के लिए वर्तमान में अनावश्यक निर्धारित करता हो, सामान्य निधि की दैनिक नकदी प्राप्ति सम्बन्धी ज़रूरतों के प्रबंधन में मदद करने के लिए उपयोग में ला सकता है। इस उपखंड के अनुसार कंट्रोलर के द्वारा धनराशियों का किया गया कोई भी उपयोग पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट के उद्देश्यों के साथ हस्तक्षेप नहीं करेगा।*

पाँचवा— कि तत्सम्बन्धी अनुच्छेद XVI में धारा 22 जोड़ी गयी है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

*धारा 22. (a) गवर्नर के द्वारा बजट आपातकाल घोषित किये जाने और आपातकाल का गठन करने वाली स्थितियों का निर्धारण किये जाने पर, विधानमंडल ऐसा बिल पारित कर सकता है जो निम्नलिखित में से कोई एक काम करता है:*

*(1) धारा 20 के द्वारा आवश्यक सामान्य निधि से बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर की जाने वाली धनराशियों को एक वित्तीय वर्ष के लिए निलम्बित कर देता है या निर्दिष्ट डॉलर राशि से कम कर देता है।*

*(2) (A) धारा 20 के अनुसार बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर की जा चुकीं धनराशियों को बजट आपातकाल का समाधान करने हेतु विनियोजन के लिए सामान्य निधि को वापस लौटा देता है।*

*(B) किसी भी वित्तीय वर्ष में उपपैराग्राफ (A) के अनुसार बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में बकाया राशि का अधिकतम 50 प्रतिशत विनियोग के लिए सामान्य निधि को वापस लौटाया जा सकता है, जब तक कि बजट स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट की धनराशियां तात्कालिक पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में ही विनियोग के लिए सामान्य निधि को वापस न लौटा दी गयी हों।*

*(3) धारा 21 के द्वारा आवश्यक सामान्य निधि से पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर की जाने वाली धनराशियों को एक वित्तीय वर्ष के लिए निलम्बित कर देता है या निर्दिष्ट डॉलर राशि से कम कर देता है।*

*(4) धारा 21 के अनुसार पब्लिक स्कूल सिस्टम स्टैबलाइज़ेशन अकाउंट में ट्रांसफर की गयी धनराशियां लेकर उन्हें स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स और सामुदायिक कॉलेज डिस्ट्रिक्ट्स की सहायता के लिए आबंटित करता है।*

*(b) इस खंड के उद्देश्यों के लिए, "बजट आपातकाल" का मतलब निम्नलिखित में से कोई है:*

*(1) अनुच्छेद XIII B की धारा 3 के उपखंड (c) के पैराग्राफ (2) के अर्थ के भीतर गवर्नर के द्वारा घोषित कोई आपातकाल।*

*(2) (A) गवर्नर के द्वारा किया गया कोई ऐसा निर्धारण कि अनुमानित संसाधन, निम्नलिखित दोनों के लिए समायोजित, तीन सबसे हाल के बजट अधिनियमों में से किसी के भी अधिनियमन के समय अनुमानित सामान्य निधि के कुल खर्चों की अधिकतम राशि के बराबर के स्तर पर, ऋणभारों को चुकता करने के लिए आरक्षित निधि के लिए धनराशियों को अलग रखने के बाद, वर्तमान या आगामी वित्तीय वर्ष के लिए सामान्य निधि के खर्चों का वित्तपोषण करने के लिए अपर्याप्त हैं:*

*(i) California उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के द्वारा मापे गये अनुसार, राज्य के लिए रहन-सहन की लागत में वार्षिक प्रतिशतता बदलाव।*

*(ii) सरकारी संहिता की धारा 7901 के उपखंड (b) के अनुसार राज्य की नागरिक आबादी में वार्षिक प्रतिशतता वृद्धि।*

*(B) इस पैराग्राफ के तहत निर्धारित किसी बजट आपातकाल के लिए निकाली जा सकने वाली अधिकतम राशि या तो किसी वित्तीय वर्ष के लिए सामान्य निधि व्यय के कुल ऐसे स्तर जो उपपैराग्राफ (A) के अनुसार परिकलित तीन सबसे हाल के बजट अधिनियमों में से किसी के भी अधिनियमन के समय अनुमानित सामान्य निधि के कुल खर्चों की अधिकतम राशि से अधिक है, या उपखंड (a) के पैराग्राफ (2) के उपपैराग्राफ (B) द्वारा लगायी गयी किसी भी सीमा से अधिक नहीं होगी।*

## प्रस्ताव 45

यह पहल सम्बंधी विधेयक California के संविधान के अनुच्छेद II की धारा 8 के प्रावधानों के अनुरूप लोगों के लिए पेश है।

यह पहल सम्बंधी विधेयक बीमा संहिता में एक धारा जोड़ता है; इसलिए, जोड़े जाने के लिए प्रतावित नये प्रावधान, यह दर्शाने के लिए कि वे नये हैं, *तिरछे टाइप* में छापे गये हैं।

### प्रस्तावित कानून

बीमा दर लोक औचित्य और जवाबदेही अधिनियम

धारा 1. निष्कर्ष और उद्देश्य।

स्वास्थ्य बीमा, गृह बीमा और वाहन बीमा आर्थिक आवश्यकता या कानून के बल के कारण Californiaवासियों के लिए अनिवार्य हैं। ऐसे मामलों में, यह गारंटित करना सरकार का दायित्व है कि बीमा सस्ता, उपलब्ध, प्रतिस्पर्धी और निष्पक्ष है।

इस विधेयक का उद्देश्य स्वास्थ्य, गृह और वाहन बीमा के लिए निम्नलिखित के द्वारा उचित और पारदर्शी दरें सुनिश्चित करना है: (1) स्वास्थ्य बीमा कम्पनियों के लिए, झूठी गवाही के दंड के तहत, उनकी दरों के बारे में सार्वजनिक रूप से जानकारी देने और उनका औचित्य साबित करना आवश्यक बना कर, इससे पहले कि दरें प्रभावी हो सकें; (2) स्वास्थ्य, गृह और वाहन बीमा के लिए पूर्व कवरेज और साख सम्बन्धी इतिहास के आधार पर अनुचित मूल्य निर्धारण पर रोक लगा कर; और (3) स्वास्थ्य बीमा कम्पनियों के लिए इन नये कानूनों को लागू करने की लागतों को कवर करने हेतु एक शुल्क का भुगतान करना आवश्यक बना कर ताकि इस पहल के लिए करदाताओं को कुछ भी खर्च नहीं करना पड़े।

धारा 2. बीमा दरों की सार्वजनिक जाँच और समीक्षा।

बीमा संहिता में धारा 1861.17 जोड़ी गयी है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

*1861.17. (a) स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता की धारा 1851 के उपखंड (e) और धारा 10181 से 10181.13 तक, को मिलाकर, धारा 1385.01 से 1385.13 तक, को मिलाकर, या कानून के किसी अन्य प्रावधान के होते हुए भी, स्वास्थ्य बीमा के लिए धारा 1861.03 के उपखंड (a) और (b) और धारा 1861.04 से 1861.14 तक, को मिलाकर, लागू होंगीं। नवम्बर 6, 2012 के बाद प्रस्तावित स्वास्थ्य बीमा दरें, उनके उपयोग से पूर्व आयुक्त द्वारा मंजूर की जायेंगी, और नवम्बर 6, 2012 को प्रभावी स्वास्थ्य बीमा दरें, इस धारा के तहत वापसी के आधीन हैं। स्वास्थ्य बीमा दरों के आवेदनों के साथ कम्पनी के मुख्य कार्यपालक के द्वारा झूठी गवाही के दंड के तहत शपथबद्ध, यह घोषित करता हुआ वक्तव्य भी होगा कि विषय-वस्तु सही है और सभी प्रकार से California के कानून का पालन करती है।*

*(b) अवस्था में बदलाव सम्बन्धी एक अवधि होगी जिसके दौरान आयुक्त, उपखंड (c) की आवश्यकता के अनुसार सशर्त आधार पर और वापसी के आधीन, नये स्वास्थ्य बीमा के लिए ऐसी दरों की अनुमति दे सकता है जो धारा 1861.05 के अनुसार मंजूर नहीं की गयी हों, बशर्ते (1) कि दरों को लागू किये जाने की तारीख जनवरी 1, 2014 या उससे पहले की हो, और (2) कि वह नया स्वास्थ्य बीमा पूर्व में California में मार्केट नहीं किया गया हो और उसमें जनवरी 1, 2012 को प्रभावी संघीय कानून, या राज्य के कानून के द्वारा अनिवार्य बनाये गये प्रावधान शामिल हों।*

*(c) धारा 1861.10 के उपखंड (a) के अधिकार के अनुसार किसी कार्यवाही में, जिसमें धारा 1861.03 या 1861.05 के तहत कार्यवाही भी शामिल है, जहाँ यह निर्धारित किया गया है कि कम्पनी के द्वारा ऐसी बीमा दरें वसूल किये जाने पर जो अत्यधिक हों या अन्यथा इस अनुच्छेद का उल्लंघन करती हों, कम्पनी के लिए, कानून के किसी अन्य प्रावधान के बावजूद, ब्याज के साथ रिफंड्स तथा कानून द्वारा अनुमत किसी भी अन्य दंड का भुगतान करना आवश्यक होगा।*

*(d) स्वास्थ्य, ऑटो, और होमओनर्स बीमे के सम्बन्ध में, पूर्व बीमा कवरेज, या व्यक्ति के साख के इतिहास का अभाव पॉलिसी या अनुबंध की पात्रता का निर्धारण करने के लिए, या आमतौर पर दरों, प्रीमियम, या बीमा-पात्रता का निर्धारण करने के लिए मापदंड नहीं होगा।*

*(e) कानून के किसी अन्य प्रावधान के होते हुए भी, आयुक्त को इस खंड के प्रावधानों को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक अधिकार प्रदान किये गये हैं, जिनमें धारा 1385.01 के द्वारा प्रबंधित स्वास्थ्य देखभाल विभाग को मंजूर की गयी स्वास्थ्य देखभाल सेवा योजना दर की समीक्षा करने और स्वास्थ्य व सुरक्षा संहिता का पालन करने के लिए कोई भी और समस्त अधिकार शामिल है।*

*(f) स्वास्थ्य बीमा कम्पनियां धारा 12979 के द्वारा आवश्यक फाइलिंग फीस अदा करेंगी, जो, सरकारी संहिता की धारा 13340 के होते हुए भी, इस खंड से उत्पन्न होने वाली कोई भी परिचालन सम्बन्धी या प्रशासनिक लागतों को कवर करने के लिए लगातार विनियोजित की जाती हैं। आयुक्त ऐसे सभी खर्चों और इस खंड के प्रभाव को सालाना तौर पर जनसामान्य को रिपोर्ट करेगा।*

*(g) इस खंड के उद्देश्यों के लिए:*

*(1) "स्वास्थ्य बीमा" का मतलब है California में जारी की गयी या सौंपी गयी कोई ऐसी पॉलिसी या अनुबंध (A) जैसा धारा 106 के उपखंड (b) में बताया गया है, या (B) कोई ऐसी स्वास्थ्य देखभाल सेवा योजना, जैसी स्वास्थ्य व सुरक्षा संहिता की धारा 1345 के उपखंड (f) में परिभाषित की गयी है।*

*(2) "दर" का मतलब है स्वास्थ्य बीमा के लिए निर्धारित दाम या कुछ भी जो स्वास्थ्य बीमा से जुड़े दामों को प्रभावित करता है, जिसमें शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, लाभ, प्रीमियम, आधार दरें, हामीदारी सापेक्षतायें, छूट, सह-भुगतान, सहबीमा, कटौतियां, प्रीमियम वित्तपोषण, किश्त शुल्क, और पॉलिसी धारक की कोई अन्य फुटकर लागतें।*

*(3) निम्नलिखित इस खंड के आधीन नहीं होगा: स्वास्थ्य व सुरक्षा संहिता की धारा 10181 के उपखंड (a) या धारा 1385.01 के उपखंड (a) के द्वारा परिभाषित किये गये अनुसार बड़े समूह की स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी या अनुबंध, या स्वास्थ्य व सुरक्षा संहिता की धारा 10181.2 या 1385.02 के अंतर्गत छोड़ी गयी कोई पॉलिसी या अनुबंध, क्योंकि वे प्रावधान जनवरी 1, 2011 को प्रभावी थे।*

धारा 3. तकनीकी मामले।

इस अधिनियम के अंतर्निहित उद्देश्यों को पूरी तरह से बढ़ावा देने के लिए इसका अर्थ उदारतापूर्वक लगाया जायेगा और इसे उदारतापूर्वक लागू किया जायेगा, और इसे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, विधानमंडल के द्वारा संशोधित नहीं किया जायेगा सिवाय जर्नल में दर्ज रोलकॉल वोट के द्वारा हर सदन में पारित कानून के द्वारा इसके उद्देश्यों को आगे बढ़ाने हेतु, दो तिहाई सदस्यों की सहमति के साथ, या ऐसे कानून के द्वारा जो केवल उस समय प्रभावी होगा जब मतदाताओं के द्वारा इसे मंजूर कर दिया जायेगा। अगर इस अधिनियम का कोई प्रावधान अथवा किसी व्यक्ति या परिस्थितियों के लिए उसका प्रयोग अमान्य या अप्रवर्तनीय ठहराया जाता है, तो यह इस अधिनियम के दूसरे ऐसे प्रावधानों या प्रयोगों को प्रभावित नहीं करेगा जिन्हें अमान्य या अप्रवर्तनीय प्रावधान के बिना प्रभावी किया जा सकता हो, और इस उद्देश्य के लिए इस अधिनियम के प्रावधान पृथक्करणीय हैं।

2
45

## प्रस्ताव 46

यह पहल सम्बंधी विधेयक California संविधान के अनुच्छेद II की धारा 8 के प्रावधानों के अनुपालन में California के लोगों को पेश किया जाता है।

यह पहल सम्बंधी विधेयक व्यवसाय और पेशा संहिता में धारा जोड़ता है, नागरिक संहिता में धारा जोड़ता और संशोधित करता है, तथा स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता में एक धारा जोड़ता है; इसलिए, हटाये जाने के लिए प्रस्तावित मौजूदा प्रावधान ~~काटी-हुई-टाइप~~ में और जोड़े जाने के लिए प्रस्तावित नये प्रावधान, यह बताने के लिए कि वे नये हैं, *तिरछे टाइप* में छापे गये हैं।

### प्रस्तावित कानून

Troy और Alana Pack रोगी सुरक्षा अधिनियम 2014

धारा 1. शीर्षक।

इस विधेयक को Troy और Alana Pack रोगी सुरक्षा अधिनियम 2014 के रूप में जाना जाएगा।

धारा 2. निष्कर्ष और घोषणाएँ।

California के लोग निम्न निष्कर्ष देते हैं और घोषणा करते हैं:

1. रोगियों की सुरक्षा का ध्यान रखना लोगों के लिए बहुत अधिक महत्व का विषय है।

2. California में चिकित्सकों यानि डॉक्टरों द्वारा नशीले पदार्थों का दुरुपयोग एक बढ़ती हुई समस्या है जिससे प्रति वर्ष अधिक से अधिक रोगियों को नुकसान पहुँच रहा है। पिछले वर्ष, California के चिकित्सा बोर्ड ने बताया था कि उसने पिछले वर्ष की तुलना में इस बार अधिक चिकित्सकों को निलंबित किया है और "यह वृद्धि चिकित्सक अक्षमता मामलों की बढ़ती हुई संख्या के देखे गए रुझानों से संबंधित हैं।"

3. अध्ययनों से पता चला है कि दस में से कम से कम एक चिकित्सक अपने करियर के दौरान दवाई या शराब के दुरुपयोग का शिकार होता है। Annals of Internal Medicine में एक लेख के अनुसार, एक-तिहाई चिकित्सक, अपने करियर के किसी न किसी दौर में, शराब या दवाई के दुरुपयोग सहित, ऐसी किसी स्थिति का अनुभव करते हैं, जो चिकित्सा के पेशे को सुरक्षित रूप से जारी रखने की उनकी क्षमता को बाधित कर देती है। फिर भी, चिकित्सकों के लिए कोई अनिवार्य दवाई और शराब परीक्षण मौजूद नहीं है, जैसा कि पायलट, ड्राइवर, और सुरक्षा-संवेदी पेशों से जुड़े अन्य लोगों के लिए है, और साथ ही जब तक कि किसी नशीले पदार्थ के दुरुपयोग की समस्या का पता नहीं चल जाता है तब तक चिकित्सकों को इलाज करने से रोकने के कोई प्रभावी सुरक्षा मानक मौजूद नहीं हैं।

4. काम पर रहकर नशीली दवाइयों और शराब से बाधित होने वाले चिकित्सक बड़े स्तर पर रोगियों और लोगों के लिए एक बड़ा गंभीर ख़तरा होते हैं। अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन की एक पत्रिका में उल्लिखित एक अनुमान के अनुसार, सभी अस्पताल भर्तियों की एक-तिहाई में एक मेडिकल त्रुटि होती है – और चिकित्सकों का अक्षम होना भी रोगियों को इस प्रकार होने वाली हानि में योगदान करता है। कार्य के दौरान बाधित रहने वाले चिकित्सक किसी संक्रामक या जीवन-घाती रोग का ग़लत उपचार कर सकते हैं, सर्जरी या अन्य प्रक्रियाओं को ख़तरनाक और ग़ैरपेशेवर तरीके से निष्पादित कर सकते हैं, और इस प्रकार की दवाइयाँ लिख कर दे सकते हैं जिनसे उनके रोगियों को स्थायी क्षति या उनकी मौत भी हो सकती है।

5. अध्ययन बताते हैं कि एक छोटे प्रतिशत में कई चिकित्सक, जिनमें नशीली दवाइयों और शराब का दुरुपयोग करने वाले चिकित्सक भी शामिल हैं, अधिकांश रूप से अनाचार करते हैं और उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। अभी तक भी कोई ऐसा कानून मौजूद नहीं है जो चिकित्सकों के लिए ऐसे सहकर्मियों की रिपोर्ट करना अनिवार्य बनाता हो जिन पर चिकित्सकीय लापरवाही का संदेह हो या जो किसी प्रभाव के तहत इलाज करते हों।

6. रोगियों को ऐसे चिकित्सकों से भी हानि हो रही है जो प्रिस्क्रिप्शन की नशीली दवाइयों को आवश्यकता से अधिक मात्रा में लिख देते हैं और प्रिस्क्रिप्शन की नशीली दवाई के दुरुपयोग को रोकने में विफल होते हैं। सेंटर्स फॉर डिसीस कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने यह रिपोर्ट दी है कि अधिक मात्रा में दवाई लेना गंभीर क्षति का प्रमुख कारण है, और उनमें से अधिकांश मौतें प्रिस्क्रिप्शन की दवाइयों से होती हैं, फिर भी किसी रोगी को लत लगने वाली और संभावित रूप से हानिकारक नशीली दवाओं को लिखते समय California के बहुत कम चिकित्सक ही CURES नामक राज्य-चलित इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस में उस रोगी के उपचार इतिहास को जाँचते हैं।

7. ऐसे रोगी जिन्हें नशीली दवाइयों या शराब द्वारा बाधित चिकित्सकों, नशीली दवाओं को मात्रा से अधिक लिख कर देने वाले चिकित्सकों, अथवा अन्य लापरवाही वाले चिकित्सकीय कृत्य करने वाले चिकित्सकों के कारण हानि होती है, वे रोगी दर्द, पीड़ा, शारीरिक बाधा, विरूपण, और जीवन की गुणवत्ता में गिरावट आने जैसी बातों के लिए मुआवजा प्राप्त करने के लिए पात्र होते हैं। चिकित्सकीय अनदेखी के कारण मारे गए व्यक्ति के परिवार को उनके प्रियजनों की क्षति के लिए उचित और पर्याप्त मुआवजा हासिल करना चाहिए।

8. हालाँकि, 1975 में, इन क्षतियों के मुआवजे के लिए विधानसभा ने $250,000 की अधिकतम राशि निर्धारित की थी। खतरनाक चिकित्सकों को जिम्मेदार ठहराने के लिए रोगियों के कानूनी अधिकारों पर गंभीर प्रतिबंध के साथ ही यह वादा भी किया गया था कि रोगियों को क्षति से बचाने के लिए एक सशक्त नियामक तंत्र बनाया जाएगा। हालाँकि, पिछले 38 वर्षों के रोगी सुरक्षा अपवादों को देखकर लगता है कि चिकित्सक स्वयं पर निगरानी रखने में नाकाम सिद्ध हुए हैं।

9. 38 वर्षों के बाद, मंहगाई को देखते हुए उस $250,000 की अधिकतम राशि में कभी कोई बदलाव नहीं किया गया। निर्णायक समिति के आदेशों के बाद भी, यह कानून बच्चों की जान के मूल्य, और साथ ही साथ चिकित्सकीय अनदेखी से चोटिल हुए सभी लोगों के जीवन की गुणवत्ता में आई कमी को $250,000 की राशि तक ही सीमित रखता है, भले ही अनाचार कितना ही घोर हो या चोट कितनी ही गंभीर क्यों न हो। इसके परिणामस्वरूप, लापरवाह चिकित्सकों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाता है और रोगी की सुरक्षा प्रभावित हुई है।

10. शोध में पता चला है कि चिकित्सकीय अनदेखी के कारण चोटग्रस्त हुए रोगियों को उचित और पर्याप्त मुआवज़ा देने से, अनाचार के अभियोगों ने स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को उनकी गलतियों को स्वीकार करने में और भी पारदर्शी और ईमानदार बनाने में मदद की है और फिर दोहराई जाने वाली त्रुटियों को कम करने के लिए उन्हें सुधारात्मक कदम उठाने हेतु बाध्य किया है, जिससे रोगियों को भविष्य में होने वाली क्षतियों के अवसरों में कमी आई है और यह अनाचारों का निवारण हो सका है।

धारा 3. उद्देश्य और मंशा।

यह California के लोगों का ही उद्देश्य है कि इस विधेयक को लागू किया जाए ताकि:

1. अस्पतालों के लिए उनके यहाँ कार्य करने वाले चिकित्सकों का समय-समय पर नशीली दवाई और शराब का परीक्षण करना अनिवार्य बनाकर और किसी अनायास मौत या गंभीर क्षति होने के बाद में चिकित्सकों की जाँच को आवश्यक बनाकर शराब या नशीली दवाई से बाधित होने वाले चिकित्सकों के कारण रोगियों और उनके परिवारों को होने वाली हानि से बचाया जा सके।

2. चिकित्सकों के लिए कार्य पर होने के दौरान नशीली दवाई या शराब से बाधित प्रतीत होने वाले अन्य चिकित्सकों की रिपोर्ट करना अनिवार्य हो अथवा यदि किसी प्रतिकूल स्थिति के दौरान किसी रोगी की देखभाल करने के लिए जिम्मेदार कोई चिकित्सक देखभाल के उपयुक्त मानकों का पालन नहीं करता है तो उसकी रिपोर्ट करके रोगियों और उनके परिवारों को सुरक्षित रखा जा सके।

3. अस्पताल नशीली दवाई और शराब परीक्षणों के किन्हीं भी सत्यापित पोजिटिव परिणामों की रिपोर्ट California चिकित्सकीय बोर्ड को करें।

4. ड्यूटी पर शराब या नशीली दवाई के परीक्षण में पोजिटिव पाए जाने वाले किसी भी डॉक्टर अथवा इस प्रकार के परीक्षण से जानबूझकर बचने और इससे इनकार करने वाले चिकित्सक को जाँच पूरी होने तक चिकित्सा पेशे में कार्य करने से अस्थायी रूप से निलंबित किया जाए।

5. यदि बोर्ड को यह पता चलता है कि ड्यूटी के दौरान या किसी प्रतिकूल स्थिति के समय डॉक्टर नशीली दवाई या शराब के प्रभाव में था अथवा चिकित्सक ने नशीली दवाई और शराब के परीक्षण से जानबूझकर बचने या इनकार करने का प्रयास किया है, तो बोर्ड किसी चिकित्सक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करे।

6. किसी भी रोगी के लिए पहली बार शेड्यूल II या शेड्यूल III की कोई दवाई लिखने के पहले चिकित्सक राज्य के नियंत्रित पदार्थ उपयोग समीक्षा और मूल्यांकन प्रणाली (CURES) के डेटाबेस को जाँच लें और, यदि रोगी के पास पहले से यदि कोई प्रिस्क्रिप्शन मौजूद है, तो रोगियों और अन्य लोगों को सुरक्षित रखने के लिए, दवाई लिखने के पूर्व यह पता लगाएँ कि रोगी को वाकई में उस चिकित्सा की आवश्यक है।

7. चिकित्सकीय अनदेखी के मुकदमों में दर्द, पीड़ा, शारीरिक बाधा, विरूपण, जीवन की गुणवत्ता में गिरावट, और मौत के लिए विधानसभी द्वारा 1975 में निर्धारित की गई $250,000 की अधिकतम राशि को मंहगाई के अनुसार बढ़ाया जा सके और स्वास्थ्य सेवा उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने, एक निवारक के रूप में कार्य करने, और लापरवाह चिकित्सकों के कारण क्षति झेलने वाले रोगियों, उनके परिवारों और अन्य लोगों को उनके पूरे नुकसान की भरपाई की जा रही है यह सुनिश्चित करने के लिए भविष्य में वार्षिक प्रतिपूर्तियाँ प्रदान की जाएँ।

8. चिकित्सकीय अनदेखी के मामलों में अटॉर्नी की फीस की अधिकतम सीमा को नियंत्रित रखा जा सके।

धारा 4. अनुच्छेद 14 (धारा 2350.10 के साथ शुरू करते हुए) व्यवसाय और पेशा संहिता के खंड 2 के अध्याय 5 में जोड़ा गया है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

*अनुच्छेद 14. चिकित्सक और सर्जन का शराब या नशीली दवाई की बाधा से बचाव*

*2350.10. California चिकित्सा बोर्ड इस अनुच्छेद का प्रबंधन करेगा, और इस अनुच्छेद के प्रभावी होने के दिनांक के एक वर्ष के भीतर इसे लागू करने के लिए आवश्यक विनियमों को अपनाएगा। ये विनियम नशीली दवा और शराब परीक्षण के मानकों के संगत होंगे, जिनमें, नमूनों को एकत्र करना, नमूनों की जाँच, नशीली दवाओं और शराब की सान्द्रता, जाँच परिणामों का सत्यापन, परीक्षण के विषय के अनुसार प्रतिरूप के एक नमूने के परीक्षण के प्रतिरूपों और अनुरोधों*

*का अवधारण, रिकॉर्ड बनाकर रखना, नियम प्रक्रिया, ड्यूटी पर वापसी, और निजता व गोपनीयता आदि शामिल हैं किंतु यह इन्हीं तक सीमित नहीं है, जो कि संघीय विनियमों की संहिता के शीर्षक 49, भाग 40, में निर्दिष्ट हैं, जो इस अधिनियम के प्रभावी दिनांक से उस सीमा तक लागू रहेंगे जब तक कि इस प्रकार के मानक इस अधिनियम या California या United States संविधान की शर्तों के विरोधाभास में नहीं होते हैं।*

*2350.15. इस अनुच्छेद के उद्देश्य के लिए, निम्न शब्दों के निम्न अर्थ है:*

*(a) "परीक्षण" या "जाँच" का अर्थ है ड्यूटी पर होने के दौरान नशीली दवाई या शराब के ऐसे उपयोग के लिए किसी चिकित्सक की जाँच जिससे कि चिकित्सक की उपचार करने की योग्यता बाधित हो सकती है या बाधित हुई हो।*

*(b) "प्रतिकूल स्थिति" का भी अर्थ स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता की धारा 1279.1 में निर्दिष्ट बातों के ही समान है।*

*(c) "बोर्ड" का आशय California चिकित्सकीय बोर्ड से है।*

*(d) "नशीली दवाई" का अर्थ है गांजे की लत, कोकेन की लत, एमफिटेमीन, अफ़ीम की लत, और फेनसाइक्लेडाइन (PCP) यदि कोई चिकित्सक नशीली दवा का इस प्रकार प्रयोग करता है जिससे कि कोई नुकसान नहीं होता है तो "नशीली दवा" में किसी विशिष्ट चिकित्सकीय स्थिति के लिए किसी लायसेंसीकृत तृतीय पक्ष द्वारा लिखी गई नशीली दवाई शामिल नहीं होती है।*

*(e) इस अध्याय में "चिकित्सक" का मतलब किसी चिकित्सक या सर्जन का प्रमाणपत्र रखने वाले व्यक्ति से है।*

*(f) "अस्पताल" का अर्थ एक सामान्य गहन देखभाल वाले अस्पताल से है जैसा कि स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता की धारा 1250 में परिभाषित किया गया है अथवा एक क्रमानुयायी कानून और किसी "बाह्यरोगी व्यवस्था" से है जैसा कि स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता या किसी क्रमानुयायी कानून की धारा 1248 के उपखंड (b) के अनुच्छेद (1) में परिभाषित किया गया है।*

*(g) "सत्यापित पोजिटिव जाँच परिणाम" का अर्थ किसी ऐसे पोजिटिव जाँच परिणाम से है जिसे बोर्ड द्वारा स्थापित किसी प्रक्रिया द्वारा सत्यापित किया गया हो जिसमें कोई पुष्टिकरण जाँच, चिकित्सक के लिए कोई स्पष्टीकरण प्रदान करने का अवसर, और किसी चिकित्सा समीक्षा अधिकारी द्वारा समीक्षा और व्याख्या शामिल होती है, और जो बाध्यता के लिए बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट सान्द्रता स्तरों को पूरा करती है।*

*2350.20. प्रत्येक चिकित्सक को निश्चित रूप से, और कोई अन्य व्यक्ति, किसी चिकित्सक के ड्यूटी के दौरान नशीली दवाओं या शराब के प्रभाव में होने या रहने की जानकारी होने पर, अथवा किसी प्रतिकूल स्थिति में किसी रोगी की देखभाल और उपचार के लिए जिम्मेदार किसी चिकित्सक द्वारा देखभाल के उचित मानकों का पालन नहीं करने की स्थिति में बोर्ड को रिपोर्ट करे। कानून के किसी अन्य प्रावधान के होते हुए भी, अच्छी मंशा के साथ बोर्ड को इस प्रकार की रिपोर्ट करने वाले चिकित्सक या अन्य व्यक्ति को इस प्रकार की रिपोर्ट में व्यक्त किसी भी कथन या राय के लिए इस राज्य के किसी भी कानून के तहत उत्तरदायी नहीं ठहराया जाएगा।*

*2350.25. (a) इस अनुच्छेद को क्रियान्वित करने हेतु बोर्ड द्वारा अपनाए गए विनियमों के प्रभावी दिनांक पर, अस्पताल निम्न प्रकार से चिकित्सकों पर नशीली दवाओं और शराब की जाँचें करेंगे:*

*(1) ऐसे चिकित्सक जो कर्मचारी या ठेकेदार हैं या जिनके पास रोगियों को भर्ती करने के अधिकार हैं, उन पर आकस्मिक रूप से।*

*(2) किसी प्रतिकूल स्थिति के होने के तुरंत बाद ऐसे चिकित्सकों पर जो उस घटना के दौरान रोगी की देखभाल और उपचार के लिए जिम्मेदार थे या जिन्होंने घटना के 24 घंटे के भीतर रोगी का इलाज किया या उसके लिए कोई दवा लिखी हो। जाँच कराना चिकित्सक की जिम्मेदारी है, जिसे शीघ्रातिशीघ्र स्वयं को जाँच के लिए अस्पताल में उपलब्ध कराना होगा, और प्रतिकूल स्थिति की जानकारी मिलने पर चिकित्सक द्वारा 12 घंटे के भीतर अस्पताल में जाँच के लिए उपस्थित नहीं होने पर चिकित्सक का लायसेंस निलंबित किया जा सकता है।*

*(3) किसी अनुशंसा के अधीन आने वाले किसी चिकित्सक पर धारा 2350.20 के अनुरूप किसी अनुशंसा के बाद बोर्ड के निर्देश पर।*

*(b) अस्पताल को चिकित्सक के परीक्षण के खर्च का भुगतान उसी से करवाना होगा और वह परीक्षण की किसी भी लागत को रोगी पर या उनके बीमाकर्ताओं पर नहीं डालेगा।*

*2350.30. अस्पतालों को किसी भी सत्यापित पोजिटिव जाँच परिणाम के बारे में, या किसी चिकित्सक द्वारा जानबूझकर जाँच न करवाने या उससे इनकार करने की रिपोर्ट बोर्ड को करना होगी, जो कि निम्न में से सभी कार्य करेगा:*

*(a) अनुच्छेद 12 (धारा 2220 के साथ शुरू) के अनुरूप इस मामले की जाँच और प्रवर्तन के लिए इसे अटॉर्नी जनरल के स्वास्थ्य गुणवत्ता प्रवर्तन खंड को भेजेगा।*

*(b) अनुच्छेद 12 (धारा 2220 के साथ शुरू) के अनुरूप बोर्ड की जाँच और मामले पर सुनवाई के लंबित होने तक चिकित्सक के लायसेंस को अस्थायी रूप से निरस्त करेगा।*

*(c) चिकित्सक को और उसकी सेवाएँ प्राप्त करने वाले प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थान को बोर्ड की जाँच और इस मामले पर सुनवाई लंबित होने तक चिकित्सक के लायसेंस के अस्थायी रूप से निरस्त होने की सूचना देगा।*

*2350.35. (a) यदि जाँच और सुनवाई के बाद, बोर्ड को यह पता चलता है कि ड्यूटी के दौरान या किसी प्रतिकूल स्थिति के समय कोई चिकित्सक नशीली दवा या शराब के प्रभाव में था, अथवा चिकित्सक ने नशीली दवा और शराब की जाँचों से जानबूझकर बचना चाहा या उससे इनकार किया है, तो बोर्ड चिकित्सक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगा, जिसमें लायसेंसकृत रहने हेतु लत से छुटकारा पाने का उपचार, परिवीक्षा की अवधि के दौरान नशीली दवा और शराब की अतिरिक्त जाँचें, और चिकित्सक के ड्यूटी पर वापस लौटने के लिए बोर्ड की अपेक्षाओं के अनुरूप प्रदर्शन करने के समय तक चिकित्सक के लायसेंस का निलंबन आदि शामिल है।*

*(b) यदि बोर्ड को जानकारी मिलती है कि किसी प्रतिकूल स्थिति में कोई चिकित्सक नशीली दवाओं या शराब के प्रभाव में था, तो बोर्ड रोगी को अथवा, रोगी की मृत्यु की स्थिति में, रोगी के परिवार को इससे संबंधित सूचना देगा।*

*2350.40. बोर्ड को चिकित्सकों के लिए एक वार्षिक शुल्क का अनुमान लगाना होगा जो कि बोर्ड और अटॉर्नी जनरल द्वारा इस अनुच्छेद को प्रबंधित करने की उचित लागत चुकाने के लिए पर्याप्त हो। प्रत्येक चिकित्सक हेतु लायसेंस प्राप्त करने या उसके नवीनीकरण के लिए इस शुल्क को चुकाना अनिवार्य होगा। बोर्ड को इस अनुच्छेद के तहत होने वाली जाँचों और प्रवर्तन कार्रवाइयों के आयोजन में लगने वाली लागत के लिए अटॉर्नी जनरल के कार्यालय को प्रतिपूर्ति देना होगी।*

धारा 5. नागरिक संहिता की धारा 3333.2 में संशोधन हुए हैं जिसे इस प्रकार पढा जाये:

3333.2. (a) पेशेवर लापरवाही के आधार पर किसी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के विरुद्ध क्षति की किसी भी कार्रवाई में, क्षतिग्रस्त अभियोगी दर्द, पीड़ा, असुविधा, शारीरिक बाधा, विरूपण और अन्य गैर-आर्थिक क्षति के लिए पूर्ति और गैरआर्थिक हानियों के लिए पूर्ति पाने का पात्र होगा।

(b) किसी भी स्थिति में गैरआर्थिक हानियों से होने वाले नुकसान की राशि दो सौ पचास हजार डॉलर्स ($250,000) से अधिक नहीं हो सकती है, *जैसा कि उपखंड (c) में निर्दिष्ट है।*

*(c) 1 जनवरी, 2015 को, उपखंड (b) में हानियों की राशि के लिए निर्दिष्ट अधिकतम राशि में उसे स्थापित किए जाने के बाद से United States के श्रमिक आँकड़ों के ब्यूरो द्वारा प्रकाशित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक द्वारा मापी गई मंहगाई में हुई बढ़ोतरी को देखते हुए वृद्धि की जाएगी। इसके बाद वार्षिक रूप से, इस उपखंड में निर्दिष्ट हानियों की राशि की अधिकतम सीमा को United States के श्रमिक आँकड़ों के ब्यूरो द्वारा प्रकाशित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक द्वारा मापी गई मंहगाई में हुई बढ़ोतरी को देखते हुए समायोजित किया जाएगा। वित्त विभाग अपनी इंटरनेट वेबसाइट पर इस उपखंड के लिए आवश्यक समायोजनों की गणना करेगा और उन्हें प्रकाशित करेगा।*

(d) इस धारा के उद्देश्य हेतु:

(1) "स्वास्थ्य सेवा प्रदाता" का अर्थ किसी भी ऐसे व्यक्ति से है जो व्यवसाय और पेशा संहिता के खंड 2 (धारा 500 के साथ शुरू करते हुए) के अनुरूप लायसेंसीकृत या प्रमाणित हो, या जो ऑस्टियोपेथिक इनिशिएटिव एक्ट, या काइरोप्रैक्टिक इनिशिएटिव एक्ट के अनुरूप लायसेंसीकृत हो, अथवा जो स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता के खंड 2 के अध्याय 2.5 (धारा 1440 के साथ शुरू करते हुए) के अनुरूप लायसेंसीकृत हो; तथा किसी भी ऐसे क्लीनिक, स्वास्थ्य दवाखाने, या स्वास्थ्य संस्थान से है जो स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता के खंड 2 (धारा 1200 के साथ शुरू करते हुए) के अनुरूप लायसेंसीकृत हो। "स्वास्थ्य सेवा प्रदाता" में किसी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के कानूनी प्रतिनिधि शामिल होते हैं;

(2) "पेशेवर लापरवाही" का अर्थ किसी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता द्वारा अपनी पेशेवर सेवाओं में किसी लापरवाही भरी कार्रवाई या कार्रवाई को नहीं करने से होता है। यह कार्रवाई या कार्रवाई में कटौती ऐसी होती है जो किसी आसन्न कारण से होने वाली व्यक्तिगत क्षति या मृत्यु का कारण होती है, बशर्ते इस प्रकार की सेवाएँ उस दायरे में शामिल हों जिसके लिए प्रदाता के पास लायसेंस है और वे सेवाएँ जो लायसेंसिंग एजेंसी या लायसेंसीकृत अस्पताल द्वारा लगाए गए किसी भी प्रतिबंध के तहत न हों।

*(e) उपखंड (c) में प्रदत्त समायोजित अधिकतम राशि किसी ऐसी कार्रवाई में हुई गैरआर्थिक हानियों पर लागू होगी जिसे 1 जनवरी, 2015 तक किसी अंतिम निपटारे, निर्णय, या समझौते के द्वारा हल नहीं किया जा सका है।*

*(f) व्यवसाय और पेशा संहिता की धारा 6146 में निर्दिष्ट अटॉर्नी की फीस की सीमा, किसी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के विरुद्ध ऐसे व्यक्ति की कथित पेशेवर लापरवाही के आधार पर क्षति या हानि के किसी मामले पर लागू होगी, जिसे कि इस धारा में परिभाषित किया गया है।*

धारा 6. धारा 1714.85 नागरिक संहिता में जोड़ी गई है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

*1714.85. नशीली दवाओं या शराब के प्रभाव में जाँच में पोजिटिव पाए गए किसी चिकित्सक और सर्जन द्वारा की गई किसी कार्रवाई या कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण अथवा उसके द्वारा कार्रवाई किए जाने या कार्रवाई को नहीं करने के बाद में व्यवसाय और पेशा संहिता*

*के खंड 2 के अध्याय 5 के अनुच्छेद 14 (धारा 2350.10 के साथ शुरू करते हुए) की परीक्षण आवश्यकताओं से इनकार करने या उसका अनुपालन करने में विफल रहने वाले किसी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के विरुद्ध होने वाली किसी भी कार्यवाही में तथा किसी भी लायसेंसीकृत स्वास्थ्य सेवा पेशेवर द्वारा स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता की धारा 11165.4 का अनुपालन नहीं कर पाने की स्थिति में होने वाली कार्यवाही में पेशेवर लापरवाही की संभावना मानी जाएगी।*

धारा 7. धारा 11165.4 स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता में जोड़ी गई है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

*11165.4. (a) लायसेंसीकृत स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और फार्मासिस्ट्स को उनकी देखरेख के तहत आने वाले किसी रोगी को पहली बार कोई शेड्यूल II या शेड्यल III नियंत्रित पदार्थ लिखने या प्रदान करने के पहले, इस संहिता के अनुरूप बनाए गए एक इलेक्ट्रॉनिक इतिहास में उन रोगियों को पहले दिए गए नियंत्रित पदार्थों के इतिहास को देखना होगा और उस पर विचार करना होगा। यदि कोई रोगी पहले से ही शेड्यूल II या शेड्यल III नियंत्रित पदार्थ ले रहा है, तो स्वास्थ्य सेवा पेशेवर को कोई भी अतिरिक्त नियंत्रित पदार्थ नहीं लिखकर देना चाहिए, जब तक कि उसकी वाकई कोई उचित आवश्यकता न हो।*

*(b) उपखंड (a) की आवश्यकता के अनुसार किसी रोगी के इलेक्ट्रॉनिक इतिहास पर विचार नहीं करने की स्थिति में स्वास्थ्य सेवा पेशेवर के लायसेंसिंग बोर्ड द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। नियंत्रित पदार्थों के लिए दवाएँ लिखने या देने के लिए अधिकृत स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के लायसेंसिंग बोर्ड्स को सभी अधिकृत पेशेवरों को बोर्ड के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी अधिकृत पेशेवरों को इस धारा की आवश्यकताओं के बारे में सूचित करना होगा।*

46

धारा 8. संशोधन।

इस अधिनियम को रोगी सुरक्षा को बेहतर करने के इसके उद्देश्य को बढ़ावा देने के लिए ही संशोधित किया जा सकता है, जिसमें यह सुनिश्चित करना शामिल है कि लापरवाह चिकित्सकों के कारण क्षति झेलने वाले रोगियों, उनके परिवारों और अन्य लोगों को विधानसभा के प्रत्येक सदन द्वारा दो-तिहाई मतों से स्वीकृत और गवर्नर द्वारा हस्ताक्षरित एक कानून के अनुसार, उनकी क्षति के लिए प्रतिपूर्ति दी जाए।

47

धारा 9. परस्पर-विरोधी पहल।

ऐसी स्थिति में जहाँ यह विधेयक और रोगी सुरक्षा से जुड़ी अन्य पहल वाला या वाले विधेयक, जिनमें चिकित्सा लापरवाही के मामलों में अटॉर्नी द्वारा लिया जाने वाला शुल्क शामिल है, उसी राज्यव्यापी चुनाव मतपत्र पर प्रकट होंगे, तब अन्य विधेयक या विधेयकों के प्रावधानों को इस विधेयक के विरोध में माना जाएगा। यदि इस विधेयक को अधिकांश संख्या में सकारात्मक मत मिलेंगे, तो इस विधेयक के प्रावधान अपनी संपूर्णता में प्रचलित रहेंगे, और दूसरे विधेयक के प्रावधान रद्द और अमान्य हो जाएँगे।

धारा 10. पृथक्करणीयता।

यदि इस अधिनियम का कोई भी प्रावधान, या उसका अंश, किसी भी कारण से अमान्य या असंवैधानिक पाया जाता है, तो शेष प्रावधान प्रभावित नहीं होंगे, किंतु पूर्ण रूप और प्रभाव में लागू रहेंगे, और इस उद्देश्य के लिए इस अधिनियम के प्रावधान पृथक्करणीय हैं।

## प्रस्ताव 47

यह पहल सम्बंधी विधेयक California संविधान के अनुच्छेद II की धारा 8 के प्रावधानों के अनुपालन में लोगों को पेश किया जाता है।

यह पहल सम्बंधी विधेयक सरकारी संहिता में धारा जोड़ता है, दंड संहिता में धारा जोड़ता और संशोधित करता है, तथा स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता के अनुभागों को संशोधित करता है; इसलिए, हटाए जाने के लिए प्रस्तावित मौजूदा प्रावधान में मुद्रित हैं और जोड़े जाने वाले नए प्रावधान *तिरछे टाइप* में मुद्रित हैं जिससे यह स्पष्ट हो जाए कि वे नए हैं।

### प्रस्तावित कानून

सुरक्षित इलाके और स्कूल अधिनियम

धारा 1. शीर्षक।

इस अधिनियम को "सुरक्षित इलाके एवं स्कूल अधिनियम" के नाम से जाना जाएगा।

धारा 2. निष्कर्ष और घोषणाएँ।

California राज्य के लोग निम्न निष्कर्ष देते हैं और घोषणा करते हैं:

लोग सुरक्षित इलाके एवं स्कूल अधिनियम को यह सुनिश्चित करने हेतु लागू करते हैं कि कारावास का समय हिंसात्मक और गंभीर अपराधों पर केंद्रित हो, कम गंभीर, अहिंसात्मक अपराधों के विकल्पों को बढ़ाया जाए, और इस अधिनियम से प्राप्त बचत को K–12 स्कूलों में बचाव और सहायता कार्यक्रमों, पीड़ितों की सेवाओं, और मानसिक स्वास्थ्य और नशीली दवाओं के उपचार में निवेश किया जाए। यह अधिनियम सुनिश्चित करता है कि बलात्कार, हत्या, और बाल यौन उत्पीड़न जैसे खतरनाक अपराधों के दोषी लोगों की सजा को बदला नहीं जाए।

धारा 3. उद्देश्य और मंशा।

इस अधिनियम को लागू करने में, California राज्य के लोगों का उद्देश्य और मंशा यह है कि:

(1) यह सुनिश्चित किया जाए कि हत्या, बलात्कार, और बाल यौन उत्पीड़न के दोषी लोगों को इस अधिनियम से लाभ न पहुँच पाए।

(2) सुरक्षित इलाके एवं स्कूल निधि का निर्माण किया जाए, जिसमें 25 प्रतिशत निधि को K–12 स्कूलों में अपराध रोकथाम और सहायता कार्यक्रमों के लिए राज्य शिक्षा विभाग को प्रदान किया जाए, 10 प्रतिशत निधि अपराध पीड़ियों हेतु सदमे से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की सेवाओं के लिए दी जाए, और निधि की 65 प्रतिशत राशि को न्याय व्यवस्था में लोगों द्वारा फिर से अपराध की ओर जाने की प्रवृत्ति को कम करने के लिए मानसिक स्वास्थ्य और पदार्थ दुरुपयोग उपचार कार्यक्रमों के लिए प्रदान किया जाए।

(3) छोटी-मोटी चोरियों और नशीली दवाओं को रखने जैसे कम गंभीर, अहिंसात्मक अपराधों को बड़े अपराध के बजाय दुष्कर्म यानि छोटे अपराध माना जाए, जब तक कि प्रतिवादियों पर निर्दिष्ट हिंसात्मक या गंभीर अपराधों की श्रेणी का कोई पूर्व अपराध न हो।

(4) यहाँ पर दुष्कर्म यानि छोटे अपराधों के रूप में सूचीबद्ध अपराधों में से किसी भी अपराध के लिए वर्तमान में दंड भुगतने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए दंड पर पुनर्विचार करने को अधिकृत बनाया जाए।

(5) किसी भी व्यक्ति के दंड पर पुनर्विचार करने के पूर्व उसके आपराधिक इतिहास और जोखिम मूल्यांकन की संपूर्ण समीक्षा को आवश्यक बनाया जाए जिससे यह सुनिश्चित हो जाए कि उनसे सार्वजनिक लोगों की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है।

(6) यह विधेयक वार्षिक रूप से सुधारात्मक कार्यों पर होने वाले राज्य के खर्च में कई डॉलर्स की महत्वपूर्ण बचत करेगा। आरंभिक अनुमानों के अनुसार यह राशि $150 मिलियन से $250 मिलियन प्रति वर्ष के बीच हो सकती है। यह विधेयक ऐसे कार्यक्रमों में निवेश को बढ़ावा देगा जो अपराधों को कम करते हैं और सार्वजनिक सुरक्षा को बेहतर बनाते हैं, जैसे कि K–12 स्कूलों में बचाव कार्यक्रम, पीड़ितों की सेवाएँ, और मानसिक स्वास्थ्य और नशीली दवाओं का उपचार, जिससे सुधार कार्यों में भावी खर्चों में कमी आएगी।

धारा 4. अध्याय 33 (धारा 7599 के साथ शुरू करते हुए) को सरकारी संहिता के शीर्षक 1 के खंड 7 में जोड़ा गया है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

*अध्याय 33. सुरक्षित इलाके एवं स्कूल कोष का निर्माण*

7599. (a) "सुरक्षित इलाके एवं स्कूल कोष" के नाम से जाने वाले कोष का निर्माण एतद्द्वारा राज्य कोषागार के भीतर किया गया है और, तिस पर भी सरकारी संहिता की धारा 13340 के संदर्भ के बिना इस अध्याय के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए वित्तीय वर्ष को ध्यान में लिए बिना इसे निरंतर विनियोजित किया जाता है।

*(b) California संविधान के अनुच्छेद XVI की धारा 8 द्वारा आवश्यक गणनाओं के उद्देश्य से, सुरक्षित इलाके एवं स्कूल कोष में स्थानांतरित निधियों को सामान्य निधि राजस्व माना जाएगा जिसे अनुच्छेद XIII B के अनुसार विनियोजित किया जा सकता है।*

*7599.1. निधिकरण विनियोजन।*

*(a) 31 जुलाई 2016 को या उससे पहले, और उसके बाद प्रत्येक वित्तीय वर्ष की 31 जुलाई को या उससे पहले, वित्त निदेशक इस अधिनियम के अधिनियमन से पहले वित्तीय वर्ष की तुलना में 30 जून को ख़त्म होने वाले वित्तीय वर्ष के दौरान इस अध्याय ("इस अधिनियम") को जोड़कर अधिनियम के क्रियान्वयन से राज्य द्वारा उपार्जित बचत राशि की गणना करेगा। इस उपखंड की आवश्यकतानुसार गणना करते समय, वित्त निदेशक वास्तविक डेटा का उपयोग करेगा या वास्तविक डेटा उपलब्ध न होने पर सर्वोत्तम उपलब्ध अनुमानों का उपयोग करेगा। गणना अंतिम होगी और अन्तर्निहित डेटा में किसी परवर्ती परिवर्तन के लिए समायोजित नहीं की जाएगी। वित्त निदेशक प्रत्येक वित्तीय वर्ष के 1 अगस्त तक कंट्रोलर यानि नियंत्रक के समक्ष गणना के परिणामों को प्रमाणित करेगा।*

*(b) 15 अगस्त 2016 से पहले, और उसके बाद से प्रत्येक वित्तीय वर्ष की 15 अगस्त से पहले, कंट्रोलर यानि नियंत्रक उपखंड (a) के अनुसार परिगणित कुल राशि को सामान्य निधि से सुरक्षित इलाके एवं स्कूल कोष में स्थानांतरित करेगा।*

*(c) सुरक्षित इलाके एवं स्कूल कोष में जमा धनराशियों को इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए निरंतर विनियोजित किया जाएगा। सुरक्षित इलाके एवं स्कूल कोष में स्थानांतरित निधियों का उपयोग विशेष रूप से इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए किया जाएगा और किसी अन्य प्रयोजन के लिए विधानमंडल द्वारा स्थानांतरण या विनियोजन के अधीन नहीं होगा। सुरक्षित इलाके एवं स्कूल कोष में जमा निधियों का उपयोग वित्तीय वर्ष के सम्बन्ध के बिना किया जा सकता है।*

*7599.2. सुरक्षित इलाके एवं स्कूल कोष से पैसों का वितरण।*

*(a) 2016 में शुरू करते हुए प्रत्येक वित्तीय वर्ष की 15 अगस्त को, कंट्रोलर यानि नियंत्रक सुरक्षित इलाके एवं स्कूल कोष में जमा पैसों को निम्नानुसार संवितरित करेगा:*

*(1) स्कूल छोड़ने की कगार पर आ चुके या अपराध के शिकार छात्रों को सहारा देकर और कामचोरी को कम करके बाल विहार और 1 से 12वीं कक्षाओं में पब्लिक स्कूल के छात्रों के लिए परिणामों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पब्लिक एजेंसियों को एक अनुदान कार्यक्रम प्रदान करने के लिए राज्य शिक्षा विभाग को पच्चीस प्रतिशत।*

*(2) सरकारी संहिता की धारा 13963.1 के अनुसार अपराध के शिकार लोगों को सेवाएं प्रदान करने के लिए ट्रॉमा रिकवरी सेंटरों को अनुदान देने के लिए California पीड़ित मुआवजा एवं सरकारी दावा बोर्ड को दस प्रतिशत।*

*(3) कम गंभीर अपराधों के दोषी लोगों, जैसे इस विधेयक में शामिल लोग, और मादक द्रव्यों का सेवन करने वाले और मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं से पीड़ित लोगों को फिर से अपराध कर्म में शामिल होने की घटना को कम करने वाले कार्यक्रमों पर जोर देकर मानसिक स्वास्थ्य उपचार, मादक द्रव्य सेवन उपचार, और अपराधिक न्याय व्यवस्था में लोगों के लिए विपथन कार्यक्रमों को सहारा देने के उद्देश्य से पब्लिक एजेंसियों के लिए एक अनुदान कार्यक्रम को नियंत्रित करने के लिए राज्य एवं समुदाय सुधार बोर्ड को पैंसठ प्रतिशत।*

*(b) उपखंड (a) को शामिल करते हुए, पैराग्राफ (1) से (3) तक उल्लिखित प्रत्येक कार्यक्रम के लिए, कार्यक्रमों के नियंत्रण के लिए जिम्मेदार एजेंसी प्रशासनिक लागत के लिए वार्षिक आधार पर सुरक्षित इलाके एवं स्कूल फंड से प्राप्त होने वाली कुल धनराशियों की 5 प्रतिशत से अधिक धनराशि खर्च नहीं करेगी।*

*(c) हर दो साल पर, नियंत्रक उपखंड (a) को शामिल करते हुए, पैराग्राफ (1) से (3) में उल्लिखित एजेंसियों द्वारा संचालित अनुदान कार्यक्रमों का लेखापरीक्षण करेगा जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि निधियों का संवितरण और व्यय सम्पूर्ण रूप से इस अध्याय के अनुसार किया गया है और विधानमंडल और पब्लिक को अपने निष्कर्षों की रिपोर्ट देगा।*

*(d) वित्त निदेशक द्वारा निर्धारित किए गए, उपखंड (c) की आवश्यकतानुसार लेखापरीक्षण और धारा 7599.1 की आवश्यकतानुसार गणना की लागत सहित, सुरक्षित इलाके एवं स्कूल कोष के नियंत्रण के सम्बन्ध में नियंत्रक और वित्त निदेशक द्वारा किए गए किसी भी खर्च को उपखंड (a) के अनुसार निधियों के संवितरण से पहले सुरक्षित इलाके एवं स्कूल कोष से कम कर लिया जाएगा।*

*(e) इस अधिनियम के अनुसार स्थापित निधिकरण का उपयोग अपराध के शिकार, मानसिक स्वास्थ्य एवं मादक द्रव्य सेवन उपचार और अपराधिक न्याय व्यवस्था में लोगों के लिए विपथन कार्यक्रमों समेत, बाल विहार और कक्षा 1 से 12 में पब्लिक स्कूल के छात्रों के लिए कार्यक्रमों का विस्तार करने के लिए किया जाएगा। इन निधियों का उपयोग इन प्रयोजनों के लिए उपयोग किए जाने वाले मौजूदा राज्य एवं स्थानीय निधियों की कमी को पूरा करने के लिए नहीं किया जाएगा।*

*(f) स्थानीय एजेंसियों को उस स्तर से ऊपर इस अध्याय में वर्णित सेवा के स्तरों या कार्यक्रमों को प्रदान करने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा जिसके लिए निधिकरण की व्यवस्था की गई है।*

धारा 5. दंड संहिता में धारा 459.5 को जोड़ा गया है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

*459.5. (a) धारा 459 के होते हुए भी, उठाईगिरी को निम्नानुसार परिभाषित किया जाता है - चोरी करने के इरादे से वाणिज्यिक प्रतिष्ठान में प्रवेश करना जब प्रतिष्ठान नियमित व्यावसायिक घंटों के दौरान खुला रहता है, जहाँ उठाई गई संपत्ति या उठाने के इरादे वाली संपत्ति का मूल्य नौ सौ पचास डॉलर ($950) से अधिक नहीं है। कुछ चुराने के इरादे से किसी वाणिज्यिक प्रतिष्ठान में कोई अन्य प्रवेश चोरी कहलाता है। उठाईगिरी को एक दुष्कर्म के रूप में दण्डित किया जाएगा, सिवाय धारा 667 के उपखंड (e) के पैराग्राफ (2) के उप पैराग्राफ (C) के वाक्यांश (iv) में उल्लिखित अपराध के लिए या धारा 290 के उपखंड (c) के अनुसार पंजीकरण की आवश्यकता वाले अपराध के लिए एक या एक से अधिक पूर्व अपराध वाले व्यक्ति को धारा 1170 के उपखंड (h) के अनुसार दण्डित किया जा सकता है।*

*(b) उपखंड (a) में परिभाषित किए गए अनुसार उठाईगिरी के किसी भी कृत्य को उठाईगिरी के रूप में देखा जाएगा। उठाईगिरी के आरोप वाले किसी भी व्यक्ति पर उसी संपत्ति को चुराने का आरोप भी नहीं लगाया जा सकता है।*

धारा 6. दंड संहिता की धारा 473 को संशोधित किया गया है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

473. *(a)* जालसाजी के लिए एक काउंटी जेल में कैद की सजा हो सकती है जो एक साल से ज्यादा नहीं होगी, या धारा 1170 के उपखंड (h) के अनुसार कैद की सजा हो सकती है।

*(b) उपखंड (a) के होते हुए भी, जहाँ चेक, बॉण्ड, बैंक बिल, नोट, कैशियर्स चेक, ट्रैवलर्स चेक, या मनीऑर्डर का मूल्य नौ सौ पचास डॉलर ($950) से अधिक नहीं है, वहाँ चेक, बॉण्ड, बैंक बिल, नोट, कैशियर्स चेक, ट्रैवलर्स चेक, या मनीऑर्डर के सम्बन्ध में जालसाजी के दोषी व्यक्ति को एक काउंटी जेल में कैद की सजा होगी जो एक साल से ज्यादा नहीं होगी, सिवाय इसके कि ऐसे व्यक्ति को इसके बजाय धारा 1170 के उपखंड (h) के अनुसार दण्डित किया जा सकता है यदि वह व्यक्ति धारा 667 के उपखंड (e) के पैराग्राफ (2) के सबपैराग्राफ (C) के वाक्यांश (iv) में उल्लिखित अपराध के लिए या धारा 290 के उपखंड (c) के अनुसार पंजीकरण की आवश्यकता वाले अपराध के लिए, पहले एक या एक से अधिक अपराध सिद्ध हो गए हों। यह उपखंड ऐसे किसी भी व्यक्ति पर लागू नहीं होगा जो जालसाजी और पहचान की चोरी दोनों का अपराधी सिद्ध हो गया है, जैसा कि धारा 530.5 में बताया गया है।*

धारा 7. दंड संहिता की धारा 476a को संशोधित किया गया है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

476a. (a) जो व्यक्ति खुद, किसी दूसरे के प्रतिनिधि या एजेंट के रूप में, या एक कॉर्पोरेशन के एक ऑफिसर के रूप में, जानबूझकर, धोखाधड़ी के इरादे से, एक बैंक या डिपोजिटरी, एक व्यक्ति, एक फर्म, या एक कॉर्पोरेशन को पैसे के भुगतान के लिए एक चेक, ड्राफ्ट, या ऑर्डर, लिखते, देते, कहते, या डिलीवर करते समय यह जानते हुए चेक, ड्राफ्ट, या ऑर्डर लिखता, देता या कहता या डिलीवर करता है कि लिखते या देने वाले या कॉर्पोरेशन के पास पर्याप्त धनराशि नहीं है, या उस चेक, ड्राफ्ट, या ऑर्डर और अन्य सभी चेकों, ड्राफ्टों, या ऑर्डरों के भुगतान के लिए बैंक या डिपोजिटरी, व्यक्ति, फर्म, या कॉर्पोरेशन के पास तत्कालीन बकाया धनराशि उसकी सम्पूर्ण प्रस्तुति पर जमा करता है, यद्यपि उसके सन्दर्भ में कोई प्रकट प्रतिनिधित्व नहीं किया गया है तो उस व्यक्ति को एक काउंटी जेल में कैद की सजा हो सकती है जो एक साल से अधिक समय के लिए नहीं होगी, या धारा 1170 के उपखंड (h) के अनुसार सजा हो सकती है।

(b) हालाँकि, यदि सभी चेकों, ड्राफ्टों, या ऑर्डरों की कुल राशि, जिसके लिए प्रतिवादी आरोपित किया जाता है और लिखने, देने, या कहने का अपराधी सिद्ध हो जाता है,~~चार सौ पचास डॉलर ($450)~~*नौ सौ पचास डॉलर ($950)* से अधिक नहीं होती है तो इस अपराध के लिए काउंटी जेल में सिर्फ कैद की सजा हो सकती है जो एक साल से ज्यादा नहीं हो सकती है,*सिवाय इसके कि ऐसे व्यक्ति को इसके बजाय धारा 1170 के उपखंड (h) के अनुसार दण्डित किया जा सकता है यदि उस व्यक्ति के खिलाफ धारा 667 के उपखंड (e) के पैराग्राफ (2) के सबपैराग्राफ (C) के वाक्यांश (iv) में उल्लिखित अपराध के लिए या धारा 290 के उपखंड (c) के अनुसार पंजीकरण की आवश्यकता वाले अपराध के लिए पहले एक या एक से अधिक अपराध सिद्ध हो गए हैं।* यह उपखंड लागू नहीं होगा यदि प्रतिवादी के खिलाफ पहले धारा 470, 475, या 476 के, या इस धारा के, या एक ऐसे मामले में छोटी सी चोरी के अपराध केएक *तीन या तीन से अधिक* ~~उल्लंघन~~-उल्लंघनों का अपराध सिद्ध हो गया है जिसमें प्रतिवादी का अपराध धारा 470, 475, या 476 का, या इस धारा का भी एक उल्लंघन है या यदि प्रतिवादी के खिलाफ पहले किसी अन्य राज्य के या संयुक्त राज्य अमेरिका के कानून के तहत किसी अपराध का अपराधी सिद्ध हो गया है जो, यदि इस राज्य में किया गया तो, धारा 470, 475, या 476 के, या इस धारा के एक उल्लंघन के रूप में दंडनीय होगा या यदि वह एक ऐसे मामले में छोटी सी चोरी के अपराध का अपराधी सिद्ध हो गया है जिसमें, यदि प्रतिवादी का अपराध इस राज्य में किया गया था तो, यह धारा 470, 475, या 476 का, या इस धारा का भी एक उल्लंघन होगा।

(c) जहाँ धनराशि या क्रेडिट की अपर्याप्तता के आधार पर चेक, ड्राफ्ट, या ऑर्डर का विरोध यानि प्रोटेस्ट किया जाता है वहाँ प्रोटेस्ट के नोटिस की प्रस्तुति, गैरअदायगी, और प्रोटेस्ट के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य होगी और बैंक या डिपोजिटरी, व्यक्ति, फर्म, या कॉर्पोरेशन के पास फंड या क्रेडिट की अपर्याप्तता की जानकारी का संभावित सबूत होगा।

(d) दो या दो से अधिक चेक, ड्राफ्ट, या ऑर्डर वाले इस धारा के अंतर्गत किसी अभियोजन में, इसमें प्रथम दृष्टि में किसी चेक, ड्राफ्ट, या ऑर्डर के चेककर्ता की पहचान का सबूत शामिल होगा यदि निम्नलिखित में से दोनों होते हैं:

(1) जब भुगतान प्राप्तकर्ता चेककर्ता से चेक, ड्राफ्ट, या ऑर्डर स्वीकार करता है तो वह चेककर्ता से निम्नलिखित जानकारी प्राप्त करता/करती है: चेककर्ता का नाम और निवास, व्यवसाय या डाक पता, या तो एक मान्य ड्राइवर्स लाइसेंस नंबर या मोटर वाहन विभाग पहचान कार्ड नंबर, और चेककर्ता के घर या कार्यालय का फोन नंबर या नौकरी की जगह। यह जानकारी खुद चेक, ड्राफ्ट, या ऑर्डर में रिकॉर्ड हो सकती है या भुगतान प्राप्तकर्ता द्वारा फ़ाइल में बनाए रखी जा सकती

है और पहचान संख्या या इसी तरह के अन्य माध्यमों के द्वारा चेक, ड्राफ्ट, या ऑर्डर में संदर्भित की जा सकती है।

(2) चेक, ड्राफ्ट, या ऑर्डर प्राप्त करने वाला व्यक्ति चेककर्ता के हस्ताक्षर या पृष्ठांकन का साक्षी है, और, उसके साक्ष्य के रूप में, प्राप्ति के समय चेक, ड्राफ्ट, या ऑर्डर पर अद्याक्षर करता है।

(e) यहाँ उपयोग किए गए शब्द "क्रेडिट" का मतलब एक चेक, ड्राफ्ट, या ऑर्डर के भुगतान के लिए बैंक या डिपोजिटरी, व्यक्ति, फर्म, या कॉर्पोरेशन के साथ एक व्यवस्था या समझौता निकाला जाएगा।

(f) यदि किसी भी पूर्ववर्ती पैराग्राफ या उसका कोई हिस्सा असंवैधानिक या अमान्य पाया जाएगा तो इस धारा का शेष अंश अमान्यकृत नहीं किया जाएगा, बल्कि वह सम्पूर्ण रूप से उपयोगी और प्रभावी रहेगा।

(g) एक शेरिफ का विभाग, पुलिस विभाग, या अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसी धारा 476 या इस धारा के कथित उल्लंघन की छानबीन के लिए उनकी एजेंसी को संदर्भित किए गए चेकों की छानबीन, संग्रहण और प्रोसेसिंग के लिए प्रतिवादी से एक फीस संग्रह कर सकता है।

(h) प्रत्येक खोटे चेक के लिए फीस की रकम कथित अपराध के परिणामस्वरूप पीड़ित द्वारा दिए गए किसी भी बैंक शुल्क की रकम के अलावा पच्चीस डॉलर ($25) से अधिक नहीं होगा। यदि शेरिफ का विभाग, पुलिस विभाग, या अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसी इस धारा के अनुसार पीड़ित द्वारा दिए गए बैंक शुल्कों के लिए फीस संग्रह करती है तो किसी बैंक फीस के लिए पीड़ित को उस फीस का भुगतान किया जाएगा जिसके लिए पीड़ित का आंकलन किया जा सकता है। किसी भी परिस्थिति में इस धारा के अनुसार पीड़ित को बैंक शुल्क की प्रतिपूर्ति दस डॉलर ($10) प्रति चेक से अधिक नहीं होगी।

धारा 8. दंड संहिता में धारा 490.2 को जोड़ा गया है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

*490.2. (a) धारा 487 या किसी बड़ी चोरी को परिभाषित करने वाले कानून के किसी अन्य प्रावधान के होते हुए भी, चोरी से कोई संपत्ति प्राप्त करना, जहाँ लिए गए पैसे, मजदूरी, वास्तविक या व्यक्तिगत संपत्ति का मूल्य नौ सौ पचास डॉलर ($950) से अधिक नहीं है, छोटी-मोटी चोरी मानी जाएगी और दुष्कर्म के रूप में दण्डित किया जाएगा, सिवाय इसके कि ऐसे व्यक्ति को इसके बजाय धारा 1170 के उपखंड (h) के अनुसार दण्डित किया जा सकता है यदि वह व्यक्ति धारा 667 के उपखंड (e) के पैराग्राफ (2) के सबपैराग्राफ (C) के वाक्यांश (iv) में उल्लिखित अपराध के लिए या धारा 290 के उपखंड (c) के अनुसार पंजीकरण की आवश्यकता वाले अपराध के लिए पहले एक या एक से अधिक अपराध सिद्ध हो गए हों।*

*(b) यह धारा किसी चोरी पर लागू नहीं होगी जिसे कानून के किसी अन्य प्रावधान के अनुसार एक अतिक्रमण के रूप में देखा जा सकता है।*

धारा 9. दंड संहिता में धारा 496 को जोड़ा गया है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

496. (a) जानबूझकर चोरी की संपत्ति या चोरी या जबरदस्ती हासिल की गई संपत्ति को खरीदने या प्राप्त करने वाले व्यक्ति को, या मालिक से जानबूझकर किसी संपत्ति को छिपाने, बेचने, अपने पास रखने, या छिपाने, बेचने, या रखने में मदद करने वाले व्यक्ति को एक काउंटी जेल में कैद की सजा होगी जो एक साल से अधिक समय के लिए नहीं होगी, या धारा 1170 के उपखंड (h) के अनुसार कैद की सजा होगी। हालाँकि,~~यदि डिस्ट्रिक्ट अटार्नी या ग्रैंड जूरी यह तय करता है कि यह कार्य न्याय के हित में होगा, तो डिस्ट्रिक्ट अटर्नी या ग्रैंड जूरी, चाहे जो हो,~~ यदि संपत्ति का मूल्य नौ सौ पचास डॉलर ($950) से अधिक नहीं है तो,~~अभियोगात्मक सिफारिश में यह स्पष्ट कर सकता है कि~~ अपराध एक दुष्कर्म होगा, सिर्फ एक काउंटी जेल में कैद की सजा होगी जो एक साल से अधिक नहीं होगी,*यदि ऐसे व्यक्ति के खिलाफ धारा 667 के उपखंड (e) के पैराग्राफ (2) के सबपैराग्राफ (C) के वाक्यांश (iv) में उल्लिखित अपराध के लिए या धारा 290 के उपखंड (c) के अनुसार पंजीकरण की आवश्यकता वाले अपराध के लिए पहले कोई अपराध सिद्ध न हुए हों।*

संपत्ति की वास्तविक चोरी में एक प्रमुख को इस एक्शन के अनुसार दोषी ठहराया जा सकता है। हालाँकि, इस धारा के अनुसार और उसी संपत्ति के चोरी दोनों के लिए किसी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।

(b) व्यवसाय एवं पेशा संहिता की धारा 21661 में परिभाषित किए गए अनुसार, प्रत्येक स्वैप मीट वेंडर, और हर वह व्यक्ति जिसका प्रधान व्यवसाय व्यापारिक वस्तु या व्यक्तिगत संपत्ति से संबंधित सौदे करना, या संग्रह करना है, और हर वह एजेंट, कर्मचारी, या उस व्यक्ति का प्रतिनिधि, जो नौ सौ पचास डॉलर ($950) से अधिक मूल्य की संपत्ति को खरीदता या प्राप्त करता है जो चोरी हो गई है या जिसे चोरी या जबरन तरीके से हासिल कर लिया गया है, उन परिस्थितियों में जिसकी वजह से व्यक्ति, एजेंट, कर्मचारी, या प्रतिनिधि को यह स्पष्ट करने के लिए उचित पूछताछ करना चाहिए कि जिस व्यक्ति से संपत्ति खरीदी या प्राप्त की गई है उसे उस संपत्ति को बेचने या वितरित करने का कानूनी अधिकार था या नहीं, उचित पूछताछ के बिना उसे एक काउंटी जेल में कैद की सजा होगी जो एक साल से ज्यादा समय के लिए नहीं होगी, या धारा 1170 के उपखंड (h) के अनुसार कैद होगी।

व्यवसाय एवं पेशा संहिता की धारा 21661 में परिभाषित किए गए अनुसार, प्रत्येक स्वैप मीट वेंडर, और हर वह व्यक्ति जिसका प्रधान व्यवसाय व्यापारिक वस्तु या व्यक्तिगत संपत्ति से संबंधित सौदे करना, या संग्रह करना है, और हर वह एजेंट, कर्मचारी, या उस व्यक्ति का प्रतिनिधि, जो नौ सौ पचास डॉलर ($950) या उससे कम मूल्य की संपत्ति को खरीदता या प्राप्त करता है जो चोरी हो गई है या जिसे चोरी या जबरन तरीके से हासिल कर लिया गया है, उन परिस्थितियों में जिसकी वजह से व्यक्ति, एजेंट, कर्मचारी, या प्रतिनिधि को यह स्पष्ट करने के लिए उचित पूछताछ करना चाहिए कि जिस व्यक्ति से संपत्ति खरीदी या प्राप्त की गई है उसे उस संपत्ति को बेचने या वितरित करने का कानूनी अधिकार था या नहीं, उचित पूछताछ किए बिना, एक दुष्कर्म का दोषी होगा।

(c) उपखंड (a) या (b) के उल्लंघन से व्यथित होने वाला व्यक्ति वादी द्वारा, वास्तविक नुकसान, यदि कोई हो, मुक़दमे की लागत, और उचित अटॉर्नी फीस की रकम की तीन गुना राशि के लिए कार्रवाई कर सकता है।

(d) धारा 664 के होते हुए भी, इस धारा द्वारा निषिद्ध किसी भी कृत्य को करने के कोई भी प्रयास के लिए, एक दुष्कर्म के रूप में अभियोगात्मक सिफारिश में वर्णित अपराध को छोड़कर, एक काउंटी जेल में कैद की सजा हो सकती है जो एक साल से ज्यादा समय के लिए नहीं हो सकती है, या धारा 1170 के उपखंड (h) के अनुसार कैद हो सकती है।

धारा 10. दंड संहिता की धारा 666 को संशोधित किया गया है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

666. ~~(a) धारा 490 के होते हुए भी, छोटी मोटी चोरी के तीन या उससे अधिक बार, बड़ी चोरी के अपराधी रह चुके, धारा 368 के उपखंड (d) या (e) के अनुसार कोई अपराध, वाहन संहिता की धारा 10851 के अंतर्गत वाहन की चोरी, चोरी, कारजैकिंग, डकैती, या धारा 496 का एक उल्लंघन और किसी दंड संस्था में उसके लिए एक अवधि तक सजा या उस अपराध के लिए परिवीक्षा की एक शर्त के रूप में वहाँ कैद रह चुके, और तदन्तर छोटी मोटी चोरी के लिए अपराधी रह चुके प्रत्येक व्यक्ति को एक काउंटी जेल में कैद की सजा हो सकती है जो एक साल से अधिक नहीं होगी, या धारा 1170 के उपखंड (h) के अनुसार कैद हो सकती है।~~

~~(b)~~ *(a)* धारा 490 के होते हुए भी,~~पैराग्राफ (1)~~ *उपखंड (b)* में वर्णित व्यक्ति जो छोटी मोटी चोरी के तीन या उससे अधिक बार, बड़ी चोरी के अपराधी रह चुके, धारा 368 के उपखंड (d) या (e) के अनुसार कोई अपराध, वाहन संहिता की धारा 10851 के अंतर्गत वाहन की चोरी, चोरी, कारजैकिंग, डकैती, या धारा 496 का एक उल्लंघन और किसी दंड संस्था में उसके लिए एक अवधि तक सजा या उस अपराध के लिए परिवीक्षा की एक शर्त के रूप में वहाँ कैद रह चुके, और तदन्तर छोटी मोटी चोरी के लिए अपराधी रह चुके प्रत्येक व्यक्ति को एक काउंटी जेल में कैद की सजा हो सकती है जो एक साल से अधिक नहीं होगी, या राज्य के जेल में कैद की सजा हो सकती है।

~~(1)~~ *(b)* यह ~~उपखंड~~ *उपखंड (a)* ऐसे किसी भी व्यक्ति पर लागू होगा जिसे यौन अपराधी पंजीकरण अधिनियम के अनुसार पंजीकरण करने की जरूरत पड़ती है, या जिसने पहले हिंसक या गंभीर अपराध किया है, जैसा ~~कि उपखंड धारा 667.5 के उपखंड (c), या उपखंड धारा 1192.7 के उपखंड (c)~~ *वाक्यांश (iv), सबपैराग्राफ (C), पैराग्राफ (2), उपखंड (e), धारा 667 में बताया गया है, या धारा 368 के उपखंड (d) या (e) के अनुसार अपराध किया हो।*

~~(2)~~ *(c)* यह ~~उपखंड~~*धारा,* धारा 667, या धारा 1170.12 को शामिल करते हुए उपखंड (b) से (i) के अनुसार मुक़दमे या दंड में बाधा नहीं डालेगा ।

धारा 11. स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संहिता की धारा 11350 को संशोधित किया गया है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

11350. (a) इस खंड में किसी अन्य प्रकार से बताए गए के अलावा, प्रत्येक व्यक्ति जिसके पास (1) उपखंड (b),~~या~~(c), *(e)*, या धारा 11054 के उपखंड (f) के पैराग्राफ (1) में उल्लिखित, या धारा 11054 के उपखंड (d) के पैराग्राफ (14), (15), या (20) में उल्लिखित,

या धारा 11055 के उपखंड (b) या (c) में उल्लिखित, या धारा 11056 के उपखंड (h) में उल्लिखित कोई नियंत्रित मादक द्रव्य, या (2) अनुसूची III, IV, या V में वर्गीकृत कोई नियंत्रित मादक द्रव्य जो एक नारकोटिक ड्रग है, जो इस राज्य में चिकित्सा करने का लाइसेंस प्राप्त एक चिकित्सक, दंतचिकित्सक, पाँव चिकित्सक, या पशु चिकित्सक के लिखित नुस्खे के बिना है उसे, *एक काउंटी जेल में कैद की सजा दी जाएगी जो एक साल से ज्यादा की नहीं होगी, सिवाय इसके कि ऐसे व्यक्ति को इसके बजाय* दंड संहिता की धारा 1170 के उपखंड (h) के अनुसार दण्डित किया जाएगा*यदि वह व्यक्ति दंड संहिता की धारा 667 के उपखंड (e) के पैराग्राफ (2) के सबपैराग्राफ (C) के वाक्यांश (iv) में उल्लिखित अपराध के लिए या दंड संहिता की धारा 290 के उपखंड (c) के अनुसार पंजीकरण की आवश्यकता वाले अपराध के लिए पहले एक या एक से अधिक बार अपराधी हो।*

~~(b) इस खंड में किसी अन्य प्रकार से बताए गए को छोड़कर, प्रत्येक व्यक्ति जिसके पास धारा 11054 के उपखंड (e) में उल्लिखित कोई नियंत्रित मादक द्रव्य है उसे एक काउंटी जेल में कैद की सजा होगी जो एक साल से ज्यादा की नहीं होगी या दंड संहिता की धारा 1170 के उपखंड (h) के अनुसार सजा होगी।~~

~~(c)~~ *(b)* इस खंड में किसी अन्य प्रकार से बताए गए को छोड़कर, जब कभी एक व्यक्ति जिसके पास उपखंड (a)~~या (b)~~ में उल्लिखित नियंत्रित मादक द्रव्यों में से कोई मादक द्रव्य है, न्यायाधीश उपखंड (a) ~~या (b)~~ के अनुसार दी जाने वाली सजा के अलावा, उस व्यक्ति के खिलाफ एक जुर्माना तय करता है जो दंड संहिता की धारा 1463.23 के अनुसार इस्तेमाल किए जाने वाले इस जुर्माने से प्राप्त होने वाली राशि के साथ सत्तर डॉलर ($70) से अधिक नहीं होगी। तथापि, न्यायालय भुगतान करने के लिए प्रतिवादी की क्षमता पर विचार करेगा, और किसी भी प्रतिवादी को इस उपखंड के अधीन अनुमत जुर्माने का भुगतान करने में उसकी अक्षमता के कारण परिवीक्षा से वंचित नहीं किया जाएगा।

~~(d)~~ *(c)* असामान्य मामलों को छोड़कर जिसमें ऐसा करना न्याय के हित में नहीं होगा, जब कभी एक न्यायालय इस धारा के अंतर्गत एक गंभीर अपराध के लिए परिवीक्षा की अनुमति देता है, तो परिवीक्षा के लिए किसी अन्य शर्त के अलावा, परिवीक्षा की निम्नलिखित शर्तों का आदेश दिया जाएगा:

(1) इस धारा के अंतर्गत किसी प्रथम अपराध के लिए, कम से कम एक हजार डॉलर ($1,000) या सामुदायिक सेवा का जुर्माना।

(2) इस धारा के अंतर्गत दूसरे या परवर्ती अपराध के लिए, कम से कम दो हजार डॉलर ($2,000) या सामुदायिक सेवा का जुर्माना।

(3) यदि किसी प्रतिवादी के पास पैराग्राफ (1) और (2) में उल्लिखित न्यूनतम जुर्माने का भुगतान करने का सामर्थ्य नहीं है तो जुर्माने के तौर पर सामुदायिक सेवा का आदेश दिया जाएगा।

धारा 12. स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संहिता की धारा 11357 को संशोधित किया गया है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

11357. (a) कानून द्वारा दी गयी अनुमति को छोड़कर, प्रत्येक व्यक्ति जिसके पास गाढ़ा भांग है, एक काउंटी जेल में कैद की सजा होगी जो एक साल से ज्यादा की नहीं होगी या जुर्माना लगाया जाएगा जो पांच सौ डॉलर ($500) से ज्यादा का नहीं होगा, या जुर्माना और कैद दोनों हो सकती है,~~या दंड संहिता की धारा 1170 के उपखंड (h) के अनुसार कैद की सजा होगी~~*सिवाय इसके कि ऐसे व्यक्ति को दंड संहिता की धारा 1170 के उपखंड (h) के अनुसार सजा हो सकती है यदि उस व्यक्ति ने दंड संहिता की धारा 667 के उपखंड (e) के पैराग्राफ (2) के सबपैराग्राफ (C) के वाक्यांश (iv) में उल्लिखित अपराध के लिए या दंड संहिता की धारा 290 के उपखंड (c) के अनुसार पंजीकरण की आवश्यकता वाले अपराध के लिए पहले एक या एक से अधिक बार अपराध किया है।*

(b) कानून द्वारा दी गयी अनुमति को छोड़कर, प्रत्येक व्यक्ति जिसके पास मरिवाना है जो 28.5 ग्राम से ज्यादा नहीं है, गाढ़ा भांग के अलावा, वह जुर्माने की सजा पाने का दोषी है जो एक सौ डॉलर ($100) से अधिक नहीं होगी।

(c) कानून द्वारा दी गयी अनुमति को छोड़कर, प्रत्येक व्यक्ति जिसके पास मरिवाना है जो 28.5 ग्राम से ज्यादा नहीं है, गाढ़ा भांग के अलावा, एक काउंटी जेल में कैद की सजा का हक़दार होगा जो छः महीने से ज्यादा की नहीं होगी या जुर्माने की सजा का हक़दार होगा जो पांच सौ डॉलर ($500) से ज्यादा नहीं होगी, या जुर्माना और कैद दोनों का हक़दार होगा।

(d) कानून द्वारा दी गयी अनुमति को छोड़कर, 18 साल या उससे ज्यादा उम्र का प्रत्येक व्यक्ति जिसके पास गाढ़ा भांग के अलावा, मरिवाना है जो 28.5 ग्राम से ज्यादा नहीं है, स्कूल के खुले रहने के दौरान या स्कूल सम्बन्धी कार्यक्रम चलने के दौरान बाल विहार में या कक्षा 1 से लेकर 12 तक किसी भी कक्षा में निर्देश देने वाले किसी भी स्कूल के मैदान पर, या उसके भीतर, एक दुष्कर्म का दोषी है और जुर्माने की सजा का हक़दार होगा जो पांच सौ डॉलर ($500) से ज्यादा नहीं होगी, या एक काउंटी जेल में कैद की सजा का हक़दार होगा जो 10 दिन से ज्यादा की नहीं होगी, या जुर्माना और कैद दोनों का हक़दार होगा।

(e) कानून द्वारा दी गयी अनुमति को छोड़कर, 18 साल या उससे ज्यादा उम्र का प्रत्येक व्यक्ति जिसके पास गाढ़ा भांग के अलावा, मरिवाना है जो 28.5 ग्राम से ज्यादा नहीं है, स्कूल के खुले रहने के दौरान या स्कूल सम्बन्धी कार्यक्रम चलने के दौरान बाल विहार में या कक्षा 1 से लेकर 12 तक किसी भी कक्षा में निर्देश देने वाले किसी भी स्कूल के मैदान पर, या उसके भीतर, एक दुष्कर्म का दोषी है और निम्नलिखित कार्यवाही के अधीन होगा:

(1) यह पता चलने पर कि पहला अपराध किया गया है, जुर्माना दो सौ पचास डॉलर ($250) से ज्यादा नहीं होगा।

(2) यह पता चलने पर कि दूसरा या परवर्ती अपराध किया गया है, जुर्माना पांच सौ डॉलर ($500) से ज्यादा नहीं होगा, या किसी जुवेनाइल हॉल, रैंच, कैम्प, फोरेस्ट्री कैम्प, या सिक्योर जुवेनाइल होम के लिए प्रतिबद्धता जो 10 दिन से ज्यादा समयावधि के लिए नहीं होगी, या दोनों।

धारा 13. स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता की धारा 11377 संशोधित की गई है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

11377. (a) कानून द्वारा प्राधिकृत रूप में और अन्यथा, व्यवसाय और पेशा संहिता के खंड 2 के अध्याय 9 के उपखंड (b) या धारा 11375, या अनुच्छेद 7 में (धारा 4211 के साथ शुरू करते हुए) किए गए प्रावधान के अतिरिक्त, प्रत्येक व्यक्ति जिसके पास ऐसा कोई नियंत्रित पदार्थ हो जिसे (1) शेड्यूल III, IV, या V में वर्गीकृत किया गया है, और जो (2) धारा 11054 के उपखंड (d) में निर्दिष्ट, सिवाय पैराग्राफ (13), (14), (15), और उपखंड (d) के (20) में, (3) धारा 11056 के उपखंड (c) के पैराग्राफ (11) में निर्दिष्ट, (4) धारा 11054 के उपखंड (f) के पैराग्राफ (2) या (3) में निर्दिष्ट, अथवा (5) धारा 11055 के उपखंड (d), (e), या (f) में निर्दिष्ट नशीली दवा न हो, बशर्ते कि वह इस राज्य में व्यवसाय चलाने के लिए लाइसेंस प्राप्त चिकित्सक, दंत चिकित्सक, पैरों के चिकित्सक, या पशु चिकित्सक के नुस्खे के तहत हो, काउंटी जेल में~~एक वर्ष से अनधिक अवधि के लिए या दंड संहिता की धारा 1170 के उपखंड (h) के अनुरूप जेल में क़ैद द्वारा दंडित किया जाएगा~~, *सिवाय यह कि ऐसे व्यक्ति को बजाय इसके दंड संहिता की धारा 1170 के उपखंड (h) के अनुसार दंडित किया जाएगा यदि उस व्यक्ति को दंड संहिता की धारा 667 के उपखंड (e) के पैराग्राफ (2) के उप-पैराग्राफ (C) के वाक्यांश (iv) में निर्दिष्ट किसी अपराध के लिए या दंड संहिता की धारा 290 के उपखंड (c) के अनुसरण में पंजीकरण की आवश्यकता वाले किसी अपराध के लिए एक या दो मामलों में पहले अपराधी घोषित किया गया है ।*

47

~~(b) (1) कोई व्यक्ति जो धारा 11056 के उपखंड (f) में निर्दिष्ट नियंत्रित पदार्थ ग़ैर-क़ानूनी रूप से अपने पास रखते हुए उपखंड (a) का उल्लंघन करता है, और जिसे धारा 11056 के उपखंड (f) में निर्दिष्ट नियंत्रित पदार्थ के मामले में उल्लंघन के लिए अपराधी घोषित नहीं किया गया है, दुष्कर्म का दोषी है।~~

~~(2) कोई व्यक्ति जो धारा 11056 के उपखंड (g) में निर्दिष्ट नियंत्रित पदार्थ ग़ैर-क़ानूनी रूप से अपने पास रखते हुए उपखंड (a) का उल्लंघन करता है, दुष्कर्म का दोषी है।~~

~~(3) कोई व्यक्ति जो धारा 11055 के उपखंड (d) के पैराग्राफ (7) या (8) में निर्दिष्ट नियंत्रित पदार्थ ग़ैर-क़ानूनी रूप से अपने पास रखते हुए उपखंड (a) का उल्लंघन करता है, दुष्कर्म का दोषी है।~~

~~(4) कोई व्यक्ति जो धारा 11057 के उपखंड (f) के पैराग्राफ (8) में निर्दिष्ट नियंत्रित पदार्थ ग़ैर-क़ानूनी रूप से अपने पास रखते हुए उपखंड (a) का उल्लंघन करता है, दुष्कर्म का दोषी है।~~

~~(c)~~ *(b)* ~~उपखंड (b) के अधीन मूल्यांकित किसी जुर्माने के अतिरिक्त,~~ जज उपखंड (a) का उल्लंघन करने वाले किसी व्यक्ति को सत्तर डॉलर ($70) से अनधिक जुर्माने का मूल्यांकन कर सकते हैं, इस जुर्माने से प्राप्त धनराशि का दंड संहिता की धारा 1463.23 के अनुसार उपयोग किया जाएगा। तथापि, न्यायालय भुगतान करने के लिए प्रतिवादी की क्षमता पर विचार करेगा, और किसी भी प्रतिवादी को इस उपखंड के अधीन अनुमत जुर्माने का भुगतान करने में उसकी अक्षमता के कारण परिवीक्षा से वंचित नहीं किया जाएगा।

धारा 14. दंड संहिता में धारा 1170.18 जोड़ी गई है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

*1170.18. (a) वर्तमान में किसी अपराधी घोषित होने पर सज़ा भुगतने वाला कोई व्यक्ति, अगर अपराध के समय यह अधिनियम प्रभावी होता तो, घोर अपराध या घोर अपराधों के लिए, चाहे ट्रायल द्वारा हो या दलील द्वारा, इस धारा को जोड़ने वाले अधिनियम ("इस अधिनियम") के तहत दुष्कर्म के लिए दोषी होता, तो वह स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता की धारा 11350, 11357, या 11377, अथवा दंड संहिता की धारा 459.5, 473, 476a, 490.2, 496, या 666 के अनुसार पुनः दंडादेश का अनुरोध करने के लिए अपने मामले में अपराधी ठहराने का निर्णय प्रविष्ट करने वाली ट्रायल कोर्ट के समक्ष सज़ा के प्रत्याहरण के लिए याचिका दायर कर सकता है, क्योंकि इस अधिनियम द्वारा उन धाराओं को संशोधित या परिवर्धित किया गया है।*

*(b) उपखंड (a) के अधीन याचिका प्राप्त करने पर, अदालत निर्धारित करेगा कि क्या याचिकाकर्ता उपखंड (a) के मानदंडों को संतुष्ट करता है या नहीं। यदि याचिकाकर्ता उपखंड (a) के मानदंडों को संतुष्ट करता है, तो याचिकाकर्ता के घोर अपराध की सज़ा वापस ली जाएगी और स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता की धाराएँ 11350, 11357, अथवा 11377 या दंड संहिता की धारा 459.5, 473, 476a, 490.2, 496, या 666 के अनुसरण में याचिकाकर्ता को दुष्कर्म की पुनःसज़ा दी जाएगी, जिन धाराओं को इस अधिनियम द्वारा संशोधित या परिवर्धित किया गया है, बशर्ते कि अदालत, अपने विवेकाधीन निर्धारित करता है कि याचिकाकर्ता को पुनः सज़ा सुनाए जाने से सार्वजनिक सुरक्षा को ख़तरे का अनुचित जोखिम पैदा हो सकता है। अपने विवेक का उपयोग करते समय, अदालत निम्नलिखित सभी पर विचार कर सकता है:*

*(1) याचिकाकर्ता का आपराधिक दोषसिद्धि इतिहास, जिसमें शामिल हैं किए गए अपराध का प्रकार, पीड़ितों को चोट की मात्रा, जेल में क़ैद की पूर्व अवधि, और अपराधों के बीच का समय।*

*(2) याचिकाकर्ता का अनुशासनात्मक रिकॉर्ड और जेल में क़ैद समय में पुनर्वास का रिकॉर्ड।*

*(3) कोई अन्य प्रमाण, जिसे अदालत अपने विवेकाधीन, यह निर्णय लेने के लिए प्रासंगिक मानता है कि क्या नई सज़ा के परिणामस्वरूप सार्वजनिक सुरक्षा के ख़तरे का अनुचित जोखिम पैदा हो सकता है।*

*(c) इस पूरी संहिता में प्रयुक्त "सार्वजनिक सुरक्षा के ख़तरे का अनुचित जोखिम" से तात्पर्य यह है कि याचिकाकर्ता धारा 667 के उपखंड (e) के पैराग्राफ (2) के उप-पैराग्राफ (C) के वाक्यांश (iv) के अर्थ के अंतर्गत नया हिंसक घोर अपराध कर सकता है।*

*(d) उपखंड (b) के अनुसार जिस व्यक्ति को पुनः सज़ा दी जाती है, उसे काटी गई सज़ा की अवधि का क्रेडिट दिया जाएगा और वह अपनी सज़ा पूरी होने के बाद एक वर्ष के लिए परोल के अधीन रहेगा, बशर्ते कि अदालत, अपने विवेकाधीन, सज़ा के अपने पुनर्दंडादेश के भाग के रूप में, परोल से उस व्यक्ति को मुक्त करेगा। परोल वापसी की याचिकाओं पर सुनवाई और हिरासत में रखने की अवधि अधिरोपित करने के प्रयोजन से, ऐसा व्यक्ति सुधार और पुनर्वास विभाग और उस काउंटी के अदालत के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत धारा 3000.08 के परोल निरीक्षण के अधीन रहेगा, जहाँ व्यक्ति को परोल पर छोड़ा गया या वह निवास करता है, या जहाँ कथित तौर पर निरीक्षण का उल्लंघन हुआ है।*

47

*(e) किसी भी परिस्थिति में इस धारा के अंतर्गत पुनः सज़ा सुनाए जाने के परिणामस्वरूप मूल सज़ा से लंबी अवधि अधिरोपित न हो।*

*(f) कोई व्यक्ति जिसने अपराधी घोषित किए जाने पर अपनी सज़ा पूरी की हो, घोर अपराध या घोर अपराधों के लिए, चाहे ट्रायल द्वारा हो या दलील द्वारा, जो इस अधिनियम के तहत दुष्कर्म के लिए दोषी होता, अगर यह अधिनियम अपराध के समय प्रभावी होता तो, वह घोर अपराध के सिद्ध दोष या दोषों को दुष्कर्म के रूप में निर्दिष्ट करने के लिए याचिका दायर कर सकता है।*

48

*(g) यदि आवेदन उपखंड (f) के मानदंड को संतुष्ट करे, तो अदालत घोर अपराध या अपराधों को दुष्कर्म के रूप में निर्दिष्ट कर सकता है।*

*(h) उपखंड (f) के अधीन दायर आवेदन को मंजूर या नामंजूर करने के लिए किसी सुनवाई की ज़रूरत नहीं, बशर्ते की आवेदक इसके लिए अनुरोध करे।*

*(i) इस धारा के प्रावधान ऐसे व्यक्तियों के लिए लागू नहीं होंगे जिनके खिलाफ़ धारा 667 के उपखंड (e) के पैराग्राफ (2) के उप-पैराग्राफ (C) के वाक्यांश (iv) में निर्दिष्ट अपराध के लिए या धारा 290 के उपखंड (c) के अनुसरण में पंजीकरण अपेक्षित अपराध के लिए एक या अनेक पूर्व दोष-सिद्धि हों।*

*(j) इस धारा के तहत कोई याचिका या आवेदन इस धारा को जोड़े गए अधिनियम के प्रभावी दिनांक के बाद तीन वर्षों के अंदर या कोई अच्छा कारण दिखाते हुए, बाद में दायर किया जा सकता है।*

*(k) घोर अपराध का कोई सिद्ध दोष जब उपखंड (b) के तहत वापस लिया जाए और दुबारा सज़ा सुनाई जाए या उपखंड (g) के तहत दुष्कर्म के रूप में निर्दिष्ट किया जाए, तो उसे सभी प्रयोजनों के लिए दुष्कर्म माना जाएगा, सिवाय यह कि इस प्रकार दुबारा सज़ा सुनाया जाना उसे किसी बंदूक का स्वामित्व, कब्ज़ा रखने, या अपनी अभिरक्षा या नियंत्रण में बंदूक रखने या भाग 6 के शीर्षक 4 के खंड 9 के अध्याय 2 (धारा 29800 के साथ शुरू करते हुए) के अधीन उसे अपराधी ठहराने से रोकने की अनुमति नहीं देता है।*

*(l) यदि याचिकाकर्ता को मूलतः सज़ा सुनाने वाली अदालत उपलब्ध नहीं है, तो पीठासीन जज याचिका या आवेदन पर निर्णय सुनाने के लिए किसी अन्य जज को निर्दिष्ट कर सकता है।*

*(m) इस धारा में कुछ भी याचिकाकर्ता या आवेदक को अन्यथा उपलब्ध किसी अधिकार या उपचार को कम करने या रद्द करने के इरादे से नहीं है।*

*(n) इसमें और संबंधित धाराओं में कुछ भी इस अधिनियम के दायरे के अंतर्गत किसी भी प्रकार के निर्णय की निश्चयात्मकता कम करने या रद्द करने के इरादे से नहीं है।*

*(o) इस अधिनियम के तहत आदेशित पुनर्दंडादेश की सुनवाई California संविधान (Marsy का कानून) के अनुच्छेद I की धारा 28 के उपखंड (b) के पैराग्राफ (7) के तहत "अपराधी ठहराने के बाद रिहाई की कार्यवाही" बनती है।*

धारा 15. संशोधन।

इस अधिनियम का मोटे तौर पर आशय अपने प्रयोजनों को हासिल करना माना जाएगा। इस विधेयक के प्रावधान विधानमंडल के प्रत्येक सदन के सदस्यों के दो तिहाई वोट द्वारा और गवर्नर द्वारा हस्ताक्षर के बाद संशोधित किए जा सकते हैं बशर्ते कि ऐसे संशोधन इस अधिनियम के साथ सुसंगत और उसकी मंशा को आगे बढ़ाने के लिए हो। विधानमंडल इस अधिनियम द्वारा संबोधित किन्हीं अपराधों को और कम करने के लिए प्रावधानों को बहुमत से संशोधित, परिवर्धित, या निरस्त कर सकता है।

धारा 16. पृथक्करणीयता।

यदि इस विधेयक के कोई प्रावधान, या इस विधेयक का भाग, या किसी व्यक्ति या परिस्थितियों के लिए प्रावधान या भाग की प्रयोजनीयता, किसी कारण से अमान्य ठहराई जाती है, तो शेष प्रावधान, या प्रावधानों की प्रयोजनीयता प्रभावित नहीं होगी, बल्कि पूरी शक्ति और प्रभाव से लागू होगी, और इस अर्थ में इस विधेयक के प्रावधान पृथक्करणीय हैं।

धारा 17. परस्पर-विरोधी पहल।

(a) यह अधिनियम कुछ ऐसे अपराधों से जुड़े दंड को परिवर्तित करता है जो गंभीर या हिंसक नहीं हैं। यदि इस विधेयक और इसी विषय से संबंधित कोई अन्य पहल वाले विधेयक उसी राज्यव्यापी चुनाव मतपत्र पर प्रकट होंगे, तो अन्य विधेयक या विधेयकों के प्रावधान को इस विधेयक के साथ टकराने वाला माना जाएगा। यदि इस विधेयक को अधिकांश संख्या में सकारात्मक मत मिलेंगे, तो इस विधेयक के प्रावधान अपनी संपूर्णता में प्रचलित रहेंगे, और दूसरे विधेयक के प्रावधान रद्द और अमान्य हो जाएँगे। तथापि, अगर एक ही चुनाव में सांद्र भाँग रखने के लिए प्रयोज्य दंडों को हटाने वाले प्रावधान युक्त इस विधेयक और अन्य विधेयकों को अनुमोदित किया जाता है, मतदाता अन्य विधेयक या विधेयकों में सांद्र भाँग से संबंधित ऐसे प्रावधानों का प्रचलन चाहते हैं, इस बात का लिहाज़ किए बिना कि किस विधेयक को अधिक संख्या में सकारात्मक वोट मिले हैं। मतदाता इस विधेयक, और अन्य विधेयक या विधेयकों की सभी अन्य प्रयोज्यता और प्रावधानों को पूरी तरह लागू और प्रभावी करने का भी इरादा रखते हैं, लेकिन केवल उस हद तक कि अन्य विधेयक इस अधिनियम के प्रावधानों से असंगत न हों।

(b) यदि इस विधेयक को मतदाता अनुमोदित करें लेकिन उसी चुनाव में मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किसी अन्य परस्पर-विरोधी विधेयक द्वारा कानूनन अधिक्रमण किया जाए, और बाद में टकराव वाला विधेयक अमान्य मान लिया जाए, तो यह विधेयक स्वतः निष्पादित होगा और पूरी तरह प्रचलित और प्रभावी होगा।

धारा 18. उदार प्रयोजन।

यह अधिनियम उदारतापूर्वक अपने प्रयोजनों को सिद्ध करने वाला माना जाएगा।

## प्रस्ताव 48

2013–2014 नियमित सत्र (अध्याय 51, 2013 के कानून) के विधानसभा बिल 277 द्वारा प्रस्तावित यह विधेयक, California संविधान के अनुच्छेद II की धारा 9 के प्रावधानों के अनुसार एक जनमत संग्रह के रूप में California के लोगों को प्रस्तुत किया जाता है।

प्रस्तावित यह कानून सरकारी संहिता में परिवर्धन करता है; इसलिए, जोड़ने के लिए नए प्रावधान *तिरछे टाइप* में यह सूचित करने के लिए मुद्रित किए गए हैं कि वे नए हैं।

### प्रस्तावित कानून

धारा 1. सरकारी संहिता में धारा 12012.59 जोड़ी गई है, जिसे इस प्रकार पढा जाये:

*12012.59. (a) (1) संघीय इंडियन गेमिंग रेगुलेटरी ऐक्ट रेगुलेटरी ऐक्ट 1988 (18 U.S.C. धारा 1166 से 1168, के साथ संयुक्त, और अनुगामी 25 U.S.C. धारा 2701) के अनुसार स्टेट ऑफ़ California और North Fork Rancheria बैंड के Mono इंडियन्स के बीच 31, अगस्त 2012 को प्रविष्ट आदिवासी-राज्य गेमिंग कॉम्पैक्ट, एतद्द्वारा सम्पुष्ट किया जाता है।*

*(2) संघीय इंडियन गेमिंग रेगुलेटरी ऐक्ट 1988 (18 U.S.C. धारा (18 U.S.C. धाराएँ 1166 से 1168, के साथ संयुक्त, और अनुगामी 25 U.S.C. धारा 2701) के अनुसार स्टेट ऑफ़ California और Wiyot आदिवासियों के बीच 20 मार्च, 2013 को निष्पादित आदिवासी-राज्य गेमिंग कॉम्पैक्ट, एतद्द्वारा सम्पुष्ट किया जाता है।*

*(b) (1) आदिवासी संप्रभुता के सम्मान में, निम्नलिखित में से किसी को भी California पर्यावरण गुणवत्ता अधिनियम (सार्वजनिक संसाधन संहिता का खंड 13 (धारा 21000 से शुरू करते हुए) के प्रयोजनों के लिए परियोजना नहीं माना जाएगा):*

*(A) आदिवासी-राज्य गेमिंग समझौते के एक संशोधन का निष्पादन इस खंड द्वारा संपुष्ट किया जाता है।*

*(B) आदिवासी-राज्य गेमिंग कॉम्पैक्ट का निष्पादन इस खंड द्वारा संपुष्ट किया जाता है।*

*(C) आदिवासी-राज्य गेमिंग कॉम्पैक्ट में स्पष्ट प्राधिकार, या स्पष्ट संदर्भ के अनुसरण में समझौता-वार्ता द्वारा तय आदिवासी और काउंटी या सिटी सरकार के बीच एक अंतर-सरकारी समझौते का निष्पादन, इस खंड द्वारा संपुष्ट किया जाता है।*

*(D) आदिवासी-राज्य गेमिंग कॉम्पैक्ट में स्पष्ट प्राधिकार, या स्पष्ट संदर्भ के अनुसरण में समझौता-वार्ता द्वारा तय आदिवासी और परिवहन विभाग के बीच एक अंतर-सरकारी समझौते का निष्पादन, इस खंड द्वारा संपुष्ट किया जाता है।*

*(E) आदिवासी-राज्य गेमिंग कॉम्पैक्ट की शर्तों के अनुपालन के आरक्षण प्रभाव को इस खंड द्वारा संपुष्ट किया जाता है।*

*(F) धारा 63048.6 के उपखंड (a) में परिभाषित रूप से कॉम्पैक्ट की परिसंपत्तियों की बिक्री, या धारा 63048.65 के अनुसरण में स्थापित विशेष प्रयोजन न्यास का निर्माण।*

*(2) यहाँ अभिव्यक्त रूप से प्रदान किए गए स्वरूप के अतिरिक्त, यह उपखंड किसी सिटी, काउंटी, या सिटी और काउंटी, या परिवहन विभाग को California पर्यावरण गुणवत्ता अधिनियम की अपेक्षाओं से मुक्त नहीं करता है।*

## ★ लिबरटेरियन पार्टी ★

अगर आप सामाजिक रूप से सहिष्णु और वित्तीय रूप से जिम्मेदार हैं, तो आप लिबरटेरियन हैं।

लिबरटेरियन समाधान हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और हमारे राज्य का संचालन करने के लिए सबसे अधिक व्यावहारिक, साध्य, और उचित हैं। अगर पिछले दस वर्षों में उन्हें लागू किया गया होता, तो निम्नलिखित के आधार पर California की अर्थव्यवस्था मजबूत होती और इसकी रहन-सहन की स्थितियां वांछनीय होतीं:

• फलते-फूलते निजी उद्यम • अपने बच्चों को शिक्षित करने में माता-पिता की पसंद • प्रतिस्पर्धी निजी हेल्थकेयर बीमा • ऐसी सार्वजनिक पेंशन जो स्थानीय और डिस्ट्रिक्ट सरकारों को दिवालिया नहीं बनाये • ऐसे कानून जो सभी California वासियों के लिए समान रूप से लागू हों, इनमें California के निर्वाचित अधिकारी भी शामिल हैं

लिबरटेरियन निम्नलिखित के लिए काम करते हैं:

• सरकारी परिचालनों को घटाना, इससे सरकारी खर्चों को कम करना और टैक्स को कम करना (ऐसी 300 से भी अधिक टैक्स-समर्थित सरकारी एजेंसियां हैं जो सरकारी परिचालन, सार्वजनिक सुरक्षा, शिक्षा, हेल्थकेयर, और सेवानिवृत्ति को बिना जोखिम में डाले बंद की जा सकती हैं) • शहरों, काउंटियों, और राज्य को दिवालिया बना रही सरकारी कर्मचारियों की पेंशन में सुधार करना • ऐसी सरकारी सेवाओं का निजीकरण करना जो लागत-प्रभावी सेवा-प्रदाताओं के द्वारा सर्वोत्तम ढंग में प्रदान की जाती हैं • ऐसे निजी कारोबारी विकास को बढ़ावा देना जो रोजगार के अवसर पैदा करें • सभी California वासियों के लिए कानून के तहत समान व्यवहार की गारंटी देना • बालिग व्यक्तियों के लिए शराब की तरह मरिवाना का विनियमन करना, ताकि यह नाबालिगों को कम उपलब्ध हो सके • अंशकालीन विधानमंडल अपनाना

अगर आप लिबरटेरियन पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन करते हैं और उन्हें निर्वाचित करते हैं, तो वे ये सुधार करेंगे।

**Libertarian Party of California**
**Kevin Takenaga, *Chairman***
**770 L Street, Suite 950**
**Sacramento, CA 95814-3361**

**(916) 446-1776**
**ई-मेल: office@ca.lp.org**
**वेबसाइट: www.ca.lp.org**

## ★ अमेरिकंस इलेक्ट पार्टी ★

कोई भी वक्तव्य प्रदान नहीं किया गया

## ★ रिपब्लिकन पार्टी ★

California रिपब्लिकन पार्टी Sacramento में यथास्थिति खत्म करने और टैक्सों में कटौती करके, लालफीताशाही को खत्म करके, और California में व्यवसायों को वापस लाकर हमारे राज्य को आर्थिक वृद्धि और नवीनता में राष्ट्र के लीडर के रूप में बहाल करना चाहती है।

हम एक ऐसे California के निर्माण में मदद करना चाहते हैं जहाँ पर लोग एक बार फिर से सुरक्षित हों क्योंकि एक जीवंत अर्थव्यवस्था हर उस व्यक्ति के लिए, जो काम करने के लिये तैयार हो, रोजगार और अवसर पैदा कर रही हो।

रिपब्लिकंस हमारी अभिमान से भरी हुई और बेकार सरकार में सुधार करने, सम्पत्ति के अधिकारों की रक्षा करने, हर परिवार को शैक्षणिक विकल्प प्रदान करने, और हमारी अर्थव्यवस्था का विकास करने तथा परिवारों की ज़रूरत के अनुसार रोजगार और अवसर पैदा करने के लिए करदाताओं पर बोझ को कम करने का समर्थन करते हैं।

रिपब्लिकन पार्टी रोजमर्रा के California वासियों की हिमायती है—न कि विशेष हितों या बड़ी सरकार की। हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करने, अवसर की समानता प्रदान करने, और यह सुनिश्चित करने के लिए लड़ रहे हैं कि सभी California वासी काम कर सकें, बचत कर सकें, और अपने भविष्य में निवेश कर सकें।

हमारा लोकतंत्र केवल तभी काम करता है यदि अच्छे लोग कदम उठाने और शामिल होने का निश्चय करें। हमारे दरवाजे आपके लिए खुले हैं और हम आशा करते हैं कि California रिपब्लिकन पार्टी में शामिल होकर आप California की रक्षा करने, उसमें सुधार करने और उसका निर्माण करने के लिए आज ही व्यक्तिगत निर्णय लेंगे। आप *cagop.org* पर हमारी वेबसाइट देख कर और अधिक जान सकते हैं।

**California Republican Party**
**Jim Brulte, *Chairman***
**1121 L Street, Suite 207**
**Sacramento, CA 95814**

**(916) 448-9496**
**वेबसाइट: www.cagop.org**



*वक्तव्यों का क्रम लॉट के द्वारा यानि पर्ची डाल कर निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ पर दिये गये वक्तव्य राजनीतिक पार्टियों के द्वारा उपलब्ध कराये गये थे और किसी आधिकारिक एजेंसी के द्वारा उनकी सटीकता के लिए जाँच नहीं की गयी है।*

## ★ ग्रीन पार्टी ★

ग्रीन पार्टी जलवायु परिवर्तन से ऐतिहासिक आय असमानता तक, हमारे ग्रह की कठिनतम समस्याओं के व्यावहारिक समाधानों का समर्थन करती है। हम लोगों और ग्रह को पहले रखते हैं।

वर्तमान में 53 California ग्रीन निर्वाचित पदों पर आसीन हैं। ग्रीन पार्टी को वोट देने का मतलब है गरीब व्यक्तियों के खिलाफ कठोरता के लिए अस्वीकृति, और समानता वा सुस्थिरता के लिए समर्थन। ग्रीन पार्टी की सरकार का मतलब होगा:

आर्थिक न्याय

• अच्छी आजीविका वाले रोजगार के जरिये गरीबी खत्म करना, किफायती आवास, एकल-भुगतानकर्ता हेल्थ केयर, श्रमिकों के अधिकार और सभी के लिए खाद्य सुरक्षा • Wall Street के बजाय California में निवेश करने के लिए सार्वजनिक स्वामित्व वाला एक राजकीय बैंक • क़ैद के बजाय शिक्षा, और प्रस्ताव 13 में सुधार करके और प्रगतिशील कराधान के द्वारा मुफ्त सार्वजनिक कॉलेज/यूनिवर्सिटी ट्यूशन

चुनावी सुधार

• सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित चुनावों के जरिये कॉर्पोरेट पैसा खत्म करना • राज्य विधानमंडल और कांग्रेस के लिए अनुपातिक प्रतिनिधित्व के जरिये और अधिक लोकतंत्र व भरपूर प्रतिनिधित्व, और राज्यव्यापी कार्यकारी पद के लिए रैंक्ड चॉइस वोटिंग • शीर्ष दो को उलटना

न्याय प्रणाली सम्बन्धी सुधार

• मृत्यु दण्ड खत्म करना • कारावास निर्माण पर रोक और निजी जेलों की समाप्ति • मरिवाना को वैध बनाना

ग्रीन ऊर्जा का भविष्य

• Diablo Canyon परमाणु ऊर्जा संयंत्र को बंद करना • ऊर्जा दक्षता, संरक्षण और सार्वजनिक स्वामित्व वाली सुरक्षित, स्वच्छ अक्षय ऊर्जा वाला सौर California • जीवाश्म ईंधन कर, सार्वजनिक पारगमन, पर्यावरण के अनुकूल शहर

ग्रीन के लिए पंजीकरण करायें। ग्रीन पार्टी के उम्मीदवार को वोट दें।

**Green Party of California**
**P.O. Box 160, Station A**
**Richmond, CA 94808**

**(916) 448-3437**
**ई-मेल: gpca@cagreens.org**
**वेबसाइट: www.cagreens.org**

## ★ पीस एंड फ्रीडम पार्टी ★

पीस एंड फ्रीडम पार्टी, धनी लोगों और उनकी कॉर्पोरेशंस के द्वारा और उनके लिए चलाये जा रहे देश में, वेतनभोगी-वर्ग की पार्टी है। हमें अपने मालिकों के लाभों के लिए अपने स्वास्थ्य, अपनी आजीविकाओं और अपने ग्रह की कुर्बानी देने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिये। हम समाज की ज़रूरतों के दाम चुकाने के लिए धनवान लोगों पर टैक्स लगा सकते हैं, जिनका पैसा श्रमिकों के द्वारा पैदा किया जाता है। हम निम्नलिखित का समर्थन करते हैं:

• सभी के लिए रोजगार के उपयुक्त अवसर और श्रम अधिकार • प्रीस्कूल से लेकर यूनिवर्सिटी तक सभी के लिए मुफ्त शिक्षा • मुफ्त सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल • विकलांग लोगों के लिए व्यापक सेवायें • सैनिकों की घर वापसी • सभी प्रकार के भेदभाव की समाप्ति। विवाह समानता • आप्रवासियोंके लिए पूरे अधिकार • पर्यावरण को बहाल करना और उसकी रक्षा करना • असली लोकतंत्र और निष्पक्ष राजनीतिक प्रतिनिधित्व। "शीर्ष दो" सम्बंधी कानून ने अधिकांश दलों को आम चुनाव के मतपत्र से दूर कर दिया है। हमें इसे समाप्त करना चाहिये। कृपया 44वीं डिस्ट्रिक्ट में कांग्रेस के लिए Adam Shbeita के पक्ष में मतदान करें।

जब तक हमारी व्यवस्था धनवान व्यक्ति को पहले रखेगी, हमें युद्ध, पुलिस की बर्बरता, कम मजदूरी, असुरक्षित कार्यस्थल और प्रदूषण झेलने होंगे। हम समाजवाद, अर्थव्यवस्था का स्वामित्व और नियंत्रण, कामकाजी लोगों के हाथों में होने का समर्थन करते हैं। अगर हम अपने उद्योगों और प्राकृतिक संसाधनों को वापस लेने के लिए साथ में शामिल हो जायें, तो हम अमीर लोगों और उनके कॉर्पोरेशंस की गुलामी करने के बजाय, साथ मिल कर सबकी भलाई के लिए काम कर सकते हैं।

पीस एंड फ्रीडम पार्टी के लिए पंजीकरण करायें!

**Peace and Freedom Party**
**P.O. Box 24764**
**Oakland, CA 94623**

**(510) 465-9414**
**ई-मेल: info@peaceandfreedom.org**
**वेबसाइट: www.peaceandfreedom.org**

## ★ डेमोक्रैटिक पार्टी ★

डेमोक्रैट्स का मानना है कि California की अर्थव्यवस्था की सफलता कामकाजी परिवारों की खुशहाली में निहित है, न कि Wall Street के बैंकों की।

California में, गवर्नर Jerry Brown के नेतृत्व में, डेमोक्रैटिक नीति समाधानों ने एक संतुलित बजट प्रदान किया है, शिक्षा के लिए कटौतियां बंद की हैं और परिवारों के लिए सस्ती स्वास्थ्य देखभाल की सुलभता को विस्तार दिया है।

डेमोक्रैट्स भूमण्डलीय तापक्रम वृद्धि यानि ग्लोबल वार्मिंग का मुकाबला करने, अक्षय ऊर्जा के स्रोतों में निवेश बढ़ाने और मध्यम वर्ग के लिए कॉलेज की पढ़ाई को सस्ता रखने के लिए काम कर रहे हैं।

हमारा मानना है कि स्कूल और स्थानीय सार्वजनिक सुरक्षा ऐसी महत्वपूर्ण प्राथमिकतायें हैं जिनकी रक्षा की जानी चाहिये।

डेमोक्रैट्स जानते हैं कि हमारा राज्य तब सबसे अच्छा काम करता है जब सभी California वासियों को कामयाब होने के लिए एक से अवसर दिये जायें, चाहे उनकी नस्ल, धर्म, जातीयता और यौन रुझान कुछ भी हो।

आपकी मदद से, डेमोक्रैट्स हमारे राज्य और हमारे राष्ट्र दोनों की चुनौतियों को पूरा करने के लिए निर्भीक व नवीन समाधान विकसित करना जारी रखेंगे।

और अधिक जानने के लिए कृपया *www.cadem.org* पर हमारी वेबसाइट देखें।

**California Democratic Party**
**John L. Burton, *Chairman***
**1830 9th Street**
**Sacramento, CA 95811**

**ई-मेल: info@cadem.org**
**वेबसाइट: www.cadem.org**
**फेसबुक: facebook.com/cadems**
**ट्विटर: @CA_Dem**

## ★ अमेरिकन इंडिपेंडेंट पार्टी ★

कोई भी वक्तव्य प्रदान नहीं किया गया

*वक्तव्यों का क्रम लॉट के द्वारा यानि पर्ची डाल कर निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ पर दिये गये वक्तव्य राजनीतिक पार्टियों के द्वारा उपलब्ध कराये गये थे और किसी आधिकारिक एजेंसी के द्वारा उनकी सटीकता के लिए जाँच नहीं की गयी है।*

**Alameda काउंटी**
(510) 272-6933 या (510) 272-6973
*www.acgov.org/rov*

**Alpine काउंटी**
(530) 694-2281
*www.alpinecountyca.gov*

**Amador काउंटी**
(209) 223-6465
*www.amadorgov.org*

**Butte काउंटी**
(530) 538-7761 या
(800) 894-7761 (केवल Butte काउंटी)
*http://buttevotes.net*

**Calaveras काउंटी**
(209) 754-6376
*www.elections.calaverasgov.us*

**Colusa काउंटी**
(530) 458-0500 या (877) 458-0501
*www.countyofcolusa.org/elections*

**Contra Costa काउंटी**
(925) 335-7800 या (925) 335-7874
*www.cocovote.us*

**Del Norte काउंटी**
(707) 464-7216
*www.co.del-norte.ca.us*

**El Dorado काउंटी**
(530) 621-7480 या (800) 730-4322
*www.edcgov.us/elections*

**Fresno काउंटी**
(559) 600-VOTE (8683)
*www.co.fresno.ca.us/elections*

**Glenn काउंटी**
(530) 934-6414
*www.countyofglenn.net/govt/departments/elections*

**Humboldt काउंटी**
(707) 445-7481
*www.co.humboldt.ca.us/election*

**Imperial काउंटी**
(760) 482-4226 या (760) 482-4285
*www.co.imperial.ca.us/elections*

**Inyo काउंटी**
(760) 878-0224 या (760) 878-0410
*www.inyocounty.us/Recorder/Clerk-Recorder.html*

**Kern काउंटी**
(661) 868-3590
*www.co.kern.ca.us/elections*

**Kings काउंटी**
(559) 852-4401
*www.countyofkings.com*

**Lake काउंटी**
(707) 263-2372
*www.co.lake.ca.us/Government/Directory/Rov.htm*

**Lassen काउंटी**
(530) 251-8217 या (530) 251-8352
*www.lassencounty.org*

**Los Angeles काउंटी**
(800) 815-2666
*www.lavote.net*

**Madera काउंटी**
(559) 675-7720 या (800) 435-0509
*www.madera-county.com*

**Marin काउंटी**
(415) 473-6456
*www.marinvotes.org*

**Mariposa काउंटी**
(209) 966-2007
*www.mariposacounty.org*

**Mendocino काउंटी**
(707) 234-6819
*www.co.mendocino.ca.us/acr*

**Merced काउंटी**
(209) 385-7541 या (800) 561-0619
*www.mercedelections.org*

**Modoc काउंटी**
(530) 233-6205
*www.co.modoc.ca.us*

**Mono काउंटी**
(760) 932-5537 या (760) 932-5534
*www.monocounty.ca.gov*

**Monterey काउंटी**
(831) 796-1499 या (866) 887-9274
*www.montereycountyelections.us*

**Napa काउंटी**
(707) 253-4321 या (707) 253-4374
*www.countyofnapa.org*

**Nevada काउंटी**
(530) 265-1298
*www.mynevadacounty.com/nc/elections*

**Orange काउंटी**
(714) 567-7600
*www.ocvote.com*

**Placer काउंटी**
(530) 886-5650 या (800) 824-8683
*www.placerelections.com*

**Plumas काउंटी**
(530) 283-6256
*www.countyofplumas.com*

**Riverside काउंटी**
(951) 486-7200
*www.voteinfo.net*

**Sacramento काउंटी**
(916) 875-6451
*www.elections.saccounty.net*

**San Benito काउंटी**
(831) 636-4016 या (877) 777-4017
*www.sbcvote.us*

**San Bernardino काउंटी**
(909) 387-8300
*www.sbcountyelections.com*

**San Diego काउंटी**
(858) 565-5800 या (800) 696-0136
*www.sdvote.com*

**San Francisco काउंटी**
(415) 554-4375
*www.sfelections.org*

**San Joaquin काउंटी**
(209) 468-2885
*www.sjcrov.org*

**San Luis Obispo काउंटी**
(805) 781-5228 या (805) 781-5080
*www.slovote.com*

**San Mateo काउंटी**
(650) 312-5222
*www.shapethefuture.org*

**Santa Barbara काउंटी**
(800) SBC-VOTE या (805) 568-2200
*www.sbcvote.com*

**Santa Clara काउंटी**
(408) 299-VOTE (8683)
*www.sccvote.org*

**Santa Cruz काउंटी**
(831) 454-2060 या (866) 282-5900
*www.votescount.com*

**Shasta काउंटी**
(530) 225-5730
*www.elections.co.shasta.ca.us*

**Sierra काउंटी**
(530) 289-3295
*www.sierracounty.ca.gov*

**Siskiyou काउंटी**
(530) 842-8084 या
(888) 854-2000 एक्सटेंशन 8084
*www.sisqvotes.org*

**Solano काउंटी**
(707) 784-6675
*www.solanocounty.com/elections*

**Sonoma काउंटी**
(707) 565-6800 या (800) 750-VOTE (8683)
*vote.sonoma-county.org*

**Stanislaus काउंटी**
(209) 525-5200
*www.stanvote.com*

**Sutter काउंटी**
(530) 822-7122
*www.suttercounty.org/elections*

**Tehama काउंटी**
(530) 527-8190 या (530) 527-0454
*www.co.tehama.ca.us*

**Trinity काउंटी**
(530) 623-1220
*www.trinitycounty.org*

**Tulare काउंटी**
(559) 624-7300 या (559) 624-7302
*www.tularecounty.ca.gov/registrarofvoters*

**Tuolumne काउंटी**
(209) 533-5570
*www.tuolumnecounty.ca.gov*

**Ventura काउंटी**
(805) 654-2664
*venturavote.org*

**Yolo काउंटी**
(530) 666-8133 या (800) 649-9943
*www.yoloelections.org*

**Yuba काउंटी**
(530) 749-7855
*www.yubaelections.org*

# मतदाता अधिकार सूची

1. अगर आप एक वैध पंजीकृत मतदाता हैं, तो आपको वोट डालने का अधिकार है।

   एक वैध पंजीकृत मतदाता का अर्थ है संयुक्त राज्य अमेरिका का कोई नागरिक जो इस राज्य में निवास करता हो, जिसकी उम्र कम से कम 18 वर्ष हो और जो किसी घोर अपराध के लिये सजा पाने के कारण जेल में या परोल पर न हो, और जो अपने मौजूदा निवास के पते पर मत डालने के लिए पंजीकृत हो।

2. अगर आपका नाम मतदान सूचियों पर सूचीबद्ध नहीं है, तो आपको अंतरिम वोट डालने का अधिकार है।

3. अगर आप मतदान बंद होने से पहले मतदान स्थल पर मौजूद हैं और लाइन में हैं, तो आपको वोट डालने का अधिकार है।

4. आपको बिना भय या धमकी के गुप्त रूप से मतदान करने का अधिकार है।

5. यदि अपना मतपत्र डालने से पहले आपको लगता है कि आपसे कोई गलती हो गई है, तो आपको एक नया मतपत्र लेने का अधिकार है।

   यदि अपना मतपत्र अंतिम रूप से डालने से पहले आपको लगता है कि आपसे कोई गलती हो गई है, तो आपको खराब हो गए मतपत्र के बदले एक नया मतपत्र लेने का अधिकार है। डाक-द्वारा-मतदान सम्बन्धी मतदाता भी एक नया मतपत्र मांग सकते हैं और प्राप्त कर सकते हैं, बशर्ते चुनाव दिवस पर मतदान समाप्त होने से पहले वे अपना खराब मतपत्र किसी चुनाव अधिकारी को लौटा दें।

6. अगर आप बिना सहायता के मतदान करने में असमर्थ हैं, तो आपको अपना वोट डालने में सहायता प्राप्त करने का अधिकार है।

7. आपको काउन्टी के किसी भी प्रीसिंक्ट को पूरा किया गया डाक-द्वारा-मतदान सम्बन्धी मतपत्र लौटाने का अधिकार है।

8. आपको दूसरी भाषा में चुनाव सामग्री प्राप्त करने का अधिकार है, बशर्ते आपके प्रीसिंक्ट में ऐसा किए जाने के लिए पर्याप्त संख्या में निवासी हों।

9. आपको चुनाव प्रक्रिया के बारे में प्रश्न पूछने तथा चुनाव प्रक्रिया को देखने का अधिकार है।

   आपको प्रीसिंक्ट बोर्ड और चुनाव अधिकारियों से चुनाव कार्यविधियों के सम्बन्ध में प्रश्न पूछने और उनका उत्तर प्राप्त करने या उत्तर के लिए उपयुक्त अधिकारी के पास भेजे जाने का अधिकार है। लेकिन, यदि निरंतर प्रश्न पूछने से बोर्ड या चुनाव अधिकारियों के दायित्व निभाने में बाधा पड़ती है, तो वे प्रश्नों का उत्तर देना बंद कर सकते हैं।

10. आपको अधिकार है कि आप किसी भी गैर-कानूनी या कपटपूर्ण गतिविधि की रिपोर्ट किसी स्थानीय चुनाव अधिकारी को अथवा सेक्रेटरी ऑफ स्टेट के कार्यालय में कर सकते हैं।

**यदि आपको लगता है कि आपको इनमें से किसी भी अधिकार से वंचित किया गया है, अथवा आपको किसी भी चुनाव से जुड़ी धोखाधड़ी या गलत आचरण की जानकारी है, तो कृपया सेक्रेटरी ऑफ स्टेट की गोपनीय शुल्क मुक्त मतदाता हॉटलाइन (888) 345-2692 पर फोन करें।**

आपके मतदाता पंजीकरण हलफनामे में दी गई सूचना का प्रयोग करके चुनाव अधिकारी आपको मतदान प्रक्रिया के बारे में आधिकारिक सूचना भेजेंगे, जैसे कि आपके मतदान स्थल की जगह और मुद्दे तथा उम्मीदवार जो मतपत्र पर दिखाई देंगे। मतदाता पंजीकरण सूचना का वाणिज्यिक उपयोग करने की कानूनन मनाही है और इसे एक दुष्कर्म माना जाएगा। सेक्रेटरी ऑफ स्टेट द्वारा तय किए गए अनुसार किसी पद के उम्मीदवार, मतपत्र विधेयक समिति को, अथवा किसी अन्य व्यक्ति को चुनाव, अध्ययन, पत्रकारिता, राजनीतिक, अथवा सरकारी उद्देश्यों के लिए मतदाता जानकारी उपलब्ध कराई जा सकती है। आपके मतदाता पंजीकरण कार्ड पर दर्शाए गए ड्राइवर लाइसेंस और सोशल सिक्युरिटी नम्बर, अथवा आपके हस्ताक्षर, इन उद्देश्यों के लिए नहीं दिए जा सकते। यदि आपके मन में मतदाता जानकारी के संबंध में कोई प्रश्न हों अथवा आप ऐसी जानकारी के संदिग्ध दुरुपयोग की रिपोर्ट करना चाहते हों, तो कृपया सेक्रेटरी ऑफ स्टेट की मतदाता हॉटलाइन (888) 345-2692 पर फोन करें।

कुछ ऐसे मतदाता जिनके समक्ष जीवन को खतरे में डालने वाली स्थिति हो, गोपनीय मतदाता के दर्ज़े हेतु योग्य हो सकते हैं। और अधिक जानकारी के लिए, (877) 322-5227 पर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट के सेफ एट होम कार्यक्रम की टोल-फी लाइन से सम्पर्क करें या *www.sos.ca.gov* देखें।

**California Secretary of State**
**Elections Division**
1500 11th Street
Sacramento, CA 95814

NONPROFIT
U.S. POSTAGE
PAID
CALIFORNIA
SECRETARY OF STATE

OFFICIAL ELECTION MAIL
Authorized by the U.S. Postal Service ®

# CALIFORNIA
# आम चुनाव

www.voterguide.sos.ca.gov

**आधिकारिक मतदाता सूचना मार्गदर्शिका**

मतदान करने हेतु पंजीकरण कराने के लिए आखिरी दिन
**सोमवार, 20 अक्तूबर, 2014**

मतदान करना न भूलें!
**मंगलवार, 4 नवम्बर, 2014**
मतदान सुबह 7:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक खुला है।

For additional copies of the Voter Information Guide in English, please contact your county elections office or call (800) 345-VOTE (8683). For TTY/TDD, call (800) 833-8683.

Para obtener copias adicionales de la Guía de Información para el Votante en español, póngase en contacto con la oficina electoral de su condado o llame al (800) 232-VOTA (8682).

如需索取額外的中文選民資訊指南，請與您的縣立選舉辦事處聯繫或致電(800) 339-2857。

हिन्दी में मतदाता जानकारी मार्गदर्शिका की अतिरिक्त प्रतियां प्राप्त करने के लिए, कृपया अपने काउंटी चुनाव कार्यालय से संपर्क करें या इस नंबर पर फ़ोन करें (888) 345-2692।

投票情報ガイドの日本語版をご希望の場合は、最寄の郡選挙事務所にお問い合わせになるか(800) 339-2865にお電話ください。

សំរាប់សំណៅបន្ថែម នៃព័ត៌មានណែនាំអ្នកបោះឆ្នោត ជាភាសាខ្មែរ សូមទាក់ទងការិយាល័យបោះឆ្នោត ខោនធីរបស់អ្នក ឬទូរស័ព្ទ (888) 345-4917។

한국어로 된 유권자 정보 지침의 사본이 추가로 필요할 경우 해당 카운티 선거관리 사무실로 연락하거나 다음 번호로 전화하십시오: (866) 575-1558

Para sa mga karagdagang kopya ng Patnubay na Impormasyon Para sa Botante sa Tagalog, mangyaring makipag-ugnayan sa opisina sa mga halalan ng inyong county o tumawag sa (800) 339-2957.

สำหรับสำเนาเพิ่มเติมของคู่มือสำหรับผู้ออกเสียงเลือกตั้งเป็นภาษาไทย กรุณาติดต่อสำนักงานการเลือกตั้งประจำเทศมณฑลของคุณ หรือโทรศัพท์ถึง (855) 345-3933

Muốn có thêm Tập Hướng Dẫn Cử Tri bằng Việt Ngữ, xin liên lạc với văn phòng bầu cử quận của quý vị hoặc gọi số (800) 339-8163.

चुनाव की लागतों को कम करने के लिए, राज्य मतदान करने वाले हर परिवार के लिए केवल एक मार्गदर्शिका ही डाक से भेजता है।

OSP 14 134552